RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 251
लखनऊ, बुधवार, 1 जुलाई, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



डिजिटल मंचों के लिए थ्रिलर शो करना चाहती हैं आलिया

विविध-12

# अस्सी करोड़ लोगों को पांच माह तक मिलेगा मुफ्त राशन

- प्रधानमंत्री का ऐलान, इस अन्न योजना के विस्तार में 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होंगे
- परिवार को हर माह पांच किलो गेहूं या चावल तथा एक किलो चना निशुल्क मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मंगलवार को नई दिल्ली से राष्ट्र को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में दो मुख्य बातें कहीं। पहली बात गरीब परिवारों के लिए अन्न योजना को नवंबर यानी दीपावली और छठ तक बढ़ाना। यह योजना 30 जून को खत्म हो रही थी। प्रधानमंत्री द्वारा संबोधन में छठ के जिक्र को राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में लिया जा रहा है। बिहार में छठ पर्व बहुत श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है और वहां पर नवंबर दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। दूसरी बात उन्होंने अनलॉक पर कही तथा लोगों से ज्यादा सतर्कता बरतने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का अनुरोध किया। उम्मीद के विपरीत पीएम ने एलएसी पर चल रहे तनाव के मद्देनजर चीन पर कुछ नहीं किया। वे महज 16 मिनट बोले, पिछले 103 दिनों में यह उनका छठा और दूसरा सबसे छोटा संबोधन था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' का विस्तार नवम्बर महीने के आखिर तक कर दिया गया है। इससे 80 करोड़ लोगों को और पांच महीनों तक मुफ्त राशन मिलेगा। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने ये घोषणा की और देशवासियों से अपील की कि वे अनलॉक-2 में लापरवाही ना बरतें।

उन्होंने कहा कि सारी एहतियात बरतते हुए आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा तथा हिन्दुस्तान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'त्योहारों का समय जरूरतें भी बढ़ाता है, खर्चे भी बढ़ाता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार अब दीवाली और छठ पूजा तक यानि नवंबर महीने के आखिर तक कर दिया जाए।' उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली यह योजना अब नवंबर तक लागू रहेगी। इस दौरान सरकार 80 करोड़ से ज्यादा गरीब भाई-बहनों को हर महीने पांच किलो गेहूं या पांच किलो चावल मुफ्त मुहैया करायेगी। उन्होंने कहा, 'साथ ही प्रत्येक परिवार को हर महीने 1 किलो चना भी मुफ्त दिया जाएगा।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस अन्न योजना के विस्तार में 90,000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। उन्होंने कहा, 'और अगर इसमें पिछले तीन महीने का खर्च भी जोड़ दें तो यह करीब-करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपया हो जाता है।' मोदी ने कहा कि आज सरकार गरीब और ज़रूरतमंद को मुफ्त अनाज दे पा रही है तो इसका श्रेय देश के मेहनती किसानों और देश के ईमानदार करदाताओं को जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि समय रहते लॉकडाउन लागू होने व अन्य फैसलों के चलते भारत कई लोगों की जान बचा सका लेकिन अनलॉक-1 शुरू होने के बाद लोगों में लापरवाही बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने हर किसी को स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा ( शेष पेज 9 )

# बुंदेलखंड को सूखे से मुक्त कराने पर सरकार का जोर

- मुख्यमंत्री ने किया 2,185 करोड़ की 12 ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



बुंदेलखंड में पेयजल परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में अन्य नेताओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**बूंद-बूंद** पानी को तरसते बुंदेलखंड को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2185 करोड़ की 12 ग्रमीण परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह योजना बुंदेलखंड को सूखे के अभिशाप से मुक्ति दिलाएगी। कोरोना महामारी से बचाव के इंतजामों के बीच आयोजित सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखे राजनीतिक कटाक्ष तो नहीं किए लेकिन अवैध खनन और बुंदेलखंड की दुर्दशा का मुद्दा उठाकर विपक्षी दलों को घेरा।

मंगलवार को चिरगांव के मुराटा गांव में 2,185 करोड़ की 12 ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड में हर घर में नल योजना को हम दो वर्ष के अंदर ही जमीन पर उतार देंगे। हम हर गांव के घर में पाइपलाइन से पेयजल की आपूर्ति करा लेंगे। बुंदेलखंड की सबसे बड़ी चुनौती पानी है और अब यहां की मां-बहनों को कहीं दूर पानी लेने नहीं जाना पड़ेगा। हमें जीवन के अन्य प्रयोग के लिए बारिश के पानी का संरक्षण भी करना है। सीएम योगी ने इस मौके पर बुंदेलखंड खनन माफिया पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने देश को बर्बाद कर दिया है। ऐतिहासिक धरा बुंदेलखंड में कोई विकास नहीं हुआ, केवल बातें होती रहीं। विकास अब जमीन पर उतर रहा है। योगी ने कहा कि बुंदेलखंड अब विकास और शुद्ध पेय जल से वंचित नहीं रहेगा। अब बुंदेलखंड की महिलाओं को घर पर ही इस योजना के तहत शुद्ध पेय जल मिल सकेगा।

हमें बरसात के पानी के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। पीएम मोदी बुंदेलखंड आए, उन्होंने एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर दिया। अब विकास भी होगा रोजगार भी मिलेगा। योगी ने कहा कि बुंदेलखंड में पहले चरण में तीन जनपदों में पाइप पेय जल की सभी योजनाओं का शुभारंभ हो रहा है। आगामी दो वर्ष के अंदर यहां के हर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री की हर घर नल की योजना को साकार करके बुंदेलखंड को प्यास से मुक्त करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि इस धरती पर दुश्मनों के दांत खट्टे करने के लिए शस्त्र बनेंगे, कोरोना के समाधान में हम लगे हुए हैं, दो साल के अंदर हर घर में नल देंगे। यहां तेजी से विकास कार्य हो रहे है, पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

## योगी ने मोदी का जताया आभार

**लखनऊ।** पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार करने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार जताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं आभारी हूं प्रधानमंत्री का, कि उन्होंने मुफ्त राशन को आगामी 5 महीनों तक बढ़ाया है। उन्होंने पर्वों और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। मैं उनके इस मार्गदर्शन के लिए सभी प्रदेश वासियों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, प्रदेश के जल शक्ति मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह, सांसद अनुराग शर्मा, बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा ने भी सभा को सम्बोधित किया।

# बेनतीजा रही कोर कमांडरों की वार्ता

- छह जून के बाद से तीसरी बार बैठे दोनों सेनाओं के कमांडर
- एलएसी पर दूसरे क्षेत्रों में भी गतिविधियां बढ़ा रहा है चीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारत-चीन तनाव



**लद्दाख** में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध को समाप्त करने के लिए भारतीय और चीनी सेनाओं के कोर कमांडरों के बीच मंगलवार को तीसरे दौर की वार्ता बेनतीजा रही।

दोनों पक्ष सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए बातचीत जारी रखने पर जरूर सहमत हुए। चीन सीमा पर कई जगह दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। पिछले 50 से अधिक दिनों से यहां स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सीमा पर शांति स्थापित करने के लिए यह बातचीत लेह स्थित 14 कोर के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह और दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर मेजर जनरल लियू लिन के बीच एलएसी पर स्थित चुशुल सीमा के वार्तास्थल पर हुई। बीते छह जून के बाद से दोनों कमांडरों के बीच यह तीसरे दौर की वार्ता थी।

मामले ने 15 जून को उस समय खतरनाक मोड़ ले लिया था जब गलवान घाटी में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ जिसमें 20 भारतीय जवान मारे गए। इस घटना की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के सैन्य कमांडर दूसरी बार 22 जून को एक साथ बैठे और तनाव वाली जगहों से पीछे हटने के लिए राजी हुए। दोनों पक्षों ने सभी तनाव वाले क्षेत्रों से सेनाएं पीछे हटाने और तनाव को कम करने के तरीकों पर भी चर्चा की। गलवान घाटी, पैंगोंग त्सो, हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा सहित कम से कम चार क्षेत्र ऐसे हैं जहां चीन और भारत के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई हैं। इनके अलावा चीन ने एलएसी पर अपनी तरफ डेपसांग वैली में भी सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। इस क्षेत्र में 2013 में चार सप्ताह से अधिक समय तक दोनों सेनाओं के बीच आमने-सामने की स्थिति बनी रही थी और ने उच्चतम राजनयिक और सैन्य स्तर पर हस्तक्षेप के बाद मामला नियंत्रण में आया था।

इन हालात के मद्देनजर दोनों कमांडरों ने मंगलवार की वार्ता के दौरान शांति स्थापित करने के लिए हुई प्रगति की समीक्षा की। सूत्रों ने कहा कि वार्ता में कुछ खास नतीजा नहीं निकला, फिर भी दोनों पक्षों ने संचार की सभी लाइनों को खुला रखने पर सहमति व्यक्त की है। सूत्रों ने यह भी कहा कि चीन ने पैंगोंग त्सो क्षेत्र में पांच किलोमीटर से अधिक अंदर आकर घुसपैठ की है और उस क्षेत्र में बंकर बना लिए हैं। इसलिए गलवान घाटी के अलावा यहां भी भारतीय सशस्त्र बल लंबे संघर्श के लिए तैयार खड़े हैं। सुरक्षा प्रतिष्ठान कमोबेश अब यह मानकर चल रहे हैं कि 6 और 22 जून की वार्ता के बाद भी चीन समझौते का पालन करने को लेकर गंभीर ( शेष पेज 9 )

# 59 एप पर रोक से बौखलाए चीन ने जताया कड़ा ऐतराज

**भाषा।** बीजिंग




**भारत** द्वारा देश की संप्रभुता और अखंडता को चोट पहुंचाने वाली गतिविधियों में लिप्त होने के कारण चीन से संबंध वाले 59 एप पर रोक लगाने के एक दिन बाद चीन ने इस कदम पर चिंता व्यक्त की, और कहा कि भारत सरकार पर अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के वैध और कानूनी अधिकारों की रक्षा की जिम्मेदारी है। भारत ने सोमवार को 59 एप पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें बेहद लोकप्रिय टिकटॉक और यूसी ब्राउजर भी शामिल हैं।

ये प्रतिबंध लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिकों के साथ मौजूदा तनावपूर्ण स्थितियों के बीच लगाए गए हैं। प्रतिबंधित सूची में वीचैट, बीगो लाइव ,हैलो, लाइकी, कैम स्कैनर, वीगो वीडियो, एमआई वीडियो कॉल - शाओमी, एमआई कम्युनिटी, क्लैश ऑफ किंग्स के साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफार्म क्लब फैक्टरी और शीइन शामिल हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने भारत में चीनी एप पर रोक के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, चीन भारत द्वारा जारी नोटिस से अत्यधिक चिंतित हैं। हम स्थिति की जांच और पुष्टि कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि चीनी सरकार हमेशा अपने कारोबारियों से विदेश में अंतरराष्ट्रीय नियमों, स्थानीय कानूनों और विनियमनों का पालन करने के लिए कहती है।

लिजियान ने कहा, भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि वह चीनी सहित सभी बाहरी निवेशकों के वैध और कानूनी अधिकारों की रक्षा करे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन और भारत के बीच व्यावहारिक सहयोग में वास्तव में दोनों का फायदा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं ( शेष पेज 9 )

# राजधानी में 32 नए कोरोना रोगी, दो की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** में मंगलवार को कोरोना वायरस ने लोक भवन में दस्तक दे दी। मुख्य सचिव के स्टाफ में शामिल एक कर्मचारी में इसके संक्रमण की पुष्टि हुई है। एहतियात के तौर पर फ्लोर को खाली कराकर सेनीटाइज कराया गया है। वहीं आज कुल 32 नए केस राजधानी में सामने आए हैं। जबकि एक कोरोना संक्रमित सिपाही सहित एक अन्य मरीज की मौत हो गई है। बताया जा रहा है मुख्य सचिव के स्टाफमें शामिल संक्रमित कर्मचारी फर्स्ट फ्लोर पर डेटा एंट्री का कार्य करता है। बीते 25 जून से वह कार्यालय नहीं आ रहा था।

इसके बावजूद कर्मचारी में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद फर्स्ट फ्लोर को खाली कराकर सेनीटाइज कराया गया है। वहीं आज किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में दो कोरोना संक्रमित मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। विवि के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक विजय खंड गोमती नगर निवासी 45 वर्षीय पुरुष को आज सुबह भर्ती कराया गया था। रोगी को संक्रमण की वजह से एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक सिपाही था। उन्होंने बताया कि ठाकुरगंज निवासी 40 वर्षीय पुरुष को 27 जून की शाम 5 बजकर 35 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को किडनी की समस्या थी।

वे क्रोनिक रेनल फेल्योर से ग्रसित थे। संक्रमण की वजह से मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर हो गया था। तमाम कोशिशों के बावजूद उनको बचाया नहीं जा सका। सीएमओ डॉ. नरेंद्र अग्रवाल के मुताबिक सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर 439 लोगों के सैम्पल टीम द्वारा लेकर जांच के लिये केजीएमयू भेजा गया था। जिनमें आज 32 पाजिटिव रोगी (10 महिला एवं 22 पुरुष) पाये गये हैं। इनमें आलमबाग के 2, त्रिवेणीनगर के 1, चिनहट के 1, इन्दिरानगर के 3, गोमतीनगर के 3, आईआईएम रोड के 2, अलीगंज के 1, महानगर के 1, विकासनगर के 1, चौक के 1, विजयनगर के 4, वृन्दावन योजना के 1, माल एवेन्यू के 2, सआदतगंज के 4, राजाजीपुरम के 1, कृष्णा नगर के 1, तुलसीदास मार्ग के 1,जफर खेड़ा के 1, गोमती नगर विस्तार के एक रोगी शामिल है।

आज कुल 16 रोगियों (केजीएमयू से 5, एलबीआरएन से 9, ईएसआई हास्पिटल से 2) को स्वस्थ होने के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। साथ ही 15 क्षेत्रों को कन्टेनमेन्ट जोन बनाये जाने एवं 7 कन्टेनमेन्ट जोन हटाये जाने हेतु जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया।

## सूबे में 672 नए मरीज मिले

**लखनऊ।** मंगलवार को सूबे में 672 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 6711 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 697 मरीजों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में अभी तक 22795 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। वहीं आज 579 को डिस्चार्ज किया गया है। अभी तक प्रदेश में 16084 मरीज ठीक हो चुके हैं।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 34,915 | ↓ | 45 | |
| निफ्टी | 10,302 | ↓ | 10 | |
| सोना | 49,306 | ↑ | 119 | /10g |
| चांदी | 49,483 | ↑ | 1408 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अनंतनाग में मुठभेड़ में दो आतंकवादी किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने मंगलवार सुबह दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के वाघमा में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि इसी बीच आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्वाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि अभी तक दो आतंकवादी मारे गए है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की पहचान की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े हुए थे।

# पाकिस्तान के 143 अधिकारी अटारी वाघा के रास्ते लौटे

**भाषा।** अटारी, (अमृतसर)

**नई** दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात 143 पाक अधिकारी अपने परिजनों के साथ मंगलवार को अटारी वाघा सीमा से होकर स्वदेश लौट गए। यह वापसी भारत सरकार के उस आदेश के तहत हुई है जिसमें पाक से कहा गया था कि वह उच्चायोग में अपने कर्मचारियों की संख्या घटा कर आधा करे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने 23 जून को कहा था कि इस निर्णय का कारण पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों का जासूसी की कार्वाई में शामिल रहना तथा आतंकवादी संगठनों के साथ मेल जोल रखना है। अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात अपने कर्मचारियों को पारस्परिक रूप से कम करने का ( शेष पेज 9 )

# हाईस्पीड रेल कॉरिडोर से भी जुड़ेगा जेवर

- दिल्ली से काशी के लिए बनेगा अलग कॉरिडोर
- जेवर एयरपोर्ट से आईजीआई पहुंचेंगे नॉनस्टाप

**रिंकू यादव।** नोएडा

**नोएडा** इंटरेनशनल एयरपोर्ट जेवर की मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी बनाने के लिए कवायद चल रही है। इसमें तमाम विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। दरअसल, केंद्र सरकार दिल्ली और वाराणसी को हाईस्पीड ट्रेन से जोड़ने की तैयारी कर रही है। यह कॉरिडोर दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, आगरा, लखनऊ, वाराणसी होगा। इसकी डीपीआर पर जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है।

यह कॉरिडोर जेवर के आसपास से होकर गुजरेगा। इस हाई स्पीड रेल कॉरिडोर से एयरपोर्ट को भी जोड़ दिया जाएगा। इससे एयरपोर्ट की कनेक्टिवटी बेहतर हो जाएगी। यह प्रोजेक्ट नेशनल हाई स्पीड रेल कारपोरेशन लिमिटेड बनाएगा। पहले जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को रैपिड रेल से जोड़ने की तैयारी थी। एनसीआरटीसी के दिल्ली-मेरठ वाले प्रोजेक्ट से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने की योजना थी। रैपिड रेल के इस कॉरिडोर का दिल्ली के न्यू अशोक नगर में भी स्टेशन प्रस्तावित है। इसी स्टेशन से जेवर एयरपोर्ट तक कॉरिडोर बनाने की योजना थी। इसको बनाने में पैसा भी अधिक खर्च होता। लेकिन अब इस नये प्रोजेक्ट से जेवर एयरपोर्ट को हाईस्पीड रेल से जोड़ना आसान हो जाएगा। इसको लेकर भी कवायद तेज हो गई है।

मल्टी कनेक्टिविटी योजना पार्ट-2



डॉ. अरुण वीर सिंह



प्रतीकात्मक चित्र

जल्दी ही केंद्र सरकार से वार्ता कर प्रदेश सरकार मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी योजना के तहत इसे अंतिम रूप दे देगी।

जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी जोड़ा जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया है कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट तक एलिवेटेड रोड बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार सहमत हो गई है। करीब 50 किलोमीटर लंबी यह सड़क चार लेन की होगी। अब इसको लेकर यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण जल्द ही केंद्रीय परिवहन मंत्रालय से वार्ता करेगा। जिससे इसकी डीपीआर बनवाई जा सके। जेवर एयरपोर्ट की टीईएफ आर टेक्निकल फिजबिलिटी रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि जेवर से सफर करने वाले 41 फीसदी यात्री दिल्ली से आएंगे। वित्त वर्ष 2022-23 में सालाना 60 लाख यात्रियों से एयरपोर्ट की शुरुआत होनी है।

इस लिहाज से शुरुआती दिनों में सफर करने वाले कुल यात्रियों में से करीब 24 लाख यात्री दिल्ली से ही होंगे। इसको देखते हुए जेवर और दिल्ली को जोड़ने के लिए मॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। दोनों एयरपोर्ट के बीच मेट्रो, रैपिड रेल और एलिवेटेड रोड बनाने की योजना बनी है। यमुना प्राधिकरण ने इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया है। सरकारी संस्था राइट्स एलिटवेटेड रोड के ( शेष पेज 9 )

# आज से खुलेंगे परिषदीय विद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** महामारी के बीच पहली जुलाई से प्रदेश 1.5 लाख परिषदीय विद्यालयों के ताले खुल जाएंगे। शासन स्तर पर शिक्षकों को विद्यालयों में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जिससे अवस्थापना सुविधाओं का कार्य समय पर पूरा कराया जा सके। कोरोना संक्रमण के प्रसार को देखते हुए सरकार की तरफ से 31 जुलाई तक विद्यालयों को बंद रखा गया है। लेकिन इस बीच सरकार ने शिक्षकों को विद्यालयों में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। जिससे बच्चों के स्कूल आने से पूर्व विद्यालय सम्बन्धी सभी गतिविधियों को सम्पन्न कराया जा सके। महामारी के चलते घरों को लौटे श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार देने के लिए परिषदीय विद्यालयों की चहारदीवारी से लेकर गार्डन तक का कार्य कराया जा रहा है। बेसिक शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ( शेष पेज 9 )

# अनलाक-2 में बरती जाएं विशेष सावधानियां: योगी

● कोविड-19, संचारी रोग नियंत्रण तथा वृहद वृक्षारोपण अभियान को लेकर सीएम ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड.19 की स्थिति, संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा वृक्षारोपण अभियान के को लेकर जिलाधिकारियों, मण्डलायुक्तों, नोडल अधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संवाद किया। इस मौके पर उन्होने आनलाक-2 में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये।

सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से अनलाक-2 प्रारम्भ हो रहा है। इसके सम्बन्ध में केन्द्र और प्रदेश सरकार की गाइडलाइन्स जारी की जा रही हैं। इन गाइडलाइन्स के प्राविधानों का अध्ययन करते हुए पूरी तैयारी के साथ अनलाक-2 की व्यवस्था लागू करते हुए सभी कार्यक्रम संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 जुलाई से प्रारम्भ होने वाला संचारी रोग नियंत्रण अभियान अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 5 जुलाई को 25 करोड़ वृक्षारोपण अभियान को भी सफलतापूर्वक संचालित करते हुए लक्ष्य को पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री 5 जुलाई को मेरठ जनपद स्थित हस्तिनापुर रेंज में पौध रोपण कर 25 करोड़ वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनलाक-2 के तहत मेरठ मण्डल को छोड़कर रात्रि कर्फ्यू 10 बजे से प्रात: 5 बजे तक लागू रहेगा। मेरठ मण्डल में यह रात्रि कर्फ्यू 8 बजे से प्रात: 6 बजे तक लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनलाक-2 के दौरान भी कोरोना वायरस के सम्बन्ध में पूरी सतर्कता व सावधानी बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा कोविड.19 से बचाव के सन्दर्भ में व्यापक प्रचार प्रसार हो। संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि तथा स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता की जाए। स्वच्छता तथा सैनिटाइजेशन अभियान व्यापक स्तर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जाएं। योगी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रथम चरण के तहत जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। 16 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत छूटे हुए शौचालय निर्माण कार्य को हर हाल में पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्तए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ नियंत्रणए जल जीवन मिशन गौसंरक्षण आदि के साथसाथ टिड्डी दल के खतरे से बचाव के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। । इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव वन सुधीर गर्ग ने भी अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वहीं अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पहली जुलाई से लागू होने वाले अनलाक-2 में राज्य सरकार अपनी तरफसे कोई नयी छूट नहीं देगी। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित व्यवस्था का पूरी तरह पालन कराने का निर्णय लिया है।

## सरकार ने जारी की गाइड लाइन

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी ने मंगलवार को अनलाक-2 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी स्कूल, कॉलेज, शैक्षिक प्रशिक्षण कोचिंग संस्थान इत्यादि 31 जुलाई तक बन्द रहेंगे। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के प्रशिक्षण संस्थान 15 जुलाई से कार्य करना आरम्भ करेंगे जिनके लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अलग आदेश जारी किए जाएंगे। पूर्व की भांति मेट्रो रेल, सिनेमा हाल, जिम, मनोरंजन पार्क राजनीतिक, धार्मिक और मनोरंजन व अन्य सामूहिक गतिविधियां निषिद्ध रहेंगी। उपर्युक्त गतिविधियों को फिर से आरम्भ करने के लिए सौशल डिस्टेन्सिंग को सुनिश्चित करते हुए आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। लाक डाउन केवल कन्टेनमेन्ट जोन तक ही सीमित रहेगा। कन्टेनमेन्ट जोन में लॉकडाउन 31 जुलाई तक लागू रहेगा। कन्टेनमेन्ट जोन में केवल अत्यावश्यक गतिविधियों की ही अनुमति होगी। कन्टेनमेन्ट जोन में कड़ाई से पालन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल चिकित्सकीय आपातकालीन स्थिति और आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की पूर्ति को छोड़कर किसी भी व्यक्ति का अन्दर अथवा बाहर की ओर आवागमन न होने पाए।

# कोरोना व संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने बनाई रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण पर काबू पाने के लिये योगी सरकार खास रणनीति पर आगे बढने जा रही है। इस प्लान के पहले चरण में दिल्ली एनसीआर एरिया में आने वाले यूपी के जिलों में जिलों दस दिनों का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। जिसमे सर्विलांस टीम घर घर जाकर लोगों में कोरोना के लक्षण तथा पहले से कोई बीमारी के बारे में पता लगाएगी। यह अभियान राज्य के बाकी अन्य जिलों में भी चलाने की सरकार की योजना है। अगले माह की दो जुलाई से शुरू होने जा रहा है यह अभियान 12 जुलाई तक चलेगा। जिसमें मेरठ मंडल के छह जिलों में सर्विलांस टीम घर घर जाकर लोगों में कोरोना के लक्षण तथा पहले से कोई बीमारी के बारे में पता लगाएगी। घर घर जांच के पहले चरण के बाद पांच जुलाई से 15 जुलाई तक प्रदेश के अन्य सभी 17 मंडलों में यह अभियान चलेगा। इसके साथ ही डेंगू, जेई, एई, चिकनगुनिया जैसी संक्रामक बीमारियों को लेकर एक जुलाई से पूरे महीने तक संचारी रोग अभियान भी चलेगा जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार करेंगे। इसी तरह स्वास्थ्य मंत्री व सभी मंत्री सांसद व विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को शुरू करेंगे। कोरोना महामारी के दौर में इस बार अभियान के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग के अनुपालन के साथ ही आमजन को बाहर निकलने पर मास्क के उपयोग की सलाह दी जाएगी। पहली जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह के दौरान इस बार मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण के साथ ही कोरोना के प्रति भी जन समुदाय को जागरूक किया जाएगा।

● सीएम योगी आज करेंगे संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

# गरीब कल्याण पैकेज का सर्वाधिक लाभ यूपी को मिलेगा: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का नवम्बर तक विस्तार करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रधानमंत्री सशक्तीकरण के दिशा में निरंतर कदम उठाये जा रहे है।

देश के अस्सी करोड़ गरीबों की चिन्ता करते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत नवम्बर तक प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूँ या चावल नि:शुल्क देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस गरीब कल्याण पैकेज का सर्वाधिक लाभार्थी उत्तर प्रदेश होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में समय पर लिए गये सही निर्णयों की प्रशंसा पूरा विश्व कर रहा है।

संवेदनशील सरकार के निर्णय संवेदनशील होते है, जो गांव, गरीब, किसान की उन्नति और खुशहाली के लिए सरकार की नीतियों को केन्द्रित करते है। सिंह ने कहा कि कोरोना के खिलाफलड़ाई लड़ते हुए हम सभी को दो गज की दूरी के नियम का पालन करना है, मास्क पहनना है, बार-बार हाथ धोने को आदत में लाना है। तभी कोरोना हारेगा और भारत जीतेगा।

# प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी परियोजनाएं

● उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सेतु निगम की 96 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के तथागत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 96 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया, जिनकी लागत 2068 करोड़ 25 लाख है। उन्होंने 1668 करोड़ 4 लाख 77 हजार की 79 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें 60 नदी सेतु व 19 रेल उपरिगामी सेतु हैं। उन्होने 400 करोड़ 20 लाख 43 हजार की 17 परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिसमें 12 नदी सेतु व 5 रेल उपरिगामी सेतु हैं। इस अवसर पर उन्होंने सेतु निगम की एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में यह परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी।

लोकार्पित की गयी परियोजनाओं में 16 मण्डलों. आगरा, अयोध्या, बस्ती, बरेली ,चित्रकूट, देवीपाटन, गोरखपुर ,झांसी ,कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, मेरठ, मिर्जापुर, सहारनपुर, प्रयागराज व वाराणसी की परियोजनाएं हैं। इनमें कुछ परियोजनाएं ऐसी हैं जो अधूरी पड़ी थीं और वर्तमान सरकार द्वारा तेजी के साथ उन्हें पूरा किया गया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुये रिकार्ड संख्या में सड़कें व पुल बनाए गये हैं और अधूरे कार्यों को भी पूरा किया गया है तथा तमाम नये कार्य स्वीकृत किये गये हैं। उन्होंने शिलान्यास की गयी योजनाओं के बारे में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुये कहा कि इन परियोजनाओं को शीघ्र से शीघ्र पूरा किया जाय। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कहीं कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। प्रदेश की 23 करोड़ जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुये विकास कार्य कराये जा रहे हैं और उसी कड़ी में सड़कों, पुलों व फ्लाईओवर एवं आरओबी आदि का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही साथ मरम्मत के कार्य भी युद्धस्तर पर कराये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की भावना के साथ सभी क्षेत्रों में विकास व निर्माण कार्यों को मुकम्मल अंजाम दिया जा रहा है।

# कृषि मंत्री ने किया बागवान मित्र एप का शुभारम्भ

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा द्वारा विकसित किये गये बागवान मित्र एप का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि यह एप आम के बागवानों को फसल की अच्छी देखरेख करने में सहायता करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस ऐप के माध्यम से ऐसे किसान जो मोबाइल पर लिख नहीं सकते हैं वह भी आसानी से बोलकर अपनी समस्या अपलोड कर सकते हैं, जिसका निराकरण संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा एप पर एवं किसान के मोबाइल पर संदेश के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से किसानों को घर बैठे अपनी समस्या का समाधान प्राप्त होगा और उन्हें समस्या के निराकरण हेतु इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान द्वारा संरक्षित आम की विभिन्न प्रजातियों, सब्जियों एवं आम के उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीराम चौहान, निदेशक केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा शैलेन्द्र राजन, निदेशक राज्य कृषि प्रबन्ध एवं प्रशिक्षण संस्थान रहमानखेड़ा विष्णु प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लालजी टंडन की हालत स्थिर, उत्तराखंड की राज्यपाल देखने पहुंची मेदान्ता

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल व प्रदेश के वरिष्ठ नेता लालजी टण्डन की हालत स्थिर है। मंगलवार को उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य मेदान्ता अस्पताल में भर्ती राज्यपाल लालजी टंडन को देखने पहुंची। उन्होंने अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर से राज्यपाल का हालचाल लिया। लालजी टंडन को मेदांता अस्पताल में क्रिटिकल केयर वेंटिलेटर पर ही रखा गया है। एक दिन पूर्व मेदान्ता की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन में लालजी टण्डन को लेकर कहा गया था कि लंबी समय से कई बीमारियों और न्यूरो मस्कुलर कमजोरी के कारण वह बाई पेप वेंटिलेटर को बर्दाश्त नहीं कर सके और उन्हें ट्रेकोस्टामी के माध्यम से फिर क्रिटिकल केयर वेंटिलेटर पर स्थानांतरित कर दिया गया।

# जल्द दूर होंगी पुलिसकर्मियों की आवासीय समस्या

● 44 जिलों में पुलिस लाइन परिसर में हो रहा मल्टी स्टोरी बैरकों का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** संकट में दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे प्रदेश पुलिस के कर्मी आवास न होने संबंधी समस्या से भी परेशान हैं। पुलिसकर्मियों को अब जल्द ही इस समस्या से निजात मिल जाएगी। ऐसा इसलिए कि प्रदेश के 44 जिलों में पुलिस लाइन परिसर में पुलिसकर्मियों के रहने के लिए मल्टी स्टोरी बैरकें बनवाई जा रही हैं, जिनमें वे आराम कर सकेंगे। इन्हें बनाने का काम उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम कर रहा है। यह बैरकें सभी सुविधाओं से युक्त होंगी।

शासन ने इन बैरकों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराने का निर्देश दिया है। पुलिस लाइंस में सिपाहियों की मौजूदा आवासीय व्यवस्था मानक के अनुरूप नहीं है। कारोना संकट में यह समस्या और बढ़ गई है। पुलिस कर्मियों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ही 44 जिलों की पुलिस लाइन में मल्टी स्टोरी बैरकों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें 14 जिलों में 100 सिपाहियों के लिए आवासीय क्षमता, 20 जिलों में 150 सिपाहियों के लिए आवासीय क्षमता और 10 जिलों में 200 सिपाहियों के लिए आवासीय क्षमता वाली मल्टी स्टोरी बैरक बनवाई जा रही हैं। इन मल्टी स्टोरी बैरकों में लिफ्ट भी होगी। शासन स्तर से निर्माण कार्य की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। वहीं मथुरा, लखनऊ, मुजफ्फरनगर, सोनभद्र, रायबरेली, मैनपुरी, सहारनपुर, बांदा, हाथरस, महराजगंज, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, बिजनौर, रामपुर, गाजीपुर, जौनपुर, पीलीभीत, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, आगरा व अलीगढ़ जिले के थानों में बैरक व विवेचना कक्ष तथा पुलिस लाइंस में महिला हास्टल का निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसके लिए बजट मंजूर हो चुका है।

पुलिस के 322 थानों में बैरक व विवेचना कक्ष का निर्माण, 44 जिलों की पुलिस लाइंस में महिलाओं व पुरुषों के लिए ट्रांजिट हास्टल, 31 पीएसी वाहिनियों के लिए बैरकों के निर्माण तथा नवसृजित सात जिलों में पुलिस लाइंस के आवासीय व अनावासीय भवनों का निर्माण भी प्रस्तावित है।

# पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है भाजपा सरकार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश इस समय कोरोना के साथ साथ कानून व्यवस्था की बिगड़ी हालत का भी शिकार है। जिस प्रकार कोरोना टेस्ट टाले जा रहे हैं उसके कारण वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल रहा है और अब कोरोना पीक कब आएगा कहा नहीं जा सकता। तो फिर सरकार बताए कि कोरोना-पीक से लड़ने की तैयारी कैसे करेगी। अखिलेश ने कहा कि कोरोना संकट में लॉकडाउन होने पर दूसरे प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रमिक आ गए थे। वे कहते थे अब गांव में ही रहेंगे। लेकिन उनको भाजपा सरकार रोजगार नहीं दे सकी। महिला सुरक्षा का दावा करने वाली भाजपा सरकार पूर्णत: विफल साबित हो चुकी है। हत्या-बलात्कार के मामले थम नहीं रहे हैं। अपराधी बेखौफ अपने धंधे चला रहे हैं। नतीजतन उत्तर प्रदेश अपराधियों का पनाहगाह बनता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में समाज का हर वर्ग अपने को असुरक्षित और अपमानित महसूस करता है।

## सपा मुखिया से मिला प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मंगलवार को उत्तर प्रदेश ब्लाक प्रमुख संघ के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। इस मौके पर एमएलसी एसआरएस यादव भी मौजूद थे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी ने बताया कि कोरोना संकट और लॉकडाउन से प्रभावित लोगों की मदद में संघ के सदस्य काफी सक्रिय रहे थे। प्रतिनिधिमण्डल में सुजीत सिंह, चंद्रमणि यादव, सपन कनौजिया सच्चे लाल, विनय प्रकाश अंचल, आलोक कुमार, नितेश कुशवाहा एवं प्रवीण कुमार शामिल थे।

# एआआर के खिलाफ नियामक आयोग में प्रत्यावेदन दाखिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** में बिजल दरों को बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। बिजली कंपनियों ने आंकड़ों में खेल करके बढ़ी हुई दरों को लेकर नियामक आयोग ने एआरआर दाखिल किया था जिसके खिलाफ मंगलवार को उप्र विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग में एक जनहित प्रत्यावेदन दाखिल किया है। साथ ही बिजली कंपनियों के दाखिल एआरआर को खारिज किए जाने की मांग उठाई है। दरअसल बिजली कंपनियों ने लाइन हानियां दिखााकर करीब 71 हजार करोड़ की राजस्व आवश्यकता दिखाई है। इस मामले में उपभोक्ताा परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियां बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के लिए साजिश रच रही हैं। आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह को प्रत्यावेदन सौपते हुए उन्होंने कहा कि जब वाह-वाही लूटनी थी तो लाइन हानियों में बड़ा सुधार दिखाया गया। पिछले साल 50 हजार से लेकर एक लाख रूपए तक नगद इनाम भी लाइन लास कम करने को लेकर बांटा गया। उदय स्कीम में धन लेकर लाइन हानि कम करने का एग्रीमेन्ट किया गया। अब जब उसका लाभ उपभोक्ताओं को देने का नम्बर आया तो कहा जा रहा है की 6 प्रतिशत वितरण हानियां बढ़ गयी जो यह सिद्ध करता है कि बिजली कम्पनिया अपनी अक्षमता और भ्रष्टाचार का खामियाजा उपभोक्ता पर डालना चाहती है जो पूरी तरह गलत है।

# शिक्षकों के रिक्त पदों का ब्योरा न भेजने पर रिपोर्ट तलब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● एडेड जूनियर हाईस्कूलों का मामला

**प्रदेश** के तीन हजार से अधिक एडेड जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षकों के चयन के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारियों की तरफ से रिक्त पदों का ब्योरा न भेजने पर निदेशक ने नाराजगी जताई है। शिक्षा निदेशक बेसिक डा. सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने नाराजगी जताते हुए सभी बीएसए को पत्र लिखा है कि वे जल्द पदों की सूचना भेजें ताकि परीक्षा संस्था को भेजकर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराई जाए।

बेसिक शिक्षा विभाग की तरफसे 20 जून तक इन स्कूलों से रिक्त पदों का ब्योरा मांगा गया था। अभी तक इन स्कूलों में शिक्षक चयन के लिए प्रबंधतंत्र साक्षात्कार करके नियुक्ति करता रहा है। बीएसए उनका अनुमोदन करते थे। जिसके चलते चयन में गड़बड़ी की भी शिकायत होती थी। वहीं शिक्षक चयन को लेकर योगी सरकार की तरफ से वर्ष 2019 में अध्यापक भर्ती नियमावली 1978 में संशोधन कर दिया। इसके तहत शिक्षक चयन की लिखित परीक्षा राज्य स्तर पर होनी है। प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक की अर्हता में भी बदलाव हो चुका है। साथ ही चयन परिषदीय शिक्षकों की तरह गुणांक के आधार पर होना है। सरकार ने चयन नियमावली में जब बदलाव किया उस समय 3082 स्कूलों में 24000 शिक्षकों के पद सृजित और करीब 4300 पद रिक्त थे। इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि पदों का जनपदवार ब्योरा मिलने के बाद परीक्षा कराने वाली संस्था को सूची भेजा जाएगा। जिससे चयन की प्रक्रिया शुरू हो सके। सूत्रों का कहना है कि भर्ती में चयन प्रक्रिया ठीक वैसे ही हो सकती है जिस तरह चयन बोर्ड एडेड माध्यमिक कालेजों में अपनाता है। यानी स्कूल में जिस विषय का पद खाली होगा उसके अधियाचन के अनुरूप रिजल्ट बनेगा।

## मिशन वृक्षारोपण 2020 के तहत सरकार लगाएगी 25 करोड़ पौधे

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार बुधवार एक जुलाई से प्रदेश में वन महोत्सव का आयोजन करेगी। इस मौके पर वन विभाग के साथ अन्य कई विभागों द्वारा सामंजस्य बनाकर प्रदेश में 25 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। मिशन वृक्षारोपण 2020 के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा 10 करोड़ एवं अन्य विभागों द्वारा स्वयं व व्यापक जनसहभागिता से 15 करोड़ पौधे अर्थात् एक ही दिन में 25 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में आदिकाल से ही वनस्पतियों तथा उनसे प्राप्त पदार्थोंका उपयोग चिकित्सा कार्य व प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए होता आया है। अधिकांश प्रदेशवासी अपनी प्राथमिक चिकित्सा हेतु पारम्परिक औषधियों का प्रयोग करते हैं। मिशन पौधारोपण के अन्तर्गत वन क्षेत्रों तथा कृषकों की भूमि पर विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है। औषधीय पौधों के रोपण से औषधीय पौधों की बढ़ती मांग की पूर्ति में सहायता, कृषकों की आय में वृद्धि होगी।

# कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

● प्रदेश अध्यक्ष सहित कई हिरासत में लिए गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पार्टी कार्यालय के बाहर ही रोक लिया। इस दौरान झड़प व धक्का-मुक्की पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। पुलिस ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू और आराधना मिश्रा मोना सहित कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। जिन्हें शाम 4 बजे रिहा किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार दमन का चक्र चला रही है। आये दिन पुलिस के दम पर लोकतंत्र को कुचला जा रहा है । अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज़ आलम की देर रात गिरफ़्तारी अवैध, अलोकतांत्रिक और निंदनीय है। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता जनता के मुद्दों पर आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा सरकार यूपी पुलिस को दमन का औज़ार बनाकर दूसरी पार्टियों को आवाज उठाने से रोक सकती है, हमारी पार्टी को नहीं। यह पुलिसिया कार्रवाई दमनकारी और आलोकतांत्रिक है। कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पुलिसिया राज की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज़ की दबाना चाहती । कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव से योगी सरकार की बौखलाहट साफ दिख रही है। गौरतलब है कि सीएए और एनआरसी के विरोध में बीते साल 19 दिसंबर को लखनऊ में हुई हिंसक घटनाओं के मामले में हजरतगंज पुलिस ने शाहनवाज आलम को बीते सोमवार की रात गोल्फ लिंक अपार्टमेंट्स के गेट से गिरफ्तार कर लिया था।

## कांग्रेस के सिपाही फर्जी मुकदमों से डरने वाले नहीं: प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** शाहनवाज आलम की गिरफ्तारी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि उनकी पार्टी जनता के मुद्दों पर आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। यूपी सरकार अन्य पार्टियों की आवाज को तो दबा सकती है लेकिन कांग्रेस की नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सिपाही पुलिस की लाठियों और फर्जी मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं। प्रियंका गांधी ने शाहनवाज आलम की गिरफ्तारी का सीसीटीवी फुटेज ट्वीट करते हुए लिखा है कि देखिए किस तरह यूपी पुलिस ने हमारे अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष को रात के अंधेरे में उठाया।

# सम्पत्ति कर का लक्ष्य नहीं बढ़ाएगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संकट के चलते राज्य सरकार ने इस बार सम्पत्ति कर का लक्ष्य नहीं बढ़ाया है। सरकार के इस कदम से शहरों में अपना मकान बनाकर रहने वाले भवन स्वामियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। विदित हो कि सम्पत्ति कर निकाय की आय का बड़ा स्रोत है। इनकी आय बढ़ाने के लिये राज्य सरकार निकायों के कर का लक्ष्य हर साल पन्द्रह फीसदी तक बढ़ाती है। सरकार के स्तर से बढ़ाये जाने वाले लक्ष्य का सम्बंधित निकाय सम्पत्ति कर में बढ़ोत्तरी तथा नये मकानों को कर के दायरे में लाकर पूरी करती हैं। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि लक्ष्य में किसी भी तरह की बढ़ोत्तरी न किये जाने के कारण निकायों को भवन स्वामियों पर नया आर्थिक भार डालने की जरूरत नहीं होगी।

# राम मंदिर के भूमि पूजन के बाद मूर्ति लगाने पर शुरू होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राम** की नगरी अयोध्या को संवारने की योजना में सरकार ने अपने प्लान में नया बदलाव किया है। जिसके तहत सरयू तट पर भगवान राम की दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति लगाने का काम राम मंदिर का निर्माण शुरू होने के बाद होगा। फिलहाल अभी ट्रस्ट की देखरेख में मंदिर निर्माण के लिये भूमि पूजन कराने का काम पहले होगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले अयोध्या का दौरा किया था। जिसमें उन्होंने रामलला के दर्शन करने के अलावा मंदिर निर्माण की तैयारियों पर चर्चा की थी। इसके अलावा सीएम ने अयोध्या के साधु-संतों से भी मुलाकात की थी। जानकारों का कहना है कि कोरोना संक्रमण तथा चीन के साथ तनाव कम होने के बाद मंदिर निर्माण का भूमि पूजन कराने पर सहमति बनी है। जबतक मंदिर निर्माण का कार्य शुरू नहीं होता तब तक फिलहाल पत्थरों के तराशने जैसे अन्य कार्य कराने की रणनीति है। विदित हो कि मंदिर निर्माण में हो रहे विलंब को देखते हुये सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में भगवान राम की 220 मीटर ऊंची मूर्ति तथा विकास के अन्य कार्य कराने का निर्णय लिया था। मूर्ति का डिजाइन तय होने के बाद इसके बनाने का काम भी गुजरात में सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार को दिया जा चुका है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## क्विक न्यूज

### डीजी हेल्थ का अतिरिक्त कार्यप्रभार मिला

**लखनऊ।** प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ रुकुमकेश के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के बाद शासन स्तर पर डीजी हेल्थ का अतिरिक्त कार्यप्रभार डीजी फेमिली वेलफेयर डॉ मिथिलेश चतुर्वेदी को सौंपा गया है। डॉ चतुर्वेदी के पास वर्तमान में निदेशक संचारी का भी कार्यभार है।

### एलयू में दाखिले की आवेदन तिथि 15 जुलाई तक बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में दाखिले की तिथि 15 जुलाई तक विस्तारित कर दी है। पूर्व में आवेदन की तिथि 30 जून निर्धारित थी। विवि स्तर पर यह निर्णय हाल में घोषित यूपी बोर्ड के परिणाम और 31 जुलाई तक शिक्षण संस्थानों के बन्द रखने के आदेश के मद्देनजर लिया गया है।

### डॉ. अनन्य गुप्ता ने किया एम्स टॉप

लखनऊ। राजधानी स्थित सिविल अस्पताल में एनेस्थीसिया के डॉक्टर ए के गुप्ता के बेटे डॉ अनन्य गुप्ता ने एम्स टॉप किया है। डॉ अनन्य गुप्ता की आल इंडिया पहली रैंक आई है। उन्होंने किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस व एमडी की पढ़ाई की है।

### एडीजी रेलवे को सौंपा गया पुलिस कमिश्नर लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार

**लखनऊ।** तबीयत ठीक न होने के कारण लखनऊ के पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय 10 दिनों के लिए अवकाश पर रहेंगे। उनकी जगह एडीजी रेलवे संजय सिंघल को लखनऊ पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बता दें कि पुलिस कमिश्नर सुजीत कुमार पांडेय को चिकित्सकों ने एक माह के बेड रेस्ट की सलाह दी है। उन्हें रविवार दोपहर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस कमिश्नर शनिवार को एक बैठक में गए थे, जहां उन्हें चक्कर आने के बाद मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि जांच के दौरान एमआरआई और सिटी स्कैन नॉर्मल पाया गया है। ईसीजी और इको जैसी अन्य जांच भी कराई जा रही हैं।

# यूपी में केजीएमयू पहले स्थान पर, पार किया एक लाख कोविड टेस्ट का आंकड़ा

### 1,14,786 लाख सैम्पल के टेस्ट में 3059 पॉजिटिव मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग** जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए सफलता पूर्वक एक लाख से अधिक कोविड.19 संक्रमित रोगियों की जांच का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह जानकारी मंगलवार को चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एमएलबी भटट् एवं विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी विभाग प्रो. अमिता जैन ने आनलाइन ऐप के माध्यम से दी है।

कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय तक लगभग सात लाख लोगों की कोरोना संक्रमण की जांच की जा चुकी है, जिसमें से एक लाख चौदह हजार सात सौ छियासी जांच केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की लैब में की गई है। उत्तर प्रदेश में कोरोना जांच के मामले में तो केजीएमयू प्रथम स्थान पर है ही साथ में देश में भी बहुत कम ही ऐसी लैब हैं जिन्होंने लाख का आकड़ा पार किया हो। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि एक लाख चौदह हजार सात सौ छियासी जांच में से 3059 रिपोर्ट ही पॉजिटिव आई हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय तक लगभग 23 हजार पॉजिटिव पाए गए लोगों में से तीन हजार से ज्यादा लोगों की जांच संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी विभाग में स्थापित कोरोना संक्रमण की जांच क्षमता लगभग 2 हजार टेस्ट प्रतिदिन करने की है। इसके बावजूद यहां अनवरत दो हजार पांच सौ से ज्यादा टेस्ट प्रतिदिन किए जा रहे है और आज भी यहां की लैब में 2668 टेस्ट किए गए हैं जो कि संस्थान के लिए गौरव की बात है। प्रो भट्ट ने उत्तर प्रदेश सहित देशभर में कोविड.19 की जांच धीरे किए जाने के सवाल पर जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण की जांच कम नहीं हो रही है जितने टेस्ट की आवश्यकता है उससे कही ज्यादा टेस्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा यह एडवाइजरी जारी की गई है कि किसी भी देश में कोविड.19 के मरीजों की संख्या के मुताबिक कम से कम 10 गुना और अधिक से अधिक 30 गुना टेस्ट की ही आवश्यकता होती है। 10 गुना से कम टेस्ट किए जाएंगे तो पॉजिटिव मरीज डॉयग्नोस नहीं होंगे और 30 गुना से अधिक टेस्ट होंगे तो इन संसाधनों का अनावश्यक व्यय होगा। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कम से कम 10 गुना टेस्ट और अधिक से अधिक 30 गुना टेस्ट किए जाने की सलाह दी है।



विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी विभाग प्रो अमिता जैन ने बताया कि चिकित्सा विश्वविद्यालय को सेंटर आफ एक्सीलेंस नामित किया जाने के साथ ही कुछ अतिरिक्त जिम्मदारियां भी मिली थीं।

## नगर निगम कर्मचारी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव, कार्यालय में मचा हड़कंप

### सीज किए बिना दोबारा शुरू किया कार्य, कर्मचारियों में नाराजगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** की रोकथाम पर लापरवाही नगर निगम को भारी पड़ी। हाउस टैक्स जमा करने के दौरान कोरोना से बचाव के सुरक्षा इंतजाम ताख पर रखने पर नगर निगम कर्मी कोरोना का शिकार हो गया। जोन आठ के बाबू की रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव आने से कार्यालय में हड़कंप मच गया। आनन फानन में कार्यालय एवं पूरे परिसर को सैनिटाइज किया गया। बावजूद इसके अधिकारियों ने कार्यालय को सीज करना जरूरी नहीं समझा और कार्य जारी रखा। कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करने वाला विभाग स्वयं अपनी लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा है। नगर निगम के जोनल कार्यालय आठ में एक लिपिक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसके बाद कर्मचारी एवं अधिकारियों में हड़कंप मच गया। कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटीव आने की सूचना जोनल अधिकारी और नगर आयुक्त डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी को दी गयी। नगर आयुक्त ने कार्यालय को सैनिटाइज करने का आदेश दिया, जिसके बाद सोडियम हाइपोक्लोराइट से जोन आठ को सैनिटाइज किया गया। परिसर के अंदर बाहर एवं दीवार व पार्क में भी छिड़काव किया गया। कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व बाबू पवित्र अस्थाना को तेज बुखार एवं जुखाम था, जिसको देखते हुए कार्यालय न आकर घर पर आराम करने के लिए कहा गया। डॉक्टर्स की सलाह पर कोरोना की जांच करायी, जिसकी रिपोर्ट आने पर कोरोना होने का पता चला। उधर नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि नगर निगम प्रशासन से पहले से ही किट, मास्क और सैनिटाइजर रखने की मांग की गयी थी, जिसे अनसुना करना भारी पड़ रहा है।

## भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, बाल-बाल बचे

**लखनऊ( पीएनएस )।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य के ऊपर लखनऊ के काकोरी इलाके में ताबड़तोड़ फायरिंग की गई गनीमत रही कि वह इस जानलेवा हमले में बाल बाल बच गए। सूचना पाकर पहुंची काकोरी पुलिस ने मौके से एक बाइक और दो खोखा कारतूस बरामद किया पीड़ित की तहरीर पर काकोरी पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए एक बोलेरो गाड़ी को कब्जे में लेकर मुख्य आरोपी सहित कई को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मंगलवार दोपहर काकोरी के बबुरीया खेड़ा गांव में दोपहर करीब 12 बजे फतेहगंज जाने वाली रोड पर हैसे वीर मंदिर के पास इरशाद अली उर्फ गुड्डू पर प्राणघातक हमला हुआ हमलावरों ने गुड्डू के ऊपर उस समय ताबड़तोड़ कई राउंड गोलियां चलाई जब वह अपनी प्लाटिंग पर प्लाट की नपाई कर रहे थे।

## अनियंत्रित डंपर ने दो मजदूरों को रौंदा, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोसाईंगंज** में मंगलवार तड़के तेज रफ्तार डंफर ने सड़क किनारे मिट्टी ढो रहे दो मजदूरों को को रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई जबकि अनियंत्रित डम्फर एक मकान में जा घुसा। जिससे मकान में सो रही महिला भी घायल हो गई। वहीं डम्फर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव निवासी इशाक अपने मकान की मिट्टी पटाई का काम करा रहा था। जिसे गोसाईंगंज के ही सिकंदर पुर अमोलिया गांव निवासी मेराज 19 और रमजान 20 ठेलिया से उसके मकान तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। इस बीच गोसाईंगंज से खुर्दही की ओर मिट्टी लाद कर जा रहे डंफर ने सड़क किनारे ठेलिया में मिट्टी भर रहे दोनों मजदूरों को रौंद दिया। इसके बाद अनियंत्रित डंफर सड़क किनारे केशन गौतम के मकान में घुस गया। जिससे मकान के बरामदे में सो रही उनकी पत्नी सरस्वती 60 भी उसकी चपेट में आने से घायल हो गई। हादसे के बाद डंफर चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इन्स्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेन्द्र प्रताप कुशवाहा ने बताया कि निजाम पुत्र स्वर्गीय मंजू निवासी ग्राम सिकंदरपुर की तररीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। डंफर कब्जे में है। घायल का उपचार कराया जा रहा है।

## आला अफसरों का नाम बताकर रौब गांठने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** की विभूतिखंड पुलिस ने न्यायाधीश और अन्य उच्चाधिकारियों के नाम का दुरुपयोग कर थानों व ऑफिसों में गलत कार्य करने के लिए दबाव बनाने वाले दो शातिर जालसाजों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। अभियुक्तों के पास से पुलिस ने ठगी में प्रयोग किये जाने वाले मोबाईल फोन बरामद कर उनके खिलाफकार्रवाई कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि थानो में पंजीकृत मुकदमों में अंतिम रिपोर्ट लगवाने के लिऐ वरिष्ठ पदों पर आसीन न्यायाधीश और उच्चाधिकारियों के नाम से फोन कर मोटी रकम ऐंठने वाले जालसाज तौसीफ हक पुत्र फरीदुलहक निवासी चिनहट और उसके सहयोगी समरेन्द्र महातम राय पुत्र महातम राय निवासी गोरखपुर, हाल पता विभवखण्ड विभूतिखण्ड लखनऊ को विभूतिखण्ड पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन्स्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गए दोनो जालसाज थाने के विवेचको व उच्चाधिकारियो को पंजीकृत मुक़दमों में अन्तिम रिपोर्ट लगवाने के लिए न्यायालय के जज बनकर फोन करके दबाब बनाते थे और इसके एवज में मोटी रकम ऐंठेते थे। अभियुक्त तौसीफ हक ने थाना विभूतिखण्ड पर पंजीकृत एक मुकदमे के विवेचक अमरेन्द्र कुमार यादव और उच्चाधिकारियो को बार बार न्यायालय के जज बनकर फोन करना शुरू किया था। इन्स्पेक्टर ने बताया कि बार बार मुकदमें में अंतिम रिपोर्ट लगाने की बात कहने पर उन्हें शक हुआ। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर इन्स्पेक्टर ने एक टीम गठित कर मोबाईल नंबर का विश्लेषण करवाया तो जालसाजों की असलियत सामने आ गई।

## न्यूरो सर्जन डॉ. डीके छाबड़ा का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मरीजों** के सिर से छोटे-बड़े ट्यूमर निकाल कर उन्हें नयी जिन्दगी देने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लखनऊ के न्यूरो सर्जन डॉ डीके छाबड़ा खुद ट्यूमर के शिकार हो गये, जिसके चलते आज उनका निधन हो गया। डॉ छाबड़ा यहां संजय गांधी पीजीआई के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में भर्ती थे। डॉ छाबड़ा ने लखनऊ में तत्कालीन किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और एमएस की पढ़ाई की थी तथा 1974 से 1986 तक केजीएमसी में ही काम किया। इसके बाद पीजीआई की शुरुआत करने वाले चिकित्सकों में उनका नाम जुड़ गया। डॉ छाबड़ा के साथ डॉ एसएस अग्रवाल और डॉ बी बी सेठी ने ही संजय गांधी पीजीआई की नींव रखी थी। डॉ छाबड़ा ने वर्ष 2003 तक संजय गांधी पीजीआई न्यूरो सर्जरी के विभागाध्यक्ष पद पर सेवा की।






# एनसीआर के बिल्डरों को मिली छह माह की मोहलत

## कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के तहत दी गई एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी

● 30 जून के स्थान पर 31 दिसंबर 2021 तक बना सकेंगे फ्लैट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने एनसीआर में और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत बन रही हाउसिंग प्रोजेक्ट में लगे बिल्डरों को राहत दी है। अब बिल्डरों को 31 दिसंबर 2021 तक अपने फ्लैट बनाकर आवंटियों को देने होंगे पहले यह अवधि 30 जून 2021 निर्धारित की गई थी। राज्य सरकार ने यह फैसला कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए किया है। इसमें एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी मिली है।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार कोरोना महामारी के कारण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय योजनाओं का निर्माण इन क्षेत्रों में किया जा रहा है। आवंटियों ने बिल्डरों ने द्वारा कब्जा न देने की शिकायत प्राधिकरण में की गई थी। यह मामला कोर्ट भी गया था जिसमें कोर्ट ने बिल्डरों को कड़ी फटकार लगाई थी और बिल्डरों को फ्लैट बनाने के लिए छह माह की मोहलत दे दी है। अब कैबिनेट बैठक में बिल्डरों को इन फ्लैटों को बनाने के लिए 31 दिसंबर 2021 तक का समय दे दिया गया है। पहले यह समय सीमा 30 जून 2021 तक के लिए दी गई थी। यह फैसला होम बायर्स की समस्याओं के समाधान के लिए किया गया है। इसके साथ ही तीनों औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की सभी परियोजनाओं के संबंध में बिल्डरों को कंपलीशन सर्टिफिकेट बिना शुल्क के देने का भी फैसला किया गया है। इस फैसले से आवंटियों की समस्याओं का समाधान होगा और उन्हें समय से फ्लैट मिलने का रास्ता साफ होगा। इसके साथ ही प्राधिकरणों को आवंटियों पर बकाया धन भी मिल जाएगा। औद्योगिक विकास विभाग ने इन तीन विकास प्राधिकरणों में बिल्डरों द्वारा बनवाए जा रहे फ्लैटों को पूरा करने के लिए 5 दिसंबर 2019 को नीति और समय सीमा तय की थी, जिससे इन क्षेत्रों में होम बायर्स के फंसे फ्लैट उन्हें मिल सकें।

### राशन की दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूहों को मिलेगी वरीयता

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने राशन की दुकानों के आवंटन में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरीयता दिए जाने का निर्णय कैबिनेट में लिया है। इसके लिए सरकार ने उप्र आवश्यक वस्तु आदेश में संशोधन किया है। प्रदेश में 80089 राशन की दुकानें हैं जिसमें से 2256 दुकाने खाली हैं। कोरोना के बीच राशन की दुकानों में स्वयं सहायता समूहों को भी सम्मिलित किए जाने का निर्णय लिया गया है ताकि लाभ का दायरा बढ़ेगा और जीविकोपार्जन का भी क्षेत्र बढ़ेगा। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं सहायता समूहों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए थे। अभी तक राशन की दुकानों के आवंटन में पहली वरीयता कुछ मिट्टी तेल विक्रेताओं को दी जा रही थी। यूपी में कुछ मिट्टी तेल के फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस 22 मार्च 2018 को एक याचिका में आए फैसले के तहत रद्द कर दिए गए थे। इन्हें ही अभी तक पहली वरीयता मिल रही थी लेकिन इस संशोधन के बाद मिट्टी तेल की दुकानदारों को दूसरी वरीयता दी जाएगी। अनुकम्पा के आधार पर प्रस्तावित रिक्तियों को छोड़ते हुए अन्य आवंटन पर यह वरीयता लागू होगी।

### स्वास्थ्य विभाग में निदेशक से महानिदेशक पद पर प्रमोशन के नियम में बदलाव

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में निदेशक से महानिदेशक के पद पर प्रमोशन के लिए नियम में बदलाव किया है। इसके लिए सरकार ने उप्र चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा नियमावली 2004 सेवा नियमावली में संशोधन किया है। स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक के पद पर कार्य करने वाले अधिकारी दो या चार माह में सेवानिवृत्त हो जा रहे हैं इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा है। यह इसलिए हो रहा है क्योंकि निदेशक से महानिदेशक पद पर प्रमोशन पाते-पाते चिकित्सक सेवानिवृत्त के करीब पहुंच जाते हैं। अब सरकार ने नियम में बदलाव किया है जिनका सेवाकाल के दौरान न्यूनतम एक साल का समय सेवानिवृत्त होने का बचा होगा उन्हें ही इस पद पर प्रमोशन दिया जाएगा।

### वैट के मामलों में अपील न कर पाने वाले व्यापारियों को राहत

**लखनऊ।** इसके अलावा लॉकडाउन के चलते वैट के मामलों में अपील न कर पाने वाले व्यापारियों के लिए राज्य सरकार ने समय सीमा बढ़ा दी है। वैट अधिनियम के अंतर्गत निश्चित तिथि तक पूर्ण की जाने वाली कार्यवाहियों को विशेष परिस्थितियों में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। वाणिज्य कर विभाग की तरफ से कैबिनेट बाई सर्कुलेशन में उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर संशोधन अध्यादेश 2020 के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। संशोधन के इस प्रस्ताव से लॉकडाउन के दौरान वैट से जुड़े अलग-अलग मामलों में अपील नहीं कर पाए 50 हजार से ज्यादा व्यापारियों को लाभ मिलेगा।

# अवैध कब्जे से मुक्त कराई करोड़ों की सरकारी जमीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सदर** सहित मोहनलालगंज में जिला प्रशासन द्वारा सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराई। जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम खरगापुर, ग्राम महतावा,ग्राम जेहटा और ग्राम बहरु में कुल 4.606 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करायी है। पांचों तहसील में चले अभियान में कुल 232.072 हेक्टेयर भूमि अवमुक्त करायी गई है जिसकी डीएम सर्किल रेट के आधार पर मूल्य लगभग 361 करोड़ है। मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांवों में करोड़ो की जमीन पर से कब्जे हटाये गए। तहसील सदर की सभी टीमों ने एंटी भू माफिया अभियान के तहत तक्षेत्र में ग्राम खरगापुर, ग्राम महतावा, ग्राम जेहटा और ग्राम बहरु में कुल 4.606 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर प्रफुल्ल त्रिपाठी के उपस्थित में नायब तहसीलदार मनीष त्रिपाठी राजस्व निरीक्षक, जितेन्द्र सिंह व लेखपाल त्रिवेणी प्रसाद द्वारा सरोजनी नगर तहसील के ग्राम कल्ली पश्चिम की गाटा संख्या 170 जो तालाब के रूप में दर्ज है, जिसका कुल रकबा1 हेक्टेयर है। जमीन पर साहू हाउसिंग एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग व दीवार से घेरकर कब्जा किया गया था, जिसको हटवा दिया गया है। अधिकारी के अनुसार कुल मूल्य मार्केट वैल्यू के हिसाब से लगभग 4 करोड़ 80 लाख होता है। उपरोक्त के विरुद्ध लोक संपति क्षति की धाराओं में प्राथमिकी भी दर्ज करायी जा रही है। इसके साथ ही उपजि़लाधकारी मोहनलालगंज द्वारा बताया गया कि ग्राम कुसमौरा व ग्राम कमालपुर में पशुचर भूमि को मुक्त कराया गया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 43 लाख होगा।

# कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हमारी और आपकी भूमिका ज्यादा: सुब्रत राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सहारा** इंडिया परिवार के मैनेजिंग वर्कर एवं चेयरमैन सुब्रत रॉय सहारा ने मंगलवार को हर एक भारतीय से अपील करते हुए कहा कि कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में अब सरकारी संस्थाओं और स्वास्थ्य सेवी संस्थाओं की भूमिका कम और हमारी और आपकी भूमिका ज्यादा है।

श्री राय ने अपने वक्तव्य में जोर दिया कि हमारे सामने बेहद उलझे हुए हालात हैं जब कोरोना महामारी से निपटने के लिए लॉकडाउन का पहला चरण शुरू हुआ था तो हमारे सामने सूत्र वाक्य था कि लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करना है और कोरोना को हराना है। उस समय पूरे देश में संक्रमित लोगों की संख्या छह-सात सौ थी। सबको उम्मीद थी कि लॉकडाउन के समाप्त होने तक कोरोना पर काबू पा लिया जाएगा। लेकिन वर्तमान समय में देश में संक्रमित लोगों की संख्या लगभग छह लाख के पास पहुंच रही है। और हमारे सामने सूत्र वाक्य यह है कि हमें कोरोना के साथ रहना सीखना है यानी हमें कोरोना के साथ ही जीना है।

एक वीडियो संदंश में उन्होंने कहा कि अब हमारे सामने दो स्थितियां बहुत साफ हैं। पहली यह कि सरकार और स्वास्थ्य सेवाओं की सीमाएं हैं। स्वास्थ्य सेवाएं एक हद तक ही हमारी मदद कर सकती हैं। दूसरी स्थिति यह है कि कोरोना के फैलाव में कोई कमी नहीं आ रही है इसलिए न तो हम असावधान रह सकते हैं, न निश्चिंत रह सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अब हमें स्वयं अपने ऊपर ज्यादा निर्भर रहना होगा। हमें कोरा`ना के विरुद्ध लड़ाई में स्वयं ही योद्धा बनना होगा। पहले से कहीं अधिक सतर्क रहना होगा। आगे जो लड़ाई है उसमें सरकारी संस्थाओं और स्वास्थ्य सेवी संस्थाओं की भूमिका कम है, एक व्यक्ति की यानी हमारी और आपकी भूमिका ज्यादा है। इसलिए अपने लिए, अपने परिवार के लिए एक सच्चे योद्धा की तरह कोरोना को हराने के अपने संकल्प को मजबूत बनाए रखें। हमें विश्वास है कि कोरोना हारेगा और अंतिम जीत हमारी होगी।

# स्थानीय पुलिस नहीं सुनती तो सीधे हमसे बात करें

● एसपी ग्रामीण ने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक

**संवाददाता।** निगोहां



**गांव** में छोटी-छोटी चीजो को लेकर जमीन के थोड़े थोड़े टुकड़े को लेकर आये दिन होने वाले विवादों पर पुलिस सुनवाई नहीं करती है तो सीधे हमसे बात करे उसका निपटारा गांव में ही कर दिया जाएगा ये बाते मंगलवार को ग्राम प्रधानों से बैठक के दौरान एसपी ग्रामीण ने कही।

मंगलवार को एसपी ग्रामीण आदित्य लंगेह की अगुवाई में निगोहा थाने पर ग्राम प्रधानों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधानों से निगरानी समिति की गंभीरता से निगरानी करने व अभी भी कोरोना से निपटने के लिये सावधानियां रखने की बात कही।वही पंचायतों में उपजने वाले विवादों से निपटने के लिये ग्राम प्रधानों से सुझाव भी मांगे इसके साथ ही एसपी ग्रामीण ने कहा बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने में उनकी मदद करें और इस बात की निगरानी रखे कही बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूर काफी दिन बाद अपने गांव आये है। वहाँ कोई भूमि विवाद तो नहीं हो रहा यदि ऐसा है तो विवाद होने से पहले स्थानीय पुलिस को अवगत कराएं यदि स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होती है तो उन्हें सीधे बताये या मिलकर अवगत कराएं उसे निपटाया जायेगा। बैठक के दौरान कुछ ग्राम प्रधानों ने निगोहां पुलिस पर आरोप लगाया कि विवाद होने पर पुलिस दोनों तरफसे मुकदमे लिखकर विवाद को और बढा देती है इस पर एसपी ग्रामीण ने कहा अब ऐसा नहीं होगा। विवाद करने वाले की तरफसे कोई मुकदमा नहीं लिखा जाएगा बल्कि जांच कर पीड़ित की तरफ से ही मुकदमा पंजीकृत होगा।

# आगरा से दो तस्कर गिरफ्तार 258 किलो गांजा बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मादक** पदार्थों की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 2 सक्रिय सदस्यों को एसटीएफ ने आगरा पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। इनके पास से 258 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत 38 लाख रुपए बताई जा रही। यह गिरोह मध्य प्रदेश राज्य के मुरैना शहर से मादक पदार्थ गांजा की खेप लाकर वेस्ट यूपी के जिलों में सप्लाई करता है।

एसटीएफ की फील्ड इकाई आगरा को सटीक सूचना प्राप्त हुई कि अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाला एक गिरोह सक्रिय है जिसके द्वारा अन्य राज्यों से मादक पदार्थो की तस्करी कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में लाकर विक्रय किया जा रहा है। यह गैंग प्राइवेट वाहनों से मादक पदार्थों की तस्करी करता है, वह मध्य प्रदेश राज्य के मुरैना शहर से होता हुआ गांजा की खेप लेकर आगरा की ओर आएगा। इस सूचना पर एसटीएफकी टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ थाना सैया क्षेत्र में घेराबन्दी की गयी। कुछ देर बाद दो वाहन सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर तथा रैनो कैप्चर आते हुआ दिखाई दिए। इन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त गाड़ी की स्पीड बढ़ा कर भागने लगे। पीछा करने पर एसटीएफ व पुलिसकर्मियों पर फायर किया। मौका पाकर दो लोग वाहनों से उतरकर पैदल ही जंगल की ओर भाग गए जबकि श्याम राठौर निवासी बसई कलॉ थाना ताजगंज आगरा तथा नेत्रपाल सिंह निवासी ग्राम बरारी थाना रिफायनरी मथुरा को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 38 लाख रुपए मूल्य का 258.14 किग्रा गांजा , रेनो कैप्चर व स्विफ्ट डिजायर गाड़ी और अवैध असलहे व कारतूस बरामद हुए।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**लखनऊ।** राजधानी के बाजारखाला इलाके में एक युवक ने ससुराल से लौटने के बाद घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पांडेय का तालाब ऐशबाग तालकटोरा निवासी 38 वर्षीय मनीष उर्फमोनू जिसकी पत्नी करीब दो माह से अपने मायके में रह रही थी। सोमवार की रात मनीष नशे की हालत में ससुराल गया जब वहां से वापस लौटा तो बाजारखाला स्थित अपने कमरे में चला गया। जब मंगलवार को उसकी मां उसे जगाने गई तो दरवाजा नही खुला। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वह पंखे के सहारे फंदे से लटका हुवा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक के एक पुत्र और एक पुत्री थी।

### प्रदर्शन करने पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पेट्रोल व डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफप्रदर्शन करने पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पेट्रोल व डीजल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी के खिलाफबीते 26 जून को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने लखनऊ में उग्र प्रदर्शन करते हुए लोकभवन का घेराव किया था। प्रदर्शन के दौरान लखनऊ पुलिस व प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं पर लाठियां भी भांजी थीं। जिसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि देर शाम सभी को छोड़ दिया गया था। मंगलवार को इस मामले में हजरतगंज पुलिस ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा, लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम करन निर्मल, युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष राबिन सिंह यादव, युवजन सभा के प्रदेश सचिव जय कृष्ण यादव, सतीश यादव व अरविंद गिरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

### इस बार ऑनलाइन स्थापना दिवस मनाएगा एकेटीयू

**लखनऊ।** इस बार कोरोना महामारी के चलते डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपना दूसरा स्थापना दिवस ऑनलाइन मनाएगा। 26 जुलाई को स्थापना दिवस के मौके पर विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व छात्रों समेत वर्तमान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिकुलपति प्रो विनीत कंसल की ओर से ऐसे छात्रों का ब्योरा 5 जुलाई तक भेजने के निर्देश दिए गए हैं। विश्वविद्यालय ने अपना पहला स्थापना दिवस पिछले साल 26 जुलाई को मनाया था। मगर इस बार कोरोना संक्रमण की वजह से विश्वविद्यालय ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन करेगा। विश्वविद्यालय की ओर से टैलेंट इनसेंटिव स्कीम के तहत गेट, यूपीएसईई, कैट, सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट रैंक लाने वाले होनहारों को सम्मानित किया जाएगा।

### दी गई विदाई

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह में विवि के टेक्निकल ऑफिसर डीसी मिश्रा के सेवा निवृत्त होने पर विदाई दी गयी। डीसी मिश्रा विवि के वरिष्ठ अधिकारी थे उनके द्वारा विवि में ईआरपी एवं ऑटोमेशन में महती भूमिका रही विदाई समरोह के अवसर पर विवि के कुलपति प्रो पाठक ने उन्हें शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

### संत गाडगे सेवा समिति के पदाधिकारी कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों में आस्था एवं कांग्रेस नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में विभिन्न जनपदों से आए संत गाडगे सेवा समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा युवाओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने स्वागत करते हुए कहा कि आज कांग्रेस पार्टी गरीबों, वंचितों, दलित, पिछड़ों, नौजवानों और बेरोजगारों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में तमाम जनपदों से युवाओं ने कांग्रेस पार्टी के संघर्ष में आवाज बनने का जो संकल्प लिया है उससे यह साफहो गया है कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है।

### राजधानी में रेलवे ट्रैक के किनारे लगाए जा रहे बोगन बेलिया

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ के रेलवे ट्रैक पर प्राकृतिक बैरियर बनवाया जा रहा है। इसके तहत लखनऊ में 5 हज़ार बोगन बेलिया के पेड़ ट्रैक के किनारे लगवाए जा रहे हैं। जिससे कि रेलवे कर्मियों की पेट्रोलिंग आसान हो जाएगी एवं फूलों के साथ ही इस फूलदार वृक्ष में कांटे भी होंगे, लिहाजा ट्रैक पर जानवरों के आने की संभावना भी कम हो जाएगी। यह पौधे मल्हौर, गोमतीनगर, बादशाहनगर, डालीगंज, लखनऊ सिटी, ऐशबाग एवं मानकनगर ट्रैक के पास लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही एनईआर प्रशाषन द्वारा बीते सप्ताह आपरेशन कायाकल्प भी चलाया गया था।

### 42 साल की सेवा देकर सेवानिवृत्त हुईं विशेष कार्याधिकारी गौरी थापा

**लखनऊ ।** डीएम शिविर कार्यालय की विशेष कार्याधिकारी गौरी थापा सेवा निवृत हुईं। 42 साल की सेवा काल के बाद विदाई समारोह के दौरान सेनि. विशेष कार्याधिकारी को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश सहित उपस्थित अन्य समस्त अधिकारी और कर्मचारी द्वारा उत्तम स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की शुभाकामनाएं दी गयीं। जिलाधिकारी ने बताया कि माह फरवरी 2013 से शिविर कार्यालय में विशेष कार्याधिकारी के रूप में सेवाएं दीं । सुश्री गौरी थापा के विदाई समारोह में जिलाधिकारी ने उनके कार्यकाल व अनुभवों को भी साझा किया।

### सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं जांचेंगी किसानों की मिट्टी

**लखनऊ।** उर्वरकों के उचित उपयोग के उद्देश्य से देश में मृदा परीक्षण सुविधा को और बढ़ावा देने के लिएए एनएफएल ने गाँवों में जाकर किसानों की मिट्टी के नमूनों के परीक्षण करने के लिए पांच सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएँ शुरू की हैं। निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वी एन दत्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने आज नोएडा में एनएफएल कॉरपोरेट कार्यालय के परिसर से एक ऐसी ही सचल प्रयोगशाला को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवीनतम मृदा परीक्षण उपकरणों से लैस इन मोबाइल प्रयोगशालाओं का उपयोग मुख्य और सूक्ष्म पोषक तत्वों के विश्लेषण के लिए किया जाएगा।

### वार्डों में फॉगिंग, एंटी लार्वा मशीनें खरीदने का आदेश

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा रोगो की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलाया जायेगा। एक जुलाई से अभियान की शुरुआत होगी, इसके लिए अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी और सेनेटरी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मलेरिया, चिकनगुनियां, जेई व एई और डेंगू की रोकथाम के लिए जोन स्तर पर फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव कराना होगा, इसके लिए जरूरी मशीनों को खरीदने का भी निर्देश दिया गया। मंगलवार को नगर निगम में अभियान से संबंधित नगर आयुक्त डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर बैठक हुई। बैठक में उपस्थित अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी आफिसर और अधिकारियों को बताया गया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जेई एवं एईएस इत्यादि संचारी रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए यह अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलाया जाना है।

# प्रोन्नत हुए चार परिवहन अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** विभाग में मंगलवार को जारी शासनादेश के तहत चार परिवहन अधिकारियों का प्रमोशन हुआ जिसमें आयुक्त कार्यालय पर तैनात दो आरटीओ अधिकारी की प्रोन्नत डीटीसी पद पर हुई तो एआरटीओ अधिकारी आरटीओ पद पर प्रोन्नत किये गये। इस बारे में प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि उक्त शासनादेश के तहत परिवहन आयुक्त कार्यालय पर तैनात आरटीओ पुष्पसेन सत्यार्थी और यहीं पर तैनात आरटीओ ममता शर्मा की प्रोन्नति उप परिवहन आयुक्त पद पर हुई है जबकि एआरटीओ राजेश कुमार मौर्य और एआरटीओ संजय कुमार दोनों अधिकारी आरटीओ पद पर प्रोन्नत हुए हैं। प्रमुख सचिव परिवहन के अनुसार प्रोन्नति किये गये सभी उक्त अधिकारियों की नई तैनाती के आदेश अलग से निर्गत किये जायेंगे।

# सीएमएस गोमती नगर को मिला पर्यावरण मित्र अवार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) को पर्यावरण संवर्धन के प्रयासों एवं छात्रों को इस क्षेत्र में प्रेरित करने हेतु 'पर्यावरण मित्र अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। विद्यालय की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा एवं प्रधानाचार्या संगीता बनर्जी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा 'बायोडायवर्सिटी एण्ड सस्टेनबिलिटी' के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया है। विद्यालय के जूनियर सेक्शन के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में जनमानस में यह विश्वास जगाया कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों से हम पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु चयनित होकर सीएमएस. परिवार अत्यन्त गौरवान्वित है।

### सीएमएस में आज से नये शैक्षिणिक सत्र की पढ़ाई ऑनलाइन शुरू

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल में कल 1 जुलाई, बुधवार से नया शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो रहा है तथापि सीएमएस के सभी कैम्पसों में छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं प्रारम्भ हो रही है। इसी उपलक्ष्य में कल 1 जुलाई, बुधवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ ऑनलाइन 'विद्या का पर्व' समारोह मनाया जायेगा, जिसमें विद्यालय के सभी कैम्पसों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व प्रधानाचार्याएं शामिल होंगी। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी एवं डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने नये शैक्षणिक सत्र में शिक्षक-शिक्षिकाओं का ऑनलाइन हार्दिक स्वागत-अभिनन्दन करेंगे।

# एकेटीयू ने 24 शिक्षकों के शोध प्रस्ताव को दी ग्रांट की मंजूरी

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने में सोमवार को विश्वस्वैरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम वर्ष 2020 के अंतर्गत 24 शिक्षकों के शोध प्रस्तावों को ग्रांट की संस्तुति दी है। इस बावत निर्णय विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में लिया गया है। डीन प्रो एमके दत्ता ने बताया कि विश्वस्वैरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम के अंतर्गत रूपये पांच लाख तक की ग्रांट शोध के लिए सम्बद्ध संस्थानों के शिक्षकों को प्रदान की जाती है। इस अनुदान योजना के अंतर्गत वर्ष 2020 में विवि के सम्बद्ध संस्थानों के 24 शिक्षकों को ग्रांट की संस्तुति प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि विश्वस्वैरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम 2020 के लिए सम्बद्ध संस्थानों से 172 शोध प्रस्ताव प्राप्त हुए थे जिसमें स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा 24 बेहतर प्रस्तावों को ग्रांट की संस्तुति की गयी। 172 शोध प्रस्ताव में से स्क्रीनिंग कर प्रस्तावों को प्रस्तुतीकरण एवं साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजीपुर

### नीलामी सूचना-प्रथम आमंत्रण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र सहायतित योजना स्टैबलिसमंट आफ न्यू मेडिकल कालेज अटैच्ड विद एक्झिरिटंग डिस्ट्रिक्ट/रेफरल हास्पिटल (पेज-2) के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय गाजीपुर को उच्चीकृत कर राजकीय मडिकल कालेज गाजीपुर के निर्माण हेतु जिला मलेरिया कार्यालय के पुराने चिन्हित भवन के ध्वस्तीकरण के पश्चात कार्य स्थल से सामग्री हटाकर समतल एवं साफ किये जाने हेतु इच्छुक नीलामी दाताओं/ठेकेदारों से दिनांक 02.07.2020 को 11 बजे पूर्वान्ह से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। नीलामी सम्बन्धित प्रपत्र एवं बिल आफ ववान्टिटी दिनांक से पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी गाजीपुर में निविदा मूल्य जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। विस्तृत विवरण कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी गाजीपुर पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

नीलामी में सम्मिलित होने के लिये आवश्यक बिन्दु।

1. मलबा हटाने की जिम्मेदारी ठीकेदार की होगी।
2. टेण्डर की न्यूनतम कीमत 1.98 ला निर्धारित है।
3. जमानत राशि 10000 रू0 सी0एम0ओ0 हेड में जमा होगी।
4. मलबा हटाने की अवधि 05 दिन होगी।
5. नीलामी स्वीकृति एवं निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष को होगा।

**मुख्य चिकित्साधिकारी, गाजीपुर।**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांक :- 14/टी0सी0-04/2020-21 दिनॉक :- 27 जून, 2020

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमान्तर्गत विभिन्न निर्माण इत्यादि कार्य 14वॉ वित्त आयोग/परिषद निधि से कराये जाने हेतु पूर्व में कार्यालय पत्र संख्या 68, 69/टी0सी0-04/2019-20 दिनांक 12 मार्च 2020 द्वारा कार्यो की निविदाएं आमंत्रित की गई थी, परन्तु कोविड-19 की वैश्विक महामारी के दृष्टिगत दिनांक 25 मार्च 2020 से सम्पूर्ण भारत लाकडाउन के कारण उक्त कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जा सकी थी। फलस्वरूप पुनः अतिअल्पकालीन ई-निविदाएं कार्यालय पत्र संख्या 03/टी0सी0-04/2019-20 दिनांक 23 मई 2020 द्वारा आमंत्रित की गई थी, परन्तु पत्र संख्या 68 के कार्य संख्या 01, 02, 04, 06, 14, एवं पत्र संख्या 69 कार्य संख्या 30, 33, 47, 46, 35, 50, 51, 52 की निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है, वर्णित स्थिति में पूर्व शर्तो के अधीन पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जानी है। कार्यो का विवरण वेबसाइट http//etender.up.nic.in/एन0पी0पी0 बेवसाइड www.nagarpallkaparishadsitapur.org.in पर देखा जा सकता है तथा शर्तो/कार्य की विस्तृत जानकारी निकाय के निर्माण अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। कार्यो की धरोहर धनराशि/निविदा शुल्क निकाय के खाता संख्या 01591010000660 आई0एफ0एस0सी कोड ORBC0100159 में ऑनलाइन आर०टी०जी०एस० के माध्यम से जमा किया जा सकता है अथवा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर के नाम बन्धक हो, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा विवरण निम्नवत है -

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा बेवसाइड पर प्रकाशन तिथि/समय | 30.06.2020/सायं: 02.00 बजे |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 30.06.2020/सायं: 03.00 बजे से |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04.07.2020/सायं: 3.00 बजे तक |
| 4. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि | 04.07.2020/सायं: 04.00 बजे। |

(गुरू प्रसाद पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर

(राधेश्याम जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर


# इस बार बीएड परीक्षा लविवि के लिए घाटे का सौदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**इस** बार राज्य स्तरीय बीएड प्रवेश परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए घाटे का सौदा साबित होने जा रहा है। पिछले तीन बीएड परीक्षाओं का आयोजन कर चुके विवि को इस बार कोरोना के चलते कुछ खास फायदा नहीं होने वाला है। सैनिटाइजेशन व सोशल डिस्टेंसिंग की वजह से सेंटरों की संख्या जैसी तमाम चीजों को लेकर खर्च में लगभग तीन गुना ज्यादा बढ़ोतरी हो गई है।

इस बार बीएड में दाखिले के लिए 4.3 लाख छात्रों ने फार्म भरे हैं। इन फार्मों की बिक्री से ही जो आय होती है, उसी से परीक्षा करने से लेकर परिणाम तक जारी किए जाते हैं। शासन स्तर पर कोई आर्थिक मदद नहीं मिलती है। ऐसे में कोरोना बीमारी के चलते इस बार पिछली बार के मुकाबले कई गुना रकम खर्च होने के अनुमान है। हर बार परीक्षा के आयोजन पर 3 से 4 करोड़ रुपये खर्च होते थे मगर इस बार कोरोना महामारी के चलते सरकार की तरफ से निर्धारित गाइडलाइन का विवि प्रशासन को पालन करना है। जिसके चलते इस बार 10 से 12 करोड़ रुपये के परीक्षा पर खर्च होने के अनुमान है। क्योंकि इस बार परीक्षा केंद्रों की संख्या में बढोत्तरी की गई है। प्रो अमिता बाजपेई ने बताया कि ये खर्च इसलिए बढ़ गया क्योंकि परीक्षा केंद्रों की संख्या पहले 900 थी अब 1440 हो गई हैं। सभी केंद्रों पर सैनिटाइजेशन की व्यवस्था करनी होगी साथ ही हर सेंटर पर सेंटर सुप्रीटेंडेंट की आवश्यकता अधिक होगी साथ ही वाहन का खर्च भी बढ़ेगा। ज्यादा परीक्षा केंद्र होने की वजह से अधिक गाड़िया लगेंगी, प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर शिक्षकों जिनकों इंविजिलेशन के तौर पर ड्यूटी में लगाया जाता उनमें भी वृद्धि की गई है। ऐसे ही बहुत से खर्च है जिसकी जिसको कोरोना की वजह से बढ़ाना पड़ा है।

**एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने चुना जनपदीय परीक्षा केंद्र:** कोरोना को देखते हुए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र का चुनाव करने का दोबारा मौका दिया गया। जिसमें एक लाख 10 हजार अभ्यर्थियों ने जनपदीय परीक्षा केंद्र का चुनाव किया है। प्रो. बाजपेई ने बताया कि इस बार चार लाख 31 हजार परीक्षार्थी बीएड की परीक्षा देंगे और शहर में करीब 100 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर लगभग ढाई लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंने आएंगे।

**16 जुलाई तक वेबसाइट पर आपलोड हो जाएंगे एडमिट कार्ड:** प्रो. बाजपेई ने बताया कि अभ्यर्थी 16 जुलाई तक वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा में अभ्यर्थियों को अपने साथ मास्क व सैनिटाइजल लाना आनिवार्य होगा। इसके निर्देश एडमिट कार्ड पर छपे होंगे। हालांकि उन्होंने बताया कि यदि किसी दशा में अगर कोई परीक्षा मास्क या सैनिटाइजर लाना भूल जाता है तो उसे परीक्षा केंद्र पर नियुक्त सैनिटाइजेशन सुप्रीटेंडेट से सम्पर्क करना होगा, लेकिन अभ्यर्थियों को अपना सैनिटाइजर व मास्क पहनकर आना अनिवार्य है।

# दो सेतु निर्माण की परियोजनाओं का डिप्टी सीएम ने किया शिलान्यास

संवाददाता। अयोध्या



**लोकसभा** फैजाबाद में दो सेतु निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास लखनऊ में वर्चुअल तरीके से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व अयोध्या सर्किट हाउस में सांसद लल्लू सिंह ने विधायक रामचन्दर यादवए विधायक कादीपुर राजेश गौतमए जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल के साथ किया। इन परियोजनाओं में रुदौली में गोमती नदी पर विगनिया व हंसराजपुर में करीब 21 करोड़ 69 लाख की लागत से सेतु निर्माण व विधानसभा दरियाबाद में गोमती नदी पर सिल्हौर घाट पर करीब 17 करोड़ 87 लाख की लागत से सेतु निर्माण का कार्य शामिल है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यूपी सरकार से कोरोना संक्रमण से उपजी आपदा को अवसर में परिवर्तित कर दिया है। विकास की यह परियोजनाए इस बात को साबित करती है यूपी में विकास की रफ्तार धीमी नहीं पड़ने वाली है। संक्रमण काल में भी सरकार विकास को लेकर जनता की अपेक्षाओं व अपने वादों पर शत प्रतिशत खरा उतरेगी। बेहतर आवागमन सुविधाएं किसी क्षेत्र के विकास का आईना होती है। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि यूपी को विकास की नई उंचाईयों तक पहुंचाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। क्षेत्र सर्वांगीण विकास के साथ बिना भेदभाव के कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## नाबालिग के साथ दबंगों ने की छेड़छाड़

**तारुन, अयोध्या।** थाना क्षेत्र की ग्राम सभा केवला पुर में दो युवकों द्वारा एक नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है।युवती के चाचा की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा निवासी धर्मेंद्र की भतीजी कोमल उम्र लगभग 15 वर्ष किसी काम से बाहर गयी थी कि रास्ते मे गांव के ही दो युवकमुकेश निषाद पुत्र सियाराम व गुड्डू पुत्र राम केवल युवती के साथ जोर जबरदस्ती करने लगे। सोनल के साथ दोनो लड़को को खिंचा तानी करता देख उसकी बहन सुमन बीच बचाव करने गयी तो उसके साथ भी युवको ने मार पीट करने लगे। किसी प्रकार दोनो लड़कियां अपनी जान बचा कर घर आयी और आप बीती अपने चाचा धर्मेंद्र को बतायी। जब धर्मेंद्र ने गुड्डू गुप्ता से पूछ ताछ की तो उन्हें भी भाई चन्दन गुप्ता के साथ चाकू व बॉस का डंडा निकाल कर आमादा पर पीट हो गये।

# कुलपति सहित चार के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में 16 वर्ष पूर्व हुई फर्जी नियुक्तियों का मामला गरमा गया है। उच्च न्यायालय के आदेश पर सतर्कता अधिष्ठान द्वारा की गई खुली जांच में विश्वविद्यालय में हुए नियुक्ति फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद सतर्कता अधिष्ठान के इंस्पेक्टर ने कुमारगंज थाने में तत्कालीन कुलपति बीबी सिंह सहित चार लोगों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। बताते चलें कि नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति पद पर बीते वर्ष 2001 से 2003 तक कुलपति के रूप में डॉ बी बी सिंह की तैनाती रही। इस बीच विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एसोसिएट के कई पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति जारी की गई थी। जिसमें से वस्तु विशेषज्ञ फसल सुरक्षा पद पर चयनित अभ्यर्थियों में प्रथम स्थान पर डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं द्वितीय स्थान पर रुद्र प्रताप सिंह तथा तृतीय स्थान पर किसी अन्य का नाम चयनित किए जाने के बाद विश्व विद्यालय की प्रबंधक परिषद समिति द्वारा अनुमोदित करते हुए बीते 26 फरवरी 2004 को तत्कालीन कुलपति डॉ बी बी सिंह के पास पत्रावली भेज दी गई थी। किंतु कुलपति द्वारा क्रम संख्या 3 पर चयनित अभ्यर्थी के नाम के स्थान पर सफेदा लगाकर उसमें काली स्याही वाली पेन से डॉ प्रमोद कुमार का नाम अंकित कर दिया गया। काली स्याही वाली पेन से कूट रचना करके आपराधिक षड्यंत्र रकर उसी विज्ञप्ति पर दिनांक 17 अगस्त 2004 को क्रमश: डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं डॉ रूद्र प्रताप सिंह को नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया तथा बीते 27 दिसंबर 2008 को कूट रचनाकर अंकित किए गए गैर चयनित डॉ प्रमोद कुमार को भी नियुक्ति पत्र जारी कर दिया। किंतु फर्जीवाड़े की इस मामले ने तूल पकड़ लिया तथा मामला उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ जा पहुंचा। मामला अत्यंत गंभीर होने के चलते उच्च न्यायालय ने बीते 16 जनवरी 2017 को न्यायालय में योजित रिट विनोद कुमार सिंह बनाम कुलपति एनडी यूनिवर्सिटी कुमारगंज में आदेश पारित करते हुए मामले की खुली जांच पुलिस विभाग के सतर्कता अधिष्ठान से कराए जाने के आदेश दे दिए। विश्वविद्यालय की 3 पदों पर नियुक्ति के फर्जीवाड़े की जांच सतर्कता अधिष्ठान के इंस्पेक्टर विजय कुमार यादव ने की जहां महत्वपूर्ण पदों पर की गई फर्जी नियुक्ति का जिन्न बाहर आ गया। असलियत उजागर हो जाने के बाद स्पेक्टर विजय कुमार यादव ने फर्जी नियुक्ति प्रकरण की जांच के प्रकाश में आए विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ बीबी सिंहए ओम प्रकाश गौड़ वरिष्ठ लिपिक कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंजए डॉ प्रमोद कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ फसल सुरक्षा कृषि विज्ञान केंद्र बंसुली महाराजगंज तथा विनोद कुमार सिंह वस्तु विशेषज्ञ फसल सुरक्षा कृषि विज्ञान केंद्र अंबापुर सीतापुर के विरुद्ध मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी जिसके आधार पर थाना अध्यक्ष कुमारगंज अजय कुमार सिंह ने कुलपति सहित उपरोक्त चारों लोगों के विरुद्ध धारा 420ए 467ए 468ए 471 एवं 120 बी आईपीसी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा कायम कर लिया है फिलहाल गंभीर प्रकरण में मुकदमा कायम किए जाने के बाद मुकदमे की विवेचना सतर्कता अधिष्ठान के सुपुर्द कर दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमारगंज अजय कुमार सिंह का कहना है कि स्पेक्टर विजय कुमार यादव की तहरीर पर विश्वविद्यालय के तीन अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कार्यवाही की जाएगी हालांकि पुलिस मामले में अभी किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

## रेलवे लगा रहा है वॉटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम

**गोरखपुर।** संरक्षित रेल संचलन पूर्वोत्तर रेलवे की सर्वोच्च प्राथिमकता है। बरसात के मौसम में नदियों का जल स्तर बढ़ने, वर्षा एवं बाढ़ के कारण होने वाली दिक्कतों के बावजूद रेल प्रशासन रेल पटरियों की सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति जागरूक रहता है ताकि यथासम्भव निर्बाध रेल संचलन सुनिश्चित हो सके। पूर्वोत्तर रेलवे के कार्य क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण नदियाँ बहती है जिनपर बने रेल पुलों की विशेष निगरानी की जाती है। महत्वपूर्ण रेल पुलों पर जलस्तर की निगरानी के लिए वॉटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि पूर्वोत्तर रेलवे पर नदियों के जल स्तर को मापने की पारम्परिक गेज पद्धति के स्थान पर नदियों के जल स्तर पर निरन्तर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आधुनिक वॉटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। इस व्यवस्था के लागू होने से संरक्षा और सुदृढ़ हुई है। अभी इस प्रणाली को महत्वपूर्ण पुलों पर प्रारम्भ कर दिया गया है, जिनमें दारागंज-झूसी के बीच स्थित आइजट ब्रिज, माँझी-बकुलहा के बीच स्थित पुल सं.-16 एवं पनियहवा-बाल्मिकी नगर के मध्य स्थित पुल सं.-50, शारदा नदी पर पुल सं. 97 आदि सम्मिलित है। वॉटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम को भविष्य में आवश्यकतानुसार अन्य बृहद रेल पुलों पर भी लगाये जाने की योजना है।

# जीडीए बोर्ड की बैठक में 350 करोड़ के बजट की स्वीकृति

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोरखपुर** विकास प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक प्राधिकरण के अध्यक्ष मंडलायुक्त जयंत नार्लिकर की अध्यक्षता में की गई। जिसमें प्राधिकरण 350 करोड़ रुपए के बजट की स्वीकृति हुई। बैठक के दौरान खोराबार में 220 केवीए का सर्विस स्टेशन का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। इसके अलावा रामगढ़ ताल थाने के लिए जमीन देने पर भी निर्णय लिया गया। मंडलायुक्त ने विनियमितीकरण पर चर्चा करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया। गोलघर में बन रहे मल्टी लेवल पार्किंग के डिजाइन में संशोधन पर सहमति व्यक्त की गई और उसमें अनुमन्य सीमा तक व्यवसायिक प्रयोग करने के लिए कहा गया। समाज सेवी संस्थान को डेवलपमेंट फीस में शासनादेश के अनुसार शुल्क माफ करने के प्रस्ताव को स्वीकृति किया गया। ड्रेनेज और सीवरेज के मास्टर प्लान में तेजी लाने के लिए प्राधिकरण बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया। मास्टर प्लान की तैयारी को तेज करने को भी संयुक्त नगर नियोजक को निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण के साथ मिलकर कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन, उपाध्यक्ष जीडीए अनुज सिंह, नगर आयुक्त अंजनी कुमार, सचिव जीडीए, शासन द्वारा नामित सदस्य आदि शामिल रहें।

### 9 और कोरोना पॉजिटिव

**गोरखपुर।** कोरोना संक्रमण के मामले तेजी बढ़ रहे हैं। मंगलवार को नौ और नये कोरोना के मरीज जनपद में मिले। गोरखपुर के छह मरीज एक ही परिवार से हैं। जानकारी के अनुसार गोरखपुर के पाली ब्लाक क्षेत्र के दो गांवों में नौ लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। बड़गो गांव में आठ लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। छह पाजिटिव एक ही परिवार के हैं। जोगिया गांव का एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिला है। इन सभी की कुछ दिन पहले पूल टेसि्ंटग कराई गई थी। कोरोना कन्फर्म होने पर सभी को एम्बुलेंस से रेलवे अस्पताल भेज दिया गया है। गांव को हाट स्पॉट घोषित कर सील कर दिया गया है।

## सदर सांसद रवि किशन ने जताया शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार

**गोरखपुर।** गोरखपुर के सदर सांसद रवि किशन ने चायनीज एप्प पर प्रतिबंध लगाने के बाद देश के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। सांसद रवि किशन ने कहा कि आत्म निर्भर भारत बनने के लिए यह एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने एप्प पर प्रतिबंध लगाकर चीन को यह बताने का प्रयास किया है कि भारत अब आत्म निर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारतीय किसी देश के मोहताज नहीं वो चाहें तो कुछ भी सम्भव है। चाइना की आर्थिक स्थिति को खराब कर हम उसे बहुत हद तक कमजोर बना सकते हैं जिससे सब मिल कर हम भारत को आत्म निर्भर बनाने का एक अच्छा अवसर भी है। मैं अपने पूरे भारत वासियों से अपील करना चाहता हूं कि अब हमको आत्म निर्भर बनाना होगा इसके लिए चायनीज सामानों की आदत से उबरना ही होगा। हमारे देश के पैसे से चीन अपने आपको मजबूत बना रहा है। अब समय आ गया है कि उसको उसी की भाषा में जबाब दिया जाय। किसी भी देश की ताकत उसकी अर्थ व्यवस्था होती और चाइना हम से ही पैसा कमा कर हमी को आँख दिखा रहा है।

# मोदी के सम्बोधन को सांसद व विधायक ने सुना

**अयोध्या।** मंगलवार की शाम 04 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम सम्बोधन को अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने कैम्प कार्यालय रिकाबगंज पर भाजपा कार्यकर्ताओं व सर्मथकों संग सुना। सम्बोधन को सुनने के पश्चात् नगर विधायक वेद गुप्ता ने कार्यकर्ताओं व सर्मथकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार नम्बर माह तक किया जाना व एक राष्ट्र.एक राशन कार्ड ;जिससे एक ही राशन कार्ड से व्यक्ति पूरे भारत में किसी भी सहकारी राशन की दुकान से अपना राशन सरलता से प्राप्त कर सकेगाद्ध का निर्णय कोरोना महामारी की लड़ाई को सहज करने व आम जनमानस को राहत पहुँचाने वाला है। इस योजना का शत.प्रतिशत लाभ सभी पात्रों को मिले इसके साथ ही कोरोना से बचाव हेतु मास्कए 2 गज की दूरी व अन्य सावधानियों के प्रति भी लोगो को जागरूक करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**हैरिंग्टनगंज, अयोध्या।** बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोहन में बारह बर्षीय बालक की तालाब में डूबकर मौत गयी। मंगलवार दोपहर लगभग तीन बजे कुलदीप 12 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश की तालाब में नहाते समय डूबकर मौत हो गयी।तालाब में नहाते समय डूबने पर घर वालों को जानकारी मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिंग्टनगंज ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।उक्त घटना से गांव वालों में कोहराम मचा है।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# आग लगने से दुकान जली और मकान भी गिरा

संवाददाता। सोहावल, अयोध्या

**रौनाही** थाना क्षेत्र के अरकुना चौराहा स्थित परचून की एक दूकान में आधी रात को लगी आग को बड़ी मसक्कत के बाद पुलिस और अग्नि शमन विभाग आग पर काबू पाया दूकान का सामान जलकर राख हुआ और कुछ ही समय बाद ही पूरा मकान भरभरा कर गिर गया। सोमवार की रात अलीगंज मोड़ पर राजेश वर्मा के मकान में राम आशीष वर्मा की किराना स्टोर की दुकान में अचानक आग लग गयी। दुकान के कुछ दूरी पर ग्रामीण बैंक की पहरेदारी कर रहे गार्डो ने देखा तो स्थानीय लोगों के साथ पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस व फायर सर्विस के लोग बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके।लाखों का सामान जलकर राख हो गया।लोगों को ताज्जुब इस बात पर हो रहा है कि आग बुझने के बाद कुछ समय में ही मकान भरभरा कर ढह गया। इसी के साथ सटा सोहावल बाजार निवासी अलगू गुप्ता का भी मकान गिर गया।अलीगंज निवासी केशरी गुप्ता का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया है।मकान मालिक का कहना है कि आस पास के लोगों का कहना है कि दुकानदार शाम को अपनी दुकान बन्द करके अपने घर अलीगंज चले जाते हैं। दुकान पर रात में कोई नहीं रहता है।वहीं दुकान मालिक का कहना है कि मकान पुराना था।लेकिन बिना किसी आवाज आग लगने भर से मकान का गिरना लोगों में आशंकाओं को बल मिल रहा है।इस सम्बंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगी समान जला आग बुझायी गयी है एलेकिन मकान भी ढहा है।

# तिहरे हत्याकांड में अभी तक उलझी पुलिस

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**इब्राहिमपुर** थाना क्षेत्र के उतरेथू बाजार में 26 जून को हुई धर्मेन्द्र वर्मा की हत्या व उसके उपरान्त दो बदमाशों की हुई हत्या के मामले का पुलिस अभी तक खुलासा नही कर सकी है। मृतक के परिजनों ने तीन नामजद व एक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करवाया है लेकिन पुलिस घटना के चार दिन बाद भी किसी नतीजे पर पंहुचती नही दिख रही है। वहीं, जेल में बन्द संसार सिंह पर हत्या करवाने का खुला आरोप सामने आ चुका है। ग्रामीणों की पिटाई में घायल बदमाश ने संसार सिंह का नाम लिया था, इसके बाद भी पुलिस किसकी तलाश में हाथ पैर मार रही है, यह सोचनीय है। वहीं पुलिस द्वारा संसार सिंह के परिजनों का उत्पीड़न किये जाने का मामला भी सामने आ रहा है। संसार के भाई सन्दीप को पुलिस ने घटना के दिन से ही कब्जे में ले रखा है लेकिन उसके पीछे कारण क्या है, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। दूसरी तरफघटना के दो दिन बाद तक पुलिस को घटना स्थल से केवल दो असलहे बरामद हो सके थे। सूत्रों की मानें तो जिस बदमाश को ग्रामीण गन्ने के खेत में पीट रहे थे उसका असलहा पुलिस को नही मिल सका था जिसकी तलाश जारी थी। बताया जा रहा है कि अचानक पुलिस को तीसरा असलहा भी मिल गया है । वहीं घटना के दौरान मौजूद लोगों के अनुसार बदमाशों द्वारा धर्मेन्द्र वर्मा को गोली मारे जाने के बाद उनके निजी सुरक्षा कर्मी द्वारा भी काउन्टर फायर किया गया था। यह फायरिंग किस असलहे से और किसने की थी, पुलिस ने अभी तक इस पर पर्दा डाल रखा है।

## गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

**अम्बेडकरनगर।** खेलते समय गहरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई,मामले की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मामला जिले के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के करौली लाला गांव का है।जहां मंगलवार को गांव के बाहर खेलते समय गड्ढे में डूबने से फरहान (10 वर्ष) पुत्र शकील तथा जीशान( 09 वर्ष)पुत्र शरीफ की मौके पर ही मौत हो गई।मामले की सूचना पर थानाध्यक्ष नागेंद्र सरोज घटनाक्रम की जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं बताया जाता है कि खेत में मिट्टी निकाले जाने से गहरा गड्ढा हो गया था और खेलते समय दोनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

# पीएम ने की देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करने की अपील

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**प्रधानमंत्री** मोदी ने आज देश के नाम अपने संबोधन में भारत को आत्म निर्भर बनाने के प्रयास के साथ साथ निर्बल और गरीब परिवारों के भी जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि गरीब परिवारों को मिलने वाले फ्री राशन को तीन महीने के स्थान पर और आगे बढ़ाते हुए नवंबर माह तक कर दिया गया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार अब दिवाली और छठ पूजा तक के लिए बढ़ा दिया गया है।उन्होंने कहा कि हम गरीबों को योजना का लाभ किसानों की वजह से दे पाए हैं। किसानों की भूमिका की सराहना प्रधानमंत्री जी ने किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हम अनलॉक-2में प्रवेश कर चुके हैं। जिसमें हमें सोशल दिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दो गज की दूरी, मास्क का प्रयोग, और विभिन्न प्रकार की सावधानियों को तत्परता से अपनाना है।जिला भाजपा कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने अपने सहयोगियों जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष,विमलेंद्र प्रताप सिंह ( मोनू ),जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश मौर्य,जिला प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार यादव के साथ प्रधान मंत्री जी के देश के नाम संबोधन को सुनने के बाद मीडिया को जारी अपने बयान में कहा है कि प्रधान मंत्री जी ने देश के नाम संबोधन में 10 विंदुओं पर देश को अमल करने का जो निवेदन किया है वह जनहित में बहुत ही आवश्यक है।भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा है कि देश में भाजपा की पहली सरकार है जो गरीबों के हित और देश हित में कार्य कर रही है।

# 20 नमूनों की जांच रिपोर्ट मिली अधोमानक, 18 नमकीन के ब्रांड फेल, चार दुकानों से लिए नमूने



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**मुख्य** खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद में पिछले महीनों में लिए गए नमूनों की 20 जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गयी है। एक रस्क का तथा 18 नमकीन का नमूना मिथ्याछाप तथा एक डोडा बर्फी का नमूना अधोमानक आया है। नमकीन के मिथ्याछाप आये नमूनों में श्रीगणेश, हंगामा, धमाका,जायका,खूबी, खुशी, गोपाल जी,काशी,जियो,एम के एच, राजभोग,श्वेता,आर डी व मोटू-पतलू आदि ब्रांड शामिल हैं। सभी विक्रेताओं को विभाग द्वारा नोटिस जारी की जा रही है। मंगलवार को दोस्तपुर रोड, अकबरपुर पर श्री साईं निर्मल डेयरी का निरीक्षण कर टीम ने दूध व वहीं बगल की कृष्णा डेयरी पर निरीक्षण करते हुए पनीर का नमूना लेकर जांच हेतु भेजा गया।बसखारी बाजार में दुग्धविक्रेता फूल चन्द्र यादव से दूध का नमूना लेकर जांच हेतु भेजा गया।कटेहरी में रामू गुप्ता की किराना की दुकान का निरीक्षण करते हुए खाद्य तेल (चहक कोल्हू ब्रांड) का नमूना लेकर जांच हेतु भेजा गया। मंगलवार को कुल 4 नमूने जांच हेतु भेजे गए।टीम में हंसराज प्रसाद , गुलाब चन्द गुप्ता , चित्रसेन तथा भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### पांच जुलाई से चलेगा सघन सर्वेक्षण अभियान

**अम्बेडकरनगर।** सोमवार को अपरान्ह तीन बजे आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देश पांच जुलाई से 15 जुलाई तक जनपद में कोविड -19/कोरोना वायरस के सघन सर्वेक्षण कराये जाने के क्रम में तीस जून को अपरान्ह मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में तैयारी बैठक आहूत की गयी थी। बैठक में अपर/उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधीक्षक, डी0पी0एम0, डी0एम0सी0, एस0एम0ओ0, बाल विकास परियोजना अधिकारी, आदि उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शासन के मंशानुरूप पांच से 15 जुलाई तक जनपद में कोरोना संक्रमित रोगियों के खोज हेतु सघन सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा।

## डीएम की मौजूदगी में हुई मानीटरिंग सेल की बैठक




**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में जिला शासकीय अधिवक्ता( फौजदारी)/सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (पाक्सो एक्ट) की उपस्थिति में पाक्सो ऐक्ट के सभी वादों के सम्बन्ध में मानीटरिंग सेल की बैठक किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित समस्त शासकीय अधिवक्ता गण को निर्देश देते हुए कहा कि पाक्सो ऐक्ट के अपराधों/वादों की विवेचना को शीघ्र निस्तारण तथा आरोप पत्र दाखिल कराते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि पाक्सो ऐक्ट के सम्बन्ध में किसी भी स्तर पर किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा की गयी शिथिलता कदापि स्वीकार नही होगी और सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्त पाक्सो ऐक्ट के वादों की गम्भीरता तथा इस अपराध से महिलाओं/बच्चों एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए नियमित रूप से वादों को निस्तारित करना सुनिश्चित किया जायें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता/सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहें।

## पुस्तिका कोरोना योद्धा का विमोचन

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ललित चन्द्र त्रिवेदी ने माइक्रोसाफ्ट टीम पर विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख विभागाध्यक्षों, मंडल रेल प्रबन्धकों एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों की बैठक के दौरान वाराणसी मण्डल द्वारा प्रकाशित पुस्तिका ''कोरोना योद्धा'' का विमोचन किया। यह पुस्तिका मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी विजय कुमार पंजियार के मार्ग दर्शन में तैयार की गयी है। ''कोरोना योद्धा'' पुस्तिका में कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु किये गये उपाय तथा इस निमित्त नये विकास कार्य, श्रमिक विशेष गाड़ियों से वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 3.44 लाख प्रवासी श्रमिकों का आगमन 12209 परिवारों को भोजन की उपलब्धता, रेलकर्मियों एवं यात्रियों की सुरक्षा हेतु कार्य, कोचों का कोविड केयर सेन्टर में परिवर्तन, रेलकर्मियों को कोविड किट की उपलब्धता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के प्रयास रेलपथ एवं समपारों की संरक्षा के क्षेत्र में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, पार्सल विशेष एवं मालगाड़ियों का संचलन, सिगनल सुदृढ़ीकरण, 68 श्रमिक विशेष गाड़ियों का विभिन्न स्टेशनों से संचलन, सफाई सामग्री की आपूर्ति तथा कोरोना से बचाव हेतु जन-जागरण तथा मानवीय सेवा का विवरण तथा इन विषम परिस्थितियों में मंडल के इन कार्यों में अप्रतिम योगदान देने तथा मानवता की सेवा में समर्पित मंडल के उन्सठ रेलकर्मियों जिन्हें कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया, को समाहित किया गया है।

# चीनी एप पर पाबंदी लगाने का सांसद ने किया स्वागत

संवाददाता। अयोध्या

**सरकार** द्वारा 59 चीनी एप पर पाबंदी लगाने के फैसले का सांसद लल्लू सिंह ने स्वागत किया है। लोगो की निजी सुरक्षा व समाज के लिए घातक बने इस प्रकार के चीनी एप्स के खिलाफ कारवाई की मांग को सांसद लल्लू सिंह इससे पहले भी विभिन्न मंचों पर उठाते रहे है। उन्होने लोकसभा में 19 जुलाई 2019 को टिकटाक व इसकी तरह के चीनी एप पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भारत ने चीन के खिलाफ डिजिटल स्ट्राईक की है। 59 चीनी एप पर प्रतिबंध लगने से एक ओर चीन को करारा झटका लगेगा वहीं हमारे देश की प्रतिभाओं को इसके समकक्ष दूसरे एप को लांच करने का मौका मिलेगा। इससे हमारी आत्मनिर्भरता को सम्बल मिलेगा। यह चीनी एप अश्लीलता परोसने के साथ लोगो की निजी सुरक्षा के लिए खतरा भी बने हुए थे। भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। वोकल फार लोकल के तहत अब हमारे घरेलू उत्पाद एक वैश्विक स्तरीय ब्रांड के स्वरुप में परिवर्तित होने वाले है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व एक नये भारत के लिए एक प्रकाश स्तम्भ है। भारत के नेतृत्व के आगे आज पूरी दुनिया नतमस्तक है। भारत अपनी सुरक्षा व सम्प्रभुता से अब कोई समझौता नहीं करेगा। सरकार के कठोर फैसलों से पूरे विश्व में यह संदेश गया है कि नया भारत देश को एकजुट व सुरक्षित रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। कोरोना महामारी को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार के प्रयासों की आज पूरा विश्व सराहना कर रहा है। वहीं 19 जुलाई 2019 को सांसद लल्लू सिंह ने लोकसभा में कहा था कि देश में चीन से संचालित बहुत ब्राउजर जैसे टिक टाक, यूसी का उपयोग बड़ी संख्या में नौजवान कर रहे है। जो कि बहुत गम्भीर है। इस प्रकार के ब्राउजर के द्वारा देश एवं समाज मे साम्प्रदायिकताए जातिवादिता एवं अश्लीलता जैसी सामग्री वितरित की जा रही है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 1 जुलाई, 2020



## भाजपा-कांग्रेस टकराव

### चीन से संघर्ष पर ध्यान दें

**क्या** ऐसे समय भाजपा-कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव उचित है, जब देश के विरुद्ध आक्रामक चीन पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी हो गया है? यह महत्वपूर्ण नहीं है कि चीन के संबंध में परस्पर विरोधी नारेबाजी से अंततः किस राजनीतिक पार्टी को फायदा होगा क्योंकि हर देश अपनी प्राथमिकतायें समय-समय पर तय करता है जो उसके सत्तारूढ़ वर्ग द्वारा निर्धारित होती हैं। शायद किसी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा सुप्रीमो व वरिष्ठ नेता शरद पवार की सलाह नहीं मानी है कि चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षा अब राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस बात पर बहस का कोई औचित्य नहीं है कि जब 1962 के हमले में कितना क्षेत्र खोया गया और उस समय किसकी सरकार थी। यह मामला भुला कर वर्तमान में लद्दाख पर ध्यान देना चाहिए। तथ्य यह है कि चीन ने हर सरकार के समय अपना काम जारी रखा है और गलवान घाटी के निकट वह अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। वह लद्दाख में विकास व ढांचागत निर्माण नहीं करने देना चाहता है क्योंकि इससे अक्साईचिन पर उसका असर बढ़ जाएगा। वह ऐसा घटनाक्रम रोकना चाहता है जिससे जिनजियांग व तिब्बत के मुद्दे पर बाहरी हस्तक्षेप हो। अब तक चीन का यह व्यवहार जारी रहा है, चाहे सरकार भाजपा की हो या कांग्रेस की। तनाव घटाने के लिए वार्ता के समय मुठभेड़ हुई जिसका प्रयोग कर चीन जमीन पर रियायतें, राजनीतिक लेनदेन व बाजार पहुंच बढ़ाने के रूप में करना चाहता है। इसलिए सभी पार्टियों के बीच सहमति या बहस चीन के साथ नई नीति तैार करने पर होनी चाहिए। दोनों पार्टियों के मतदाता भी यह जानने में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं कि सीमा पर शहीद सैनिकों के बारे में क्या निर्णय किया गया। भाजपा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा है कि नई दिल्ली में चीनी दूतावास से राजीव गांधी फाउंडेशन को पैसा मिला था और इससे भारत सरकार ने मुक्त व्यापार समझौते-एफटीए को बढ़ावा दिया था, पर वह भी पड़ोसी के साथ व्यापार घाटा रोकने में सफल नहीं हुई। क्या वह इस बात का जवाब दे सकती है कि शिखर वार्ताओं के बावजूद चीनी घुसपैठ बढ़ी और मोदी भी शी जिनपिंग के इरादे नहीं समझ पाए? कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हुवावेई ने 7 करोड़, टिकटाक ने 30 करोड़, पेटीएम ने 100 करोड़, शियोमी ने 15 करोड़ तथा ओप्पो ने 1 करोड़ पीएमकेयर फंड में दिए हैं। लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों में उलट-पलट का आरोप लगाने वाली कांग्रेस अतीत के गुप्त समझौतों के बारे में चुप क्यों है?



हमारी सभी राजनीतिक पार्टियों को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि वे ऐसी दोमुंही भाषा प्रयोग न करें जिससे चीन के हित पूरे हों। चीन के खिलाफ एकजुट प्रतिक्रिया न होने के कारण क्षेत्र में उसके मुहरों-पाकिस्तान व नेपाल को बढ़ावा मिला है। भारत को सभी सीमा विवादों का अध्ययन कर यह अवश्य देखना चाहिए कि चीन का विस्तारवाद उसके सभी पड़ोसियों को प्रभावित करता है। रूस ने सुदूर पूर्व में कुछ जमीन खोई थी क्योंकि स्थानीय लोगों ने उसे चीनी किसानों को पट्टे पर दे दिया था। सभी पार्टियों को चीन के खिलाफनई नीति तैयार करने में एकजुट होना चाहिए। दीर्घकालीन रूप से आत्मनिर्भरता का विकास करते समय हमें तत्काल राजनय पर ध्यान देना होगा। हम 5जी से उसे बाहर रखने का फैसला कर सकते हैं। हमें अमेरिका व जापान के साथ क्वाड को मजबूत करना चाहिए। हमें तिब्बत के मामले पर भी किसी अंतरराष्ट्रीय पहल का समर्थन करना चाहिए जिसके लिए अमेरिका की एक लॉबी जोर दे रही है। किसी भी स्थिति में हमें गलवान घाटी में पीछे नहीं हटना होगा। हमें पहले की तरह सड़क निर्माण जारी रखना चाहिए। भारत को हिंद महासागर में एशियान के साथ गठबंधन मजबूत कर विस्तारित जी7 या जी10 में शामिल होने का प्रस्ताव स्वीकार करना चाहिए। उसे अतीत को भुला कर देश की सभी पार्टियों के साथ चीन-विरोधी रणनीति विकसित करनी चाहिए।

# कांग्रेस का संकट है उसका अतीत

**राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा चीन से पैसा लेने की खबरों से माहौल गरम है। इससे कांग्रेस के निर्णयों की पवित्रता तथा भारत की संप्रभुता, एकता व अखंडता पर उसके प्रभाव पर सवाल उठ रहे हैं।**



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले राजीव गांधी फाउंडेशन-आरजीएफ द्वारा दान लेने का मामला जनता में चर्चा का विषय बन गया है। ऐसे में कांग्रेस ने भाजपा पर जवाबी हमला बोला है, पर उसके प्रयासों ने इसे दो मुख्य राजनीतिक पार्टियों के बीच टकराव में बदल दिया है। इससे कुछ ऐसे मूलभूत सवालों का जवाब नहीं मिला है जो जनता के मन में पल रहे हैं।

कांग्रेस को यह अवश्य बताना चाहिए कि आरजीएफ ने चीन से दान क्यों लिया, जबकि पार्टी नेहरू-गांधी परिवार के उद्यम की तरह चल रही थी। चीन ने बार-बार उसकी ओर बढ़े भारत के दोस्ती करने वाले हाथ को झटका दिया था तथा सात दशकों में बार-बार उसकी क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती दी थी। इससे भी ज्यादा चिन्ताजनक बात यह है कि कांग्रेस 2008 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के साथ हुए सहमति समझौते-एमओयू के बारे में कुछ नहीं कह रही है। इस दस्तावेज पर पार्टी की ओर से उसके महासचिव राहुल गांधी तथा एक सीसीपी अधिकारी ने हस्ताक्षर किए थे। इस अवसर पर राहुल की मां व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा तत्कालीन चीनी उप-राष्ट्रपति शी जिनपिंग उपस्थित थे। जनता की भारी मांग के बावजूद नेहरू-गांधी परिवार यह एमओयू सार्वजनिक नहीं कर रहा है। आखिर वह किस बात से डरता है?

एमओयू हस्ताक्षर समारोह की एक तस्वीर जारी करते हुए प्रख्यात वकील महेश जेठामलानी ने हाल में ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस पार्टी को इसके विस्तृत विवरण जारी करने चाहिए ताकि 'अनुमान और आशंकायें दूर हो सकें।' जेठामलानी ने यह भी उल्लेख किया है कि 'चीन भारतीय कानून के अनुसार एक दुश्मन देश था और है। इस प्रकार सीसीपी एक शत्रु संगठन है। वह भारतीय क्षेत्र पर कब्जे को उचित ठहराती है तथा अन्य क्षेत्रों पर दावा करती है। सीसीपी के साथ कोई समझौता या एमओयू उसके दृष्टिकोण को वैध ठहराता है जो यूएपीए के अंतर्गत एक दंडनीय अवैध गतिविधि है।' यह कांग्रेस के लिए ज्यादा गंभीर संकट है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई को भ्रष्टाचार निरोधक कानून तथा 1976 व 2010 के विदेशी योगदान विनियमन कानूनों के अंतर्गत संभावित अपराध की जांच करनी चाहिए।

यह सवाल ऐसे समय और प्रासांगिक हो जाता है, जब 20 भारतीय सैनिक हाल में लद्दाख में चीन की एक और घुसपैठ का मुकाबला करते हुए शहीद हुए हैं। इसके साथ ही उनके परिवार के ट्रस्ट को पैसे का प्रवाह एक और घोटाला है जो अत्यधिक चिन्ताजनक है। इसका संबंध आरजीएफ द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सहायता फंड-पीएमएनआरएफसे पैसा लेने से है, जबकि मुख्यतः इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के समय जनता की सहायता करना हे। यह काम 2004 से 2014 के बीच उस समय हुआ जब पार्टी द्वारा संचालित गठबंधन केन्द्र सरकार चला रहा था।

नेहरू-गांधी परिवार के अलावा उस समय प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को बताना चाहिए कि उन्होंने सार्वजनिक धन के इतने बड़े दुरुपयोग की अनुमति क्यों दी जो सीधे उनके अधिकार में था। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में इतने अधिक केन्द्रीय मंत्रियों, सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों ने आरजीएफको अनुदान क्यों दिए?

> **गांधी परिवार ने अपने परिवार-संचालित ट्रस्ट के लिए दुश्मन देश से दान प्राप्त कर लिया। परिवार के अधिकार की भावना इतनी अधिक है कि बीजिंग ओलम्पिक आयोजन में मनमोहन सिंह के बजाय सोनिया गांधी ने भाग लिया था। चीन ने उनके बेटे राहुल गांधी, उनकी बेटी प्रियंका वाड्रा तथा दामाद राबर्ट वाड्रा का अतिथि सत्कार किया था।**

चीन सरकार द्वारा कांग्रेस को दान देने की खबरों ने माहौल गरमा दिया है। इससे इस लेनदेन की पवित्रता तथा भारत की संप्रभुता, एकजुटता व क्षेत्रीय अखंडता पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में सवाल उठते हैं। देश के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कांग्रेस को लंबे समय से देश की जनता का विश्वास प्राप्त रहा है और उसके नेताओं ने देश को आजाद कराने के लिए असंख्य बलिदान दिए हैं।

पार्टी के प्रकाश स्तंभ महात्मा गांधी तथा जवाहरलाल नेहरू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, वल्लभभाई पटेल, बीआर अंबेडकर व देश भर के हजारों अन्य नेताओं को देश की जनता ने स्वतंत्रता के बाद शुरुआती दशकों में अत्यधिक सम्मान के साथ याद किया है। लेकिन यह सम्मान बाद में इंदिरा गांधी के परिदृश्य में आने तथा पार्टी के निजी कंपनी बनने के बाद धीरे-धीरे गायब हो गया। पार्टी पर नेहरू-गांधी परिवार का शिकंजा मजबूत होने के बाद पार्टी की गतिविधियों में परिवार की असुरक्षा एवं छुद्रता की भावना दिखने लगी। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने मीडिया व अकादमिक क्षेत्रों में अपने दरबारियों की सहायता से भारत को परोक्ष रूप से एक राजतंत्र में बदल दिया तथा परिवार के बाहर के महान नेताओं का योगदान भुलाने का काम लगातार किया।

यह काम इतने घृणित स्तर तक पहुंचा कि सभी बड़ी सरकारी योजनाओं, सार्वजनिक इमारतों, राष्ट्रीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों, स्कालरशिपों तथा खेल आयोजनों के नाम परिवार के सदस्यों के नाम पर रखे गए। यह काम इतने शर्मनाक स्तर तक पहुंचा कि भारत के दक्षिण में अंतिम पिग्मेलियान प्वाइंट का नाम इंदिरा प्वाइंट तथा हिमालय के एक शिखर का नाम राजीव शिखर रखा गया। केन्द्रीय मंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्री परिवार को खुश करने के लिए एक दूसरे से होड़ करते थे और ऐसी हास्यास्पद सीमा तक पहुंच गए थे कि हरियाणा में एक गौपालन योजना का नाम इंदिरा गांधी तथा पुडुचेरी में भोजन योजना व महाराष्ट्र की मलिन बस्ती में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का नाम राजीव गांधी के नाम पर रखा गया।

इन सबसे परिवार की संकुचित सोच प्रकट होती है, पर चूंकि यह काम दशकों तक लगातार बेलगाम जारी रहा, इसलिए परिवार ने बेशर्मी के साथ अपने परिवार-संचालित ट्रस्ट के लिए दुश्मन देश से दान प्राप्त कर लिया। परिवार के अधिकार की भावना इतनी अधिक है कि बीजिंग ओलम्पिक आयोजन में मनमोहन सिंह के बजाय सोनिया गांधी ने भाग लिया था। चीन ने उनके बेटे राहुल गांधी, उनकी बेटी प्रियंका गांधी तथा दामाद राबर्ट वाड्रा का अतिथि सत्कार किया था। इसके बारे में ट्वीट करते हुए सांसद शोभा करंदजले ने कहा था, 'यह न केवल प्रधानमंत्री पद का मजाक उड़ाना, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था व सोच का पतन था।'

इसलिए कांग्रेस 20 भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद भी चीन की आलोचना करने को तैयार नहीं है जिन्होंने गलवान में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया। इसे दान, एमओयू व चीन द्वारा नेहरू-गांधी परिवार के स्वागत के परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए। ऐसा करने पर ही पहेली का समाधान होता है। देश में चीन के वर्चस्ववादी दृष्टिकोण के खिलाफ भयानक गुस्सा है। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर पेट्रोलिंग व शांति बनाए रखने के अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद धोखा दिया है। जनता की भावनाओं ने नरेन्द्र मोदी सरकार को मजबूर किया है कि देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा हेतु कठोर कदम उठाए जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश की अखंडता के साथ 'कोई समझौता नहीं हो सकता' है। दुर्भाग्य से कांग्रेस उनका समर्थन नहीं कर रही है। वह राष्ट्रीय भावनाओं की अभिव्यक्ति में बाधा क्यों डाल रही है? प्रत्येक भारतीय इस सवाल का जवाब चाहता है।

# नई विश्व व्यवस्था में भारत के लिए अवसर

> **अमेरिका व यूरोप भारत के लिए एक स्थान सहित नई विश्व आर्थिक व्यवस्था की तलाश में हैं। अतः अब हवा हमारे पक्ष में बह रही है।**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



एक चीनी जनरल, सैन्य रणनीतिकार, लेखक एवं दार्शनिक, "सुन जू" ने लिखा था, "लंबी चलने वाली लड़ाई से किसी देश को लाभ नहीं होता।" आज यही शब्द गूंजते प्रतीत हो रहे हैं जब दो विशाल देश, जिनकी सम्मिलित जनसंख्या संपूर्ण वैश्विक जनसंख्या की 37 प्रतिशत है, घातक रूप से परस्पर टकरा रहे हैं। चीनी मूल के धन एवं वस्तुओं के लिए द्वारा बंद करने से पहले भारत को गहराई से सोचने की आवश्यकता है। खबरों के मुताबिक, चेन्नै और पश्चिमी तट समेत, देश के प्रमुख बंदरगाहों ने चीन से आने वाले समुद्री पोतों के लिए अतिरिक्त चेक पोस्ट बना दी हैं, जिनमें से कई को भौतिक प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है। यहां पर इरादे विनिर्माण के क्षेत्र में स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने एवं और अधिक स्थानीय रोजगार सृजित करने की भारत की रणनीति के अनुरूप हैं। हालांकि, साथ में आत्मनिर्भर भारत के ध्येय में व्यवधान पैदा हो रहा है। इस पर विचार करें। सरकार ने हाल ही में कुछ नीतिगत उपायों की घोषणा की है और देश को इलेक्ट्रानिक वस्तुओं के विनिर्माण का केंद्र बनाने के लिए उच्च स्तरीय कार्य बल गठित किया गया है तथा दूकान खोलने के लिए कुछ प्रोत्साहन दिए गए हैं। इनमें शामिल हैं विशाल लैंड पार्सल, जल्द मंजूरी, सस्ते ऋणों एवं कर दूकानों तक पहुंच मुहैया कराना।

चीन तब से दीर्घकालीन विनिर्माण के लिए गंतव्य नहीं रह गया है जब से उसने भू-राजनीतिक मंच पर आक्रामक विस्तारवादी कार्रवाइयां की हैं और चीनी लेबल लगाकर उत्पादों को बेचना व उनकी नकल करना प्रारम्भ कर दिया है तथा वैश्विक बाजारों में वस्तुओं का जमावड़ा लगा दिया है, खासकर अपने पड़ोसी देशों में। वर्तमान में व्याप्त महामारी, जिसका स्रोत चीन है, ने विश्व के विनिर्माताओं को समान लाभ के साथ अन्य गंतव्यों में दुकाने खोलने के लिए बाध्य किया है। भारत, अपनी विशाल श्रम शक्ति, उपलब्ध लैंड पार्सलों एवं वैश्वीकृत लोकतंत्र एवं डिजिटल संपर्क के साथ पहली आकर्षक पसंद है।

हालांकि, प्रमुख सूचना संचार तकनीक (आईसीटी) विनिर्माता की लगभग दो दशकों से भारत में मौजूदगी का ही उदाहरण ले लीजिए। इस अमेरिकी फर्म में आईसीटी विनिर्माण, साफ्टवेयर सेवाएं, बीपीओ, विश्लेषक तथा शोध एवं विकास केंद्र हैं और यह बहुत से तकनीक के अगुवाओं को एकताबद्ध करता है, जो डिजिटल रूपांतरण के अभियान को बल देने का वादा करती है। देश से होकर फैलने वाली वर्तमान महामारी ने स्वास्थ्यरक्षा, बैंकिंग एवं शिक्षा आदि राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों एवं प्रमुख सेवाओं के डिजिटलीकरण को अंजाम दिया है। इसे भारत की अनुकूल इलेक्ट्रानिक विनिर्माण नीति के साथ जोड़कर देखें, तो यह विनिर्माता के लिए रेखा क्षमता का विस्तार करने, नए निवेश लाने एवं अतिरिक्त नौकरियों का सृजन करने की संभावनाओं के द्वारा खोलता है। हालांकि, कम्पनी कहती है कि उसने व्यवधान देखे हैं और इसके कारण सहसंबंधित हैं न कि रणनीतिक।

संरक्षणवाद के संकेत बढ़ते जा रहे हैं और निकट भविष्य में गैर टैरिफ अवरोध लगाने पर विचार किया जा रहा है। गैर टैरिफ बाधा का एक उदाहरण होता है बंदरगाहों पर अतिरिक्त विलंब तथा मूल देश की पहचान सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं की भौतिक जांच पड़ताल। अब इलेक्ट्रानिक उद्योग एकल उत्पाद विनिर्मित करने के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रंखला पर निर्भर है। एक साधारण की एलसीडी स्क्रीन के लिए किसी एक देश में तैयार करने से पहले उसके संघटकों को विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विनिर्मित किया जाता है तथा पसंदीदा तौर पर अन्य देशों में वापस निर्यात कर दिया जाता हैं, और उसमें से अधिकतर हिस्सा घरेलू स्तर पर रखा जा सकता है। वर्तमान में जारी व्यापार युद्धों के कारण, बहुत से वैश्विक कम्पनियों ने अपनी आपूर्ति श्रंखला का विविधीकरण किया है, जिनमें विविध एशियाई देशों में स्थापित विनिर्माण इकाइयां भी शामिल हैं लेकिन इस व्यवधान को स्थिरता प्राप्त करने के लिए एक दो साल लग जाएंगे। सरल शब्दों में कहें, तो इसका अर्थ है कि एलसीडी स्क्रीन के सभी संघटकों का भारत में निर्माण प्रारम्भ होने में कुछ और वर्ष लग जाएंगे तथा और अधिक उत्पाद विनियमन सरलता की आवश्यकता होगी।

यह भारत के कम से कम इलेक्ट्रानिक्स के लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरने के प्रति वास्तविक चुनौती पेश करता है। भारत में आयातित होने वाले एकल संघटक पुर्जे को कई परीक्षणों एवं मानक विनियमानों से होकर गुजरना पड़ता है, तब कहीं जाकर वह उपभोक्ता के कार्यस्थल पर पहुंचता है। इनमें से अधिकतर पुर्जे वैश्विक आपूर्ति श्रंखला के हिस्से होते हैं जो अंततः किसी देश विशेष में अंतिम पूर्ण उत्पाद में समाहित किए जाते हैं। अधिकतर वैश्विक कम्पनियां पहले से ही अपने संघटक पुर्जों को अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त सुरक्षा परीक्षणों से होकर गुजार रही हैं। एक पल के लिए मान लीजिए कि एकल उत्पाद में कई मॉडल हो सकते हैं और इसलिए संघटक पुर्जों में मामूली बदलाव किए जा सकते हैं। अब, इन सभी को वैश्विक रूप से प्रमाणीकृत आपूर्ति श्रंखला पुर्जों को भारत में पुनर्परीक्षण का विषय बनाने का परिणाम यह होगा कि मेक इन इंडिया का संपूर्ण विचार बाधित हो जाएगा।

सरकार को यह महसूस करना होगा कि सभी वैश्विक आपूर्ति श्रंखलाओं को, कम से कम इलेक्ट्रानिक विनिर्माण के लिए चलाना न तो संभव है न ही सुझाव देने योग्य है। अधिकतर विनिर्माताओं को दीर्घकाल में ऐसा करने के लिए मनाया जाएगा, बंदरगाहों में रोक दिए जाने समेत उत्पाद निर्माण के विभिन्न चरणों में, यदि विनियामक अवरोध हटा लिए जाते हैं। भारत में अपने उत्पाद भरने के लिए चीन के लिए स्रोत खुला रखने की मांग कहीं नहीं उठाई जा रही है, प्रत्यक्ष रूप से अथवा बीजिंग की कर्जदार अर्थव्यवस्थाओं के द्वारा, निम्न गुणवत्ता उत्पादों के साथ एवं स्थानीय विनिर्माताओं को खत्म करने के लिए। अब पारस्परिक रूप से लाभदायक गलियारे बनाने के लिए कहा जा रहा है।

यदि भारत को चमकना है और 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनानी है, उसे वैश्विक व्यापार मोलभाव के मंच पर रणनीतिक रूप से करना होगा। अमेरिका व यूरोप भारत के लिए एक स्थान सहित नई विश्व आर्थिक व्यवस्था की तलाश में है अतः अब हवा हमारे पक्ष में बह रही है।

## आप की बात

### रुकेंगे बैंक घोटाले

**पिछले** वर्षों में देश की बड़ी बैंकों में जो घोटाले हुए हैं उनसे लोगों की ही नहीं सरकार की भी चिंता वाजिब थी। जनता की गाढ़ी कमाई डूबना या उनका समय पर नहीं मिल पाना कहीं ना कहीं प्रणाली में खोट थी इन्हीं चिंताओं का समाधान सहकारी बैंकों के नियमन का अधिकार आरबीआई को देने संबंधी अध्यादेश पर राष्ट्रपति की मुहर लगते ही हो गया है। इस प्रणाली को लागू करने में हालांकि अड़चनें आना है मगर सरकार की दृढ़ता निश्चित रूप से इसके सफल क्रियान्वयन का रास्ता साफ कर सकती है। पिछले वर्ष जब पंजाब नेशनल बैंक और महाराष्ट्र सहकारी बैंकों के हजारों करोड़ के घोटाले सामने आए तब बड़ी चिंता पनपी थी कि बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं तो आखिर ग्राहक कहां जाएं? एक सवाल यह भी कि बड़ी राशियां लेकर कारोबारी देश छोड़कर बाहर निकल गए तो उनसे वसूली कैसे होगी? इस तरह की तमाम शंका कुशंकाएं पनपी। इन घटनाओं से सरकार की साख भी दांव पर लगी थी. पिछले 2 वर्षों में कई सहकारी बैंकों के बड़े घोटाले उजागर हुए जिनमें ग्राहकों की बड़ी राशियां डूब गईं। इससे चिंतित आरबीआई ने कुल 1544 शहरी और 96248 ग्रामीण बैंकों में से 382 सहकारी बैंकों को बंद कर दिया था।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

### बाढ़ से बिगड़ते हालात

**अभी** हम देख रहे हैं कि कोरोनावायरस महामारी ने पूरी दुनिया में खलबली मचा रखी हैं। परंतु इस बीच कई प्राकृतिक आपदाओं से भी लोगों को प्रभावित होना पड़ रहा है जिनमें से कुछ दिनों पहले हमने दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के कुछ इलाकों में भूकंप के झटके महसूस करें परंतु दूसरी ओर मानसून के आने से असम में बाढ़ के जैसे हालात आ चुके हैं। इसका असर बिहार के भी कई जिलों में देखने को मिला है। बताते चलें कि असम में बाढ़ से लगभग 13 लाख लोग चपेट में आ चुके हैं और 25 लोगों की मौत भी हो चुकी है। यह एक बहुत ही बड़ी समस्या बनकर उभरा है। इससे वहां के लोगों को आर्थिक रूप से भी बहुत नुकसान हुआ है इसको सुधारने के लिए वहां की सरकार लगातार प्रयास कर रही है।बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने से लेकर उनके रहन-सहन और खान-पान की व्यवस्था भी सरकार कर रही है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र के मुंबई में भी रोडो में पानी भर गया है।यह यातायात में भी बहुत परेशानी खड़ा कर रहा है। आशा है कि यह समस्या जल्दी से सुधर जाए और वहां रहन सहन और दिनों की तरह हो जाए।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### रुख कड़ा करे भारत

**कहावत** है कि जब सीधी उंगली से घी ना निकलता हो तो उंगली को टेढ़ी करके घी निकाला जाता है। यूं तो भारत ना तो अपने अड़ोसी-पड़ोसी के मामले में कभी हस्तक्षेप करता है, ना कोई दखल देता है। क्योंकि हमारा सिद्धांत जियो और जीने दो का है। हम भी शांति से रहें, पड़ोसी भी। लेकिन चीन, पाकिस्तान जैसे बड़े मियां तो बड़े मियां के साथ-साथ छोटे मियां नेपाल भी आंखे दिखाने लगा हैं। भारत को अब चुपचाप नहीं बैठना है। चाहे तिब्बत, हांगकांग हो ताइवान, वियतनाम, जापान, इंडोनेशिया जैसे देशों से मिलजुल कर, सभी को एकजुट कर चीन को उसकी ही भाषा में जवाब दिया जाना चाहिए। क्योंकि तिब्बत व हांगकांग आजादी के लिए तड़प रहे हैं, जबकि बाकी देशों की जमीन चीन ने हड़प रखी है या उन्हें अपनी दमनकारी नीतियों से परेशान करता रहता है। भारत समेत इन सभी देशों को मिलकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मुद्दों को उठाना चाहिए। नेपाल की भी जमीन हड़पना शुरू कर दी है। जब नेपाल चीन के मुंह में समाएगा, तब छाती पीटने के अलावा कोई चारा नहीं रहेगा।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यह** सोचा नहीं जा सकता, जो कुछ संविधान संशोधन को लेकर दिल्ली में हो रहा है। मीडिया को सुनें। भारत में आयोजित बैठकों पर दृष्टि डालें।

– **केपी शर्मा ओली**
नेपाल के प्रधानमंत्री



**मनीष** सिसौदिया ने कहा था कि 31 जुलाई तक दिल्ली में 5.5 लाख कोरोना संक्रमित होंगे। इस बयान से दिल्ली के जनता में भय व्याप्त हो गया है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री



**हम** उम्मीद करते हैं कि स्थिति सुधरेगी और उतनी निराशाजनक नहीं होगी जितनी कि जून में लग रही थी जब विशेषज्ञों ने 5.5 लाख संक्रमित मामलों की भविष्यवाणी की थी।

– **मनीष सिसौदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री

# पल्स पोलियो की तर्ज पर चलेगा कोरोना संक्रमण जांच अभियानः डीएम

### ● पांच से 15 जुलाई तक चलेगा सर्वेक्षण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**घर-घर सम्पर्क** के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा कोविड-19 के अन्तर्गत बरती जाने वाली सावधानियों यथा- मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर इत्यादि का प्रयोग करने तथा 2 गज की दूरी के नियम की जानकारी दी जायेगी। जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने बताया है कि कोविड-19 के अन्तर्गत आगामी 5 से 15 जुलाई की अवधि में जनपद में घर-घर संवेदीकरण तथा सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान के संदर्भ में बताते हुए कहा कि यह अभियान पल्स पोलियों अभियान की तर्ज पर संचालित होगा। जिसमें 2 सदस्यीय टीम द्वारा घर-घर सम्पर्क किया जायेगा। घर-घर सम्पर्क के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा कोविड-19 के अन्तर्गत बरती जाने वाली सावधानियों यथा मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर इत्यादि का प्रयोग किया जायेगा तथा विशेष सावधानी के अन्तर्गत 2 गज की दूरी के नियम का पालन किया जायेगा। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर का सर्वे करते हुये कोरोना से मिलते जुलते लक्षणों जिसे इन्फ्लूयेन्जा लाईक इलनेस (आईएलआई) भी कहते है यथा बुखार, खॉसी, सांस लेने में तकलीफ के मरीजो, एकाएक रूप से सॉस लेने में गम्भीर तकलीफ के मरीजों, (सारी) लम्बी एवं गम्भीर बीमारी जैसे डायबिटीज, हाइपरटेन्शन, हृदय रोग, किडनी, लीवर एवं फेफड़े इत्यादि महत्वपूर्ण अंगों की गम्भीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति, कैंसर पीडित व्यक्ति तथा 14 दिनों के अन्दर किसी पाजीटिव मरीज के सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति की पहचान करना तथा आवश्यकतानुसार उनका सैम्पलिंग करना है, साथ ही साथ प्रत्येक घर के सदस्यों को कोविड-19 से बचने वाली सावधानियों को बताना एवं उसके प्रति जागरुक करना है। इस अभियान के सफल संचालन में नगर निगम, नगर पंचायते, अन्य स्थानीय नगरीय निकाय, पंचायतय विभाग द्वारा भी सहयोग दिया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वी.बी सिंह ने बताया कि इस अभियान के सफल संचालन के लिए सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर माइक्रोप्लान सहित अन्य तैयारियॉ शीघ्र ही पूरी कर ली जायेंगी। अभियान की अवधि में प्रतिदिन सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जनपद स्तर पर सायंकालीन बैठकों का आयोजन कर प्रतिदिन के कार्य से सम्बन्धित सूचनाओं को पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। अभियान के पर्यवेक्षण के लिए 5 टीमों के उपर एक पर्यवेक्षक तथा ग्रामीण क्षेत्र मे ब्लाक स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में बनाये गये जोन स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात किये जायेंगे।


## बनारसः कोरोना से 18वीं मरीज की मौत, 22 पॉजिटिव, 14 स्वस्थ हुए



**वाराणसी।** शहर में मंगलवार को 22 और लोग कोरोना संक्रमित मिले। अब तक जिले में कोरोना मरीजों की संख्या 496 तक पहुँच गई है। वहीं एक कोरोना मरीज की मौत हो गई है तथा 14 कोरोना मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब तक जिले में कोरोना से 293 मरीजों को ठीक होकर अपने घर चले गये हैं। बीएचयू लैब से मंगलवार को बीएचयू लैब से देर रात जारी रिपोर्ट में चेतगंज के बड़ी पियरी निवासी 34 वर्षीय युवक,32 वर्षीय महिला, 09 वर्षीय बालिका, 04वर्षीय बालिका, 8 माह का बच्चा और 46 वर्षीय अधेड़ परिवार में पहले मिल चुके संक्रमित के संपर्क में आ गये। चौकाघाट निवासी 55 वर्षीय,गृहिणी, निजी अस्पताल कर्मचारी में 35 वर्षीय महिला, 45 वर्षीय महिला, 45 वर्षीय महिला, 22 वर्षीय युवती, 26 वर्षीय युवती, 23 वर्षीय युवती, 22 वर्षीय युवती, और 22 वर्षीय युवती पॉजिटिव हैं। बजरडीहा जिवधीपुर निवासी 33 वर्षीय महिला, और नाथुपुर डीएलडब्ल्यू निवासी 28 वर्षीय युवक भी संक्रमित मिला। सोमवार को जारी सात पॉजिटिव रिपोर्ट में सुन्दरपुर निवासी 28वर्षीय युवक, संक्रमित मिला नाटी इमली ईश्वरगंगी निवासी 47 वर्षीय साड़ी कारोबारी, बिरदोपुर निवासी चिकित्सक दंपति, नक्खीघाट की 40 वर्षीय महिलस व होमी भाभा कैंसर अस्पताल में भर्ती 52 वर्षीय कर रिपोर्ट पॉजिटिव है।

**न्यू गुजराती गली, भुलेटन सहित दस नए हॉटस्पॉट क्षेत्र बनेः** सिगरा स्थित न्यू गुजराती गली, चौक थाना क्षेत्र स्थित भुलेटन गली,एईएनआर कालोनी, गुलाबगंज भिटारी, चौकाघाट,भेलूपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहा जिवधीपुर, मडुवाडीह के नाथुपुर, गिरी नगर एक्सटेंषन, सुन्दरम पैराडाइज ईष्वरगंगी, व तिलभाण्डेश्वर क्षेत्र में हॉटस्पॉट घोषित कर प्रशासन ने सील कर दिया है। जनपद में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 474 पहुँच गई है। अब तक 279 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।वहीं एक्टिव मरीजों की संख्या 177 है। जिले में हॉटस्पॉट की संख्या 225 तक पहुँच गई है। सोमवार को दो हॉटस्पॉट काजीपुर खुर्द, सोनिया एवं कोनिया ग्रीन जोन में आ चुके हैं।

## फिर बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर आरती की सीढ़ियां डूबीं



**वाराणसी।** मंगलवार को बारिश के होने के बाद फिर से तापमान में भारी गिरावट हो गई है। गंगा का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। रविवार सुबह आठ बजे तक यहाँ पर गंगा 60.52 मीटर के निषान पर बह रही थी। वहीं षाम को बढ़ाव की रफ्तार विराम लग गया। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार षाम छह बजे तक जलस्तर घटकर 60.48मीटर हो गया था। वहीं, सोमवार की सुबह बढ़कर गंगा 60.56 मीटर पर बहने लगी। इससे पानी सीढ़ियों की ओर बढ़ने लगा। मंगलवार को सुबह आठ बजे दषाष्वमेध स्थित गंगोत्री सेवा समिति की आरती स्थल पानी में डूबने के कगार पर था। मौसम विज्ञानी प्रो0 एस एन पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2008 के जून में 345 मिमी बारिष दर्ज की गई थी। इस साल 29 जून की सुबह तक 377.7 मिमी बारिष रिकार्ड की गई है। ऐसे में मौसम विभाग में दर्ज आंकड़ों के अनुसार आन रिकार्ड 12 साल का रिकार्ड टूट गया है। वैसे इसे 50 साल का रिकार्ड भी कहा जा सकता है। बंगाल की खाड़ी में हलचल के कारण अभी एक जुलाई तक बरसात होन की संभावना बनी हुई है।

## क्विक न्यूज

### मिशन ग्रीन मिलियन के अनुरूप हुई घोषणा

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी के संकट काल में मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ने सुपर कैरी के बीएस सिक्स कम्प्लायन्ट एस सीएनजी वेरिएन्ट के लांच की घोषणा की है। लांचिंग कंपनी के मिशन ग्रीन मिलियन के अनुरूप है। जिसकी घोषणा ऑटो एक्स्पो दो हजार बीस में की गई थी। कारोबार के लिए व्यवहारिक तरक्की का दमदार साथी कहलाने वाला मारूति सुजुकी सुपर कैरी पहला लाइट कामर्शियल व्हीकल है। जिसे बीएस सिक्स इंजन में अपग्रेड किया गया है। शशांक श्रीवास्तव एक्जक्टिव डायरेक्टर मार्केटिंग एण्ड सेल्स मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ने कहा कि मारूति सुजुकी के तीन सौ बीस से अधिक कामर्शियल चौनल नेटवर्क के माध्यम से छप्पन हजार से अधिक यूनिट बेंचे जाने के बाद सुपर कैरी मिनी ट्रक सेगमेंट में बेहतरीन परफोर्मेन्स दे रहा है।

### लिंक जंक्शन पर लगाया गया आधुनिक ड्यूल वीडीयू

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के अंतर्गत संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अति व्यस्त समपार फाटक को इंटर लाक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नैनी मानिकपुर सेक्शन के लिंक जंक्शन इरादतगंज स्टेशनों के बीच स्थित फाटक संख्या 433 को सोमवार को इंटरलॉक कर दिया गया। पीआरओ सुनील गुप्ता ने बताया कि इस कार्य के साथ ही लिंक जंक्शन स्टेशन पर भी कई सुधार किए गए हैं। जिसमें स्टेशन मास्टर कक्ष के डोमिनो टाइप पैनल को हटाकर 42 इंच के दो बड़े कंप्यूटर पैनल लगाया गया है। ट्रेन ऑपरेशन के संचालन को और अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान रेलवे लाइन सिग्नल प्वाइंट मशीन को रेल यातायात के विरूद्ध लॉक करने की व्यवस्था भी कंप्यूटर पैनल में ही उपलब्ध कराया गया है। इतना ही नहीं अब कंप्यूटर पैनल द्वारा एक्सल काउंटर की अवस्था के साथ साथ आईपीएस ईएलडी तथा एटी सप्लाई के फेलियर को भी मॉनिटर किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत चार नए सिग्नल लगाए गए हैं। जबकि तीन पुराने सिग्नल को सिग्नलिंग सिस्टम से हटा दिया गया है। ट्रेनों के ब्लॉक सेक्शन से पूर्ण आगमन को सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज कानपुर खंड के सैयद सरावां और मनोहरगंज तथा मनौरी और सैयद सरावां स्टेशनों के बीच सिग्नल विभाग द्वारा दुअल बीपीएससी लगाया गया है। स्टेशन मास्टर कक्ष में ही ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के होने अथवा उसके खाली होने का इंडिकेशन भी दिया गया है। अब गाड़ी के होने अथवा उसके खाली होने को प्रमाणित करने में होने वाली मानवीय भूल की संभावना को समाप्त कर ब्लॉक सेक्शन में ट्रेन संचालन को और अधिक सुरक्षित किया गया है।

### नए एलआईयू डिप्टी एसपी सुरेश त्रिपाठी ने कार्यभार किया ग्रहण

**वाराणसी।** एलआईयू उपाधीक्षक ध्रुव कुमार सिंह ने 29 जून को कोतवाली(वाराणसी)के पद से रिटायर्ड हो गये वे करीब ढ़ाई साल से इस पद पर कार्यरत थे। वे एलआईयू अधिकारी रहते हुए एक सामाजिक सेवा से जुड़े रहे। मंगलवार को विभाग के लोगों ने एलआईयू उपाधीक्षक डी के सिंह का बिदाई समारोह कार्यक्रम किया इसके तदुपरांत नए एलआईयू डिप्टी एसपी सुरेष प्रसाद त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण किया। नए एलआईयू डिप्टी एसपी श्री त्रिपाठी का जमीयत उलेमा बनारस के अबु हैमजा, षाहिद जमाल, समाजसेवी प्रवीण त्रिपाठी उर्फगुड्डु ने उनको माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड रिजवान एवं मो0 सारिक ने उनको सलामी दी। एलआईयू के इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह सहित कई अधिकारियों ने नए डिप्टी एसपी का स्वागत किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में देवेन्द्र मिश्रा, प्रवीण त्रिपाठी उर्फगुड्डु, शाहिद जमाल, रिजवान, मो0 सारिक सहित कई एलआईयू कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कोरोना महामारी में अस्थमा पीड़ितों को ज्यादा खतरा

**वाराणसी।** सांस की क्रोनिक बीमारी भारत में स्वास्थ्य के बड़े भार का एक कारण है। भारत में लगभग 93 मिलियन लोग सांस की क्रोनिक समस्या से पीड़ित हैं इनमें से लगभग 37 मिलियन एस्थमेटिक हैं। अस्थमा के वैश्विक भार में भारत का हिस्सा केवल 11 प्रतिशत है जबकि विश्व में अस्थमा से होने वाली मौतों में भारत का हिस्सा 42 प्रतिशत है जिस वजह से भारत दुनिया की अस्थमा कैपिटल बन गया है।डॉक्टर बिनोद कुमार सिंहए चेस्ट फिजिशियन, जीवन ज्योति क्लिनिक के अनुसार, अस्थमा पर सांस के वायरस के प्रभाव के चलते यह बहुत आवश्यक हो गया है कि मौजूदा समय में अस्थमा पीड़ित बहुत ज्यादा सावधानी बरतें।

### प्रो. पीके जैन को आईआईटी पटना के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार



**वाराणसी।** मानव संसाधन विकास मंत्री व अध्यक्ष आईआईटी काउंसिल रमेश पोखरियाल निशंक के आदेशानुसार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालयद्ध वाराणसी के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन को आईआईटी पटना के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने मंगलवार अपराह्न आईआईटी पटना के निदेशक का पदभार ग्रहण किया। पूर्व निदेशक प्रोफेसर पुष्पक भट्टाचार्या ने उन्हें निदेशक का कार्यभार सौंपा। प्रोफेसर जैन आईआईटी पटना में नए निदेशक चुने जाने या अगले आदेश तक निदेशक पद की जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहेंगे। बता दें कि प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने 1 अगस्त 2018 को आइआईटी बीएचयू के निदेशक का पदभार ग्रहण किया था। इससे पहले आईआईटी रूड़की के मैकेनिकल एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने यूनिवर्सिटी आफ रूड़की से वर्ष 1987 में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग से स्नातक1989 में प्रोडक्शन इंजीनियरिंग से परास्नातक और कैप ;सीएपीपीद्ध विषय से वर्ष 1996 में पीएचडी की उपाधि ग्रहण की। प्रोफेसर जैन आईआईटी रूड़की में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। वे ग्रेटर नोएडा एक्टेंशन सेंटर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और प्रोडक्शन इंजीनियरिंग लैब्स के समन्वयक की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

### सीएचसी, पीएचसी व उप केंद्रों पर खुला कोरोना हेल्प डेस्क

**वाराणसी।** जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के निर्देशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के संक्रमण से निपटने के लिए जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उपकेंद्रों पर ओपीडी क्षेत्र में तथा अन्य सरकारी कार्यालयों में कोरोना हेल्प डेस्क सेंटर की स्थापना की गई है। हेल्पडेस्क सेंटर पर इम्फारेड थर्मामीटर व पल्स ऑक्सीमीटर के साथ-साथ मेडिकल स्टाफकी उपलब्धता एवं तैनाती सुनिश्चित कराये जाने के साथ ही आने-जाने वाले लोगों का थर्मल सकैनिग के साथ ही सैनियाइज की भी व्यवस्था किया गया है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-24, ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-6, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-2, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-8, ग्रामीण अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-22 सहित कुल-62 स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना हेल्पडेस्क स्थापित किया जा चुका है। इसके अलावा आयुक्त के मण्डलीय कार्यालय, जिलाधिकारी के कार्यालय कलेक्ट्रेट, विकास भवन, नगर निगम कार्यालय, विकास प्राधिकरण कार्यालय, तीनों तहसील क्रमशः सदर, पिण्डरा व राजातालाब, सभी विकास खण्ड कार्यालय क्रमशः सेवापुरी, आराजीलाइन, पिण्डरा, काशीविद्यापीठ, चिरईगांव, चोलापुर, हरहुआ व बड़ागाँव, जनपद के सभी 27 पुलिस तथा एक महिला पुलिस थाना सहित 28 थानों के अलावा अन्य मण्डल एवं जनपद स्तरीय कार्यालयों में भी कोरोना हेल्प डेस्क का स्थापना किया जा चुका है।

## अदलपुरा-चुनार मार्ग पर हुई दुर्घटना

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत, दो बच्चियां भी घायल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**रोहनिया थाना** क्षेत्र के करसड़ा गांव के समीप चुनार मार्ग पर मंगलवार की सुबह बाइक सवार अनवर 35 वर्ष को टैक्टर ने ट्रैक्टर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई एवं बाइक पर पीछे बैठी दो बच्चियां घायल हो गई जिनको आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुस्साये लोगों ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया जिससे धूं-धूकर जलने लगी। क्षेत्रीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर की आग को बुझाया गया। घटना की खबर मिलते ही रोहनिया थाना प्रभारी परषुराम त्रिपाठी मौके पर पहुँचकर जाम को छुड़ाया और लोगों को ष्षांत कराकर ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

चोलापुर थाना क्षेत्र के बेलवरियां गांव निवासी अनवर सोमवार को सायं काल रूदौली गांव में ससुराल में आया था और आज सुबह दो बच्चों को लेकर अपने घर लौट रहा था तभी पुरूषोत्तम इंटर कालेज के पास रोड पर बाइक लेकर डिसबैलेंस होकर गिर गया उसी दौरान अदलपुरा की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बाइक पर बैठे दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गया लेकिन क्षेत्रीय लोगों ने तत्काल बच्चों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना करने के बाद चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। गुस्साये लोगों ने सड़क जाम कर टैक्टर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने षव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। अनवर के ससुराल वालों को दुर्घटना की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। सैकड़ों मुसलमान सड़क पर पहुँचकर अदलपुरा-चुनार रोड को चक्का जाम कर दिया और वाहन को आग के हवाले कर दिया। परिजनों की तरफ से वाहन मालिक अदलपुरा बेला निवासी सुरेन्द्र पाल एवं चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया ।पुलिस ने जले वाहन को अपने कब्जे में ले लिया और षव को पीएम के लिए भेज दिया।

# रेड लाइट एरिया में कोरोना संक्रमण का खतरा अधिकः डॉ. पांडेय

**प्रयागराज।** भारतीय शहरों के रेड लाइट एरिया में चार लाख से अधिक लोगों के कोविड 19 से संक्रमित होने का अनुमान येल स्कूल ऑफ़ मेडिसिन और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के शिक्षाविदों के अध्ययन से खुलासा किया गया है। रेड लाइट एरिया को बंद करके उत्तर प्रदेश में हज़ारों सेक्स वर्कर्स की जान बचाई जा सकती है। विशेषज्ञों के एक समूह के अनुसार भारत में रेड लाइट एरिया को खोले जाने पर यहां कोविड 19 के मामले अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या और मौत के आंकड़ों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि रेड लाइट एरिया को लंबी अवधि तक बंद रखने से इस महामारी की चरम स्थिति में देश में कोविड 19 के मामलों में कुल मिलाकर साठ फीसद से ज्यादा की कमी हो सकती है। साथ ही मरने वाले लोगों की संख्या को भी कम किया जा सकता है। इस मॉडल को हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और येल स्कूल ऑफ़ मेडिसिन में विकसित किया गया है।महामारी की चरम स्थिति में लखनऊ के कबाड़ी बाजार रेड लाइट एरिया को बंद करके कोविड 19 के मरीजों तथा मरने वाले लोगों की संख्या में कुल मिलाकर नब्बे फीसद से अधिक की कमी लाई जा सकती है। मॉडल दर्शाता है कि रेड लाइट एरिया को पहले की तरह खोल दिए जाने पर उस क्षेत्र में यह बीमारी बड़ी तेजी से फैल जाएगी तथा इससे सेक्स वर्कर्स के साथ साथ उनके ग्राहक भी बड़े पैमाने पर संक्रमित हो जाएंगे। यहां संक्रमण की दर अत्यधिक इसलिए है क्योंकि सेक्स के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना संभव नहीं है। फिर संक्रमित लोग बीमारी को पूरे शहर में फैला देंगे। जिससे मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। इससे बेहद कम समय में लखनऊ की स्वास्थ्य सेवाओं पर जरूरत से ज्यादा दबाव बढ़ जाएगा। इसके परिणामस्वरूप बेहद कम संख्या में मरीजों को इलाज प्राप्त हो सकेगा तथा मरने वालों की संख्या बढ़ जाएगी।

## नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने को एनसीआर ने उठाए कदम

**प्रयागराज।** पर्यावरण के अनुकूल रहने की प्रतिबद्धता को बनाये रखने के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने ऊर्जा के गैर नवीकरणीय स्रोतों पर निर्भरता को कम करने, ऊर्जा के उपयोग में दक्षता लाने और गैर पारंपरिक स्रोतों का उपयोग कर अपनी ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में कदम उठाए हैं। हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उत्तर मध्य रेलवे तीव्र गति से अपने ब्रॉडगेज नेटवर्क का विद्युतिकरण कर रहा है। वर्ष 2019 20 के दौरान 226 किमी ब्रॉडगेज मार्गों का विद्युतीकरण किया गया। जिसमें प्रयागराज मण्डल के चुनार चोपन का महत्वपूर्ण खंड भी शामिल है। जिसका उपयोग दैनिक आधार पर औसतन पांच माल गाड़ियों को चलाने के लिए किया जा रहा है। कोविड 19 के कारण नियमित यात्री सेवाओं के निरस्तीकरण से पूर्व इस खंड में संचालित सभी पांच यात्री सेवाएं भी विद्युत कर्षण के माध्यम से चल रही थीं। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मौजूदा डीजल इंजनों में हाईस्पीड डीजल (एचएसडी) को संरक्षित करने के लिए सुनिश्चित किया जा रहा है कि निष्क्रिय और उपयोग न होने की अवधि के दौरान डीजल इंजनों को बंद कर दिया जाए। इलेक्ट्रिक इंजनों के उपयोग में वृद्धि और डीजल इंजनों की गहन निगरानी के माध्यम से वर्ष 2019 20 के दौरान 160 लाख लीटर हाईस्पीड डीजल की बचत की गई। हाईस्पीड डीजल के उपयोग और अधिक बचत करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे ओरिजिनेटिंग यात्री गाड़ियों में हेड ऑन जनरेशन युक्त 16 एलएचबी रेकों का उपयोग कर रहा है। जिसमें लाइट, पंखे, एसी आदि के लिए ओएचई से सीधे विद्युत उर्जा का उपयोग करते हुए लोकोमोटिव के माध्यम से रूट किया जाता है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के उपयोग में उत्तर मध्य रेलवे ग्यारह मेगावॉट के स्थापित सौर संयंत्र की क्षमता वाला प्रमुख रेलवे बन गया है। इस प्रकार परंपरागत कोयला या गैस संयंत्रों से प्राप्त होने वाली बिजली के बजाए प्रतिवर्ष 85.55 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उपयोग करता है, जो नवीनीकृत स्रोत हैं।

# रसूलाबाद में टिड्डियों के दल का फसलों पर हमला

### ● किसानों ने थाली, पीपा बजाकर भगाया

संवाददाता। रसूलाबाद कानपुर देहात

**एक ओर** देश प्रदेश कोरोना संकट से जूझ रहा है वही विदेशों से आ रहे टिड्डी दलों का कहर रसूलाबाद में भी देखने को मिला जहां किसानों ने थाली पीट कर उन्हें भगाने के प्रयास किये खैर यह प्रयोग सफल भी रहा और कुछ देर बाद टिड्डी दल खेतो में रुकने के बाद भाग भी गया ।

मंगलवार रसूलाबाद में टिड्डी दल का हमला निराला नगर व असाल तगंज के बीच देखने को मिला ।लाखो की तादात में यह टिड्डियों के दलों ने किसानों की फसलों पर हमला करना चालू कर दिया और देखते देखते किसानों को अपने खेतों की ओर भागते देखा गया । किसान अपने हाथों में पीपा थाली बजाकर उन्हें भगाने की कोशिश करते देखे गए खैर शोर गुल सुनकर टिड्डी के दलों को आसमान में भागते भी देखा गया । किसानों ने बताया लाखो की तादात में यह टिड्डी दल तैयार फसल पर अचानक हमला कर पोषक तत्वों को चट करने के साथ पूरी फसल को चौपट कर किसानों की मेहनत पर पानी फेर कर उनके सपनों के अरमानों को चकनाचूर कर देते है ।यह बहुत ही घातक दल होता है एक तरह से इसे किसानों का दुश्मन कहा जाए तो अतिशयोक्ति नही होगा । किसानों ने यह भी बताया कि यह टिड्डी दल शोरगुल थाली पीपा बजाने से भाग जाता है। इस सम्बंध में गरीबो कमजोरों किसानों के हितों की शुभचिंतक रसूलाबाद की जन प्रिय परगना धिकारी अंजू बर्मा ने स्वतंत्र भारत के संवाददाता सन्तोष गुप्ता को बताया कि यह टिड्डी दल 4 बजे अपराह्न के करीब रसूलाबाद आया और यह टिड्डियों का दल हमारे क्षेत्र के किसानों की फसलों को बिना क्षति पहुंचाए जनपद ओरैया की ओर चला गया ।

# कटनी सतना रेल मार्ग के 95 किमी विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो गया

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

### ● कार्य की महत्ता को देखते हुए कोविड 19 काल में हुआ विद्युतीकरणः अनूप मिश्र

**केन्द्रीय रेल** विद्युतीकरण संगठन (कोर) प्रयागराज के अधीनस्थ लखनऊ परियोजना द्वारा मुम्बई हावड़ा रेल मार्ग पर कटनी सतना के बीच 95 किलोमीटर के शेष खण्ड को विद्युतीकृत कर लिया गया। यह रेल मार्ग पश्चिमी भारत को पूर्वी भारत से जोड़ रहा है। जिससे निर्बाध रूप से दक्षिण एवं पश्चिम से चलने वाली गाड़ियां 'इटारसी से पण्डित दीन दयाल उपाध्याय' विद्युत कर्षण पर अब परिचालित होंगी। कोर के सीपीआरओ अनूप मिश्र ने बताया कि हावड़ा से प्रयागराज तक रेल मार्ग का विद्युतीकरण सन 1960 के दशक के अन्त तक हो गया था। मुम्बई से इटारसी तक रेल खण्ड का विद्युतीकरण सन 1993 तक चरणबद्ध तरीके से पूर्ण हो गया था। परन्तु इटारसी जबलपुर कटनी मानिकपुर एवं प्रयागराज खण्ड अविद्युतीकृत था। रेल मार्ग के महत्व को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2012-13 में इटारसी कटनी सतना प्रयागराज खण्ड को विद्युतीकृत करने के लिए 866.12 करोड़ की लागत की परियोजना को स्वीकृत दी थी। वर्तमान समय में सतना रीवा शाखा लाइन सहित इटारसी कटनी सतना प्रयागराज खण्ड का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। विद्युत कर्षण पर वाणिज्यिक ट्रेनों का आवागमन सुचारु रूप से किया जा रहा है। श्री मिश्र ने बताया कि कटनी सतना शेष भाग के विद्युतीकरण होने से प्रयागराज से होकर मुम्बई हावड़ा के बीच निर्बाध विद्युत कर्षण उपलब्ध होगा। मौजूदा समय में कटनी सतना के बीच लगभग 40 इलेक्ट्रिक ट्रेनों को डीजल इंजन से चलाया जा रहा है। जिससे परिचालन में ज्यादा समय लग रहा है। प्रत्येक ट्रेन में 45 मिनट से एक घंटे तक अतिरिक्त समय लग रहा है। कार्य की महत्ता को देखते हुए कोविड 19 संकट के बावजूद विद्युतीकरण का काम पूरा किया गया है। अब यह खण्ड रेलवे संरक्षा आयुक्त से मंजूरी के बाद ट्रेन परिचालन के लिए तैयार हो गया है। माल गाड़ियों का परिचालन मई 2020 में शुरू हो गया है। सीपीआरओ अनूप मिश्रा ने बताया कि अब तक इस खण्ड पर लगभग एक हजार मालगाड़ियां एवं बिना सवारी श्रमिक स्पेशल गाडियां विद्युत कर्षण पर सफलता पूर्वक परिचालित किया जा चुका है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा खण्ड के विद्युतीकरण के कार्य की स्वीकृति के बाद यात्री गाड़ियों का भी परिचालन शुरू हो जाएगा। जिससे डीजल की खरीद पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की राष्ट्रीय बचत भी होगी।

## खाद्य विभाग ने छापा मार सरसों का तेल व पिसी हल्दी का नमूना लिया

**कानपुर देहात।** खाद्य सुरक्षा एवॅ औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने पुखरॉया कस्बे की दो दुकानों में छापा मार कर 65 किलो सरसों का तेल व 5 किलो पिसी हल्दी बरामद कर नमूने जॉच के लिये भेजे है। एसडीएम भोगनीपुर के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमॉशू सचान की टीम ने पुखरॉया के मे0 सेठ ब्रदर्स के यहॉ छापा मारकर 65 किलो सरसों का तेल व पॉच किलो पिसी हल्दी को बरामद किया छापे के दौरान प्रतिष्ठान के मालिक सर्वेश गुप्ता उर्फ अॅगनू सेठ मौजूद रहे। बरामद खाद्य सामग्री के नमूने जॉच के लिये भेजे गये। मुख्य खाद्य सुरक्षा अभिहीत अधिकारी आर के गुप्ता ने बताया कि नमूनों की जॉच रिर्पोट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# सेवानिवृत्त बाबादीन को दी गयी भावभीनी विदाई

संवाददाता। कानपुर देहात

**कलेक्ट्रेट** माती कोषागार कार्यालय में वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेय की अध्यक्षता में कैश रनर (चपरासी) श्री बाबा दीन पाल को कोषागार स्टाफ सहित ने उनका फूलमाला व साल पहना कर व प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत सम्मान किया।

वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेय ने कैश रनर श्री बाबा दीन पाल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शासकीय कार्यों को बाखूबी अंजाम देने में श्री बाबा दीन पाल समाज के हर तबके से जुड़े रहे। प्रतिदिन डायरी में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा रखना इनकी एक विशेष कला थी वह समय से सभी कार्य पूरा करते थे तथा समय के पाबंद रहते थे अपने कार्यो में। उन्होंने उनके सदैव स्वस्थ्य रहने की कामना की है। विदाई समारोह में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रूचि बाजपेयी, विनीत चन्द्र गुप्ता, अनुज कुमार दीक्षित, प्रदीप कुमार, गौतम कुमार, गोपाल जी गुप्ता, मोहम्मद मिर्जा बेग, प्रदीप वर्मा, खजांची, सुनील कुमार गौतम, राजेन्द्र बाबू, आशीष अग्निहोत्री, कल्पना, सतपाल शाहू आदि समस्त स्टाप मौजूद रहे।



## जिला समाज कल्याण अधिकारी के सेवानिवृत्ति होने पर अधिकारियों, कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई

**कानपुर देहात।** विकास भवन में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में जनपद से सेवानिवृत हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अनिल कुमार व सहायक विकास अधिकारी शिव शंकर द्विवेदी को मुख्य विकास अधिकारी जोगिन्दर सिंह सहित अधिकारियों, कर्मचारियों आदि ने भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर उनके द्वारा किए गये कार्यो एवं कार्यशैली की सराहना की। सेवानिवृत्ति जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मैने जनपद में 7 नवम्बर 2019 में चार्च लिया था। मुझे जनपद में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत परेशानी नही हुए है मेरा सभी ने सहयोग किया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी के सेनानिवृत होने पर उनके द्वारा किये गये कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनिल जी ने सेवानिवृत्त के अंतिम दिन तक भी अपने कार्यो को सरलता व सहजता के साथ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में आये प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी की सेवानिवृत्ति का दिनांक सेवा में आने के साथ ही निश्चित हो जाता है परन्तु एक लम्बे सेवाकाल के उपरांत जब कोई साथी हम से दूर जा रहा होता है तो उसकी अच्छी बुरी यादों के बीच दुखः होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि अनिल जी की कार्यशैली को बडे ही नजदीक से देखा है वह सदैव ही नियम कानून के साथ पद की गरिमा बनाने वाले सौम्य स्वभाग के हस्मुख अधिकारी रहे है। उन्होंने उनके स्वास्थ्य जीवन परिवार के साथ सुख शांति के साथ जीवन जीने की मंगल कामना ईश्वर से की है। इसी प्रकार उन्होंने सहायक विकास अधिकारी को भी सुख शांति के साथ जीवन जीने की मंगल कामना ईश्वर से की है। इस मौके पर डीडीओ प्रद्युम कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव आदि अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी उनके द्वारा किये गये कार्यो अनुभवों को बताया तथा स्वस्थ्य रहने की कामना की। इस मौके पर अधिकारी व कर्मचारीगण आदि ने फूल माला पहना कर व प्रतीक चिन्ह भेट कर उनको सेवानिवृत्ति की विदाई दी। इस मौके पर सेवानिवृत्ति के परिवारजन भी उपस्थित रहे।

# चीन, कोविड-19 से निपटने पर ध्यान केंद्रित करे केंद्र सरकार: शिवसेना

भाषा। मुंबई

**शिवसेना** ने मंगलवार को कहा कि लोग चीन के साथ सीमा पर गतिरोध को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच वाक्युद्ध से उकता चुके हैं और सरकार को पड़ोसी देश के साथ विवाद और कोरोना वायरस संकट से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में छपे संपादकीय में कहा, चीन का रुख अड़ियल रहा है और वह कभी नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा कि अब अतीत को भूलकर मौजूदा संकट से निपटने और देश के लिए नया भविष्य लिखने की आवश्यकता है।

गलवान घाटी में 15 जून को हुए संघर्ष में 20 भारतीय जवानों के शहीद हो जाने के बाद से दोनों पक्षों में तनाव और बढ़ गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चीन के साथ सीमा विवाद और कोविड-19 से अच्छी तरह निपट लेगा। शाह के बयान का जिक्र करते हुए शिवसेना ने कहा, सरकार को विपक्षी दल पर नहीं, बल्कि इन दो समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विपक्षी दल के उठाए प्रश्नों से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उसने कहा कि राजस्थान से कांग्रेस विधायक ने कोविड-19 महामारी से निपटने संबंधी संदेश देने वाली मोबाइल कॉलर ट्यून हटाने की मांग की है।

पार्टी ने कहा, दिल्ली में इसी तरह की कॉलर ट्यून शुरू करने की आवश्यकता है कि हमें चीन से लड़ने की आवश्यकता है, सरकार के विपक्षी दलों से नहीं। उसने कहा, कोरोना वायरस संबंधी कॉलर ट्यून की तरह हम भाजपा-कांग्रेस की लड़ाई से उकता गए हैं और हमें लगता है कि यह कॉलर ट्यून बदलने की जरूरत है। पार्टी ने कहा कि सत्तारूढ़ दल चीन को करारा जवाब देने के बजाय सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साध रहा है।

उसने कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बयान दिया था कि चीन के मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उसने कहा कि भाजपा समर्थक सोशल मीडिया कह रहा है कि पवार ने यह बयान देकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। शिवसेना ने कहा कि यह निशाना सत्तारूढ़ पार्टी पर भी हो सकता है। उसने कहा, राजनीति कौन कर रहा है? राहुल गांधी के प्रश्न पानी में बुलबुले की तरह नहीं हैं। ए सवाल शरद पवार के जेहन में भी हो सकते हैं। यदि चीन ने हमारी जमीन पर घुसपैठ नहीं की, तो 20 जवान शहीद क्यों हुए।

## भारत-चीन सीमा के पास तीन सडकों को उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड की मंजूरी

**देहरादून।** चीन के साथ जारी तनाव के बीच उत्तराखंड राज्य वन्यजीव सलाहकार बोर्ड ने राष्ट्रीय सुरक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण तीन सड़कों के निर्माण के लिए भारत-चीन सीमा के पास गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के भीतर करीब 73 हे. वन भूमि के हस्तांतरण के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में बोर्ड ने वन भूमि हस्तांतरण को स्वीकृति देते हुए इसे अंतिम मंजूरी के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड को भेजने का फैसला लिया। वन मंत्री हरक सिंह रावत ने यहां बताया कि चीन के साथ लगती सीमा पर स्थित इन तीनों सड़कों का निर्माण केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के अधीन सुमला से थांगला तक 11.85 किमी सड़क के लिए 30.39 हे., त्रिपाणी से रंगमचगड तक 6.21 किमी सड़क के लिए 11.61 हेक्टेअर वन भूमि तथा 17.60 किमी लंबी मंडी-सांगचोक्ला सड़क के लिए 31 हे. वन भूमि का हस्तांतरण शामिल हैं।



कोलकाता में मनरेगा स्कीम के तहत सड़क के निर्माण में लगे मजदूर

# बंबई हाईकोर्ट ने अर्णब गोस्वामी के खिलाफ दो प्राथमिकियां निलंबित की

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी के खिलाफ दायर दो प्राथमिकियों को निलंबित कर दिया। पालघर में पीट-पीटकर की गई संतों की हत्या के मामले और लॉकडाउन के बीच बांद्रा रेलवे स्टेशन के बाहर प्रवासी श्रमिकों की भीड़ जमा होने के संबंध में कथित उकसावे और भड़काऊ टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ ए प्राथमिकियां दर्ज कराई गई थीं। न्यायमूर्ति उज्जल भूयां और न्यायमूर्ति रियाज चागला की एक खंड पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि पहली नजर में गोस्वामी के खिलाफ किसी अपराध का खुलासा नहीं किया गया है तथा उनका इरादा समाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने या हिंसा भड़काने का नहीं था। गोस्वामी की याचिका विचारार्थ स्वीकार करते हुए अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि अंतिम सुनवाई होने और याचिका के निपटारे तक उनके साथ कोई दंडात्मक कोई कार्वाई न करे।

गोस्वामी ने उनके विरूद्ध दर्ज दो प्राथमिकियां खारिज करने का अनुरोध किया था। उनके विरूद्ध एक प्राथमिकी नागपुर में और दूसरी प्राथमिकी मुम्बई में दर्ज की गई है। नागपुर मामले का संबंध खबरिया चैनल रिपब्लिक टीवी पर प्रसारित एक शो से है जहां गोस्वामी ने पालघर में दो संतों की पीट-पीटकर की गई हत्या से जुड़े मामले में कथित रूप से सांप्रदायिक टिप्पणी की थी।

मुम्बई का मामला तब दर्ज किया गया था जब इसी चैनल पर इस चैनल पर प्रसारित एक कार्यक्रम में गोस्वामी ने बांद्रा रेलवे स्टेशन के बाहर प्रवासी श्रमिकों की भीड़ जमा होने के संबंध में कथित रूप से भड़काऊटिप्पणी की थी। गोस्वामी के वकील हरीश साल्वे ने दलील दी कि कांग्रेस ने देशभर में गोस्वामी के खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज करवाईं और कहा कि ऐसे मामलों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं आपराधिक कानून के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है।

# हॉलीवुड फिल्म देखकर पचास लाख रुपए की ठगी करने वाला शख्स गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात में पिछले चार साल में 15 कंपनियों के साथ कम से कम 50 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में 23 साल के युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसे हॉलीवुड फिल्म देखकर ठगी करने का तरीका सुझा था। अपराध शाखा ने मंगलवार को बताया कि जय सोनी अपराध करने के लिए हॉलीवुड फिल्म कैच मी इफ यू केन से प्रभावित था। इस फिल्म में दिखाया गया है कि जाली दस्तावेजों और अपनी असल पहचान छुपाकर बैंकों से पैसे कैसे निकाले जाते हैं। अपराध शाखा की विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसके अपराध करने के ढंग की अच्छी तरह से जांच की गई। इसमें पीछे कोई सुराग नहीं छोड़ना और अपनी असल पहचान या ठिकाना नहीं बताना शामिल है। इसके बाद उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। विज्ञप्ति में बताया गया है कि सोनी के खिलाफ धोखाधड़ी की अहमदाबाद में कम से कम सात, वडोदरा में दो और राजस्थान के जयपुर में छह शिकायतें दर्ज हैं।

सोनी को पहली बार पकड़ा गया है। वह 2016 से उन कंपनियों के बैंक खातों से लाखो रुपए कथित रूप से निकाल चुका है जहां वह काम करता था। अपराध शाखा ने बताया कि वह 50 लाख रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी में शामिल है। विज्ञप्ति में बताया गया है यह सब 2015 में शुरू हुआ जब सोनी और उसके पिता रमेश सोनी ने कैच मी इफ यू केन देखी। यह फिल्म अमेरिका में जाली चेक के जरिए ठगी करने वाले फ्रैंक अबागनेल की जिंदगी पर आधारित है।

जय सोनी गुजरात के खेडब्रह्म का रहने वाला है। उसमें बताया गया है कि जय सोनी और उसके पिता रमेश सोनी ने जाली चेक के जरिए धोखाधड़ी से पैसा कमाने की योजना बनाई। अपराध शाखा के मुताबिक, जय सोनी ने अकाउंटिंग और ऑडिटिंग सीखी। इसके बाद यूट्यूब के जरिए कंप्यूटर सीखा और जाली पैन और आधार कार्ड बनाए, जिनमें नाम और पते फर्जी थे। विज्ञप्ति के मुताबिक, इन्हीं जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर वह कंपनी में अकाउंटेंट या ऑडिटर की नौकरी करता था और फिर चेक चुराता था, फर्जी मोहरे बनवाता था और कंपनी मालिक के फर्जी हस्ताक्षर करके पैसा निकलवा लिया करता थ। इसके बाद नौकरी छोड़ दिया करता था।

फर्जी दस्तावेजों और पहचान पत्रों की वजह से पुलिस उसका पता नहीं लगा पाती थी। व्यापक जांच के बाद अपराध शाखा के अधिकारियों को राजस्थान के उदयपुर में उसके घर का पता चला। विज्ञप्ति में बताया गया है कि उस पर नजर रखी गई और अहमदाबाद में नौकरी के लिए साक्षात्कार देने आए जय सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पिता को 2003 में वाहन चोरी के मामले में शहर की पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## आदित्य ठाकरे ने वंदे भारत उड़ानों को लेकर केन्द्र से समन्वय का अनुरोध किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा है कि नागर विमानन मंत्रालय को वंदे भारत अभियान में राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए ताकि दुनियाभर में फंसे भारतीयों को प्रभावी ढंग से स्वदेश लाया जा सके। ठाकरे ने 29 जून को नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी को लिखे पत्र में कहा कि स्वदेश लौटे अधिकतर लोग संबंधित राज्य सरकारों के संपर्क में है। ठाकरे ने कहा कि उन्होंने इससे पहले विदेश मंत्रालय और एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में मध्य पूर्व, ऑस्ट्रेलिया और रूस समेत अन्य देशों के लिए उड़ानों का अनुरोध किया था। मंत्री ने कहा, हालांकि कुछ उड़ानों का प्रबंध किया गया, लेकिन ऐसी और उडा़नों की जरूरत है। वंदे भारत अभियान-4 का कार्यक्रम राज्य सरकार को सुपुर्द कर दिया गया है। ठाकरे ने कहा, मध्य पूर्व में फंसे लोगों और राज्य सरकार के बार-बार अनुरोध के बावजूद मध्य पूर्व से महाराष्ट्र के लिए कोई उड़ान नहीं है।

## क्विक न्यूज

### नायडू ने विशाखापत्तनम में फार्मा संयंत्र में गैस रिसाव घटना पर चिंता जताई

**अमरावती।** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने विशाखापत्तनम में एक फार्मा इकाई में बेंजीन गैस का रिसाव होने की घटना पर मंगलवार को चिंता जताई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए विपक्ष के नेता ने मांग की कि सरकार को घटना में घायल हुए लोगों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराना चाहिए। शहर के पास परवादा में दवा बनाने वाली सेनर लाइफ साइंसेज कंपनी की इकाई में मंगलवार सुबह बेंजीन गैस का रिसाव होने से दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य बीमार पड़ गए। नायडू ने यहां एक बयान में इसे, चिंताजनक स्थिति बताया क्योंकि जहरीले गैस रिसाव की यह एक और घटना है जबकि बंदरगाह शहर के लोग एलजी पॉलीमर्स त्रासदी के सदमे से अभी उबर भी नही पाए है। कुछ दिन पहले हुई उस घटना में 12 लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार को मृतकों के परिवार को हरसंभव मदद मुहैया करानी चाहिए।

### शिव भोजन योजना से लोगों को फायदा पहुंचा: ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार की शिव भोजन थाली योजना से अब तक एक करोड़ से ज्यादा लोगों का फायदा पहुंचा है। यह योजना इस साल जनवरी में शुरू हुई थी और इसमें 10 रुपए में गरीबों को खाना उपलब्ध कराया जा रहा है। ठाकरे ने एक बयान में कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर लागू लॉकडाउन (बंद) को देखते हुए छात्रों, बेघर लोगों और फंसे मजदूरों को पांच रुपए में थाली दी गई और कई आम नागरिक भी इस योजना से लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि राज्य में 848 शिव भोजन केंद्र है और तालुका स्तर पर भी इस योजना को लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, इस योजना की शुरुआत 26 जनवरी को गरीबों और वंचितों को लाभान्वित करने के लक्ष्य से की गई थी और अब तक1,00,00,870 थालियां लोगों को परोसी जा चुकी है। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है।

### भारतीय सीमा में घुसी चीन की सेना पर पीएम चुप क्यों: दिग्विजय

**मंडला (मध्यप्रदेश)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने चीनी सेना के कथित तौर पर लद्दाख के भारतीय इलाके में घुसने पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए है। इस मुद्दे पर पीएम से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए सिंह ने यहां सोमवार रात को कहा कि यहां तक कि रक्षा मंत्री एवं विदेश मंत्री ने कहा है कि चीनी सेना भारतीय इलाके में घुसी है। लद्दाख के गलवान घाटी में 20 सैन्यकर्मियो के शहीद होने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने पीटीआईभाषा को बताया, सेना के अधिकारी भी इस बात की पुष्टि कर रहे है कि ऐसी घटना हुई थी। 20 लोग (जवान) शहीद हुए हैं। अधिकारियो सहित भारतीय सेना के 10 जवानो को चीनी सेना ने बंधक बना लिया था और बाद में छोड़ दिया। प्रधानमंत्री कह रहे है कि कुछ नही हुआ। अब सवाल उठता है कि कौन सही बोल रहा है?

### कोविड-19 रोगियों के ठीक होने की दर लगभग 60 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 रोगियो के ठीक होने की दर तेजी से 60 प्रतिशत के करीब पहुंच रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसका श्रेय महामारी की रोकथाम और प्रबंधन के लिए केंद्र तथा राज्यो के सामूहिक एवं केन्द्रित प्रयासो को दिया है। देश में फिलहाल ठीक हो चुके लोगों की संख्या मौजूदा रोगियों की तादाद से1,19,696 अधिक है। देश में 2,15,125 लोग अब भी कोरोना वायरस से संक्रमित है जबकि 3,34,821 लोग ठीक हो चुके है। बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 13,099 रोगी ठीक हुए है। मंत्रालय के मुताबिक, देश में कोविड-19 रोगियो के ठीक होने की दर सुधार के साथ 59.07 प्रतिशत पर पहुंच गई है। भारत में जांच करने वाली प्रयोगशालाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। फिलहाल देश में कोविड-19 जांच करने वाली प्रयोगशालाओं की संख्या1,049 है। इनमें सरकारी सेक्टर की 761 और 288 निजी प्रयोगशालाएं है। आईसीएमआर के अनुसार 29 जून तक 86,08,654 नमूनों की जांच की जा चुकी है। सोमवार को 2,10,292 नमूनों की जांच की गई।

### पाकिस्तान ने नौगाम सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संघर्ष विराम का किया उल्लंघन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के नौगाम सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकियों पर मंगलवार को बिना किसी उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। सेना के एक अधिकारी ने कहा, पाकिस्तान ने 30 जून 2020 को तड़के उत्तर कश्मीरी जिले कुपवाड़ा के नौगाम सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास बिना किसी उकसावे के मोर्टार के गोले दागकर और गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की इस हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है।अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नही है।



बीरभूमि में आदिवासी समुदाय के सदस्यों ने संथाल क्रांति की याद में मनाया 'हुल उत्सव'।

# बिहार: कांग्रेस विधायक कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आनंद शंकर सिंह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। संक्रमण की पुष्टि के बाद विधायक ने औरंगाबाद के सत्एंद्रनगर स्थित अपने आवास में खुद को पृथक कर लिया है। औरंगाबाद के सिविल सर्जन डॉ. अकरम अली ने मंगलवार को बताया कि विधायक के जांच के लिए एकत्रित नमूने में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

विधायक ने कहा कि बुखार आने पर उन्होंने खुद जांच कराने का फैसला किया था। आनंद पिछले सोमवार को बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के चुनाव को लेकर पटना में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता सदानंद सिंह के आवास पर हुई पार्टी नेताओं की बैठक में शामिल हुए थे। उल्लेखनीय है कि 28 जून को बिहार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण मंत्री विनोद कुमार सिंह और उनकी पत्नी में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी। बिहार के कटिहार जिला के प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक विनोद कुमार सिंह और उनकी पत्नी को कटिहार के एक निजी होटल में बनाए गए आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है। विनोद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के पहले ऐसे मंत्री हैं जो कि कोरोना वायरस की चपेट में आए हैं।

इससे पूर्व गत 22 जून को बिहार के दरभंगा जिले के जाले विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक जिबेश कुमार मिश्रा के जांच नमूने में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी और उन्हें इलाज के लिए पटना स्थित एम्स रेफर कर दिया गया। राजद के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह में 17 जून को कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी। रघुवंश की 16 जून को अचानक तबीयत अधिक खराब होने पर उन्हें पटना स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था।

# कांग्रेस नेताओं ने झांझ-मजीरे बजाकर मनाया काला दिवस

## मध्य प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के 100 दिन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाली भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने यहां काला दिवस मनाते हुए झांझ-मजीरे बजाए और भजन गाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल की अगुवाई में करीब 25 पार्टी नेता रीगल तिराहे के पास काले कपड़ों में पहुंचे। उन्होंने झांझ-मजीरे बजाते हुए रघुपति राघव राजा राम.. भजन गाया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने साजिश के तहत लोकतंत्र की हत्या करते हुए 100 दिन पहले सूबे की कमलनाथ नीत कांग्रेस सरकार गिराई। उन्होंने कहा कि मौजूदा शिवराज सरकार कोविड-19 की रोकथाम समेत सभी मोर्चों पर नाकाम साबित हुई है। उधर, भाजपा की शहर इकाई के अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा, मतदाताओं से धोखाधड़ी और कांग्रेस के अहंकार के कारण लड़खड़ाई कमलनाथ सरकार खुद गिर गई थी।

रणदिवे ने कहा, शिवराज ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही सूबे को कोविड-19 के चंगुल से बाहर निकालने के कदम उठाने शुरू कर दिए थे। इन कदमों के कारण राज्य में यह महामारी नियंत्रित स्थिति में है।

गौरतलब है कि कांग्रेस के 22 बागी विधायकों के त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल होने के कारण तत्कालीन कमलनाथ सरकार अल्पमत में आ गई थी। इस कारण कमलनाथ को 20 मार्च को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा 23 मार्च को सूबे की सत्ता में लौट आई थी।

# तूतीकोरीन के पुलिस अधीक्षक को सरकार ने किया जिले से बाहर, अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तूतीकोरीन में पिछले सप्ताह पुलिस की कथित पिटाई से पिता-पुत्र की हुई मौत के बाद प्रदेश सरकार ने वहां के पुलिस अधीक्षक को मंगलवार को जिले से बाहर कर दिया और पुलिस अधिकारी को "अनिवार्य प्रतीक्षा" के लिए भेज दिया गया है। तूतीकोरीन में पी जयराज और उनके बेटे बेनिक्स को लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन कर तय समय से अधिक वक्त तक अपनी मोबाइल की दुकान खोलने के लिए गिरफ्तार किया गया था। 23 जून को कोविलपट्टी में एक अस्पताल में उनकी मौत हो गई। थी।

जयराज और बेनिक्स के संबंधियों का आरोप है कि मौत से पहले सतांकुलम थाने के पुलिसकर्मियों ने उन्हें बुरी तरह पीटा था। गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अरुन बालगोपालन को पुलिस महानिदेशक के कार्यालय में अनिवार्य प्रतीक्षा के लिए कहा गया है। बालगोपालन की जगह विल्लुपुरम के पुलिस अधीक्षक एस जयकुमार को तूतीकोरीन का एसपी नियुक्त किया गया है।

सरकार ने आर्थिक अपराध शाखा में महानिरीक्षक एस मुरुगन को दक्षिणी जोन का महानिरिक्षक नियुक्त किया है। वह के पी राजेश्वरन की जगह लेंगे जो आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस बीच, तूतीकोरीन जिला प्रशासन ने मंगलवार को सतांकुलम थाने का नियंत्रण लेने के लिए अधिकारियों को तैनात किया है। यह तैनाती मद्रास उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप की गई है जिसमें अदालत ने कहा था कि थाने को राजस्व विभाग के तहत लाया जाए।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि कलेक्टर संदीप नंदूरी ने थाने को नियंत्रण में लेने के लिए एक तहसीलदार और एक उप तहसीलदार को नियुक्त किया है। इसके अलावा अदालत के निर्देश पर मुदरै की एक फॉरेंसिक टीम थाने से सबूत एकत्रित करने में जुटी है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने पिता-पुत्र की मौत के बाद जब्त की गई सुराग सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए सोमवार को राजस्व अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश दिया था।

इससे पहले प्रधान जिला न्यायाधीश ने पुलिसकर्मियों से कहा था कि वे सीआरपीसी के तहत पूछताछ में न्यायिक मजिस्ट्रेट का सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस घटना को लेकर राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बाद एक निरीक्षक और दो उप निरीक्षकों समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। सतांकुलम थाने में तैनात सभी पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया है। तमिलनाडु सरकार ने इसके बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ मामले की सुनवाई कर रही है।




देहरादून में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पेट्रोल की बढ़ती हुई कीमतों के खिलाफ धरना देते हुए

# भारत-फ्रांस ने सुरक्षा, राजनीतिक महत्व के मुद्दों पर की अहम चर्चा





**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को फ्रांस के अपने समकक्ष जीन-यवेस ले ड्रियन के साथ सुरक्षा और राजनीतिक महत्व के सामयिक मुद्दे सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर फ्रांस और भारत के विदेश सचिव स्तर की बातचीत के बाद दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत हुई। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और फ्रांस के विदेश सचिव फ्रांकोइस डेलाट्रे ने सोमवार को वीडियो लिंक के जरिए कोविड-19 महामारी पर चर्चा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की।

जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-यवेस ले ड्रियन के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सुरक्षा और राजनीतिक महत्व के सामयिक मुद्दे भी इसमें शामिल थे। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य और विमानन क्षेत्र में कोविड-19 से जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर भी सहमत हुए। यूएनएससी (सुरक्षा परिषद) में मजबूत समर्थन के लिए उनका आभार जताया और आगे साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच ऐसे समय चर्चा हुई है जब पूर्वी लद्दाख में कई स्थानों पर भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच पिछले सात सप्ताह से तनाव गहराया हुआ है। गलवान घाटी में हिंसक झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मियों के शहीद होने के बाद यह तनाव और बढ़ चुका है।

## फ्रांस ने गलवान में 20 भारतीय जवानों के शहीद होने की घटना पर शोक जताया

**भाषा।** नई दिल्ली



**फ्रांस** की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर गलवान घाटी में 20 भारतीय जवानों के शहीद होने की घटना पर शोक जताया है और द्विपक्षीय सामरिक सहयोग मजबूत करने के लिए भारत की यात्रा करने का प्रस्ताव दिया है। फ्रांस के राजनयिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पार्ली ने सोमवार को सिंह को लिखे पत्र में जवानों के शहीद होने का जिक्र करते हुए इन मुश्किल हालात में फ्रांस के सशस्त्र बलों के साथ-साथ अपना अडिग एवं मित्रवत समर्थन व्यक्त किया। सूत्रों ने फ्रांसीसी विदेश मंत्री के हवाले से कहा, यह जवानों, उनके परिवारों और देश के लिए बड़ा झटका है। मैं इन मुश्किल हालात में फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के साथ-साथ अपना अडिग एवं मित्रवत समर्थन व्यक्त करती हूं। उन्होंने बताया कि पार्ली ने शोकसंतप्त परिवारों और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सूत्रों ने बताया कि पार्ली ने भारत को क्षेत्र में फ्रांस का सामरिक साझीदार बताया। उन्होंने भारत के साथ फ्रांस की गहरी एकजुटता की बात दोहराई और रक्षा संबधों को और मजबूत करने की खातिर द्विपक्षीय वार्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत आने की इच्छा जताई। पूर्वी लद्दाख में कई जगहों पर पिछले सात सप्ताह से भारत और चीन की सेनाएं गतिरोध की स्थिति में हैं। गलवान घाटी में 15 जून को हुए संघर्ष में 20 भारतीय सैन्यकर्मियों के शहीद हो जाने के बाद तनाव और बढ़ गया है। चीनी पक्ष के जवान भी हताहत हुए हैं, लेकिन उसने इस बारे में जानकारी नहीं दी है।

भारत और फ्रांस के बीच रक्षा एवं रणनीतिक संबंध पिछले कुछ वर्षों में मजबूत हुए हैं। भारत को फ्रांस से छह राफेल युद्धक विमानों की पहली खेप 27 जुलाई तक मिलने की उम्मीद है। इन विमानों से भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भारत ने सितंबर 2016 में फ्रांस के साथ लगभग 58,000 करोड़ रुपए की लागत से 36 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह विमान कई शक्तिशाली हथियारों को ले जाने में सक्षम है।

## देश में कोरोना के 18,522 नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के एक दिन में 18,522 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले मंगलवार को बढ़कर 5,66,840 हो गए, जिनमें से 418 और लोगों की जान जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 16,893 हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अद्यतन किए आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में पिछले 24 घंटे में करीब चार हजार मामले सामने आने के बाद राज्य में कोविड-19 के मामले अब दिल्ली से अधिक हो गए हैं। वहीं, कर्नाटक में 1,100 से अधिक मामले सामने आने के बाद वहां भी संक्रमण के मामले हरियाणा और आंध्र प्रदेश से अधिक हो गए हैं। महाराष्ट्र में एक दिन में सबसे अधिक 5,200 से ज्यादा मामले सामने आने के बाद वह कोविड-19 संक्रमण के मामलों की सूची में शीर्ष पर है। इस दौरान दिल्ली में 2,084 मामले सामने आए। देश में 2,15,125 लोगों का इलाज जारी है और 3,34,821 लोग ठीक हो चुके हैं।



मोरीगांव जिले में पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य के निचले इलाकों में बाढ़ के बाद सूखी जमीन की तलाश करता एक सींग वाला गैंड़ा और उसका बच्चा

## मुर्गी पालन की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए अध्ययन किया गया

**कोलकाता।** भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण (जेडएसआई) के एक शोधकर्ता ने प्रतिष्ठित वैश्विक संस्थानों के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर एक अध्ययन कर सदियों से किए जा रहे मुर्गी पालन की उत्पत्ति पर प्रकाश डाला है।

इस अध्ययन में घरेलू मुर्गियों और जंगल फाउल (जेएफ) दोनों प्रजातियों के वैश्विक नमूने के सबसे बड़े संपूर्ण जीन समूह अनुक्रमण डेटासेट का उपयोग किया गया। जेडएसआई के मुकेश ठाकुर ने विभिन्न वैश्विक संस्थानों के तीन अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ मिलकर यह अध्ययन किया।

## असम में घोड़ों के मुंह में लगाए जाने वाले नुकीले लगाम पर प्रतिबंध लगा

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** सरकार ने घोड़ों के मुंह में लगाए जाने वाले नुकीले लगाम के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और पशु चिकित्सा अधिकारियों को भारवाहक पशु क्रूरता निवारण नियम, 1965 के प्रावधानों के तहत प्रतिबंध को लागू करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नुकीले लगाम वे उपकरण होते हैं जिन्हें अक्सर घोड़ों को नियंत्रित करने के लिए उनके मुंह में लगाया जाता है। इस तरह की लगाम में धातु के नुकीले टुकड़े बाहर की ओर निकले होते हैं। पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के सचिव देवज्योति हजारिका ने हाल ही में जिला पशु चिकित्सा अधिकारियों को एक आदेश जारी किया है। जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि किसी भी जानवर को नियंत्रित करने के लिए किसी नुकीले उपकरण का उपयोग नहीं किया जाए। पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि सरकार ने पशु अधिकार संगठन की अपील के बाद कार्रवाई की, जिसमें बताया गया है कि असम में घोड़ों को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे धातु के नुकीले लगाम पर भारवाहक पशु क्रूरता निवारण नियम, 1965 के नियम 8 के तहत प्रतिबंध लगाया गया है।

## दुर्लभ वन्यप्राणी के अंगों का अवैध करोबार करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश वन विभाग के विशेष कार्यबल ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दुर्लभ वन्यप्राणी पेंगोलिन के शल्क बरामद किए। वन विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने पोहरी -शिवपुरी मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों के पास से वन्यप्राणी पेंगोलिन के 2.7 किलोग्राम शल्क बरामद किए।

## तेलंगाना में बंदर को लटकाकर मारने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले में पेड़ से बंदर को लटकाकर मार डालने का वीडियो वायरल होने के कुछ दिन बाद घटना से संबंधित तीन लोगों की गिरफ्तार कर लिया गया है। सतुपल्ली वन्य क्षेत्राधिकारी ए वेंकटेश्वरलु के अनुसार अपराधियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रारंभिक अपराध रिपोर्ट (पीओआर) दाखिल करने के बाद सोमवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया, यह एक जमानती अपराध है इसलिए उन्हें व्यक्तिगत बांड पर जमानत दी गई है। यह घटना 26 जून को वेमसर गांव में हुई थी जिसमें एक बंदर को रस्सी से लटकाए जाने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो के वायरल होने के बाद अधिकारियों ने इसकी जांच शुरु की। वन अधिकारियों ने कहा कि आरोपी दूसरे बंदरों को डराना चाहते थे जिसके लिए उन्होंने एक बंदर को फांसी पर लटका दिया। बाद में बंदर का शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया।

## पत्नी के सिंदूर-चूड़ी पहनने से इनकार करने पर अदालत ने दी पति को तलाक की अनुमति

**भाषा।** गुवाहाटी

**गुवाहाटी** उच्च न्यायालय ने सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को अपनी पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दे दी। अदालत ने इस आधार पर तलाक को मंजूरी दी कि एक हिंदू महिला द्वारा इन रीति-रिवाजों को मानने से इनकार करने का मतलब है कि वह शादी स्वीकार करने से इनकार कर रही है।

पति की याचिका की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश अजय लाम्बा और न्यायमूर्ति सौमित्र सैकिया की एक खंड पीठ ने एक पारिवारिक अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसने इस आधार पर पति को तलाक की अनुमति नहीं दी थी कि पत्नी ने उसके साथ कोई क्रूरता नहीं की। व्यक्ति ने पारिवारिक अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने 19 जून को दिए अपने फैसले में कहा, चूड़ी पहनने और सिंदूर लगाने से इनकार करना उसे (पत्नी को) अविवाहित दिखाएगा या फिर यह दर्शाएगा कि वह वादी के (पति) साथ इस शादी को स्वीकार नहीं करती है। प्रतिवादी का यह रवैया इस ओर इशारा करता है कि वह वादी (पति) के साथ दाम्पत्य जीवन को स्वीकार नहीं करती है।

इस जोड़े की शादी 17 फरवरी, 2012 में हुई थी, लेकिन इसके शीघ्र बाद ही दोनों के बीच झगड़े शुरू हो गए थे, क्योंकि महिला अपने पति के परिवार के सदस्यों के साथ नहीं रहना चाहती थी। परिणामस्वरूप दोनों 30 जून, 2013 से ही अलग रह रहे थे। पीठ ने कहा कि महिला ने अपने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन यह आरोप निराधार साबित हुआ। अदालत ने अपने आदेश में कहा, पति या उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ निराधार आपराधिक मामले दर्ज कराने की इन गतिविधियों को उच्चतम न्यायालय ने क्रूरता करार दिया है।



दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालूरघाट के पास एक गांव में मानसून के दौरान धान के खेत में बांस से बनी टोकरियों से मछली पकड़ने का प्रयास करते लोग

## तमिलनाडु में कोविड-19 मामलों का आंकड़ा 90 हजार के पार

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के लगभग 4,000 नए मामले सामने आए जिसके बाद राज्य में कोविड-19 के मामलों का आंकड़ा 90,000 के पार चला गया। इसके अलावा पिछले 24 घंटों में इस संक्रमण से 60 और लोगों की मौत हुई हैं जिसके बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,201 पर पहुंच गई है। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन में कहा गया कि मंगलवार को सामने आए नए मामलों में अकेले चेन्नई से संक्रमण के 2,393 मामले हैं। चेन्नई में संक्रमण के कुल मामलों का आंकड़ा 58,387 पहुंच गया जबकि राज्य में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 90,187 पहुंच गए। वहीं मंगलवार को 2,325 मरीजों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिससे स्वस्थ हो चुके लोगों की संख्या 50,074 हो गई है। राज्य में अब 38,889 मरीजों का उपचार चल रहा है। राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कोविड-19 से संक्रमित 60 लोगों की मौत हो गई जिनमें से 57 मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

### प्रदेश के मंत्री कोरोना से संक्रमित

**भाषा।** चेननई



**तमिलनाडु** के उच्च शिक्षा मंत्री के पी अंबलगन के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। एक अस्पताल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एमआईओटी अस्पताल ने कहा कि शुरू में उनमें कोरोना वायरस का कोई लक्षण नहीं दिखा और उनका सीटी स्कैन भी सामान्य था। लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें निगरानी में रखा गया था। उनके दूसरे नमूने की जांच में कोरोना वायरस से संक्रमण की पुष्टि हुई।

अस्पताल ने कहा कि एक दिन पहले उन्हें हल्की खांसी हुई और उसका इलाज किया जा रहा है। उनकी हालत स्थिर है और सभी महत्वपूर्ण मानदंड सामान्य हैं। सूत्रों ने कहा कि मंत्री का करीब एक सप्ताह से अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## बारातियों को लेकर जा रही कार नदी में गिरी, तीन की मौत

**नई टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले के भिलंगना क्षेत्र में मंगलवार को बारातियों को लेकर जा रही एक कार के बालगंगा नदी में गिर जाने से उसमें सवार तीन व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है। क्षेत्र के उपजिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि बूढ़ाकेदार-कोट विशन मार्ग पर अपरान्ह दो बजे के करीब हुई दुर्घटना के समय कार भेटी गांव से कोट गांव जा रही थी। वाहन चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश लाया गया है।

## पेज एक का शेष

### अस्सी करोड़...

कि गांव के प्रधान हों या प्रधानमंत्री, कोई भी कानून से ऊपर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में यही कोशिश रही कि ऐसी स्थिति ना आए कि गरीबों के घर में चूल्हा ना जले। हर किसी ने प्रयास किया कि इतने बड़े देश में गरीब भाई-बहन भूखा ना सोए। देश हो या व्यक्ति, समय और संवेदनशीलता से फैसले लेने से किसी भी मुसीबत का सामना करने की शक्ति अनेक गुना बढ़ जाती है। लॉकडाउन होते ही सरकार गरीब कल्याण योजना लेकर आई। इसके तहत पौने दो लाख करोड़ का पैकेज दिया गया। 3 महीनों में 20 करोड़ जन-धन खातों में 31 हजार करोड़ रुपए जमा करवाए गए हैं। 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में 18 हजार करोड़ रुपए जमा हुए हैं। इसके साथ ही गांवों में श्रमिकों को रोजगार देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान तेज गति से आरंभ कर दिया गया है।

### बेनतीजा रही...

नहीं है और उसने अपने सैनिकों को तनाव वाले क्षेत्रों से वापस नहीं हटाया है। भारत ने चीनी पक्ष से स्पष्ट कहा कि एलएसी पर 5 मई से पहले की स्थिति को बहाल किया जाना चाहिए। हालांकि, चीन ने एलएसी पर तनाव घटाने के लिए कोई नरमी या अपनी तरफसे झुकाव नहीं दिखाया है। इस स्थिति को देखते हुए भारत ने भी सैन्य बल बढ़ा दिया है और भारी हथियारों की तैनाती कर दी है। वास्तव में, चीन ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम में भी एलएसी के अन्य क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियाँ शुरू कर दी हैं। सूत्रों ने कहा कि चीन की चुनौती से निपटने के लिए भारतीय सेना ने इन सभी क्षेत्रों में अपनी ताकत बढ़ाई है। उन्होंने यह बात भी स्वीकार की है कि सीमा पर जाड़ों में हालात सामान्य हो सकते हैं, क्योंकि कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बारण दोनों देषो की सेनाएं उस दौरान गष्त कम कर देती हैं। ऐसे में चीन अपनी गतिविधियों में कमी कर सकता है। हालांकि मौके पर तैनात ऑपरेशनल कमांडरों के लिए यह 'देखो और इंतजार करो' वाली स्थिति है।

### 59 एप...

से नुकसान होगा और यह भारतीय पक्ष के हित में नहीं है। आईटी मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि उसे विभिन्न स्रोतों से कई शिकायतें मिली हैं, जिनमें एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कुछ मोबाइल ऐप के दुरुपयोग के बारे में कई रिपोर्ट शामिल हैं। इन रिपोर्ट में कहा गया है कि ए एप उपयोगकर्ताओं के डेटा को चुराकर, उन्हें गुपचुक तरीके से भारत के बाहर स्थित सर्वर को भेजते हैं। बयान में कहा गया, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति शत्रुता रखने वाले तत्वों द्वारा इन आंकड़ों का संकलन, इसकी जांच-पड़ताल और प्रोफाइलिंग अंततः भारत की संप्रभुता और अखंडता पर आधात होता है, यह बहुत अधिक चिंता का विषय है, जिसके खिलाफ आपातकालीन उपायों की जरूरत है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी कानून और नियमों की धारा 69ए के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन एप्स पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।

### पाकिस्तान के...

फैसला किया था। पाकिस्तान में स्थित भारतीय उच्चायोग में तैनात 38 भारतीय अधिकारी अपने परिवार के सदस्यों के साथ मंगलवार की शाम अटारी वाघा सीमा पार कर स्वदेश लौटे। गौरतलब है कि भारत ने 23 जून को पाकिस्तान से नई दिल्ली स्थित उसके उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या घटा कर आधा करने के लिए कहा था। इसी तरह इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग में भी कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पहले 22 जून को भारतीय उच्चायोग के पांच अधिकारी अटारी वाघा सीमा के रास्ते भारत आए थे। इन अधिकारियों में से दो को वहां गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया था।

### हाईस्पीड रेल...

लिए सर्वे कर रही है। वहीं, प्रदेश सरकार भी एलिवेटेड रोड बनाने के लिए राजी हो गई है। अब यह साफ हो गया है कि दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट और जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच एलिवेटेड रोड बनेगी। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक एलिवेटेड रोड करीब 50 किलोमीटर लंबी होगी। यह चार लेन की होगी। अब इसको लेकर जल्दी यमुना प्राधिकरण केंद्रीय परिवहन मंत्रालय से संपर्क करेगा, ताकि इस पर आगे बढ़ा जा सके। यमुना यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिरकण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट की मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी की जाएगी। ताकि यहां तक लोग आसानी से पहुंच सकें। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बहुत शानदार कनेक्टिविटी मिलेगी। यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेस वे पर बन रहा है। पूरे दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने वाले ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे से इसकी दूरी महज 15 किलोमीटर है। नेशनल हाईवे-91, गंगा एक्सप्रेस वे, मेरठ.दिल्ली एक्सप्रेस वे, रिंग रेलवे, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और अमृतसर-कोलकाता फ्रे ट कॉरिडोर जेवर एयरपोर्ट के चारों ओर से होकर गुजर रहे हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट मल्टी कनेक्टिविटी से जुड़ा होगा। इसके चारों ओर एक्सप्रेस वे, नेशनल हाईवे, हाई स्पीड ट्रेन, रिंग रेलवे और एलिवेटेड रोड जैसी अत्याधुनिक यातायात सुविधाएं रहेंगी। लोगों को पूरे दिल्ली, एनसीआर, पश्चिम उत्तर प्रदेश समेत 500 किलोमीटर के दायरे में आवागमन करने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

### आज से...

के स्तर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि शारदा अभियान के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। इसके अलावा दीक्षा ऐप के जरिए शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। राजधानी लखनऊ के बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार का कहना है कि शिक्षकों को इस बीच बच्चों तक किताबें पहुंचाना और यूनिफार्म बनवाने का काम भी पूरा करना है। सरकारी प्राइमरी स्कूलों में बच्चों की नाप का यूनिफार्म बनाया जाता है। समर्थ ऐप के जरिए दिव्यांग बच्चों का नामांकन ऐप पर किया जाना है। इसके लिए शिक्षकों को गांवों व मजरों में घूम कर ऐसे बच्चों को ऐप पर पंजीकृत करना है। इनके लिए शैक्षणिक योजना तैयार करना है।

## पतंजलि की सफाई, कोरोना की दवा नहीं है कोरोनिल

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



**योग** गुरु बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद कोरोना की दवा कोरोनिल बनाने के दावे से पलट गई है। यू-टर्न लेते हुए आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को कहा कि पतंजलि ने कभी ये नहीं कहा कि कोरोनिल कोरोना को ठीक या नियंत्रित करती है।

पतंजलि ने कहा था कि हमने एक दवा बनाई है, जो ट्रायल में कोरोना मरीज के लिए फायदेमंद साबित हुई है। इसमें किसी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं है। उत्तराखंड के आयुष विभाग को भेजे गए नोटिस का जवाब देते हुए पतंजलि आयुर्वेद ने कहा है कि उन्होंने कभी भी कोरोना की दवा बनाने का दावा नहीं किया था। यह जरूर कहा था कि संस्थान ने ऐसी दवा बनाई है, जिससे कोरोना के मरीज ठीक हुए हैं। आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को कहा कि पतंजलि आयुर्वेद अब भी अपने दावे और दवा पर कायम है। हमने कभी भी कोरोना वायरस की दवा बनाने का दावा नहीं किया है। सरकार की अनुमति और उनकी गाइडलाइन के हिसाब से जो दवा तैयार की गई है, उससे कोरोना के मरीज ठीक जरूर हुए हैं। गौरतलब है कि बीते 23 जून को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद ने दावा किया था कि उन्होंने कोरोना वायरस के इलाज की दवा बना ली है। राजस्थान की निम्स यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर कोरोना की दवा बनाने का दावा कर रामदेव ने कोरोना-किट नाम से इसे लॉन्च भी किया था। दवा का नाम कोरोनिल और श्वासारि बटी था।

दवा लॉन्च करने समय रामदेव और उनकी कंपनी ने दावा किया था कि इसका कई मरीजों पर परीक्षण किया गया था, जिसके नतीजे सकारात्मक आए, लेकिन इस दावे पर सवाल उठाते हुए आयुष मंत्रालय ने कंपनी को नोटिस भेजा था। इसके बाद उत्तराखंड ड्रग कंट्रोलर की ओर से भी नोटिस भेजा गया था। यही नहीं, उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को कोरोना वायरस से निजात दिलाने वाली कोरोनिल को लॉन्च करने के खिलाफ दायर याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

## रीजीजू ने नाडा का ऐप लांच किया

**नई दिल्ली।** खेलो को डोपमुक्त बनाने की कवायद मे खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी का पहला मोबाइल ऐप लांच किया जो खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं और उनके इस्तेमाल से बचने की जानकारी देगा। यह ऐप नाडा और खिलाड़ियों के बीच सेतु का काम करेगा। इससे उन्हें खेलो के विभिन्न पहलुओ खासकर प्रतिबंधित दवाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी मिल सकेगी। रीजीजू ने ऐप के आनलाइन लांच के मौके पर कहा , भारतीय खेलो की दिशा मे यह महत्वपूर्ण कदम है। हम खेलो को साफसुथरा बनाने की कोशिश मे जुटे है और पहला कदम जागरूकता पैदा करना है।

## रग्बी सेवेंस विश्व सीरीज रद्द, न्यूजीलैंड चैंपियन

**डबलिन (एपी)।** कोरोना वायरस महामारी के कारण रग्बी सेवेंस विश्व सीरीज के बचे हुए मुकाबलो को रद्द कर दिया गया और मंगलवार को न्यूजीलैंड की पुरुष एवं महिला टीम को चैंपियन घोषित किया गया। इससे पहले हांगकांग, सिंगापुर, लैंगफोर्ड (कनाडा), लंदन और पेरिस चरण के मुकाबलो को स्थगित किया गया था। विश्व रग्बी ने हालांकि मेजबान संघो के साथ चर्चा के बाद उन्हे रद्द कर दिया। खेल को रोके जाते समय पुरुष और महिला वर्ग की तालिका मे न्यूजीलैंड की टीम शीर्ष पर थी जिससे उन्हें चैम्पियन घोषित किया गया। पुरुष वर्ग मे 10 मे से छह दौर के मुकाबले हुए थे जबकि महिला वर्ग के पांच मे से चार दौर के मैच हुए थे।

## आस्ट्रेलिया जिम्बाब्वे वनडे श्रृंखला स्थगित

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला कोरोना वायरस महामारी के कारण दोनो बोर्ड की सहमति से स्थगित कर दी गई। तीन मैचो की श्रृंखला अगस्त मे खेली जानी थी लेकिन आस्ट्रेलिया मे कोरोना महामारी के नए मामले सामने आ रहे है। यहां 7500 से अधिक लोग संक्रमित है जबकि उनमे से 7000 ठीक हो चुके है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा , दोनो बोर्ड ने मिलकर श्रृंखला स्थगित करने का फैसला लिया है। सभी विकल्पो पर विचार करने के बाद खिलाड़ियो, मैच अधिकारियो और स्टाफ की सुरक्षा और सेहत को ध्यान मे रखकर यह फैसला लिया गया।

## सब्जी बेचने को मजबूर है खिलाड़ी को मिली मदद

**रांची।** झारखंड की एथलीट गीता कुमारी को आर्थिक परेशानियो के कारण रामगढ़ जिले की गलियो मे सब्जी बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सीएम हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप के बाद हालांकि गीता को रामगढ़ जिला प्रशासन से 50,000 रुपए और एथलेटिक्स करियर को आगे बढ़ाने के लिए 3,000 रुपए का मासिक वजीफा पाने मे मदद मिली। सोरेन को ट्विटर के जरिए जानकारी मिली कि गीता वित्तीय समस्याओ के कारण सड़क किनारे सब्जी बेचने को मजबूर है। सीएम ने रामगढ़ के उपायुक्त को आर्थिक रूप से सहायता करने का निर्देश दिया।

# रोहित वनडे के सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाजों में से एक : श्रीकांत

**भाषा।** नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्माचारी श्रीकांत ने कहा कि एकदिवसीय में बड़ी शतकीय पारी खेलने की क्षमता रोहित शर्मा को इस प्रारूप का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनाती है। रोहित ने एकदिवसीय में 29 शतक लगाए है जिसमें से 11 बार वह 140 से अधिक रन बनाने में सफल रहे है। अपने समय में खुद आक्रामक सलामी बल्लेबाज रहे श्रीकांत ने कहा कि रोहित महानतम सलामी बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष तीन या पांच में रहेंगे। श्रीकांत ने क्रिकेट कनेक्टेड से कहा, मैं उसे विश्व क्रिकेट के सर्वकालिक महान सलामी बल्लेबाज के रूप में गिनूंगा। रोहित शर्मा में सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह आसानी से बड़ी शतकीय पारी खेलते है या दोहरा शतक बनाते , जो आश्चर्यजनक है। भारत के लिए 43 टेस्ट और 146 एकदिवसीय खेलने वाले 60 साल के श्रीकांत ने कहा, एक दिवसीय मैच में अगर आप 150, 180 या 200 रन बना लेते है तो बस कल्पना कीजिए कि आप टीम को कहां ले जा रहे हैं। रोहित की यह महानता है। तीस साल के रोहित ने 224 एकदिवसीय में 49.27 की औसत से 9115 रन बनाए है।

### सभी प्रारूपों में कोहली के लगातार अच्छे प्रदर्शन के कायल हैं फिंच

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरो के कप्तान आरोन फिंच का कहना है कि भारत जैसे क्रिकेट के दीवाने देश मे लोगो की अपेक्षाओ का बोझ काफी है लेकिन विराट कोहली ने बतौर कप्तान शानदार प्रदर्शन किया है। फिंच ने कहा कि खिलाड़ी खराब दौर से गुजरते है लेकिन कोहली, स्टीव स्मिथ, रिकी पोंटिंग और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ी अपवाद है। उन्होंने सोनी टेन के पिट स्टॉप शो पर कहा , हर खिलाड़ी का एक खराब दौर आता है लेकिन कोहली, स्मिथ, पोंटिंग और तेंदुलकर ऐसे खिलाड़ी थे जिनका फार्म कभी भी लगातार दो श्रृंखलाओ मे खराब नही रहा। भारत के लिए खेलने का दबाव अलग है और कप्तानी का अलग और जिस तरह से कोहली लंबे समय से दोनो काम कर रहे है, वह लाजवाब है।

# गेंद को संभालना सबसे बड़ी चुनौती: मेनन

**भाषा।** नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंपायरों के एलीट पैनल के सबसे युवा सदस्य नितिन मेनन एशेज श्रृंखला को सर्वोच्च चुनौती मानते हैं लेकिन उनका कहना है कि मौजूदा हालात में सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी जानबूझकर या अनजाने में गेंद पर लार नहीं लगाएं। बाइस साल की उम्र में क्रिकेट खेलना छोड़ने वाले 36 साल के मेनन इसके बाद अंपायरिंग से जुड़े जिसका हिस्सा उनके परिवार में कई सदस्य हैं। मेनन ने तीन साल पहले अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और सोमवार को 12 सदस्ईय एलीट पैनल में उनका प्रवेश सोने पर सुहागा रहा। कोविड-19 महामारी के बीच एलीट पैनल का हिस्सा बने मेनन को नहीं पता कि उन्हें कब अंपायरिंग का मौका मिलेगा लेकिन उन्हें पता है कि आईसीसी के मौजूदा दिशानिर्देशों को लागू करना बड़ी चुनौती होगी। मेनन ने कहा, मुख्य चुनौती गेंद को संभालना होगा, यह चुनौती टेस्ट मैचों में अधिक होगी। शुरुआत में नियमों को लागू करने से पहले हम खिलाड़ियों को चेतावनी देंगे, जैसा कि हम तब करते हैं जब कोई खिलाड़ी खतरनाक तरीके से पिच पर दौड़ता है। इंदौर के रहने वाले इस अंपायर ने कहा, खिलाड़ियों के जानबूझकर की जगह गलती से लार लगाने की संभावना अधिक है इसलिए हम इसी के अनुसार कार्वाई करेंगे।

## रूट की गैर मौजूदगी में कप्तानी करने पर भी मेरी शैली नहीं बदलेगी : स्टोक्स



**लंदन।** स्टार हरफनमौला बेन स्टोक्स ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में अगर नियमित कप्तान जो रूट की गैर मौजूदगी में इंग्लैंड की कप्तानी करने पर भी उनके खेलने की शैली नहीं बदलेगी। रूट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण आठ जुलाई से शुरू हो रहे पहले टेस्टमें नहीं खेलेंगे जिनकी जगह स्टोक्स को कप्तानी दी जा सकती है। मैं हमेशा अपनी प्रतिबद्धता और खेलने के तरीके से मिसाल कायम करना चाहता हूं। कप्तानी मिलने पर भी मेरी तरीका नहीं बदलेगा। पिछले साल विश्व कप और एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड की शानदार जीत के नायक रहे स्टोक्स ने कहा , मैं बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में सकारात्मक प्रभाव छोड़ना चाहता हूं। हालात के अनुरूप में जो भी कर रहा हूं, मैं सकारात्मक रास्ता चुनता हूं। अगर स्टोक्स कप्तानी करते हैं तो एंड्रयू फ्लिंटाफ के बाद टीम की कमान संभालने वाले वह पहले हरफनमौला होंगे।

## अभ्यास पर लौटे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर

**जोहानिसबर्ग।** क्विंटोन डिकॉक की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के 44 क्रिकेटरों ने कोरोना वायरस महामारी के बीच खेल मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद अभ्यास शुरू कर दिया। दक्षिण अफ्रीका में 15 मार्च से क्रिकेट गतिविधियां बंद है। उसी दौरान दक्षिण अफ्रीकी टीम तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए भारत में थी लेकिन महामारी के कारण श्रृंखला स्थगित कर दी गई। पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो सका था। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस संक्रमण के 138000 से अधिक मामले हैं और 2400 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार खिलाड़ी छोटे छोटे समूहों में अभ्यास करेंगे और उनकी करीबी फ्रेंचाइजी टीम के कोच उनके साथ होंगे। अभ्यास के दौरान क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की कोरोना वायरस संचालन समिति द्वारा बनाए गए दिशा निर्देशों का पूरा पालन होगा।

## कृणाल ने आउटडोर ट्रेनिंग शुरू की

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के कारण अपने घर में रहने को मजबूर भारतीय आलराउंडर कृणाल पंड्या ने मंगलवार को तीन महीने से अधिक समय बाद आउटडोर ट्रेनिंग शुरू की। हार्दिक पंड्या के बड़े भाई कृणाल ने 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। बड़ौदा के इस क्रिकेटर ने अपने वर्कआउट की तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, मैदान पर दौड़ लगाकर दिन की शुरुआत की... एक बार फिर यहां आकर अच्छा लग रहा है। भी अन्य क्रिकेटरों की तरह कृणाल भी 25 मार्च से अपने घर के अंदर रहने को मजबूर हैं जब सरकार ने कोरोना वायरस महामारी के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी। भारतीय तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर पिछले महीने ट्रेनिंग शुरू करने वाले बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त पहले खिलाड़ी बने थे जब उन्होंने महाराष्ट्र के पालघर जिले के बोइसर में नेट्स पर गेंदबाजी की थी।

## आईपीएल को चीनी प्रायोजकों से नाता तोड़ना चाहिए, इस सत्र में नहीं तो 2021 तक : वाडिया

**भाषा।** नई दिल्ली

किंग्स इलेवन पंजाब के सह मालिक नेस वाडिया ने इस महीने की शुरुआत में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चीन की कंपनियों के प्रायोजन को धीरे-धीरे खत्म करने की मांग की। गलवान घाटी में 15 जून को 20 भारतीय सैनिकों की मौत के बाद चीन के उत्पादों के बहिष्कार की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। चीन ने हालांकि अब तक अपने सैनिकों के मारे जाने की जानकारी साझा करने से इनकार किया है। इस घटना के बाद बीसीसीआई को चीन की कंपनियों द्वारा प्रायोजन की समीक्षा के लिए आईपीएल संचालन परिषद की बैठक बुलानी पड़ी लेकिन यह बैठक अब तक नहीं हो पाई है। सोमवार को भारत के चीन की 59 ऐप को प्रतिबंधित कर दिया। वाडिया ने मंगलवार को पीटीआई से कहा, हमें देश की खातिर ऐसा (आईपीएल में चीन के प्रायोजकों से नाता तोड़ना) करना चाहिए। देश पहले है, पैसा बाद में आता है। और यह इंडियन प्रीमियर लीग है, चीन प्रीमियर लीग नहीं।

# 57 महासंघों को अस्थाई मान्यता देने के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी

**भाषा।** नई दिल्ली



केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके 54 राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को 30 सितंबर तक अस्थाई तौर पर मान्यता देने की अनुमति देने के लिए कहा। मंत्रालय के आवेदन पर दो जुलाई को सुनवाई होने की संभावना है। मंत्रालय ने इसके साथ ही तीन मान्यता प्राप्त एनएसएफ के निलंबन को वापस लेने और अस्थाई तौर पर उनकी वार्षिक मान्यता का नवीनीकरण करने के लिए भी अदालत से अनुमति देने को कहा है। यह आवेदन उच्च न्यायालय के 24 जून के आदेश के संदर्भ में किया गया है जिसके कारण एनएसएफ की मान्यता का अस्थाई नवीनीकरण के मंत्रालय के फैसले को वापस ले लिया गया था। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और नजमी वजीरी की पीठ ने कहा था कि मंत्रालय ने यह फैसला करके उच्च न्यायालय के फरवरी में दिए गए आदेश का उल्लंघन किया। भले ही यह अस्थाई हो लेकिन इसके लिए उसने अदालत से संपर्क नहीं किया और उसकी अनुमति नहीं ली। यह आवेदन केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी के जरिए किया गया है।

## गेंदबाजों को अब बेहतर बल्लेबाजी इकाइयों का सामना करना पड़ रहा है : जयवर्धने



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज महेला जयवर्धने ने जिन भी महान गेंदबाजों का सामना किया वह उनका पूरा सम्मान करते हैं लेकिन उनका मानना है कि मौजूदा तेज गेंदबाजों और स्पिनरों को बेहतर बल्लेबाजी इकाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व कप्तान जयवर्धने ने लगभग दो दशक के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान सभी प्रारूपों में 652 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। जयवर्धने का मानना है कि जब वह अपने करियर के शीर्ष पर थे तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई विश्व स्तरीय गेंदबाज थे और उनका मानना है कि अब ऐसा नहीं है। जयवर्धने ने संजय मांजरेकर के साथ ईएसपीएनक्रिकइंफो के वीडियोकास्ट के दौरान कहा, हमें देखना होगा कि मौजूदा पीढ़ी के गेंदबाज क्या वे संख्या हासिल कर पाएंगे जो उनके पूर्ववर्ती गेंदबाजों ने हासिल की है।

## पाकिस्तान और इंग्लैंड के क्रिकेटर निगेटिव

**साउथम्पटन।** इंग्लैंड और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ी यहां कोरोना वायरस परीक्षण में निगेटिव रहे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को बताया कि रविवार को इंग्लैंड पहुंचे पाकिस्तान के 20 खिलाड़ी और सहयोगी दल के 11 सदस्य कोविड-19 की जांच में निगेटिव पाए गए। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अगस्त और सितंबर में तीन टेस्ट और तीन टी20 मैच खेलने है। टीम वारेस्टरशर में है जहां वह 14 दिनों तक पृथकवास में रहेगी। इंग्लैंड के भी सभी खिलाड़ी और प्रबंधन से जुड़े अधिकारी तीसरे दौर की जांच में भी निगेटिव पाए गए। टीम साउथम्पटन में अगले सप्ताह वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरु होने वाली टेस्ट श्रृंखला की तैयारी कर रही है।

# पहली बार वेम्बले में दर्शकों के बिना हुआ मैच



### 82 लोगों को नौकरी से निकालेगा एफए

**भाषा।** लंदन

कोरोना वायरस महामारी के कारण पहली बार 90000 की क्षमता वाले वेम्बले स्टेडियम में दर्शकों के बिना मैच हुआ जबकि महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों के चलते इंग्लैंड फुटबॉल संघ ने 82 नौकरियां खत्म करने का फैसला किया है। इंग्लैंड फुटबाल संघ ने कोरोना महामारी के कारण 30 करोड़ पाउंड के नुकसान का अनुमान लगाया है। इसकी भरपाई के लिए उठाए जाने वाले कदमों के तहत 82 नौकरियां खत्म की जाएंगी। वेम्बले में लीग टू के प्लेआफ फाइनल में नार्थम्प्टन ने एक्सेटर को हराया लेकिन सामाजिक दूरी के नियम के चलते खिलाड़ियों ने पदक और ट्रॉफी खुद ही उठाई।

### स्पेनिश क्लब वालेंशिया ने कोच को हटाया

**वालेंशिया।** स्पेनिश फुटबॉल क्लब वालेंशिया ने टीम के लगातार खराब प्रदर्शन के बाद कोच अलबर्ट सेलाडेस को बर्खास्त कर दिया। कोरोना महामारी के बीच खेल बहाल होने के बाद टीम की यह लगातार तीसरी हार थी। अब वालेंशिया आठवे स्थान पर है। उसने कोरोना महामारी के बाद पांच मे से एक ही मैच जीता है। अंतरिम कोच वोरो गोंजालेस सत्र के आखिर तक टीम का कार्यभार संभालेंगे।

## इस ब्रेक से आने वाली चुनौतियों के लिए तरोताजा रहेंगे हॉकी खिलाड़ी : वरुण कुमार



**जालंधर।** ड्रैग फ्लिकर वरूण कुमार का मानना है कि खेल से एक महीने के ब्रेक से भारतीय हॉकी खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक समेत आने वाली बड़ी चुनौतियों के लिए खुद को तरोताजा कर सकेंगे। भारतीय हॉकी टीमें कोरोना वायरस महामारी के कारण लागू लॉकडाउन के बीच बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर दो महीने से अधिक समय तक फंसी हुई थी। खिलाड़ियों को हाल ही में एक महीने का ब्रेक मिला है। घर पर एक महीना बिताकर हम फिर तरोताजा हो सकेंगे। इसके बाद नए सिरे से शुरूआत करेंगे ताकि जुलाई 2021 में ओलंपिक के समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। हमेशा शारीरिक रूप से तरोताजा रहना ही अहम नहीं होता। मानसिक पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस ब्रेक से हमें परिवार के साथ वक्त बिताने का मौका मिला है जिससे काफी फायदा होगा क्योंकि कुछ समय के लिए खेल से ध्यान हट जाएगा। जूनियर हॉकी विश्व कप विजेता डिफेंडरने कहा , लॉकडाउन के दौरान भारतीय टीम के साथ अपने सफर के बारे में सोचा। मुझे जूनियर विश्व कप 2016 में मिली जीत पर फख्र है जो मेरे कैरियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से एक था।

## सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने वाले मंच की अगुवाई करेंगे सुरेश प्रभु



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य सुरेश प्रभु सहकारी विकास मंच (सीडीएफ) की अगुवाई करेंगे, जो देश में सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए काम करेगा। एक बयान के अनुसार इस मंच को 24 जुलाई के दिन औपचारिक रूप से शुरु किया जा सकता है। सात प्रमुख सहकारी नेता इस मंच का हिस्सा होंगे। इनमें एनसीयूआई के अध्यक्ष और सांदस सी पी यादव, इफको के एमडी यू एस अवस्थी, एनएएफएससीओबी के अध्यक्ष दिलीप भाई संघानी, एनएएफसीयूबी के अध्यक्ष ज्योतिंद्र मेहता, आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड के निदेशक सतीश मराठे, एनसीडीएफआई के अध्यक्ष मंगल जीत राय और सहकार भारती के राष्ट्रीय महासचिव उदय जोशी शामिल हैं।

### एसबीआई ने तीन शहरों में खोली योनो शाखाएं

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा शहरों में योनो शाखाएं खोली हैं। इसका मकदस बैंक के ग्राहकों के बीच डिजिटल बैंकिंग अपनाने को बढ़ावा देना है। योनो (यू ओनली नीड वन) एसबीआई की डिजिटल बैंकिंग एप है। बैंक ने एक विज्ञप्ति ने कहा कि उसने पायलट परियोजना के तहत नवी मुंबई, इंदौर और गुरुग्राम में एक-एक योनो शाखा खोली है। एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, हमें भरोसा है कि योनो शाखा ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग अपनाने में सशक्त बनाएगी और इसकी मदद से वह आसानी से सभी बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे।

### भारत में चार में से एक पेशेवर को अगले छह माह में आय, बचत, खर्च बढ़ने की उम्मीद : सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी संकट और उसके बाद लॉकडाउन से जहां एक तरफ अर्थव्यवस्था में नरमी के हालात हैं। वहीं लिंक्डइन के एक सर्वेक्षण के मुताबिक हर चार में एक भारतीय पेशेवर को उम्मीद है कि अगले छह महीने में उनकी आय और बचत में बढ़त होगी। साथ ही उनका निजी खर्च भी बढ़ेगा। लिंक्डइन के इस सर्वेक्षण में देश के 1,351 पेशेवर शामिल हुए। यह सर्वेक्षण एक जून से 14 जून के बीच किया गया जो दिखाता है पेशेवर अपनी निजी वित्तीय हालत को लेकर अधिक विश्वस्त हैं।

### कर्ज पुनर्गठन केवल समस्या को टालना, कोविड-19 की वजह से 14 प्रतिशत तक पहुंच सकता है एनपीए: एसएण्डपी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक कुछ क्षेत्रों के कर्ज का पुनर्गठन करने पर विचार कर रहा है इस तरह की रिपोर्टो के बीच वैश्विक रेटिंग एजेंसी एस एण्ड पी ने मंगलवार को कहा कि कर्ज का पुनर्गठन केवल बैंकों के एनपीए की पहचान को आगे के लिए टालेगा और इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। एजेंसी ने कहा है कि महामारी की वजह से आई मंदी और कामकाज में बाधा का बैंकों पर जितना समझा जा रहा था उससके कहीं अधिक गहरा प्रभाव पड़ेगा और बैंकों की सकल गैर- निष्पादित परिसंपत्तियां वित्त वर्ष 2019-20 के 8.5 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

# शेयर बाजारों ने शुरुआती लाभ गंवाया

### सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली गिरावट

**भाषा।** मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले निवेशकों द्वारा सतर्कता बरतने से सेंसेक्स और निफ्टी ने मंगलवार को शुरुआती लाभ को गंवा दिया और यह 46 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान एक समय 272.39 अंक चढ़ गया था। अंत में सेंसेक्स 45.72 अंक या 0.13 प्रतिशत के नुकसान के साथ 34,915.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 10.30 अंक या 0.10 प्रतिशत के नुकसान से 10,302.10 अंक पर बंद हुआ। तिमाही प्रदर्शन के लिहाज से देखा जाए, तो अप्रैल-जून की तिमाही में सेंसेक्स 18.5 प्रतिशत या 5,447 अंक चढ़ा है। वहीं तिमाही आधार पर निफ्टी 20 प्रतिशत या 1,704 अंक मजबूत हुआ है। इस बीच, कोविड-19 के बढ़ते मामलों तथा इसके अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर निवेशक चिंतित हैं।

### अमरीकी डालर के मुकाबले रुपया सात पैसे मजबूत होकर 75.51 पर बंद




**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारो मे दिन मे तेजी के संकेतो के बीच विदेशी विनिमय बाजार मे मंगलवार को भारतीय रुपए के प्रति धारणा मजबूत हुई और यह सात पैसे की मजबूती के साथ प्रति डालर 75.51 (अस्थाई) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्राओ के कारोबारियो के अनुसार रुपया डालर। विनिमय दर मे घट-बढ़ एक सीमित दायरे मे रही। घरेलू शेयर बाजारो मे तेजी की खबरो से रुपए के प्रति धारणा मजबूत हुई लेकिन विदेशी निवेश कोषो के भारतीय बाजार से धन बाहर निकालने और देश मे कोरोना वायरस के मामले बढ़ने से निवेशको का मनोबल पर प्रभाव पड़ा है। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक बाद मे हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। अंतर-बैंक विदेशी विनिमय बाजार मे रुपया अमेरिकी मुद्रा के आगे मजबूत होकर प्रति डालर 75.48 के भाव पर खुला और अंत मे पिछले बंद की तुलना मे सात पैसे मजबूत हो कर 75.51 पर बंद हुआ। सोमवार को विनिमय दर 75.58 रुपए प्रति डालर पर बंद हुई थी।

### राजकोषीय घाटा 58.6 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनो के दौरान राजकोषीय घाटा बढ़कर 4.66 लाख करोड़ रुपए या बजट अनुमानो का 58.6 प्रतिशत हो गया। लॉकडाउन के कारण कर संग्रह कम रहने के कारण राजकोषीय घाटे मे बढ़ोतरी हुई। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान राजकोषीय घाटा बजट अनुमानो का 52 प्रतिशत था। वित्त मंत्री द्वारा फरवरी मे पेश किए गए बजट मे सरकार ने 2021-21 के लिए राजकोषीय घाटा 7.96 लाख करोड़ रुपए या जीडीपी का 3.5 प्रतिशत रहने का लक्ष्य तय किया था।

## आठ बुनियादी उद्योगों में मई में 23.4 प्रतिशत गिरावट

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी एवं लॉकडाउन के चलते आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन मई में एक साल पहले की तुलना में 23.4 प्रतिशत कम रहा। सरकार ने मंगलवार को इसके आधिकारिक आंकड़े जारी किए। बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में पिछले साल मई में 3.8 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक उवर्क को छोड़कर बाकी सभी सात प्रमुख क्षेत्रों- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात, सीमेंट और विद्युत का उत्पादन मई में घटा। वित्त वर्ष 2020-21 में पहले दो माह अप्रैल-मई में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन बीते साल की तुलना में 30 प्रतिशत कम रहा। पिछले साल इसी अवधि में इनका उत्पादन 4.5 प्रतिशत बढ़ा था।

### कैट ने भारतीय स्टार्टअप्स में चीन के निवेश की जांच की मांग की

**नई दिल्ली।** व्यापारियो के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने चीन की कंपनियो द्वारा भारतीय स्टार्टअप्स मे निवेश की जांच कराने की मांग की कैट ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि कही इन स्टार्टअप्स के जरिए भी तो कोई डाटा चीनी निवेशको को उपलब्ध तो नही हो रहा है और उससे देश की सुरक्षा को कोई खतरा तो नही है। कैट ने इस बारे मे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर कहा है कि जांच के जरिए यह पता लगाया जाना चाहिए कि निवेश के नाम पर कोई गड़बड़ तो नही की जा रही है।

### ओएनजीसी को पहली बार हुआ तिमाही घाटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) को तिमाही आधार पर पहली बार घाटे का सामना करना पड़ा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 की जनवरी-मार्च तिमाही में 3,098 करोड़ रुपए की शुद्ध हानि दिखाई है जो मुख्य रूप से तेलागैस का भाव गिरने से कंपनी के निवेश पर लगे बट्टे के कारण हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2018-19 की इसी अवधि मे कंपनी को 4,240 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था।

### फिलिप्स ने भारत में पेश किया चलता-फिरता आईसीयू

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य रक्षा से जुड़ी प्रौद्योगिकी पर काम करने वाली वैश्विक कंपनी रॉयल फिलिप्स ने देश मे चलते-फिरते आईसीयू (सघन चिकित्सा कक्ष) पेश किए है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कियह आईसीयू देश के दूर-दराज के इलाको और जरूरत पड़ने पर सघन चिकित्सा देखभाल की चुनौतियों से निपटने मे मदद करेंगे। फिलिप्स ने एक बयान मे कहा कि मरीजो की सघन चिकित्सा जरूरतो को पूरा करने में इन पहले से तैयार आईसीयू की क्षमता नौ बिस्तरो की है।

## फिच ने भारत के 2021-22 में वृद्धि के अनुमानों को 9.5 से घटाकर 8 किया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत के वृद्धि के अनुमान को घटा कर आठ प्रतिशत कर दिया है। एजेंसी ने पिछले माह इसके 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। हालांकि, इसने चालू वित्त वर्ष के दौरान अर्थव्यवस्था में पांच प्रतिशत संकुचन के अपने पिछले अनुमान में कोई बदलाव नहीं किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की 2019-20 में अनुमानित वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही। फिच ने अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के जून के अपडेट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 5.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। फिच ने कहा, भारत में सरकार ने वायरस के प्रकोप को रोकने के लिए दुनिया का एक कड़ा लॉकडाउन लागू किया। इसमें अब क्रमिक रूप से ढील देने के उपाए किए जा रहे हैं। नीतिगत ढील सीमित रखे जाने तथा राजकोषीय मोर्चे पर पहले से चली आ रही कमजारी को देखते हुए हमने अपने 2021 के पूर्वानुमान को 9.5 प्रतिशत से घटाकर आठ प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले एसएंडपी ने अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष में पांच प्रतिशत संकुचन का अनुमान जताया था और अगले वित्त वर्ष में 8.5 प्रतिशत तक वृद्धि की बात कही थी।

### देश के चालू खाते में जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी के 0.1 प्रतिशत के बराबर की बचत

**मुंबई।** भारत ने बीते वित्त वष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.1 प्रतिशत के बराबर या 60 करोड़ डॉलर का चालू खाते का अधिशेष दर्ज किया है। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में भारत ने जीडीपी के 0.7 प्रतिशत या 4.6 अरब डॉलर का चालू खाते का घाटा (कैड) दर्ज किया था। पूरे वित्त वर्ष 2019-20 में चालू खाते का घाटा कम होकर जीडीपी के 0.9 प्रतिशत इससे पिछले वित्त वर्ष 2018-19 में चालू खाते में जीडीपी के 2.1 प्रतिशत के बराबर घाटा दर्ज किया गया था।

### लॉजिस्टिक्स लागत घटाने की जरूरत, पुराने रक्षा विमानों को मालवाहक विमानों में बदला जा सकता हे : गडकरी



**नई दिल्ली।** भारत को लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने के लिए माल ढुलाई क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय सड़क परिवहन एव राजमार्ग मंत्री ने नितिन गडकरी ने मंगलवार को यह बात कही। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि रक्षा और एयरलाइन कंपनियों के पुराने विमानों को मालवाहक या कार्गो विमान में बदलने की संभावना तलाशी जानी चाहिए। डोमेस्टिक एयर कार्गो एजेंट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ परिचर्चा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि मत्स्य पालन क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। मत्स्य अर्थव्यवस्था को अभी के एक लाख करोड़ रुपए से छह लाख करोड़ रुपए पहुंचाया जा सकता है। एसोसिएशन के सदस्यों को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि देश में कृषि, मछली और अन्य उत्पादों का परिवहन एक बड़ी समस्या है। लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने के लिए हमें माल ढुलाई क्षमता बढ़ानी होगीद्य। पुराने रक्षा विमानों तथा एयरलाइन कंपनियों के पुराने विमानों को मालवाहक विमानों में बदलने की संभावना तलाशी जानी चाहिए।

# भारत-अमेरिकी संबंध मजबूत करने के लिए संशोधन विधेयक पेश

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** सत्तारूढ़ रिपब्लिकन और विपक्षी डेमोक्रेट के शीर्ष दो सीनेटरों ने भारत के साथ सैन्य संबंध मजबूत करने, खास तौर पर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान और सैन्य क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान और विकास में तेजी लाने के लिए एक संशोधन विधेयक पेश किया है।

राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) 2021 में एक संशोधन को आगे बढ़ाते हुए, सीनेटर मार्क वार्नर और सीनेटर जॉन कॉर्निन ने रक्षा मंत्री मार्क एस्पर से पूछा है कि वह आकलन करें कि रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर अमेरिका-भारत निजी क्षेत्र के सहयोग के लिए क्या इज़राइल-यूएस बाईनेशनल इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन मॉडल बन सकता है।वार्नर प्रतिनिध सभा की खुफिया मामलों की शक्तिशाली समिति के उपाध्यक्ष हैं और कॉर्निन रिपब्लिकन व्हिप हैं। दोनों शक्तिशाली सीनेटर इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष हैं।संशोधन विधेयक में रक्षा मंत्री से अमेरिका और भारत के बीच रक्षा और संबंधित औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान, विकास के अवसरों तथा कर्मियों के आदान-प्रदान पर एक संक्षिप्त जानकारी प्रदान करने को भी कहा गया है।सीनेटर कॉर्निन ने एक अन्य संशोधन में रक्षा मंत्री को कानून पारित होने के 180 दिनों के भीतर भारत को अमेरिका की पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट कार्यक्रम पर जानकारी देने को भी कहा।संशोधन में पेंटागन से कांग्रेस के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए सिफारिशें और ब्रीफिंग में शामिल विषयों पर एक रिपोर्ट मांगी गई है क्योंकि भारत अपनी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का विकास खुद कर रहा है।भारत को शीर्ष गुप्त अमेरिकी रक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरण मुहैया कराने के मद्देनजर कॉर्निन और वॉनर ने भारत को इज़राइल और न्यूजीलैंड की तरह नाटो प्लस देशों की सूची में शामिल करने के लिए संयुक्त रूप से एक अन्य संशोधन भी पेश किया।

## भारतीय-अमेरिकियों ने ट्रंप के प्रचार के लिए राजनीतिक कार्य समिति गठित की

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** के अमेरिकी नागरिकों के एक समूह ने एक राजनीतिक कार्य समिति का गठन किया है जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए सक्रियता से प्रचार करेगी।इन लोगों का मानना है कि आतंकवाद को हराने और आव्रजन को नियमित करने समेत कई मौजूदा घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्थितियों के मद्देनजर ट्रंप ही अमेरिका के लिए सबसे बेहतर हैं।समूह के संस्थापक ए डी अमर ने कहा कि ट्रंप के लिए भारतीय-अमेरिकी (इंडियन अमेरिन्स फॉर ट्रंप) का गठन केवल एक मकसद से किया गया है कि ट्रंप को फिर से राष्ट्रपति बनाने के लिए सभी अमेरिकियों खासकर भारतीय उपमहाद्वीप मूल के अमेरिकियों का समर्थन जुटाया जा सके।समूह की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से उनकी उपलब्धियों को देखते हुए, ट्रंप के लिए भारतीय-अमेरिकी ने महसूस किया कि उनका पहला कार्यकाल बेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने, वैश्विक मंच पर अमेरिका की सकारात्मक छवि बनाने, आतंकवाद को हराने, आव्रजन को नियमित करने और ताकत से शांति स्थापित करने पर केंद्रित रहा है। इसके अलावा समिति के सदस्यों का यह भी मानना है कि अगले चार साल के लिए अमेरिका को इस राह पर अग्रसर रखने के लिए ट्रंप ही बेहतर हैं। यह दूसरी बार है जब अमर ने ट्रंप के समर्थन के लिए किसी राजनीतिक कार्य समिति का गठन किया है। उन्होंने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप के लिए भारतीय-अमेरिकी समूह का गठन किया था और इसकी अगुवाई की थी।



बीजिंग में कोरोना वायरस के बीच मास्क पहनकर सड़क किनारे लगे वीडियो स्क्रीन पर राष्ट्रपति जिनपिंग को सुनते लोग

# चीन ने विवादित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को दी मंजूरी

● इस कानून की वजह से लोगों में डर है कि इसका इस्तेमाल हांगकांग में विरोध की आवाजों को दबाने के लिए किया जा सकता है

**एपी।** हांगकांग

**चीन ने** हांगकांग में अलगाववाद और पृथकतावादी गतिविधियों में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने के लिए एक विवादित कानून को मंजूरी दे दी। इस कानून की वजह से लोगों में डर है कि इसका इस्तेमाल इस अर्धस्वायत्त क्षेत्र में विरोध की आवाजों को दबाने के लिए किया जा सकता है।

चीनी संसद की स्थाई समिति में हांगकांग के एकमात्र प्रतिनिधि ताम यियू-चुंग ने संवाददाताओं से बातचीत में मंगलवार को इस बात की पुष्टि की है कि यह कानून पारित हो गया। उन्होंने कहा कि इस कानून में मौत की सजा का प्रावधान नहीं है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी कि इस कानून के प्रावधान अतीत के घटनाक्रमों पर भी लागू होंगे (अर्थात क्या यह कानूनी पिछली तिथि से लागू होगा)।ताम ने साक्षात्कार में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह कानून लोगों को परेशानियां खड़ी करने से रोकेगा। उन्होंने कहा, हांगकांग का इस्तेमाल देश को बांटने के हथियार के तौर पर नहीं होने दें। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार और सरकारी चैनल आरटीएचके ने अनाम स्रोतों का हवाला देते हुए इससे पहले बताया कि मंगलवार को संसद की स्थाई समिति ने सर्वसम्मति से हांगकांग के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को मंजूरी दे दी।हालांकि न तो चीन की सरकार ने और न ही हांगकांग के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। हांगकांग की नेता कैरी लाम ने संवाददाताओं के साथ सप्ताहिक बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पर यह कहते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था कि स्थाई समिति की बैठक अभी चल रही है और ऐसे में कोई टिप्पणी करना अनुचित होगा।हांगकांग में लोकतंत्र के प्रख्यात समर्थक जोशुआ वांग, एग्नेश चाउ और नाथन लाउ ने फेसबुक पर बयान जारी करके यह संकेत दिया कि वे लोकतंत्र समर्थक संगठन डेमोसिस्टो से खुद को अलग कर सकते हैं। वांग ने कहा कि वह अपनी जान और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा मुद्दा बन चुका है और किसी को भी इस बारे में जानकारी नहीं है कि इस कानून के परिणाम क्या होंगे, लोगों को चीन प्रत्यर्पित किया जाएगा या उन्हें 10 साल तक की सजा या इससे ज्यादा की सजा हो सकती है। हांगकांग के मध्य कारोबारी जिले में एक लग्जरी मॉल के बाहर सैंकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए और वे हांगकांग को स्वतंत्र करने और अब क्रांति के नारे लगा रहे हैं। इनमें से कई हांगकांग स्वतंत्रता वाले झंडे और पोस्टर अपने हाथों में लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की निंदा कर रहे हैं। पुलिस ने बाद में इस मॉल वाले क्षेत्र की घेराबंद कर ली। लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है और तलाशियां हो रही हैं।इस कानून का हांगकांग के भीतर काफी विरोध हो रहा है और ब्रिटेन, अमेरिका, यूरोपीय संघ सहित अन्य भी इसका विरोध कर रहे हैं। ब्रिटेन ने कहा कि वह हांगकांग के 75 लाख लोगों में से करीब 30 लाख को रहने की पेशकश और संभवत: नागरिकता देने की पेशकश भी कर सकते हैं। हालांकि चीन ने इन सभी कदमों को उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बताया है।

# चीन में वैश्विक महामारी फैलाने में सक्षम फ्लू वायरस की पहचान, अभी खतरा नहीं

**भाषा।** बीजिंग

● यह अध्ययन 2011 से 2018 के बीच चीन में सुअरों की निगरानी पर आधारित है और इसमें पाया गया कि इंफ्लुएंजा वायरस का यह प्रकार जिसमें जी4 जीनोटाइप आनुवांशिक सामग्री है 2016 से सुअरों में प्रमुखता से नजर आ रही है

**चीन में सुअरों** के बीच पाई जा रही फ्लू वायरस की नई प्रजाति शूकर उद्योग से जुड़े कर्मचारियों को तेजी से प्रभावित कर रही है और इसमें वैश्विक महामारी फैलाने वाले विषाणु जैसी सारी अनिवार्य विशेषताएं हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह अध्ययन 2011 से 2018 के बीच चीन में सुअरों की निगरानी पर आधारित है और इसमें पाया गया कि इंफ्लुएंजा वायरस का यह प्रकार, जिसमें जी4 जीनोटाइप आनुवंशिक सामग्री है, 2016 से सुअरों में प्रमुखता से नजर आ रही है।चीनी रोग नियंत्रण एवं बचाव केंद्र के वैज्ञानिकों समेत अन्य के मुताबिक ए जी4 विषाणु मानव कोशिकाओं में रिसेप्टर अणुओं (प्रोटीन अणु) से बंध जाते हैं और श्वसन तंत्र की बाहरी सतह में अपनी संख्या बढ़ाते हैं।अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के महामारीविद एरिक फिग्ल डिंग जो कि अध्ययन से जुड़े नहीं हैं, उन्होंने ट्वीट किया कि यह वायरस अब तक सिर्फ सुअरों में है। उन्होंने ट्विटर पर कहा, केवल दो मामले। और यह 2016 की उत्पत्ति वाला पुराना वायरस है। इंसान से इंसान में नहीं फैला है। सुअर उद्योग के 10 प्रतिशत लोगों में एंटीबॉडीज मिले। कोई डराने वाली बात के साक्ष्य नहीं मिले हैं।

वहीं अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के बायोलॉजिस्ट कार्ल टी बर्गस्ट्रॉम ने कहा कि वायरस से लगातार अत्यधिक संपर्क में रहने के बाद भी इसके मनुष्य से मनुष्य में फैलने के कोई साक्ष्य नहीं हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि उभरती स्थिति पर नजर रखना महत्त्वपूर्ण है। बर्गस्ट्रॉम ने कहा, जांच आवश्यक होगी खासकर अगर सुअर उद्योग से जुड़े कामगारों में बीमारी समूह में उभरने लगे। पीएनएएस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन ने दिखाया कि नया पहचाना गया यह विषाणु एयरोसोल ट्रांसमिशन के माध्यम से फेरेट (नेवले की जाति का एक जानवर) को संक्रमित कर सकता है जिससे उनमें छींक, खांसी, सांस लेने में तकलीफ जैसे गंभीर लक्षण नजर आने के साथ ही उनके शरीर का 7.3 से 9.8 प्रतिशत द्रवमान के बराबर वजन कम हो सकता है।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि इंसान को अन्य मानव इंफ्लुएंजा टीकों से मिलने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता जी4 वायरस से नहीं बचा सकती। यह इस बात का संकेत है कि वायरस के प्रति शरीर में पहले से कोई प्रतिरक्षा मौजूद नहीं है।शूकर उद्योग में काम करने वाले कर्मचारियों के खून के नमूनों का आकलन दिखाता है कि करीब 10.4 प्रतिशत लोग जी4 फ्लू वायरस से संक्रमित थे।


अध्ययन के मुताबिक 2016 और 2019 में सामने आए जी4 वायरस संक्रमण के दो मरीजों के पड़ोसी सूअर पालते थे। इससे संकेत मिलता है कि यह वायरस सुअरों से मनुष्य में फैल सकता है और इससे गंभीर संक्रमण और यहां तक कि मौत भी हो सकती है।

## नफरत भरे भाषण रोकने की चुनौती से निपटने की कोशिशों में जुटे सोशल मीडिया मंच

**एपी।** वाशिंगटन

**कई वर्षों** तक राजनीतिक ध्रुवीकरण और घृणा भाषणों को जगह देने वाले सोशल मीडिया मंच अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में महज चार महीने का वक्त शेष रहने और देश में विभिन्न समूहों के बीच मतभेद चरम पर पहुंच जाने के बीच कट्टरपंथ और हिंसा के खतरों के खिलाफ कमर कस रहे हैं। विश्व की सबसे लोकप्रिय वेबसाइटों में से शामिल ऑनलाइन टिप्पणी वाले मंच रेड्डिट ने नफरत भरे भाषणों पर अपनी कार्वाई के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने वाले एक मंच को सोमवार को प्रतिबंधित कर दिया। अमेजन के मालिकाना हक वाली लाइव स्ट्रीमिंग वेबसाइट ट्विच ने सोमवार को ही घृणा फैलाने वाले आचरण संबंधी उसके नियमों का उल्लंघन करने के लिए ट्रंप के अभियान पर अस्थाई रोक लगा दी।

इस बीच, यूट्यूब ने कई प्रमुख श्वेत राष्ट्रवादी हस्तियों को अपने मंच से प्रतिबंधित कर दिया है, जिनमें स्टीफन मोलिनेक्स, डेविड ड्यूक और रिचर्ड स्पेंसर शामिल हैं। आलोचकों का कहना है कि ए सोशल मीडिया कंपनियां अपने मंचों पर विभाजन, घृणा और गलत सूचनाओं को बढ़ावा देने के लिए बहाने बनाती रही हैं।



पेरिस के मुख्य व्यावसायिक जिले लॉ डिफेंस में रेलवे स्टेशन की छत पर खड़े पेट्रोलिंग करते जवान

## क्विक न्यूज

### अमेरिका में मादक तस्करी के आरोप में एक भारतीय गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने मादक तस्करी के आरोप में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह एक ट्रक में करीब 1,000 किलोग्राम गांजा लेकर कनाडा से अमेरिका आ रहा था।पिछले एक पखवाड़े में यह तीसरा भारतीय है, जिसे गिरफ्तार किया गया है। अपराध साबित होने पर कम से कम 10 साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है।अधिकारी ने बताया कि प्रबजोत नागरा (26) पीस ब्रिज पोर्ट से अमेरिका में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी 25 जून की आधी रात से ठीक पहले हुई। वह जो ट्रक चला रहा था, उसका लाइसेंस नंबर कनाडा के ओन्टारियो का है। एक ई-घोषणा पत्र के अनुसार ट्रक में 55 कंटेनर थे। ट्रक की एक्स-रे जांच की गई, जिसमें ट्रक में कुछ संदिग्ध दिखा। इसके बाद ट्रक की पीस ब्रिज गोदाम में पूरी तरह जांच की गई और उसमें से करीब 8,320 पैकेड मिले, जिसमें से करीब 9,472 पौंड गांजा बरामद हुआ।

### जो बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी विशेषज्ञ को डिजिटल चीफ ऑफ स्टाफ नामित किया



**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने अपनी डिजिटल चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर भारतीय मूल की अमेरिकी मेधा राज को नामित किया है। यह पद उनके चुनाव अभियान में बहुत महत्त्वपूर्ण है, जो कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पूरी तरह डिजिटल रूप में ही चलाया जा रहा है। बाइडेन के चुनाव प्रचार अभियान ने कहा कि राज डिजिटल विभाग के सभी पहलुओ पर काम करेंगी और डिजिटल परिणामों के प्रभाव को अधिक से अधिक कारगर बनाने के लिए समन्वय करेंगी। राज ने लिंक्डइन पर कहा, यह साझा करते हुए उत्साहित हूं कि मै जो बाइडेन के अभियान मे बतौर डिजिटल चीफ ऑफ स्टाफ शामिल हुई हो। चुनाव मे 130 दिन बचे है और हम एक मिनट भी बर्बाद नही करेगे। उनका तालुल्क पीटे बुटिगेग के चुनाव प्रचार अभियान से था, जिन्होंने अब बाइडेन को समर्थन दिया है। सीएनएन समाचार चैनल ने कहा कि यह कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण अभियान को लगभग पूरी तरह डिजिटल बनाने के प्रयास का हिस्सा है। सीएनएन के मुताबिक, 2016 में हिलेरी क्लिंटन के चुनाव प्रचार अभियान पर काम कर चुके क्लार्क हम्फ्रे आम लोगों से चंदा जुटाने के लिए बाइडेन अभियान के नए डिजिटल उपनिदेशक होंगे। वही जोस नूनेज अभियान के नए डिजिटल आयोजन निदेशक होंगे। वह कमला हैरिस के चुनाव प्रचार अभियान से जुड़े रहे है। क्रिश्चन टॉम डिजिटल साझेदारी के नए निदेशक होंगे। पिछले कुछ महीनों से, बाइडेन ज्यादा से ज्यादा डिजिटल अभियान चलाकर और ऑनलाइन माध्यमो से चंदा जुटाने की कोशिश कर रहे है।

### मिस्र के अस्पताल में लगी आग, कोरोना वायरस से संक्रमित सात लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में आग लगने से कोविड-19 के सात मरीजों की मौत हो गई। अलेक्जेंड्रिया के गवर्नर मोहम्मद अल शरीफ ने बताया कि मिस्र के उत्तरी तट के पास अलेक्जेंड्रिया मे एक निजी अस्पताल के कोरोना वायरस कक्ष में आग लग जाने से छह पुरुषो एवं एक महिला की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।लोक अभियोजकों ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन शुरुआती रिपोर्ट मे संकेत मिला है कि सबसे पहले आग कक्ष के एयर कंडिशनर मे लगी। बाडरावी अस्पताल ने एक बयान में कहा, कुछ ही सेकंड मे भयानक आग लग गई और तेजी से आग फैलने के कारण हमारा कोई कर्मी हालात पर काबू नही कर पाया। अभियोजकों ने बताया कि अन्य एक मरीज झुलस गया और शेष को बाहर निकाल लिया गया है।

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो ने प्रतिबंधों के बाद यूरोपीय संघ के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया

**काराकस।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने यूरोपीय संघ के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया। इस आदेश से कुछ घंटे पहले ही यूरोपीय संघ ने वेनेजुएला में लोकतांत्रिक सत्ता हस्तांतरण की दिशा मे दबाव बनाने के लिए मादुरो के करीबी अधिकारियो पर प्रतिबंध लगा दिया था। मादुरो का यह आदेश सरकारी टेलीविजन पर सोमवार को संबोधन के दौरान आया है। यूरोपीय संघ ने वेनेजुएला के 11 अधिकारियो के खिलाफ कड़े वित्तीय प्रतिबंध वाले कदम उठाए है। हालांकि यूरोपीय संघ के प्रतिबंधो के दायरे मे अब कुल 36 अधिकारी आ गए हैं। इन पर यात्रा प्रतिबंध और संपत्तियो को जब्त करना शामिल है। यूरोपीय संघ के अधिकारियो ने एक बयान में कहा कि ए प्रतिबंध व्यक्तिगत स्तर पर लगाए गए है, इनसे वेनेजुएला की जनता पर असर नही पड़ेगा।

# 'दुनियाभर में लापता हुई महिलाओं में से चार करोड़ 58 लाख महिलाएं भारत की'




**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**दुनिया भर** में पिछले 50 साल में लापता हुईं 14 करोड़ 26 लाख महिलाओं में से चार करोड़ 58 लाख महिलाएं भारत की हैं। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि लापता महिलाओं की संख्या चीन और भारत में सर्वाधिक है।संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) द्वारा मंगलवार को जारी वैश्विक आबादी की स्थिति 2020 रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में लापता हुईं महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है। यह संख्या 1970 में छह करोड़ 10 लाख थी और 2020 में बढ़कर 14 करोड़ 26 लाख हो गई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 2020 तक चार करोड़ 58 लाख और चीन में सात करोड़ 23 लाख महिलाएं लापता हुई हैं। रिपोर्ट में प्रसव के पूर्व या प्रसव के बाद लिंग निर्धारण के संचई प्रभाव के कारण लापता लड़कियों को भी इसमें शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है, 2013 से 2017 के बीच भारत में करीब चार लाख 60 हजार बच्चियां हर साल जन्म के समय ही लापता हो गईं। एक विश्लेषण के अनुसार कुल लापता लड़कियों में से करीब दो तिहाई मामले और जन्म के समय होने वाली मौत के एक तिहाई मामले लैंगिक आधार पर भेदभाव के कारण लिंग निर्धारण से जुडे हैं।

रिपोर्ट में विशेषज्ञों की ओर से मुहैया कराए गए आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि लैंगिक आधार पर भेदभाव की वजह से (जन्म से पूर्व) लिंग चयन के कारण दुनियाभर में हर साल लापता होने वाली अनुमानित 12 लाख से 15 लाख बच्चियों में से 90 से 95 प्रतिशत चीन और भारत की होती हैं।इसमें कहा गया है कि प्रतिवर्ष जन्म की संख्या के मामले में भी ए दोनों देश सबसे आगे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारों ने लिंग चयन के मूल कारण से निपटने के लिए कदम उठाए हैं।

भारत और वियतनाम ने लोगों की सोच को बदलने के लिए मुहिम शुरू की हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़कियों के बजाय लड़कों को प्राथमिकता देने के कारण कुछ देशों में महिलाओं और पुरुषों के अनुपात में बड़ा बदलाव आया है और इस जनसांख्यिकीय असंतुलन का विवाह प्रणालियों पर निश्चित ही असर पड़ेगा।उसने कहा कि कुछ अध्ययनों में यह सुझाव दिया गया है कि भारत में संभावित दुल्हनों की तुलना में संभावित दूल्हों की संख्या बढ़ने संबंधी स्थिति 2055 में सबसे खराब होगी। भारत में 50 की उम्र तक एकल रहने वाले पुरुषों के अनुपात में 2050 के बाद 10 फीसदी तक वृद्धि का अनुमान जताया गया है।

## गरीबी हटाने में भारत के अनुभवों से हो सकता है लाभ

**भाषा।** संयक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासभा के अध्यक्ष तिजानी मुहम्मद बंदे ने कहा है कि गरीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक गठबंधन के संस्थापक सदस्य के तौर पर भारत निर्धनता हटाने में हासिल अपनी कामयाबी से सबको रूबरू करा सकता है। साथ ही वह कृषि क्षेत्र में अपने अनुभवों, प्रौद्योगिकी एवं निवेश के इस्तेमाल को भी साझा कर सकता है जिससे अन्य देश सीख सकते हैं।

तिजानी मुहम्मद बंदे मंगलवार को यहां गरीबी उन्मूलन के लिए गठबंधन को आधिकारिक रूप से शुरू करेंगे जो संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को विश्व शांति, मानवाधिकारों और सतत विकास पर पड़ने वाले खतरों के प्रति जागरुक करने के लिए एक मंच के तौर पर काम करेगा।इसका लक्ष्य सदस्य राष्ट्रों, अंतरराष्ट्रीय समुदाय और अन्य साझेदारों को गरीबी उन्मूलन की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों के प्रति समर्थन जुटाने के लिए एकजुट करना भी है।

भारत संस्थापक सदस्य के तौर पर गठबंधन में शामिल हुआ है और इस फोरम का लक्ष्य कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रयासों पर केंद्रित है।गठबंधन की शुरुआत की घोषणा से पहले मुहम्मद बंदे ने कहा, भारत को गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता विश्व के लिए सफलता है क्योंकि इसमें बड़ी आबादी शामिल है और भारत गरीबी हटाने के अपने अनुभवों को मेज पर चर्चा के लिए ला सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत का बड़ा संघीय तंत्र, विभिन्न नीतियां देश के विभिन्न क्षेत्रों में आजमाई गई हैं और हम उस दृष्टिकोण से सीखने की कोशिश कर सकते हैं। हम यह भी सीख सकते हैं कि इससे नए विचार कैसे प्राप्त हो सकते हैं। नाइजीरिया के मुहम्मद बंदे ने कहा कि आबादी के लिहाज से भारत बड़ा है वहीं यह अनुभव के लिहाज से भी बड़ा है जो यह गरीबी उन्मूलन को लेकर साझा कर सकता है।उन्होंने कहा, इसलिए निश्चित तौर पर, भारत कुछ समय से गरीबी से निपटने में कामयाब रहा है। उसका गठबंधन का हिस्सा होना हमारे लिए उपयोगी है।

कुछ अन्य देश भी यही कर रहे हैं। इसलिए भारत के पास कृषि, प्रौद्योगिकी और निवेश से जुड़े नए विचारों के क्षेत्र में वह क्या करता है, यह बताने के लिए उसके पास बहुत कुछ है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के मुताबिक, 2006 से 2016 के बीच, भारत में 27.1 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और इस दौरान देश ने बहुआयामी गरीबी सूचकांक में बहुत तेजी से गिरावट दर्ज की गई।

# 'लोग कहते हैं आपका बेटा तो टीवी पर आया है, आप बड़े आदमी बन गए हैं'

*राजस्थान के दो लड़के शाकिर और रिहान ने अमेरिका हैज़गॉट टैलेंट में हिस्सा लिया है, उन्होंने किस प्रकार अपनी टीम बनाई और फिर उनके रास्ते में किस प्रकार की चुनौतियां आईं और उन्होंने उनका किस प्रकार से सामना किया, इन्हीं बातों के बारे में उनसे जाना पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी ने-*

आपने ऐसी कई कहानियां सुनी होंगी जिसमें कोई व्यक्ति नीचे से उठकर जीवन में बहुत ऊंचाई पर पहुंचने में सफल होता है। ऐसी ही एक कहानी है राजस्थान के एक गांव के दो भाइयों- शाकिर और रिहान, की।

अपने गांव के आसपास की प्रतियोगिताओं में नृत्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से लेकर अमेरिका हैज़ गॉट टैलेंट जैसे प्लेटफॉर्म तक पहुंचने वाले दोनों भाइयों की कहानी हम सभी को श्रम और समर्पण की महत्ता समझाने के लिए पर्याप्त है।

मार्च में तब उनके भाग्य ने एक पलटा खाया जब उन्हें अमेरिका हैज़ गॉट टैलेंट की टीम की ओर से शो के लिए ऑडिशन देने के लिए बुलाया गया।

21 वर्षीय शाकिर बताते हैं, 'ये तो सपने के सच होने जैसा ही था। पहले मैं फोन पर सुनी बात पर विश्वास ही नहीं कर पा रहा था। मुझे तो पूरी बात समझने में भी कुछ सेकेंट का समय लग गया। इसके बाद तो मैं सातवें आसमान पर था।'

दोनों ने लॉकडाउन से पहले ही अमेरिका जाकर पहले राउंड के लिए ऑडिशन दिया था।

आठ साल की आयु से ही नृत्य में रुचि रखने वाले शाकिर ने बताया, 'हमनें पहला राउंड पार कर लिया है। वहां के जजों ने हमारे लिए खड़े होकर तालियां बजाईं। यहां हालात जैसे ही सामान्य होंगे तो हम एलिमिनेशन राउंड के लिए परफॉर्म करेंगे।' उन्होंने आगे बताया, 'मेरा बड़ा भाई डांस करता है और मैं उसे डांस करते देखता था और ऐसा करते-करते मैं भी इसी में रमता चला गया। 18 साल के होने से पहले हमनें किसी प्रकार की व्यावसायिक प्रशिक्षण नहीं लिया था।'

यहां तक पहुंचने के लिए शाकिर और उनके भाई को बहुत परिश्रम करना पड़ा है। उन्होंने बताया, 'मैं एक कार पंक्चर वाले के यहां काम करता था। मुझे कक्षा 8 के बाद से ही अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी थी। लेकिन मैंने कभी हिम्मत नहीं हारी। मैं प्रात: 5 बजे उठ जाता था और पांच से आठ तक हम रिहर्सल करते थे इसके बाद ही काम पर जाते थे।

शाकिर के लिए डांस के क्षेत्र को अपनाना सरल नहीं था क्योकि उसके परिवार और मित्र इसके विरुद्ध थे। वो बताने लगते हैं, 'मेरे परिवार ने स्पष्ट बता दिया था कि नाचना छोड़ो और काम पर ध्यान दो। हमारे पड़ोसी भी हमारा मजाक बनाते थे। हमें हर दिन उनके कटाक्ष का सामना करना पड़ता था। यहां तक कि उनके कटाक्षों से बचने के लिए मैंने अपना रास्ता ही बदल लिया था। कुछ लोगों ने तो अपने बच्चों को ही हमारे साथ दिखने के विरुद्ध चेतावनी दे रखी थी क्योंकि उनके अनुसार मैं स्वयं तो बर्बाद हूं और उन्हें भी बर्बाद कर दूंगा। लेकिन मेरा संकल्प दृढ़ था और मैंने जीवन में कुछ बड़ा करने की ठान रखी थी। और इसके लिए मैं कुछ भी करने को तैयार था।'



शाक़िर ने अपने चचेरे भाई के साथ ही टीम क्यों बनाई, इसका भी एक कारण था कि वो भी डांस को लेकर जुनूनी था।

उसने बताया, 'रिहान ने मुझे डांस करते देखा और फिर वो भी इसमें रुचि लेने लगा। मैंने पहले तो समझा कि वो केवल मजाक के लिए ही ऐसा कर रहा था। मुझे संदेह था कि वो मेरे जैसे स्टेप्स संभवत: न कर पाए क्योंकि वो अभी छोटा ही है। लेकिन जब मैंने उसका समर्पण और डांस के प्रति प्यार और लगन देखी तो मैंने भी उसे अपना पार्टनर बनाने का निर्णय कर लिया।'

दोनों मिलकर अब हर दिन आठ घंटे अभ्यास करते है। शाकिर ने हंसते हुए बताया, 'रिहान सबकुछ बहुत जल्दी सीख लेता है वो पहली बार में ही कठिन से कठिन स्टेप समझकर करने लगता है। लेकिन दोनों के द्वारा मिलकर की जाने वाली परफॉर्मेंस में जोड़ी के रूप में डांस करने के बारे में उसे सीखने में कुछ अधिक समय लग गया। लेकिन अब वो इसमें भी सिद्धहस्त हो गया है जबकि मेरी एकल परफॉर्मेंस में कुछ कमी आई है।'

रिहान के लिए डांस करना स्वयं को चिंतामुक्त रखने के साथ ही मस्ती करने के समान है। उसने बताया, 'मैं डांस का पूरा आनंद लेता हूं। शाकिर भाई गजब के साझीदार हैं। वो हमें मार्गदर्शन करते रहते हैं।' उनके अनुसार रिहर्सल के दौरान शाकिर एक गुरू के रूप में उसका मार्गदर्शन करते हैं।'

रिहान आगे बताते हैं, 'जब भी शाकिर भाई मुझे रिहर्सल के दौरान डांटते हैं तो मैं तुरंत कह देता हूं: डांटो मत ना कर लूंगा मैं। इसके बाद वो मुस्कुरा कर सही ढंग से रिहर्सल करने के लिए कहकर आगे बढ़ जाते हैं।'

ये दोनों डांस प्लस5 में भी परफॉर्म कर चुके हैं जहां उन्हें तीस अंतिम प्रतिभागियों में पहुंचने का सौभाग्य मिला था। इसके अलावा वे इंडिया हैज़ गॉट टैलेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं।


शाकिर ने आगे बताया, 'इन शोज़ के कारण हमारे जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। अब मेरा परिवार भी प्रसन्न और संतुष्ट है कि चलो जीवन में कुछ तो बड़ा किया। शो के बाद हमारे वीडियो यूट्यूब पर वायरल हो गए और हमारे गांव के हर व्यक्ति ने इन्हें देखा। लोग अपने साथ सेल्फी लेने के लिए हमारे घर आ जाते हैं। इनमें से कुछ तो मेरे पिता से कहते भी हैं, 'अरे, आपका बेटा तो टीवी पर आया है। डांसर बन गया है अरे अब आप तो बड़े आदमी बन गए हैं। जब मैं अपने पिता के मुख पर वो मुस्कान और संतोष देखता हूं, अच्छा लगता है।'

शाकिर का सपना है देश के लोकप्रिय डांस शो डांस प्लस को एक बार जीतना। उसने बताया, 'शो जीतना ही मेरा लक्ष्य है। नहीं तो अंतिम दो में तो आना ही है।'

दूसरी ओर रिहान का सपना है अच्छा डांसर बनकर अपने माता-पिता को गौरवान्वित करना। उसने बताया, 'मैं एक अच्छा डांसर बनना चाहता हूं ताकि मेरे माता-पिता खुश हों और मुझे बस उनके चेहरे पर खिली वो मुस्कान देखनी है।'

## रोचक कहानी, अच्छा अभिनय

# रसभरी




**प्राइम टाइम**
**सीज़न 1 एपिसोड 8**
**कलाकार: स्वरा भास्कर, आयुष्मान सक्सेना**
**रेटिंग: 8/10**

स्वरा भास्कर की ये एक बहुत ही रोचक सीरीज़ है। इसमें वो रसभरी का दोहरा चरित्र निभा रही हैं। ये एक छोटे नगर के एक लड़के की कहानी है। इसमें हैं उसकी अंग्रेजी टीचर, उसपर जान छिड़कने वाले मित्र और उसकी स्कूल के दिनों की प्रेयसी। वैसे तो ये सीरीज़ अपने आप में ही परिपूर्ण है लेकिन इसमें भी अगले सीज़न के लिए संभावना छोड़ दी जाती है।

स्वरा इसमें अंग्रेजी की टीचर हैं। साथ ही वो एक कामुक स्त्री रसभरी का चरित्र भी निभा रही हैं। उनके साथ लीड भूमिका निभाने वाले आयुष्मान सक्सेना ने भी अच्छा अभिनय किया है। इसमें मेरठ नगर की सुस्त चाल और दिल्ली के एक उपनगर के रूप में उसकी पहचान को अच्छी तरह से उकेरा गया है। किटी पार्टी और महिलाओं द्वारा अश्लील बातें, पुरुषों द्वारा भद्दी गालियां आदि मिलाकर एक दृश्य पैदा करते हैं जो दर्शकों को रुचिकर लग सकता है।

भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म की कंटेंट, जिसमें काटछांट नहीं होती, अब परिपक्व होती जा रही है। बिलकुल वैसे ही जैसे इसमें आयुष्मान हमेशा अपनी अंग्रेजी टीचर को लेकर कामुक सपने देखने और उसे क्रियान्वित करने की योजना बनाने में ही अपना सारा समय व्यतीत करता है। इस परिदृश्य के चलते वो कई विचित्र परिस्थितियों में फंसते रहते हैं यही इस सीरीज़ की कहानी कही जा सकती है।

वो हमेशा कौमार्य भंग होने, यौन संबंधी वार्तालाप और कामुकतापूर्ण सोच से घिरा रहता है। एक विचित्र तथ्य ये भी है कि अपने क्लास के सभी बच्चों में केवल वो ही अपनी अंग्रेजी टीचर स्वरा से जीवन और सम्मान के बारे में जानना और समझना चाहता है।

सीरीज़ उपदेशात्मक न होकर व्यावहारिक धरातल पर रहते हुए हास्य की परिस्थितियां रचने में सक्षम है। बीच बीच में आपके लिए हास्य के अवसर आते रहते हैं फिर आप ऐसे ही किसी दूसरे एपिसोड की प्रतीक्षा करते हैं और इस प्रकार ये सीरीज़ काफी मनोरंजक बन पड़ी है।

सीरीज़ की कहानी हल्की-फुल्की रखी गई है लेकिन मनोरंजन के क्षण भी आते रहते हैं। इसके सभी एपिसोड्स में आपको रोचकता का तत्व साफ दिखाई देता रहता है, सीरीज़ की यही एक विशेषता प्रभावित करती है।

## सुशांत सिंह को श्रद्धांजलि देने नाना पाटेकर उनके आवास पर गए

**भाषा। पटना**



**बॉलीवुड** अभिनेता नाना पाटेकर ने रविवार को पटना में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत अभिनेता के शोक-संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। पटना के मोकामा में सीआरपीएफ के एक सांस्कृतिक समारोह में हिस्सा लेने बिहार आए पाटेकर ने दिवंगत अभिनेता के पिता के के सिंह से पटना के राजीव नगर मुहल्ला स्थित आवास पर मुलाकात की और अभिनेता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पाटेकर ने परिवार से मिलने के बाद कहा, मैं केवल उनसे (दिवंगत अभिनेता के पिता से)मिला हूं। मैं और क्या कर सकता हूं? हालांकि, पाटेकर ने बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद या युवा अभिनेता की आत्महत्या की सीबीआई जांच की मांग जैसे मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया।

उल्लेखनीय है कि 34 वर्षीय सुशांत 14 जून को मुंबई के बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। पाटेकर शुक्रवार की देर शाम मुंबई से बिहार की राजधानी पटना पहुँचे थे। अगले दिन वह शहर से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित मोकामा स्थित सीआरपीएफ केंद्र गए और उन्होंने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले स्थानीय लोगों से बातचीत की तथा खेत में हल चलाया। दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने शनिवार को पटना के राजीव नगर स्थित घर को 'मेमोरियल' में बदलने का फैसला किया जहाँ अभिनेता ने अपना बचपन बिताया और इसके अलावा नवोदित प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उनके नाम पर एक फाउंडेशन का गठन किया है।

परिवार ने यह भी घोषणा की कि सुशांत के इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक अकाउंट को उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए लिगेसी अकांउट के रूप में जारी रखा जाएगा।

**भाषा। देहरादून**




**उत्तराखंड** में हाथियों की संख्या बढ़कर 2026 हो गई है और वर्ष 2017 के मुकाबले यह 10.17 प्रतिशत बढ़ी है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में सोमवार को हुई उत्तराखण्ड राज्य वन्य जीव सलाहकार बोर्ड की बैठक में जानकारी दी गई कि छह जून से आठ जून तक तीन दिन उत्तराखण्ड में हाथियों की गणना की गई जिसमें पाया गया कि राज्य में कुल 2026 हाथी हैं।

> **वर्ष 2012 में 1559 जबकि 2017 में 1839 हाथी थे और इस प्रकार वर्ष 2017 से अब तक हाथियों की संख्या में 10.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वर्ष 22 से 24 फरवरी तक जलीय जीवों की गणना की गई जिसमें राज्य में 451 मगरमच्छ, 77 घड़ियाल और 194 ऊदबिलाव मिले।**

वर्ष 2012 में 1559 जबकि 2017 में 1839 हाथी थे और इस प्रकार वर्ष 2017 से अब तक हाथियों की संख्या में 10.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैठक में बताया गया कि इसी तरह इस वर्ष 22 से 24 फरवरी तक जलीय जीवों की गणना की गई जिसमें राज्य में 451 मगरमच्छ, 77 घड़ियाल और 194 ऊदबिलाव मिले। बोर्ड की बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2020 से 2022 तक राज्य में स्नो-लैपर्ड (हिम तेंदुओं) की संख्या का आकलन भी किया जाएगा। राज्य के 23 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में स्नो-लैपर्ड हैं। बैठक में बताया गया कि कार्बेट बाघ अभयारण्य व राजाजी बाघ अभयारण्य में बाघों और जंगली हाथियों की धारण क्षमता का अध्ययन भारतीय वन्यजीव संस्थान से कराने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। इसी प्रकार गैंडे के रिइन्ट्रोडक्शन (यहां के लिए अन्य जगह से गैंडों को लाए जाने) के लिए स्थल उपयुक्तता रिपोर्ट मिल गई है तथा राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के रैशनलाइजेशन (पुन: सीमांकन) के लिए संबंधित जिलाधिकारियों, प्रभागीय वनाधिकारियों और भारतीय वन्यजीव संस्थान के प्रतिनिधियों की एक समिति का गठन कर लिया गया है।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि बैठकों में लिए गए निर्णयों की अनुपालना समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एनएच 72-ए उत्तराखण्ड के लिए बहुत अधिक महत्व का है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वीकृतियों के लिए आवश्यक औपचारिकताओं में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। रावत ने कहा कि कार्बेट रिजर्व व राजाजी टाईगर रिजर्व में गैंडे के रिइन्ट्रोडक्शन का काम समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। बैठक में गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण विभिन्न मार्गों के निर्माण के लिए प्रस्तावों को अनुमति के लिए राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड को भेजे जाने पर सहमति दी गई। इसी प्रकार सौंग बांध परियोजना के निर्माण से संबंधित वन भूमि हस्तांतरण और जौलीग्रान्ट हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए वन भूमि हस्तांतरण के लिए अनुमति का प्रस्ताव भी राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड को भेजा जाएगा।

## आमिर खान के कुछ कर्मचारियों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि

**भाषा। मुंबई**



**बॉलीवुड** अभिनेता आमिर खान ने मंगलवार को बताया कि उनके कुछ कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।

अभिनेता ने बताया कि वह और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी मां की जांच रिपोर्ट अभी आनी शेष है।

खान ने एक बयान में कहा, आपको सूचित किया जाता कि मेरे कुछ कर्मचारियों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्हें तत्काल पृथक कर दिया गया है और बीएमसी अधिकारियों ने उनको अस्पताल में ले जाने में बेहद तेजी दिखाई। उनका इतना अच्छा ध्यान रखने और पूरी सोसाइटी को संक्रमण मुक्त करने के लिए मैं बीएमसी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, बाकी हम सबकी भी जांच हुई और रिपोर्ट निगेटिव आई। अब मैं अपनी मां को जांच के लिए ले जा रहा हूं। सिर्फ उन्हीं की जांच शेष है। दुआ करें कि उनकी भी रिपोर्ट निगेटिव आए।

दंगल अभिनेता ने कोकिलाबेन अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों को भी परिवार और कर्मियों का जांच के दौरान ध्यान रखने के लिए शुक्रिया अदा किया। वहीं, खान अगली फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आएंगे। यह फिल्म टॉम हैंक्स की 1994 में आई फिल्म फॉरेस्ट गम्प की रिमेक है।

## डिजिटल मंचों के लिए थ्रिलर शो करना चाहती हैं आलिया



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सोमवार को कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वह डिजीटल चैनलों पर थ्रिलर शो करना चाहेंगी। हाल ही में रिलीज हुई सुष्मिता सेन अभिनीत वेब सीरीज आर्या का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वेब चैनलों ने कलाकारों को अपनी योग्यता प्रदर्शित करने के लिए एक नया मंच प्रदान किया है। उन्होंने कहा, पश्चिमी देशों में ही नहीं बल्कि यहां भी कलाकार सीधे ओटीटी मंचों के लिए काम कर रहे हैं। वेब(इंटरनेट) ने कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए एक बड़ा मौका दिया है। कई फिल्मों में एक साथ काम करने वाले अभिनेता वरुण धवन के साथ एक ऑनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में आलिया ने कहा, अगर मुझे जासूसी कहानी पर आधारित कुछ एसा मिलता है जिससे मैं कनेक्ट कर पाऊं तो मैं जरुर करना चाहूंगी। यह काफी मजेदार होगा। आलिया की अगली फिल्म सड़क 2 कोरोना वायरस महामारी के कारण सिनेमाघर बंद होने की वजह से ओटीटी मंच डिज्नीहॉटस्टार पर रिलीज होने को तैयार है। यह फिल्म पहले सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। इसमें आलिया पहली बार अपने पिता महेश भट्ट के साथ काम कर रही हैं जो दो दशक बाद निर्देशक के रुप में वापसी कर रहे हैं। सड़क 2 1991 में पूजा भट्ट और संजय दत्त अभिनीत फिल्म सड़क की सीक्वल है। इसमें निर्देशक महेश भट्ट की बड़ी बेटी पूजा भट्ट, संजय दत्त के साथ आलिय भट्ट और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिका में हैं।

## सुशांत मामला: पुलिस थाने पहुंची संजना सांघी ने बयान दर्ज कराया

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के मामले में मंगलवार को बयान दर्ज कराने के लिए अभिनेत्री संजना सांघी बांद्रा पुलिस थाने गईं। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुकेश छाबड़ा निर्देशित फिल्म दिल बेचारा से सांघी फिल्मी दुनिया में पदार्पण करने जा रहीं हैं। यह फिल्म सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री सुबह में अपना बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंची। पुलिस राजपूत की आत्महत्या करने की वजहों को समझने की कोशिश कर रही है। साथ ही यह भी जांच कर रही है कि कहीं किसी पेशेवर दुश्मनी की वजह से तो अभिनेता अवसाद में तो नहीं गए थे। अब तक पुलिस ने इस संबंध में 28 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इनमें अभिनेता के परिवार के सदस्यों के अलावा अभिनेत्री-दोस्त रिया चक्रबर्ती और कास्टिंग निर्देशक मुकेश छाबड़ा और यश राज फिल्म की कास्टिंग निर्देशक शानू शर्मा से भी पूछताछ हुई। 34 वर्षीय अभिनेता अपने बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में 14 जून को फांसी से लटके मिले थे।



नगर सहित बिसवां, सिधौली, महमूदाबाद, महोली, मिश्रिख में निकली साईकिल यात्रा

# भाजपा की नाकामियां और अपनी उपलब्धियां गिनाने निकल पड़े सपाई

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-साइकिल यात्रा निकालते जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, सचिन जायसवाल, देवेन्द्र यादव, जयसिंह यादव व अन्य


सीतापुर-सपा की नीतियां बताते पूर्व विधायक मनीष रावत

**सपा ने** भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।कार्यकर्ताओं ने मंगलवार से घर-घर जाकर मौजूदा भाजपा सरकार की नाकामयाबियां और पूर्ववर्ती अखिलेश सरकार की कामयाबियां गिनानी शुरू कर दिया है।

शहर में सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव व सचिन जायसवाल की अगुवाई में अभियान चला। भ्रमण दौरान सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सपा ने मोर्चा खोल दिया है। पेट्रोल, डीजल के बढ़ते दामों से जनमानस परेशान है। किसानों की कर्ज माफी योजना छलावा साबित हुई है। छोटे मझोले व्यापारियों का आत्महत्या करने पर विवश हैं। नौकरी के नाम पर युवाओं को धोखा दिया जा रहा है। लचर कानून व्यवस्था से जनमानस परेशान है। इस मौके पर कार्यालय अध्यक्ष जयसिंह यादव, शेखर यादव, यूनस खांन, देवेन्द्र यादव, प्रवीण सैनी, विजय यादव मौजूद रहे। इसी तरह पार्टी के आह्वान पर संदेश यात्रा विधानसभा मिश्रिख में पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी के नेत्रत्व में, महमूदाबाद मे विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा के नेत्रत्व में, विधानसभा बिसवां मे पूर्व विधायक निर्मल वर्मा ,पूर्व प्रत्याशी अफ्जाल कौसर व पूर्व मंत्री कमलेश यादव जी के नेत्रत्व मे,विधानसभा सेवता मे पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झींन बाबू के नेत्रत्व मे,विधानसभा सिधौली मे पूर्व विधायक मनीष रावत के नेत्रत्व मे,विधानसभा हरगाँव मे व्यापार सभा जिलाध्यक्ष आशीष रस्तोगी, उपाध्यक्ष विजय वर्मा द्वारा, विधानसभा महोली मे विधानसभा अध्यक्ष व पदाधिकारियों के द्वारा की गयी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल डीजल में बेतहाशा वृद्धि प्रवासी मजदूरों के रोजगार की कोई कार्य योजना न होने तथा सरकार की अन्य जनविरोधी नीतियों के विरोध में गाँव गाँव आह्वान कार्यक्रम के तहत साइकिल से ग्राम टेड़वा मझिगवां कलां गए और घर घर जाकर पत्रक बांटे सपा सरकार के समय किये कामों को गिनाया और उपलब्धियां बताई। इस मौके पर सपा नेता अफ्जाल कौशर करुणेश मिश्र तौला बीडीसी हनीफ विधान सभा अध्यक्ष सुनील यादव रमेश यादव सलमान शुभकरन यादव रामलखन यादव रंजीत भार्गव इत्यादि लोग उपस्थित रहे। रेउसा में पूर्व विधायक झीन बाबू के निवास सुपौली से महादेवा, गुड़रुवा, पश्चिम पुरवा, देवरिया आदि गाँवों में साइकिल से भृमण कर आह्वान पत्रिका का वितरण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव, वहीदुल हसन खान, मो. मेराज, जगेश्वर भार्गव, शाह आलम, आदि उपस्थित रहे। बिसवां में किसान यूनियन का सौंपा ज्ञापन-तहसील प्रांगण में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर अलग अलग ज्ञापन उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार को सौंपा। इस मौके पर संतलाल रावत महावीर प्रसाद बांके लाल जयदेवी गुड्डू लक्ष्मीकांत एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



सीतापुर-सरकार की नीतियां बताते सपा नेता प्रवीण सैनी, विजय यादव


सपा की नीतियां बताते पूर्व प्रत्याशी बिसवां सपा अफजाल कौसर

## आज से बदले अंदाज में शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

**● दस विभागों के साझा प्रयासों से हारेंगे मच्छरजनित रोग**

**सीतापुर।** कोरोना संक्रमण को देखते हुए बुधवार (1 जुलाई) से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का अंदाज इस बार बदला हुआ नजर आएगा। इस बार न तो स्कूली बच्चे जागरूकता रैली निकालेंगे और न ही गांव-गांव प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। अभियान से जुड़े लोग इस बार किसी के दरवाजे की कुण्डी नहीं खटखटाएंगे ।अभियान के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ख्याल रखा जाएगा। 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान को लेकर आशा व एएनएम को प्रशिक्षित करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. आलोक वर्मा ने बताया कि बरसात में जलभराव के कारण मच्छर पैदा होने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी रहेगा। सीएमओ ने बताया कि संचारी रोगों व दिमागी बुखार के नियंत्रण के लिए जन जागरूकता का होना अति आवश्यक है। अभियान के दौरान एएनएम, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारी दस्तक अभियान के दौरान संक्रामक रोगों, मच्छर जनित रोगों और कोरोना के बारे में जानकारी देंगे और उन्हें बचाव के उपाय बताएंगे। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को बताया गया कि स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, मच्छरों की रोकथाम, खुली नालियों को बंद करना, जलभराव को रोकना, खुले में शौच पर रोकथाम से बीमारियों पर सीधा प्रहार किया जा सकता है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही अन्य विभाग भी शामिल हो रहे हैं। उन सभी को पूरी जानकारी दे दी गई है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की हुई बैठक

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें उद्योगों के पक्ष में त्वरित स्वीकृतियां जारी करने एवं उद्योग बन्धुओं की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उद्योग बन्धुओं की समस्याओं का सभी विभाग प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जिन संस्थानों में 50 से अधिक मजदूर या श्रमिक कार्य कर रहे हैं वहां पर कोविड हेल्पडेस्क स्थापित करते हुये सभी की थर्मल स्क्रीनिंग कराये जाने के साथ-साथ पल्स आक्सीमीटर से जांच भी करायी जाये एवं 94 प्रतिशत से कम आक्सीजन लेवल पर तत्काल जिला प्रशासन का सूचना दें। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग अशीष गुप्ता, क्षेत्राधिकारी सदर योगेन्द्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्योग बन्धु समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

महमूदाबाद क्षेत्र में पांच दिन पूर्व गायब हुए दलित युवक का नहर में उतराता मिला शव

## हत्या का आरोप लगा, परिजनों ने मार्ग जाम कर दो घंटे तक काटा हंगामा

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर


महमूदाबाद-हंगामा करते परिजनों को समझाती पुलिस, इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

**सदरपुर थाना** में 5 दिन पूर्व गायब दलित युवक का शव मंगलवार को शारदा सहायक नहर में उतराता मिलने के बाद परिजनों में मार्ग जामकर हंगामा काटा मौके पर आलाधिकारी पहुंचे और परिजनों को समझाना शुरु कर दिया। थाना सदरपुर के गांव अकबापुर निवासी ठाकुरदीन (25) पुत्र बड़कन्ने 25 जून की रात घर से एक शादी में शामिल होने की बात कहकर गया था। इसके बाद हुसैनपुर गांव में ठाकुरदीन को कमलेश व छोटे के ट्रैक्टरों के बैट्रा चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने ठाकुरदीन की जमकर पिटाई की जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। संदिग्ध परिस्थितियों में ठाकुर प्रसाद लापता हो गया। 27 जून को ठाकुरदीन के परिजनों ने सदरपुर थाने में उसके गायब होने की तहरीर दे दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। मंगलवार को अकबापुर निवासी शिवशंकर ने सरैंया महिपतिसिंह गांव के सामने शारदा नहर में ठाकुर प्रसाद के शव को उतराता हुआ देखा और परिजनों को सूचना दी। बाराबंकी जिले के भगौली रेगुलेटर के पास से शव ग्रामीणों ने निकाला। मौके पर पहुंची बाराबंकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसके बाद परिजनों ने गांव वालों पर हत्या किए जाने का आरोप लगा कर महमूदाबाद-बिसवां रोड़ पर जसपैरा गांव के समीप मुख्य मार्ग को जाम कर करीब डेढ़ घंटे हंगामा काटा मौके पर एसडीएम महमूदाबाद गिरीश झा, सीओ महमूदाबाद अखंड प्रताप सिंह, रामपुरकलां, महमूदाबाद व सदरपुर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और उचित कार्रवाई कराए जाने की बात कही सीओ महमूदाबाद ने बताया कि मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा नेता ने किया कोविड हेल्प डेस्क का उद्घाटन


सीतापुर-कोविड डेस्क का उद्घाटन करते भाजपा नेता रितेश सिंह, डा. ओ.एन. वर्मा

संवाददाता। सीतापुर

**नेरी कला** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड हेल्प डेस्क उद्घाटन कर चिकित्सकों को संम्मानित किया गया जिसका शुभारंभ भाजपा नेता रितेश सिंह गौर ने फीता काटकर किया। कोविड हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया जिसमें बताया गया कि हम लोगो को 2 गज की दूरी और मास्क बहुत जरूरी है इस मौके पर डॉक्टर ओ .एन.वर्मा डॉक्टर अवनीश अवस्थी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मोदी ने पिछड़ों के लिए किया कामः हीरा ठाकुर


लहरपुर-प्रेसवार्ता करते राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष डॉक्टर हीरा ठाकुर

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर


**राज्य पिछड़ा** वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष डॉक्टर हीरा ठाकुर ने स्थानीय नहर गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है, इससे इस वर्ग की लोगों की समस्याओं का तेजी से निदान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के लोगों को अब इधर उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है वह अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए उन्हें कागज पर मात्र आयोग को प्रार्थना पत्र देना होगा, बाकी आयोग उन को न्याय दिलाने के लिए कार्य करेगा। क्षेत्रीय विधायक सुनील वर्मा ने उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के लोगों की अथिक संख्या है, और आयोग के द्वारा उन्हें न्याय देने की प्रक्रिया से उन्हें शीघ्र लाभ होगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा रामजीवन जयसवाल, संतोष कुमार कश्यप जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग, मंयक टंडन युवा मोर्चा, उप जिलाधिकारी राम दरस राम, तहसीलदार मदन मोहन वर्मा, एवं भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।

डाक्टर्स डे पर विशेष...

## डॉ. टंडन के लिए चिकित्सा पेशा नहीं बल्कि मिशन है

**● समाजसेवा और खेल जगत में भी है दबदबा**

संवाददाता। सीतापुर


डॉ. राजकिशोर टण्डन

**चिकित्सा, पेशा** नहीं बल्कि मिशन है और नर सेवा ही नारायण सेवा है। इन मूलमंत्र को अपने जीवन में उतारने वाले ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ. राज किशोर टंडन सिर्फ सीतापुर ही नहीं बल्कि आस-पास के जिलों के मरीजों के दिलों में बसे हैं। प्रतिदिन कई मरीजों का निःशुल्क उपचार करने वाले डॉ. टंडन के पास सम्मानों की लंबी फेहरिस्त है। चिकित्सा के साथ ही वह समाजसेवा और खेल जगत में भी जाने-पहचाने जाते हैं। एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने अपने चिकित्सा सेवा की शुरूआत जिला मुख्यालय के बजाय 5 मार्च 1974 को मिश्रिख कस्बे से की। अपनों की सेवा करने के उद्देश्य को लेकर उन्होंने विदेशों की नौकरी को भी ठुकरा दिया। डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर उनसे बातचीत की, डॉक्टर बनने का प्रमुख कारण क्या है, इस प्रश्न पर थोड़ा गंभीर होते हुए कुछ क्षणों की चुप्पी के बाद उन्होंने बताना शुरू किया कि परिवार में मुझसे बडे एक भाई थे, वर्ष 1940 में वह बहुत बीमार हुए, उन्हें कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। उस समय मेरी मां उन्हें दिखाने के लिए अंग्रेज डॉक्टरों के आगे गिड़गिड़ाती थीं, लेकिन अंग्रेज डॉक्टर सुनते ही नहीं थे, उस वक्त मेरी मां बहुत परेशान हुई और उन्होंने मुझे पढ़ा-लिखा डॉक्टर बनाया, जब मैं डॉक्टर बन गया तो मेरी मां ने मुझसे कहा कि बेटा कभी किसी गरीब का दिल न दुखाना, उनकी बात आज भी मेरे मन-मस्तिष्क में है। वह बताते हैं कि इसके अलाव मेरे पिताजी बैंक कर्मी थे, उनके जल्दी-जल्दी तबादले होते रहते थे, तो पिताजी भी चाहते थे कि मैं कोई ऐसा काम करूं जिससे एक जगह ही रह सकूं। पेशेगत चुनौतियों के बारे में बात करने पर वह बताते हैं कि पिछले कुछ सालों से पेशेगत चुनौतियां बहुत बढ़ गई हैं। तमाम नियम, कानून बढ़ गए है, जिससे छोटे क्लीनिक खोलना मुश्किल हो गया है और इलाज महंगा हो गया है। सरकारी चिकित्सा व्यवस्था में और सुधार के लिए उन्होंने कहा कि इसमें इंडियन मेडिकल सर्विसेज होनी चाहिए, जिस तरह की व्यवस्था ब्रिटिश काल में थी। प्रदेश में सरकारी डॉक्टरों की कमी पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की पीएचसी और सीएचसी पर संसाधन उपलब्ध कराने की जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### मास्क चेकिंग के दौरान सपा नेता की मौत


मृतक की फाइल फोटो

**रेउसा के मुख्य चौराहे का मामला, पुलिस ने काटा था 250 रुपए का चालान**

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा में मास्क चेकिंग के दौरान सपा नेता की मौत हो गयी। मंगलवार को रेउसा के मुख्य चौराहे पर पुलिस द्वारा मास्क की चेकिंग की जा रही थी। उसी वक्त एक अंत्येष्टि से लौट रहे सेवता के पूर्व सपा विधानसभा अध्यक्ष बिलाल खां निवासी अज्जेपुर तंबौर बाइक पर सवार होकर अपने भाई के साथ पहुंच गए। पुलिस ने उन्हें मास्क न लगा होने के कारण रोका। 250 रू. का चालान काटा। जुर्माना भरते वक्त बिलाल खां चक्कर खाकर गिर पड़े जिन्हें पुलिस द्वारा सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सपा नेता के भाई फारुक ने पुलिस पर अभद्रता के भी आरोप लगाये हैं। डाक्टर असद खालिद ने बताया कि मृतक की मौत हार्ट अटैक से होना प्रतीत हो रही है।

### बगावान की दबंगई, बंद किया रास्ता

**सीतापुर।** जनमानस सरोजनी वाटिका के बागवान की दबंगई से परेशान हैं। बागवान ने कम्पनी बाग के अंदर जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया है। सभासद धीरज पाण्डेय ने प्रषासन को ज्ञापन देर रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है।

### चौथे दिन एम्बुलेंस चालकों का प्रदर्शन जारी

**सीतापुर।** वेतन में कटौती होने से नाराज एम्बुलेंस चालकों का चौथे दिन भी अनशन जारी रहा। चालकों ने मांगे न पूरी होने तक अनशन करने का ऐलान किया है। 108-102 एम्बुलेंस के कर्मचारियों का आमरण अनशन अब प्रदेश व्यापी हो गया है। हालांकि अभी एम्बुलेंस सेवाएं बाधित नहीं की गयी है। आमरण अनशन के तीसरे दिन अस्पताल परिसर में भूख हड़ताल की, जीवन दानी स्वास्थ विभाग 108-102 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि उनकी जेबीके से जो 25 सितम्बर को ही समझौता हुआ था, उसको न मानकर उन्हें दिये जा रहे वेतन में भी कटौती की जा रही है।

### 25 और 10 हजार के दो इनामिया गिरफ्तार

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने 25 हजार के ईनामियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अतीक उर्फहकीक, अकील पुत्र मो. हबीब नि. मिरदही टोला को गिरफ्तार किया, जो लूट, हत्या के प्रयास में वांछित 25 हजार का ईनामिया है। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि टीम में उ.नि. अजय सिंह, मनीष सिंह, का. राहुल, सोहनपाल, यादुवेंद्र रहे। वहीं मानुपर पुलिस ने अमित कुमार पुत्र श्रीपाल नि. गांव मैनापुर मानपुर को गिरफ्तार किया जो दुष्कर्म के मामले में 10 हजार का वांछित है। टीम में विनोद मिश्रा, उ.नि. अखिलेश मौजूद रहे।

### किशोरी का हाथ पकड़कर खींचा, केस दर्ज

**हरगाँव सीतापुर।** हरगाँव थाना क्षेत्र के उदनापुर कला में एक खेत गयी किशोरी से गांव के ही निवासी बंगाली पुत्र भुरऊ उर्फरामपाल ने छेड़छाड़ करते हुए हाथ पकड़ कर खींचा किशोरी के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता ने परिजनों को आप बीती बताई परिजन पीड़ित को लेकर थाने पहुंचे। थानाध्यक्ष ने कुलदीप तिवारी ने बताया कि धारा 354, 323, 504, 506,7/8लैंगिक अपराधों मे बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

### खेलते-खेलते खेत में बने गड्ढे में डूबे मासूम भाई-बहन, मौत

**तंबौर सीतापुर।** थाना तंबौर इलाके में फिर एक बार दो मासूम भाई बहन की खेत में बने खड्डे में डूबकर मौत हो गई। क्षेत्र के गांव रायमडोर निवासी महेश अपने खेत में रोपाई का काम कर रहे थे और उनके दो बच्चे जूली (6), मोनू (5) पास में ही खेल रहे थे और वह अचानक खेत में बने गड्डे में जा गिरे जिसमें पानी भरा था, काफी देर बाद परिजनों को पता चला परिजन दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शवों का पंचायतनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया है।

### सड़क किनारे मिला विधवा का शव, हत्या की आशंका

**पिसावां सीतापुर।** थाना पिसावां क्षेत्र में एक विधवा का शव सड़क पर मिला जिसका सिर बुरी तरह कुंचा हुआ था, ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई वहीं पुलिस एक्सीडेंट किए जाने की बात कह रही है। पिसावां के गांव ररूवा निवासी राजेश्वरी (45) पत्नी स्व. राजेश अपने मकान में अकेली रहती थी उसके कोई संतान भी नही थी। मंगलवार सुबह उसका शव गाँव से मुड़ा कला जानेवाली पक्की सड़क पर मिला। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई तो सीओ मिश्रिख अभय मल्ल, इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शव को पंचनामा करवाया जा रहा है, प्रथमदृष्टया मामला एक्सीडेंट का लग रहा है। फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

### जमीनी विवाद को लेकर भाजपा नेता भिड़े, पांच जख्मी

**कमलापुर सीतापुर।** ग्राम समाज की भूमि के कब्जे को लेकर हुए विवाद में भाजपा नेताओं में मारपीट हुई। जिसमें 5 लोग जख्मी हो गए। क्षेत्र के छेदनीकुआ चौराहे पर ग्राम समाज की भूमि पर गिरजाशंकर पुत्र गणेश प्रसाद मिश्रा व परिवार के ही भाजपा मण्डल महामंत्री कसमण्डा गौरव मिश्रा पुत्र लक्ष्मी कांत मिश्रा निवासी किंधौलिया कब्जा था। गांव के ही निवासी भाजपा नेता पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष कसमण्डा पुष्पेन्द्र प्रताप सिह व उदय प्रताप सिंह उसी जमीन पर मौरंग की गाडी उतरवा रहे थे। इसी बात को लेकर मारपीट हुई। जिससे गिरजाशंकर, शोभित मिश्रा, गौरव मिश्रा तथा पुष्पेन्द्र सिंह उनके पिता उदय प्रताप सिंह घायल हो गये। जिनका सीएचसी कसमंडा में इलाज कराया गया। थाना प्रभारी आर बी सुमन ने बताया कि दोनों ओर से मिली तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

### शिक्षामित्रों को दिया जाए 25 हजार प्रतिमाह

**सीतापुर।** पूर्व विधान सभा क्षेत्र मछरेहटा/मिश्रिख प्रत्याशी रामदयाल राजवंषी ने शिक्षामित्रों को समायोजित करने की मांग की है। उनका कहना है कि अन्य राज्यों की तरह प्रदेश मे शिक्षामित्रों को समायोजित करते हुए 25 हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रषासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है।

### आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**गोंदलामऊ सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में एक युवक का शव आम के पेड़ से लटकता पाया गया। राजदीप (32) पुत्र शिवकुमार निवासी सहोली सोमवार शाम को अपने घर से झगड़ा करके घर से निकल गया था देर रात तक घर नही पहुँचा तो घर वालो ने तलाश जारी कर दी। भाई उपदेश सिंह को गोपालपुर भट्ठे के पास बने लोटियन तालाब के पास राजदीप का शव आम के पेड़ से लटका हुआ पाया। भाई ने इसकी सूचना घर पर दी। परिजन शव को उतार कर घर ले आये, सूत्रानुसार राजदीप की ससुराल में मंगलवार चचेरी साली की शादी है घर पर किसी बात को लेकर हुए विवाद हुआ था जिससे नाराज होकर घर से चला गया था। एसओ संजय पांडेय ने बताया कि मुझे इस मामले की कोई जानकारी नही है।

### भारत परिषद ने बांटी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की दवा

**सीतापुर।** भारत परिषद द्वारा दीवानी कचेहरी परिसर में रोग प्रतिरोधक छमता बढ़ाने की हजारो की संख्या में दवा की सीसी का निशुल्क वितरण किया गया। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए हमारे शरीर का रोग प्रतिरोधक छमता का मजबूत होना आवश्यक है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय ने शरीर के रोग प्रतिरोधक छमता बढ़ाने के लिए होमियो पैथिक की दवा आर्सेनिक अल्बम 30 को खाने की बात कह रही है। वितरण कार्य रत्नेश द्विवेदी,डॉ वीरेन्द्र आर्या,आकाश राय, सुधांशु मिश्रा, डॉ. याकूब खान, डॉ. शांति स्वरुप रस्तोगी, कमलेश मेहरोत्रा ने सहयोग प्रदान किया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 1 जुलाई, 2020



# योजनाओं का गुणवत्तापरक क्रियान्वयन करें: सांसद

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**अनुश्रवण हेतु** जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खीरी सांसद अजय मिश्र 'टेनी' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य रूप से सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा, विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक गोला अरविंद गिरी, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी व विधायक निघासन शशांक वर्मा मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा विकास कार्यक्रमों में खीरी केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रत्येक महत्वाकांक्षी योजना में टाप टेन में रहा है। कोविड के बाद यह प्रथम बैठक है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की नीतियों के चलते कोविड के संक्रमण को नियंत्रण करने में काफी हद तक सफल रहे। मेहनत की देन कि खीरी में संक्रमण का प्रसार अन्य जनपदों की तुलना में काफी कम रहा। सीडीओ अरविंद सिंह की बेहतर परफारमेंस के चलते उन्हें टाप फाइव नौजवान आईएएस में शामिल किया गया है।

सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा ने सीएचसी ईसानगर में जलभराव का मुद्दा उठाया। सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने सीएचसी धौरहरा का भ्रमण किया और वह समस्या से पूरी तरह भिज्ञ है। समस्या से निजात दिलाने हेतु समुचित प्रबंध हेतु कार्य योजना बनाकर निदान कराए जाने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में गोद लिए गांव में बेहतर कार्य कराए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा अधिकारियों को उनके विभागों से संबंधित जो भी कार्य अवगत कराये जाते हैं। उसका संज्ञान अवश्य लिया जाय तथा जनप्रतिनिधियों को उसके बारे में अवगत भी कराया जाय। वह अपने क्षेत्र में जनता को जानकारी प्रदान कर सके।विधायक गोला अरविंद गिरी बोले कि उनकी विधान सभा के अंतर्गत विकास खंड बिजुआ की 14 ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से वंचित है। उन्होंने कहा कि वंचित सभी ग्राम पंचायतों में पात्र लाभार्थियों को किसी अन्य योजना से आच्छादित करते हुए आवास प्रदान किया जाए।



सीडीओ ने कहा कि उन्हें आवास प्लस में आवंटित लक्ष्य में सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीमती मंजू त्यागी ने पेयजल परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण किया जाए। विधायक निघासन शशांक वर्मा ने सरकार से प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की पेंशनों का अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लाभार्थियों को लाभांवित करने की बात कही।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कोविड-19 के दौरान सीएमओ एवं सीएमएस की टीम ने पूरी ईमानदारी से काम किया है। प्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने का हर संभव प्रयास किया गया। उन्हें खाद्यान्न किट एवं रूपयों की आर्थिक मदद भी दी गई। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमितों का समुचित इलाज कराने के लिए पूरी तैयारी है। सीडीओ के नेतृत्व में रोजगार सृजन पर काम किया। डीएम ने राजस्व टीम के प्रति कहा कि उन्होंने संक्रमण के दौरान प्रवासियों के लिए बनाए गए स्क्रीनिंग होम में पूरी तत्परता से काम किया है। कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी सुझाव, परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया है उनका अक्षरश: अनुपालन कराया जाएगा। एसपी पूनम ने जनपद में कानून व्यवस्था के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी।

सीडीओ अरविंद सिंह ने कहा कि डीएम के संरक्षण में एक अनुकूल वातावरण एवं अधीनस्थ अधिकारियों के बेहतर सहयोग से उनकी ऊर्जा वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि एरोमेटिक, हर्बल और मेडिसिनल प्लांट में भी रोजगार की अपार संभावनाएं जताते हुए कहा कि एनआरएचएम समूह की महिलाओं को हर्बल प्लांट एकत्रित करने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। वही कृषकों का चेतना वर्धन कर शहद उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य संकेतको में 30 पैरामीटर में जिला खीरी मंडल में प्रथम एवं प्रदेश में आठवें स्थान पर रहा है। कोविड-19 के दौरान पूरी ऊर्जा के साथ हर स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 115 केस पाजीटिव पाये गये जिसमें उपचार उपरांत 95 केस डिस्चार्ज हो चुके है वही वर्तमान में 20 एक्टिव कोविड केस है। बैठक का संचालन परियोजना निदेशक डीआरडीए रामकृपाल चौधरी ने किया।

बैठक में सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा, विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक गोला अरविंद गिरी, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, विधायक निघासन शशांक वर्मा, डीएम शैलेंद्र कुमार, एसपी पूनम, सीडीओ अरविंद सिंह व सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गोवध अधिनियम में तीन गिरफ्तार



**मितौली-खीरी।** थाना प्रभारी अनिल कुमार सैनी ने पुलिस अधीक्षक खीरी पूनम व पुलिस उपाधीक्षक शीतांशु कुमार के दिशा-निर्देशन में अपराधियों एवं वारंटियों के धरपकड़ अभियान के तहत रात्रि गश्त के दौरान उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल विनोद वर्मा, अखिलेश, मोहित, विजय गौतम द्वारा ग्राम गणेशपुर निवासी मिश्री लाल, विश्राम तथा टिकरिया निवासी वीरू जो कि पूर्व में गोवध अधिनियम में थाना मितौली द्वारा पंजीकृत अभियोग के निरुद्ध थे। तीनों अभियुक्तों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर गैंगेस्टर एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार उक्त शातिर किस्म के अपराधी थे जिन्होंने थाना क्षेत्र में विभिन्न श्रेणी के अपराधों में संलिप्त थे। मितौली पुलिस द्वारा अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सांसद रत्न अजय मिश्र का जगह-जगह हुआ स्वागत



**लखीमपुर-खीरी।** सांसद रत्न की उपाधि पाने के बाद सांसद खीरी का स्वागत जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। निजनिवास बनवीरपुर से क्षेत्र में निकले सांसद रत्न अजय मिश्र टेनी का स्वागत निघासन, लुधौरी, बम्हनपुर में कार्यकर्ताओं ने जोरदरा ढंग से किया है। सोमवार को निघासन क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज बम्हनपुर में संसद रत्न मिलने के बाद प्रथम बार पहुंचने पर सांसद जी का बड़े हर्षोउल्लास के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव, मुशीर, सतीश प्रधान, अमन अवस्थी, गुड्डू, गणेश, रवि, संकटा प्रसाद लोधी, विनोद जायसवाल, आशीष सक्सेना, महेश जायसवाल, मुनेश जायसवाल, विवेक, मनोज जायसवाल, राममूर्ति गुप्ता, नितेश जायसवाल, अनमोल सिंह, डा. राजकुमार, अनिल यादव, वेदप्रकाश मौर्या, जिला मंत्री जन शिव, संतोष मौर्या अध्यक्ष, राव शैव महासंघ लखीमपुर सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि यह स्थान मिलने को लेकर कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा बताया तथा इसका धन्यवाद किया।

## लटका मिला बालिका का शव

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम सिरसी में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थियों में गांव के बाहर आम के पेड़ में 15 वर्षीय बालिका का शव फंदे पर झूलते हुए मिलने के बाद सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम सिरसी निवासी पहलाद निषाद की 15 वर्षीय पुत्री पप्पी का शव गांव के बाहर मंगू के खेत में लगे आम के पेड़ में फांसी के फंदे पर संदिग्ध परिस्थितियों में झूलता मिला हुआ। जानकारी होने पर मृतका के भाई रामस्वरूप ने पुलिस को सूचना देकर हत्या की आशंका व्यक्त की। मौके पर पहुंचीं थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## पलिया इलेवन बनीं टूर्नामेंट चैम्पियन

**निघासन-खीरी।** निघासन के ग्राम मटेहिया बैलहा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पलिया इलेवन व मटेहिया इलेवन के बीच खेला गया। पलिया इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 251 रन बनाए। बल्लेबाज जितेंद्र ने 80 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मटेहिया इलेवन की टीम मात्र 8 ओवर में 9 विकेट खोकर 50 रन पर ही सिमट गई। पलिया इलेवन ने 201 रन से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में सपा निघासन विस प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल ने विजेता टीम को 6 हजार रुपये व ट्राफी देकर सम्मानित किया। उप विजेता टीम को लक्ष्मण यादव अमीन साहब ने ट्राफी और पांच सौ रुपए दिए। मैन आफद मैच जितेंद्र सिंह व मैन आफ द सीरीज बल्लू को मिला। इस मौके पर विकास पटेल, मो. सलीम, टूर्नामेंट आयोजक जोगा सिंह, सीताराम यादव, हंसराज सिंह, हर्षित वर्मा, मनोज राज व राहुल यादव सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## सपाइयों ने बांटे आवेदन पत्र

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पूर्व मुख्यमंत्री व सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर गोला विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में सपाइयों ने आवाहन पत्र पहुंचाया। राहगीरों से जनसंवाद किया। चिलचिलाती धूप में भीषण महामारी कोरोना वायरस से बचाव के उपाय बताएं तथा सतर्कता बरतने के लिए समझाया। वारिस अली अंसारी ने बताया कि करोना वायरस जितनी तेजी से फैलता जा रहा है जिसकी चपेट में लाखों लोग अब तक आ चुके हैं। इसलिए सतकर्ता बरते हुए अपने परिवार और अपने पड़ोसियों को भी जागरूक करने की नसीहत दी। वहीं सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस समय पर भी भाजपा अपना प्रचार उतनी ही तेजी से कर रही है, रैलियां कर रही है। जनता को मूर्ख बना रही है। जो भी जनता के मूल मुद्दे हैं उनसे भटका कर नौजवानों को बरगलाने का काम कर रही है और समाजवादी पार्टी के द्वारा किए गए कार्यों का बखान किया।

## कोरोना योद्धाओं में किट का वितरण



संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**नगरपालिका परिषद** की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल और अधिशासी अधिकारी पीएन दीक्षित ने कोरोना योद्धा सफाई कर्मियों को ग्लब्स, मास्क, हेलमेट, सैनिटाइजर व गमबूट आदि का वितरण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि कोरोना योद्धा सफाईकर्मी दिन-रात मेहनत कर नगर को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कोविड-19 के बचाव के लिए राहत उपकरण ग्लब्स, सैनिटाइजर, हेलमेट, मास्क व गमबूट आदि से लैस होकर सामाजिक दूरी के साथ नगर को स्वच्छ रख देश की सेवा करें। अधिशासी अधिकारी पीएन दीक्षित कहा कि सभी पालिका कर्मी सुरक्षा उपकरण के साथ लगन निष्ठा के साथ कार्य करें। नगर पालिका में प्रवेश करने वालों के लिए पालिका सभागार में स्थापित कोविड-19 राहत डेस्क के पास हाथों को सैनिटाइज कर, थर्मल स्कैनिंग एरजिस्टर में नाम पता आने का कारण दर्ज करवाने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के प्रधान लिपिक राजेश, बाजपेयी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, सफाई नायक दिलीप कुमार, राजेंद्र कुमार व सुधीर कुमार आदि पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## निरीक्षण में चाक चौबंद मिलीं व्यवस्थाएं

**लखीमपुर-खीरी।** जिला जज शिव शंकर प्रसाद ने डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसपी पूनम एवं सीजेएम सीमा सिंह के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार के पुरुष एवं महिला बंदी ग्रहों में व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली। बंदी महिलाओं से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली एवं बच्चों को चाकलेट वितरित कीं।

## क्विक न्यूज

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान पहली जुलाई से

**बरेली।** कोरोना संक्रमण के बीच पहली जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत होने जा रही है। शहरी प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान लोगो को स्वास्थ्य विभाग की कार्यकत्रिया घर घर जाकर वायरल बुखार, मलेरिया, डेंगू बुखार से बचाव और बीमार होने की स्थिति मे तत्काल अस्पताल पहुंचने के लिए जागरूक करेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया और डेंगू का प्रकोप नही फैलने देने के मकसद से ही यह अभियान शुरू होगा जो 31 जुलाई तक चलेगा।

### बस चालक ने फांसी लगाकर जान दी

**बरेली।** नशे के आदी एक बस चालक ने बीती रात घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह होने पर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।प्रेमनगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी अनूप मिश्रा पुत्र राम कुमार मिश्रा की लाश आज सुबह उसके घर के कमरे में छत से लगे गुंडे से बंधे दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि अनूप प्राइवेट बस चलाता था और शराब का आदी था। कल शाम को रोजाना की तरह घर में खाना खा कर सोया था। जब घर के लोग गहरी नींद में सो गए तब उसने छत के गुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। सुबह होने पर उसकी बेटियों ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और मां को सूचना दी। जिसमें अनूप के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बड़े भाई ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पत्नी का नाम आस्था है वह दो बेटियों का पिता था।

### कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रही एक कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव खाता नगरिया निवासी अमीर खां पुत्र तनवीर खां की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि आमिर खान ई रिक्शा चलाता था और कल दिन में रामपुर हाईवे पर एक कार ने उसे टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि टक्कर मारने वाली कार फरार हो गई। उसे इलाज के लिए बरेली लाया गया जहां एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वह 4 बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम बेबी है।

### आकाशीय बिजली गिरने से बाइक चालक की मौत

**ललितपुर।** नाराहट थाना अंतर्गत ग्राम सरखड़ी तिराहे के निकट आकाशीय बिजली गिरने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अमित वासुदेव 24 वर्ष निवासी ओरछा जिला टीकमगढ़ अपने मामा के के घर सागर से लौटकर वापस ओरछा जा रहा था। तभी सरखड़ी तिराहे के निकट अचानक आकाशीय बिजली गिरने से अमित की मौके पर ही मौत हो गई। युवक गले में एक पीली धातु का लॉकेट पहने हुए था और उसके मोबाइल का नेट ऑन था अनुमान है। यही दोनों कारण उसकी मौत का सबब बन गए। मौके पर उप निरीक्षक सुधाकर सिंह ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और भेजा पोस्टमार्टम को। मृतक के परिजनों को भेजी गई सूचना।

### ससुरालियों पर जबरन जहर खिलाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर कोतवाली के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी विनोद कुमार साहू ने प्रभारी निरीक्षक ललितपुर के प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके भाई संजय साहू ने तालाबपुरा निवासी सजातीय एक युवती से प्रेम विवाह किया था। उसके बाद दोनों परिवारों की सहमति से उनका विवाह भी करा दिया गया था लेकिन उसके बाद भी उसके भाई संजय के ससुराली जन संजय से रंजिश मानते रहे। सुबह जब उसका भाई संजय बाजार की तरफ जा रहा था तो ससुराली जनों ने उसकी पिटाई कर दी और जबरदस्ती उसको विषाक्त पदार्थ पिला दिया जिससे उसके भाई की हालत गंभीर हो गई। युवक का जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है।

### स्वामी ब्रह्मानंद बिग्रेड ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** लोधी समाज ललितपुर पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर आज स्वामी ब्रम्हानंद बिग्रेड के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से मुलाकात करके ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया। ग्राम चमरौआ में बलवीर लोधी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने बाले अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तार किये जानें की मांग की,जैरवारा की घटना में तत्काल एफ आई आर दर्ज कर गिरफ्तारी की जायें। सडकौरा के रूप सिंह लोधी की दवंगो से सुरक्षा की जायें।

## सपा की बहुप्रतीक्षित जिला कार्यकारिणी घोषित

संवाददाता। ललितपुर

- कृष्णस्वरुप निरंजन बने जिला महासचिव
- पार्टी ने युवाओं को दिए महत्वपूर्ण पद जताया भरोसा
- वरिष्ठ पदाधिकारी व युवा कार्यकर्ता सपा को करें और मजबूत : तिलक यादव

**समाजवादी पार्टी** की लम्बे समय से प्रतीक्षारत जिला कार्यकारिणी की जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. द्वारा घोषणा कर दी गयी है। सपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी को जिले में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए जहां वरिष्ठ सपाईयों के अनुभवों को तरजीह दी है तो वहीं जोश-खरोस के साथ पार्टी में कार्य करने वाले युवाओं को पदाधिकारी नियुक्त कर कार्यकारिणी में जान फूंकने का काम किया है।जिला कार्यालय से जारी हुयी सूची में सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. ने जिला उपाध्यक्ष पद पर सरदार जितेन्द्र सिंह जीतू, अब्दुल अजीज कुरैशी एड., अनिल कुमार अड़जरिया, महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, जगदीश कंचन कुशवाहा को नियुक्त किया है। तो वहीं महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर वरिष्ठ समाजसेवी/युवा नेता कृष्ण स्वरूप निरंजन को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर प्रसन्न कुमार जैन और महत्वपूर्ण पद प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी पद पर खुशालचंद्र साहू को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सचिव पद पर रामजीवन सिंह यादव, रमेश सिंह यादव, हेमन्त जैन, शेर सिंह पटेल, धर्मेंद्र कुशवाहा एड., शाकिर अली, अशोक अहिरवार, रामदास श्रोती, निशान्त जैन, सरफराज अली एड., महेन्द्र सिंह एड., स्वामी प्रसाद यादव एड., विनोद रैकवार, कोमल प्रजापति, करन सिंह पाल के साथ जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सरिता यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा तेईस जिला कार्यकारिणी सदस्य नामित किये गये हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों से आह्वान



जिला महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन

किया गया है कि वह सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनें और उन्हें जागरूक करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विचारधारा से लोगों को अवगत करायें।

**कृष्ण स्वरूप निरंजन को मिला महत्वपूर्ण जिला महासचिव का पद:** लम्बे समय से जिले की राजनीति में हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में अहम भूमिका का निर्वाह्न करने वाले युवा नेता कृष्ण स्वरूप निरंजन पर पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपते हुये जिला महासचिव नियुक्त किया है। उनके महासचिव नियुक्त होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। युवाओं ने कृष्ण स्वरूप निरंजन को महासचिव बनाये जाने पर मिष्ठान वितरण व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया है।

## कड़ेसराकलां में निकाली गयी आह्वान रैली



कड़ेसराकलां में साइकिल रैली निकालते सपाई

संवाददाता। ललितपुर

**प्रदेश सरकार** पर गलत नीतियों के संचालन का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में आह्वान बाइसाइकिल रैली निकाली जा रही है।

इस रैली को जिला मुख्यालय से जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया था। इसी क्रम में मंगलवार को यह रैली ग्राम कड़ेसराकलां में स्वामी प्रसाद यादव एड. के नेतृत्व में निकाली गयी। इस दौरान सपाईयों ने प्रदेश सरकार पर गलत नीतियों का संचालन करने का आरोप लगाते हुये लोगों को जागरूक होने का आह्वान किया है। इस दौरान स्वामी यादव एड., अनिल अडजरिया, ज्ञान सिंह, लाल सिंह, धर्मेंद्र, दीप सहरिया, रामस्वरूप सहरिया, आकाश अहिरवार, अभिनंदन अहिरवार, सचिन अहिरवार, शीलू वंशकार, रवि, सत्येंद्र, बलवीर, चन्द्रभान, प्रमोद सेन, विशाल, वीरपाल, शोभाराम, बन्टी, आनन्द सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या

**बरेली।** कर्ज से परेशान एक किसान ने बीती रात गांव के पास ही जंगल में आम के पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।नवाबगंज थाने के गांव भगौतीपुर त्रिवेणी सहाय निवासी 42 वर्षीय कांता प्रसाद पुत्र रामेश्वर दयाल की लाश आज सुबह गांव के पास स्थित जंगल में आम के पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि कांता प्रसाद पर कई लोगों का कर्ज था और वह उस पर कर्ज वापस करने का दबाव डाल रहे थे। जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान था और कल शाम को रोजाना की तरह खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से बाहर गया था। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। घर वाले उसे रात भर तलाशते रहे। सुबह होने पर जंगल में जा रहे लोगों ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और घरवालों को सूचना दे दी।

# पाइप पेयजल योजना के प्रथम चरण का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। ललितपुर

- 2185 करोड़ की परियोजना से लाभान्वित होंगे जनपद के 112 गांव
- जिला पंचायत अध्यक्ष व एडीएम ने किया भूमि पूजन

**जिले में पेयजल** समस्या अब जल्द ही दूर हो जायेगी। ललितपुर विधानसभा से विधायक रामरतन कुशवाहा के अथक प्रयासों से जिले को पाइप पेयजल योजना को मूर्त रूप मिलने जा रहा है। जनपद के एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीण अंचलों को शुद्ध पानी की निर्बाद्ध पेयजलापूर्ति मिल सकेगी। मंगलवार को ब्लाक जखौरा के ग्राम कालापहाड़ में 2185 करोड़ रुपये की लागत से पाइप पेयजल योजना का भूमिपूजन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयश्री जितेन्द्र खटीक व अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। भूमिपूजन उपरान्त सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि बुन्देलखण्ड ही नहीं उत्तर प्रदेश का जनपद ललितपुर पहला ऐसा जिला है, जहां सर्वाधिक बांध हैं। अच्छी बारिश के चलते यह बांध पानी से पर्याप्त भर जाते हैं। बावजूद इसके कई ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पानी की आपूर्ति के लिए किसी भी सरकार ने नहीं सोचा। ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले अधिकांश लोग प्राकृतिक पेयजल स्रोत कुँआ या फिर सरकार द्वारा स्थापित किये जाने वाले हैण्डपम्पों पर आश्रित रहते थे। लेकिन गरमी का मौसम आते ही जलस्तर नीचे जाने से कुँआ व हैण्डपम्प भी धीरे-धीरे साथ छोड़ देते थे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने लोगों की जमीनी स्तर पर मुख्य समस्या को गंभीरता से लिया। प्यासे बुन्देलखण्ड



पाइप पेयजल योजना का भूमिपूजन करते सदर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष

को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनायें बनाकर लागू किया गया। अब इन परियोजनाओं को मूर्त रूप शीघ्र ही मिल जायेगा। सदर विधायक ने बताया कि ललितपुर जिले में 2185 करोड़ रुपये की लागत से पाइप पेयजल योजना का आज भूमिपूजन कर शुभारंभ किया जा रहा है। यह योजना जिले के लिए वरदान साबित होगी। तो वहीं दूसरी ओर दूर-दूर तक ग्रामीण अंचलों में लोगों को शुद्ध पेयजल निर्बाद्ध रूप से मिल सकेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयश्री जितेन्द्र खटीक ने कहा कि इस पाइप पेयजल योजना का लाभ ऐसे ग्रामीण अंचलों को भी मिल सकेगा, जहां महिलायें कई किमी दूर से पानी लाने को विवश हुआ करती थीं। उन्होंने कहा कि पाइप पेयजल योजना से महिला को सशक्त होने में भी बल मिलेगा। अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने संक्षिप्त उदबोधन में कहा कि जब इस पाइप पेयजल योजना की रूपरेखा प्रशासन द्वारा तैयार की जा रही थी, तब सदर विधायक जी द्वारा परियोजना की डीपीआर का अवलोकन करते हुये योजना से वंचित हो रहे कई ग्रामीण अंचलों को जुड़वाया, जिससे कि इस योजना के तहत उन ग्रामीण अंचलों को भी लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने इस योजना को शीघ्र ही पूरा किये जाने की बात कही। एडीएम ने बताया कि इस पाइप पेयजल योजना से जनपद की ललितपुर व महरौनी विधानसभा के 112 गांव लाभान्वित होंगे। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयश्री जितेन्द्र खटीक, जितेन्द्र खटीक, अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र, एसडीएम तालबेहट, बलिराम वर्मा, पटौराकलां प्रधान शम्भू चौबे, बीडीओ जखौरा, जाखलौन मण्डल अध्यक्ष श्याम बिहारी कौशिक, जखौरा मण्डल अध्यक्ष अमरीश लोधी, प्रधान मड़वारी प्रेमनारायण कुशवाहा, प्रधान काला पहाड़ भवानी सिंह, करतार सिंह, श्रीकांत कुशवाहा, राजकुमार नायक, कल्लन कुशवाहा, मोहित सोनी, विशाल श्रीवास्तव, जगभान कुशवाहा, दीपक मिश्रा, बाला सेन, कन्हैया कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, पुरषोत्तम कुशवाहा के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

# चौकी इंचार्ज समेत फर्रुखाबाद में मिले सात नये कोरोना पॉजिटिव मरीज

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**कोविड**-19 कोरोना संक्रमण का खतरा थमने का नाम नहीं ले रहा। कोविड धनात्मक रिपोर्ट के अनुसार शहर कोतवाली की एक चैकी के इंचार्ज समेत रोडवेज बस चालक और पांच अन्य लोग पॉजिटिव घोषित हुए हैं। यह सभी कॉन्टेक्ट केस हैं जिसको लेकर जिला प्रशासन और चैकन्ना हो गया। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह व एसपी डॉण् अनिल मिश्र ने ताबड़तोड़ औचक निरीक्षणों व तैयारियों को सुचारू करने में यु; स्तर पर ताकत झोंकी है।

शहर कोतवाली की चैकी आवास.विकास के इंचार्ज समेत दालमंडी फ्तेहगढ़ में किराये के मकान में रह रहे रोडवेज बस चालक के अलावा बढ़पुर ब्लाक के गांव बुढ़नामऊ में भाई.बहन कॉन्क्टेक्स केस के चलते पॉजिटिव निकले हैं। जिन्हें डॉण् अनार सिंह चादव के एल 1 हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया व उनके इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है।

पॉजिटिव रिपोर्ट के क्रम में लालगेट कॉन्टेक्ट केस के रूप में लाल गेट निवासी युवक व कायमगंज के मोहल्ला बजरिया निवासी महिला और एक युवक की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। हालांकि यह दोनों लोग इस समय लखनऊ में हैं। जिले में कुल 162 कोरोना संक्रमित मरीज अब तक सामने आये हैं जिनमें 7 की मौत हो चुकी है। 92 सही होकर घर भेजे जा चुके हैं जबकि 63 लोग उपचार करा रहे हैं।

उधर, जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल मिश्र ने आज फैसिलिटी क्वारेन्टाइन सेटर मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर जायजा लिया। यहां 88 मरीज अभी मौजूद हैं। डॉ. प्रभा मिश्रा ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने भोजन में आलू सब्जीए दाल व चावल की मात्रा बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने डॉ.अनार सिंह मेडिकल कालेज पहुंच चाय.नाशता ग्रहण कर गुणवत्ता व सफाई व्यवस्था की स्थित जानी।

# पत्रकार हत्याकांड में वांटेड लेडी डॉन गिरफ्तार




संवाददाता। उन्नाव

**गंगाघाट** कोतवाली क्षेत्र के सहजनी दूधमंडी के सामने उन्नीस जून को हुई पत्रकार हत्याकांड का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मुख्यआरोपित समेत कुल छह लोगो को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। इससे पूर्व पुलिस ने तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्हनगर निवासी शुभममणि त्रिपाठी उर्फ निक्कू (25) पेशे से पत्रकार था। उन्नीस जून की सुबह किसी काम से वह बाइक से कहचरी आया था। जहां से काम खत्म करने के बाद शाम चार बजे बाइक से घर जा रहा था। तभी सहजनी मोड़ स्थित दूध मंडी के पास भाड़े के शूटरो ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर शुभममणि की हत्या कर दी और मौके से भाग निकले थे। वही मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने भू-माफिया दिव्या अवस्थी समेत दस लोगो पर हत्या का केस दर्ज किया था। मामला बढ़ता देख पुलिस ने तेईस जून को तीन आरोपितो को गिरफ्तार कर थोड़ा राहत की सांस ली थी। उधर, मुख्यआरोपित समेत अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मंगलवार की शाम तीन बजे पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए एएसपी उत्तरी विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुख्यआरोपित दिव्या अवस्थी व उसके पति कन्हैया निवासी शक्तिनगर गंगाघाट को सोमवार की शाम पुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया है। जबकि सूफ्यिान पुत्र मो. गुलाम निवासी अहमदनगर, मो.शानू निवासी बास मंडी कानपुर व टीपू सुल्तान निवासी तलाक महल बेकनगंज को बदरका चौराहे से गिरफ्तार किया है। उधर, संतोष बाजपेयी पुत्र शीतला प्रसाद निवासी मिश्रा कालोनी को पुराना गंगापुल के नीचे से गिरफ्तार किया है। एएसपी ने गिरफ्तारी करने वाली टीम को वांछितो पर ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने सभी आरोपितो को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### यह सामान हुआ बरामद

**पुलिस** ने आरोपितो के पास से घटना में प्रयोग की गई दो बाइके, एक कार, तीन तंमचा व दो मोबाइल बरामद किए है। एएसपी ने बताया कि आरोपित दिव्या, उनके पति कन्हैया व सूफ्यिान के विरूद्व गंगाघाट व कोतवाली में कई केस दर्ज है।

### दो ने दिया था अंजाम, दो थे बैकअप के लिए मौजूद

**खुलासे** के दौरान एएसपी ने बताया कि आरोपित ने पूछताछ में बताया कि घटना को एक बाइक से दो लोगो ने अंजाम दिया था। जबकि एक अन्य बाइक पर दो लोग बैकअप के लिए थे। पुलिस ने अभी तक उन चार आरोपितो में तीन को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि वांछित एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

### कुल नौ आरोपित हो चुके गिरफ्तार

**एएसपी** ने बताया कि घटना के बाद ज्यादातर लोगो का अनुमान था कि मुख्यआरोपित को पुलिस पकड़ नही सकेगी। पुलिस ने दस दिन के भीतर कुल नौ आरोपित को गिरफ्तार पूरी घटना का खुलासा कर दिया है।

# 49 सालों बाद कोऑपरेटिव पर फहराया भाजपा का झण्डा

● पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार बने सहकारी बैंक के अध्यक्ष

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**सहकारिता** के इतिहास में 49 वर्षों बाद भारतीय जनता पार्टी ने अपना परचम फ्हरा कर निर्विरोध रूप से सहकारी बैंक की कुर्सी के अध्यक्ष पर अपने घोषित प्रत्याशी पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार को आसीन कर केसरिया फ्हराने में शानदार सफलता हासिल की। निर्वाचन अधिकारी एडीएम विवेक श्रीवास्तव व पीओ डूडा जय विजय सिंह ने जीत का प्रमाण पत्र आज सौंप दिया।

सन 1967 से सहकारिता पर पूर्व सांसद छोटे सिंह का लगातार कब्जा रहा। पिछली भाजपा सरकार में सहकारिता मंत्री रहे स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी के कार्यकाल में मगन सिंह वैश्य अध्यक्ष बने थे लेकिन पूर्व सांसद ने उन्हें चंद दिनों में ही उखाड़ फेंका था। बीते दिनों तत्कालीन जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने जिले की सहकारी समितियों, डीसी डीएफ्ए डीसीएफ्ए उपभोक्ता संघ आदि में विजय हासिल की थी और सत्यपाल सिंह ने अपनी कुशल रणनीति से जिले की सहकारी समितियों में भाजपा की अलख जगाई थी। समाजवादी पार्टी के डेलीगेट ही नहीं बन सके। वर्तमान जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की बेहतर रणनीति के चलते आज जिला कोऑपरेटिव बैंक मुख्यालय पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, नागेन्द्र सिंह राठौर, सुशील शाक्य आदि दिग्गजों के बीच कुलदीप गंगवार को जिला सहकारी बैंक का अध्यक्ष घोषित किया गया।

# स्वास्थ्य अफसर के निलबंन की फाइल पर कुडंली मारे बैठे हैं जिम्मेदार

संवाददाता। उन्नाव

**क्षयरोग** तो अब लाईलाज नही रहा है। मगर इस विभाग का भ्रष्टाचार जरूर लाइलाज हो गया है। लाखो का भ्रष्टाचार खुलेआम किया गया है। बाबू व अफ्सर के कारनामो का जांचो मे खुलासा हुआ, लेकिन समिति की जांच रिपोर्ट व सीडीओ की निलबंन की संस्तुति को फाइलो में बांधकर रख दिय गया है। पूर्व डीएम देवेन्द्र कुमार पांडेय के विभाग और शासन को भेजी गयी फाइल आज तक दबी ही हुई है। फाइल नीचे दबी हुई है या रिकार्ड से ही गायब हो गई है, यह कहना मुश्किल है। जिले मे पूर्व सीडीओ आईएएस अधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने पूरे मामले की जांच ''पायनियर'' की पर जांच कराते हुए बडे भ्रष्टाचार का खुलासा कर डीएम और सीएमओ को जिला क्षयरोग अधिकारी व पटल सहायक को निलबिंत करने की रिपोर्ट अक्टूबर 2019 में भेजी थी। मगर कार्रवाई के नाम तत्कालीन सीएमओ द्वारा जिला क्षय रोग अधिकारी का जनपद के अंदर तबादला कर दिया गया। वहीं पटल सहायक आज भी अपनी सीट पर कब्जा जमाए हुए है। जांच समिति में शामिल वरिष्ठ कोषाधिकारी व पीडी और जिला कृषि अधिकारी ने 11 बिंदुओ पर घपले का खुलासा किया था। भ्रष्टाचार का यह हैरान कर देने वाला खुलासा जिसमें साबुन, मार्कर, पंपप्लेट, पोस्टर, बैनर, ब्लास्टिक बोरी व टेलीशीट में हेराफेरी की गई सामग्री प्रिंटरेट से अधिक पर खरीदी गई। समिति ने पाया कि दरो का नियमानुसार अनुमोदन तक नही कराया गया और डीएम से स्वीकृत भी नही ली गई। जांच में स्टाक रजिस्टर से लेकर चालान तक आरोपित नही दिखा पाए। क्रय समिति से अनुमोदन तक नही कराया गया। 25 अक्टूबर को सीडीओ ने जांच समिति की रिपोर्ट प्रेषित करते हुए डीएम को जो पत्र भेजा उसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ ज्ञान प्रकाश व पटल सहायक मो. एजाज को निलबिंत किए जाने की सतुंति करते हुए जांच कराए जाने का उल्लेख किया गया था। मगर आज तक इस घोटाले पर कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है। पत्र की प्रतियां महानिदेशक स्वास्थ्य व प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को भी भेजी गई थी। इस रिपोर्ट के बाद ही सीडीओ का तबादल गैर जनपद हो गया था। उसके बाद से जिम्मेदार आंखे बंद कर बैठे हुए है।

● सीडीओ का पत्र गया दबाया, भ्रष्टाचार की समिति ने की थी जांच

# लोडर की टक्कर से मासूम की मौत, तीन घायल

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शादी** समारोह से घर जाते समय रास्ते में लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना को अंजाम देकर चालक लोडर लेकर फ्रार हो गया। घायलों को आनन फ्नन में कस्बा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम भटासा के रहने बाली रिंकी पत्नी रंजीत अपनी पांच वर्षीय बेटी वैष्णवी व एक वर्ष की महक के साथ अपनी रिस्तेदारी कंपिल में गई थी। बताया कि वहां पर शादी समारोह का कार्यक्रम था। आज सुबह जब शादी का कार्यक्रम समाप्त हुआ तो वह अपने घर जाने के लिए निकली। तो वहीं पर रिंकी का भतीजा आकाश निवासी गुमटी फ्र्रूखाबाद मिल गया। बताया कि वह भी उसी शादी समारोह में गया था। वह भी बापस अपने घर बाइक से जा रहा था। जिस पर रिंकी ने कहा कि हम लोगों को भी साथ ले चलों। सभी आकाश की बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में डाइट रजलामई के निकट तेज रफ्तार से आ रहे लोडर के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वैष्णवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। व अन्य सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। घटना को अंजाम देकर चालक लोडर लेकर फ्रार हो गया। आस पास के लोगों ने सभी को कस्बा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की जानकारी होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की पडताल कर रही है।

## नौ लोगों ने जीती कोरोना से जंग: सीएमओ

**औरैया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को जनपद में कुल 214 सैंपल लेकर जांच के लिये लैब में भेज दिए गये है। आंकड़ों की बात की जाये तो अब तक जनपद में कुल 5496 सैंपल लिये जा चुके हैं जिसमें से 5043 सैंपल की रिपोर्ट नेगेटिव आयी है जबकि 347 सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है। अब तक जनपद के कुल 107 लोग पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। जिसमें से मंगलवार को नौ लोग उपचार के उपरांत ठीक हो कर अपने अपने घर जा चुके हैं। आज तक कुल 86 मरीज ठीक हो चुके हैं और वर्तमान में कुल 18 केस एक्टिव हैं। एक्टिव केस में से 17 मरीज एल वन कोविड केयर सेंटर दिबियापुर में, एक मरीज रिम्स सैफ्ई में भर्ती है। जिलाधिकारी ने लोगों से बाहर निकलने पर मास्क लगाने और दो गज दूरी का पालन करने और नियमित अंतराल पर हाथ होने की अपील की है।

# माता-पिता को दिया जाए कन्या गौरव सम्मान पत्र: डीएम

संवाददाता। औरैया

**समेकित** बाल संरक्षण योजना के अंतर्गत जनपद में कोविड-19 के अंतर्गत प्रवासी मजदूरों के बालकों का सर्वे कराया जाए तथा उन्हें फॉस्टर केयर आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। भट्टे पर कार्य कर रहे बालकों का चिन्हीकरण करते हुये उन्हें बाल श्रम उन्मूलन के अंतर्गत मुक्त कराने हेतु निर्देशित किया। उक्त निर्देश जिलाधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं समेकित बाल संरक्षण योजना की कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी जिला टास्क फोर्स की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत वर्ष 2020-21 में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत चर्चा की गयी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से सामंजस्य एवं सुझाव प्राप्त कर मासिक कार्य योजना बनाकर बनाकर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गये। साथ ही प्रत्येक ब्लाक की चुनिन्दा ग्राम पंचायतों में वाल पेंटिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। जिसमें अच्छा कार्य करने वाले बच्चों के बीच जिला स्तरीय वाल पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कराई जाये और प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाये। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिये कि आशाओ के माध्यम से घर घर जाकर पम्पलेट देकर प्रचार प्रसार कराया जाये। जिलाधिकारी ने बैठक में कोविड-19 की गाईडलाइन को दृष्टिगत रखते हुए योजना के क्रियान्वयन पर दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

## आज से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**औरैया।** संचारी रोगों को रोकने के लिए विभागों की जिम्मेदारी तय हो गई है। किस विभाग को क्या करना है और रोगों की रोकथाम के क्या उपाय अपनाने हैं, इसके निर्देश जारी हो गए हैं। शिक्षा विभाग बच्चों और अभिभावकों को किस तरह जागरूक करेगा और स्वास्थ्य विभाग को क्या काम करना है ये बताया गया है। नगर विकास और कृषि विभाग इन रोगों की रोकथाम में क्या भूमिका निभाएंगे इसकी रूपरेखा भी तय की गई है। बता दें कि, जनपद में एक जुलाई से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस सम्बंध में मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में द्वितीय संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाये जाने की अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई।

## क्विक न्यूज

### पिता ने पुत्री से किया दुष्कर्म का प्रयास

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** हबस में अंधे कलयुगी पिता ने बुरी नियत से अपनी पुत्री को पकड़ लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। युवती द्वारा विरोध करने पर मारपीट करते हुये उसे जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम वह अपने घर में अकेली थी। उसी समय उसका पिता आ गया और उसे बुरी नियत से पकड़ते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। उसके द्वारा विरोध करने पर उससे अभद्रता की और मारपीट करते हुए जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### बाइक में पिकअप ने मारी टक्कर दो घायल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** अज्ञात चालक नें पिकअप को अनियंत्रित गति से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलास के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को कन्नौज की ओर से आ रही पिकअप के अज्ञात चालक ने संतोंखा ग्राम के निकट तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। जिससे फ्र्रुखाबाद से वापस लौट रहे मोहना निवासी बाइक सवार रामू पुत्र हरिश्चंद्र व शैलेश पुत्र सुरेश चंद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### दंपति को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** रंजिश को लेकर दंपत्ति को गांव के चार लोगों ने मारपीट कर घर कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम वरगांवा निवासी मिथलेश पुत्र रामकिशोर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की दोपहर वह अपने दरवाजे पर बैठा था। उसी समय गांव के ही बबलू, रुचि, गुड्डी, पप्पू आए और रंजिश को लेकर अभद्रता करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त गणों ने मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घरेलू विवाद को लेकर महिला को पीटा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** घरेलू विवाद को लेकर महिला के साथ युवक ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी निशा बेगम पत्नी मोबीन द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय मोहल्ले के रफीक पुत्र मसरुद्दीन आया और घरेलू विवाद को लेकर अभद्रता करने लगा। उसके द्वारा विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अच्छे अंक लाने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मौरावां,उन्नाव।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाने का क्रम समाज के जागरूक लोगों द्वारा जारी है। मंगलवार को समाजसेवी महेश सोनी ने हाईस्कूल की छात्राओं को सम्मानित किया। मंगलवार को हिलौली निवासी त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार की छात्रा रिमझिम सिंह पुत्री विपिन सिंह 84.6 प्रतिशत, नवचेतना इंटर कॉलेज की छात्रा शिवानी पुत्री जगतपाल सिंह 83.6 प्रतिशत व काजल पुत्री सुनील 83 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाली छात्राओं को समाजसेवी महेश सोनी ने उनके घर जाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी मेधावियों को उपहार स्वरूप डायरी, पेन व मिष्ठान देकर सम्मानित किया। महेश सोनी छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप लोग यह निरंतर ऐसे ही प्रगति के मार्ग पर अग्रसित होती रहे व अपने परिवार अपने समाज का नाम रोशन करें। श्री सोनी ने कहा कि भविष्य में हमारी कहीं भी आवश्यकता पड़े तो बिना संकोच के हमें याद कर लेना।

### आज से स्कूल जाएंगे शिक्षक

**उन्नाव।** परिषदीय स्कूल एक जुलाई से खुलेगें या बंद रहेगें इसको लेकर असमंजस की स्थित बनी हुई है। उसका कारण मीडिया में आई तीन तहर की खबरें है। एक चैनल पर खबर चली कि बेसिक के शिक्षको को स्कूल जाने को लेकर दो जुलाई को निर्णय लिया जाएगा। सुबह एक समाचार पत्र में खबर छपी की एक जुलाई से शिक्षक स्कूल जाएगें। दिल्ली से खबर छपी जिसमें केन्द्र सरकार की अनलाक दो एडवाइजरी में साफ है कि पूर्व की तरह सभी स्कूल 31 जुलाई तक बंद रहेगें। इस सबंध में बीएसए प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार एक जुलाई से शिक्षक स्कूल जाएगें। ऐसे आदेश अपर मुख्य सचिव के है कि शिक्षक स्कूल जाएगें।

### तालाब में डूबकर दो बच्चियों की मौत

**नवाबगंज,उन्नाव।** विकासखंड नवाबगंज के अंतर्गत थाना सोहरामऊ के ग्राम नदौंहा के निवासी कन्हैया रावत की पुत्री अंजली (10) व सिमरन (7) गांव के तालाब में डूबकर मंगलवार को मौत हो गई। जिसके बाद परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि गांव की दो बच्चियों के डूबने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डीएम के आदेश के बाद लगी रासुका

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** हिन्दू धर्म में करोड़ों देवताओं का प्रवास कराने वाली पूजनीय गऊ माता का वध करने वाले चार हत्यारों को पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल मिश्र के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रासुका के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके अंजाम जेल की सलाखों के पीछे ढकेल दिया। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मामला गंभीरता से संज्ञान लेते हुए रासुका की कार्रवाई के लिए संस्तुति की थी।

## एसडीएम ने अनलाक वन का निरीक्षण किया

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** अदृश्य आपदा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये शाशन द्वारा जारी किए गये अनलॉक वन में उपजिलाधिकारी ने पुलिस बल के साथ नगर के चौराहा पर पहुंचकर दोपहिया वाहनों एवं दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें दुकानदारों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये नियमों का पालन करने की नशीहत देनें के उपरान्त नागरिकों को मास्क वितरण किया और मास्क पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने की अपील की। मंगलवार को पुलिस बल के साथ छिबरामऊ उपजिलाधिकारी गौरव शुक्ला ने नगर के चौराहा पर वाहनों का निरीक्षण करने के उपरांत दुकानों पर पहुंचकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए नियमों के पालन का जायजा लेते हुये दुकानदारों व ग्राहकों को मास्क पहनने व सोशल डिस्टेंस बनाए रखने की हिदायत दी। उन्होंने नागरिकों को मास्क वितरित करने के पश्चात कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी नागरिक मास्क पहन कर ही घर के बाहर निकले। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें। कहा कि नागरिक कोरोना से बचाव के लिए बहुत ही आवश्यक हो तब ही घर से निकले। कोतवाली पुलिस ने चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना फेस मास्क ड्राइव कर रहे दर्जनों लोगों का चालान काट कर हजारों रुपए का शमन शुल्क बसूला।

## वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मधूपुर नहर पुल के समीप सामवार की रात निमंत्रण खाकर जा रहे बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गए। दोनो घायलों उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जिला व कस्बा फ्रिोजाबाद के मोहल्ला करबला निवासी हिमांशू 21 वर्ष पुत्र विजय कुमार व अजय 21 वर्ष पुत्र भगवान चन्द्र सोमवार की रात औरैया से निमंत्रण खाकर बाइक द्वारा फ्रिोजाबाद वापस घर जा रहे थे। तभी हाईवे रोड मधूपुर नहर पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उपरोक्त दोनो लोग घायल हो गए।

# चार दिन पूर्व प्रेमी के साथ फरार हुई किशोरी को पुलिस ने धर दबोचा

संवाददाता। नवाबगंज फर्रूखाबाद

**शमशाबाद** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती जो 26 जून 2020 को प्रेमी के साथ फ्रार हो गई थी । इस संबंध में 27 जून को थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। किशोरी के पिता ने आरोपी सुग्रीव करन,राकेश तथा अजीत कुमार निवासी कुइयाखेड़ा के खिलाफयुवती को बहला.फुसलाकर भगा ले जाने तथा परिजनों द्वारा विरोध करने पर गाली गलौज करने का अभियोग दर्ज कराया था । उधर चौकी इंचार्ज फैजबाग विक्रम सिंह यादव ने बताया मुखबिर की सूचना पर कायमगंज फर्रूखाबाद मार्ग पर स्थित हजियापुर चौराहा जहां युवती तथा उसके प्रेमी सुग्रीव को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया दोनों कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे । इसी बीच दोनों को गिरफ्तार कर कार्यवाही जारी है। प्रभारी निरीक्षक जे एल सोनकर ने बताया गिरफ्तार किए गए प्रेमी युगल को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## बाजार गई किशोरी के साथ दबंगों ने की छेड़छाड़

**नवाबगंज फरुखाबाद।** थाना क्षेत्र के बवना गांव निवासी आशा देवी पत्नी नर्वेस कुमार के मुताबिक कल उसकी पुत्री 15 वर्ष की कुमारी जसोदा जो हाई स्कूल की छात्रा है वह बाजार नवाबगंज साइकिल से गई हुई थी रास्ते में गांव के ही प्रशांत कुमार एवं गांव के दो अन्य युवकों ने जसोदा को घेर कर छेड़छाड़ करने लगे और धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तुम्हारा दुष्कर्म कर डालेंगे लड़की इतनी भयभीत हो गई कि वह नवाबगंज थाना पहुंची जहां उसने कल महिला दरोगा के सामने पेश होकर अपनी आपबीती बताई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई आज उसकी मां थाने पहुंची तथा गांव के तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी है फ्लिहाल पुलिस ने अभी तहरीर लेकर कोई कार्यवाही नहीं की है।

## सास जेठानी ने महिला को पीटा मारपीट का जेवर भी छीना

**नवाबगंज फर्रूखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम उखरा निवासी पूनम देवी पत्नी राम सेवक ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। आज वह अपने घर पर सुबह काम कर रही थी उसी समय उनकी सास एवं जेठानी आ कर गाली गलौज करने लगे और कहां कि तू अपने मायके से क्या लाई थी । यह जेवर यहां का है यह कहकर गले में पड़ी जंजीर और कान के कुंडल उतरवा लिएऔर मारपीट कर घायल कर दिया । महिला ने थाना पुलिस को सास एवं जेठानी के विरुद्ध थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## दुल्हन के लिए जेवर नहीं लाए बारात बैरंग लौटी

**नवाबगंज फर्रूखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी अमरेश कुमार जाटव की पुत्री स्वाति की बारात बीते कल मैनपुरी जनपद के थाना देवर के गांव गजियापुर निवासी प्रेम सिंह जाटव के पुत्र अरुण कुमार दूल्हा बनकर आए थे। अमरेश के मुताबिक तय समय पर दान दहेज अपने सामर्थ्य के अनुसार उनको दिया था तथा विवाह अन्य रस्मो भी किसी तरह की कोई भी कमी नहीं रखी थी । लेकिन अमरेश के मुताबिक प्रेम सिंह उनकी पुत्री स्वाति दुल्हन के लिए जेवर नहीं लाए । इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी दोनों पक्षों में मामला इतना बढ़ गया बारात वापस जाने लगी जिस पर गांव के कई संभ्रांत व्यक्तियों ने भी मामले को समझाने की कोशिश की लेकिन मामला नहीं बना । जिस पर स्वाति की बारात दूल्हा अरुण कुमार के गांव गजियापुर के लिए बिना दुल्हन को लिए वापस हो गई जिससे दूल्हा अरुण कुमार तथा उनके पिता प्रेम सिंह सहित सभी बाराती बहुत मायूस दिखे बना दुल्हन लिए बारात वापस चली गई ।

# शासन के निर्देश पर योजना बनाने में जुटा जिला प्रशासन

संवाददाता। सुलतानपुर

**लॉकडाउन** में बेरोजगार हुए प्रवासी श्रमिकों एवं स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराए जाने के लिए कवायद तेज हो गई है। मंगलवार को भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमृत अभिजात ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्थानीय प्रशासन से वार्ता किया। स्थानीय स्तर पर पचीस प्रकार के कार्यों में श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराए जाने का निर्देश दिया।

संयुक्त सचिव अमृत अभिजात ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से गरीब कल्याण रोजगार अभियान के संबंध में समस्त जिलाधिकारियों से वार्ता की। निर्धारित 25 प्रकार के कार्यों में स्थानीय एवं प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने जाने के लिए निर्देश दिया। कुशल एवं अकुशल श्रमिकों का सर्वे कराने तथा रानी मिस्त्री को प्रशिक्षित कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी सी.इंदुमती, मुख्य विकास अधिकारी रमेश प्रसाद मिश्र, डीसी मनरेगा विनय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, डीसी एनआरएलएम जितेन्द्र मिश्र उपस्थित रहे। संयुक्त सचिव से निर्देश मिलने के बाद डीएम ने मातहत अफसरों को योजनाबद्ध तरीके से काम करने के लिए प्रेरित किया।



वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल डीएम सी.इंदुमती एवं अन्य — पायनियर

## कोरोना संकट में ज्ञान का दीप जलाए रखें : प्रियंका सिंह

**ऊंचाहार ( रायबरेली )।** एसजेएस पब्लिक स्कूल, ऊंचाहार की संयुक्त प्रबंधक श्रीमती प्रियंका सिंह ने स्कूल के छात्रा -छात्राओं और अभिभावकों से एक भावुक अपील की हैं। उन्होंने संकट के समय में सभी छात्र-छात्राओं से पढ़ाई जारी रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पतझड़ के बाद बसंत आता है और अंधेरी रात के बाद सवेरा होता है वैसे ही ये संकट का समय है और इसको गुजर जाना है। संकट के इस समय में पठन पाठन जरूरी है इसलिए सब मिलकर ज्ञान का दीप जलाए रखे। उन्होंने कहा कि सभी छात्र छात्राओं और अभिभावकों का सामूहिक प्रयास कुहासे में भी प्रकाश जलाने में सक्षम है ऐसे में अभिभावकों का दायित्व है कि अपने पाल्यो का भविष्य उज्जवल बनाए। श्रीमती प्रियंका सिंह ने कहा कि हमें आगे बढ़ना है, जड़ता को त्यागना है। आगे बढ़ना ही जीवन है।आइए, मिलकर ज्ञान का दीप जलाएं और अपने पाल्यों के भविष्य को उज्ज्वल बनाएँ ।

# समारोहपूर्वक सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई विदाई

● 40 वर्ष के कार्यकाल की हुई सराहना

संवाददाता। सुलतानपुर

**उप निदेशक** सूचना, अयोध्या मण्डल, अयोध्या डॉ. एमडी सिंह की अध्यक्षता में जिला सूचना कार्यालय में पंचराम, मददगार, जिला सूचना केन्द्र की मंगलवार को अधिवर्षिता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री पंचराम ने विभागीय सेवा 40 वर्ष नौ माह 28 दिन का लंबा एवं बेदाग कार्यकाल पूर्ण किया है।

उप निदेशक सूचना डॉ. सिंह ने कहा कि पंचराम एक जिम्मेदार, निष्ठावान तथा मिलनसार कर्मचारी रहे और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन ससमय करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आने के पश्चात सभी अधिकारी-कर्मचारी को एक दिन सेवानिवृत्त होने की सतत् प्रक्रिया है और पंचराम भी इसी प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जिसका अनुश्रवण सभी राजकीय सेवाओं को करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त के पश्चात अब इन्हें ईश्वर की भक्ति में आशक्ति से कल्याण होगा। विदाई समारोह में प्रभारी जिला सूचना अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारी, दूबेपुर के0के0 सिंह ने कहा कि पंचराम ऐसे कर्मचारी हैं, जिन्होंने अपनी विभागीय सेवा सकुशल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनका कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है। इस अवसर पर उप निदेशक सूचना व प्रभारी जिला सूचना अधिकारी एवं लेखाकार कृपा शंकर मौर्य द्वारा श्रीराम दरबार स्मृति चिन्ह, शाल, अंगवस्त्र, छाता, श्रीराम चरित मानस आदि पंचराम को भेंट कर दीर्घायु होने की कामना की। जबकि सुरेश कुमार सरोज, संरक्षक जिला सूचना केन्द्र द्वारा शाल, डायरी, पेन एवं गीता भेंट किया। वहीं राजेश कुमार द्वारा राधा-कृष्ण की मूर्ति भेंट की। विदाई समारोह का संचालन कृपा शंकर मौर्य, लेखाकार द्वारा करते हुए पंचराम के सेवाओं पर प्रकाश डाला गया। वहीं सुरेश कुमार सरोज आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर रोहित, राहुल, सौरभ रावत सहित मण्डल सूचना कार्यालय से आये कर्मचारी राजीव मौर्य आदि उपस्थित रहे।


पंचराम को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. एमडी सिंह — पायनियर

# क्षेत्राधिकारी ने दर्ज किया पीड़ितों का बयान

● रास्ते के विवाद में इस्लामगंज गांव में हुई आगजनी, तोड़फोड़ एवं फायरिंग का मामला

**सुलतानपुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इस्लामगंज (कुछमुछ) गांव में तकरीबन एक माह पूर्व हुए आगजनी, मारपीट, तोडफोड एवं फायरिंग के मामले ने तूल पकड लिया है। प्रकरण में राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष एवं सपा नेत्री पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी पाल व उनके बेटे समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज होने के बाद हरकत में आए अफसरों ने गांव की ओर रूख कर दिया है। सीओ लालचंद्र चौधरी ने पीडितों का बयान दर्ज किया। मंगलवार को लम्भुआ एसडीएम लम्भुआ विधेश कुमार ने विवादित रास्ते का मुआयना किया। बता दें कि कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत इस्लामगंज कुछमुछ गांव में 23 मई को रास्ते के विवाद में अनुसूचित जाति की शर्मिला देवी एवं पडोसी केशकुमार पाल के परिवारीजनों के बीच बवाल हो गया था। मारपीट, हवाई फायरिंग एवं आगजनी हुई थी। सूचना पर बडी संख्या में फोर्स गांव पहुंची। करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया और थाने लाई। प्रकरण सपा नेत्री से जुडे होने के नाते पुलिस ने एफआईआर नहीं दर्ज किया गया। दोनों पक्षों का 151 में चालान कर कार्रवाई के नाम पर इतिश्री कर ली थी। घटना के 35 दिन बाद पुलिस ने केश कुमार पाल के संबंधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी पाल और उनके पुत्र सहित आठ लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, घर में घुसकर मारपीट, अभद्रता तथा दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया। सोमवार को लम्भुआ पुलिस क्षेत्राधिकारी लालचंद्र चौधरी ने पीडितों का बयान दर्ज किया। मंगलवार को लम्भुआ एसडीएम विधेश कुमार एवं तहसीलदार जितेंद्र गौतम ने विवादित रास्ते का निरीक्षण किया। दोनों को पक्षों को कागजात समेत शुक्रवार को तलब किया है।

# जिले में 77 कोविड हेल्प डेस्क स्थापित: डीएम

संवाददाता। गोंडा

**शासन** के निर्देशों के क्रम में कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न कार्यालयों में अब तक 77 कोविड.19 हेल्प डेस्क स्थापित किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव किए जाने के उद्देश्य से जिला अस्पताल में 01एजिला महिला अस्पताल में 01ए सीएचसी पर 16ए पीएचसी पर 52ए कलेक्ट्रेट परिसर में 01ए तहसील में 04ए विकास भवन में 01 तथा आरटीओ ऑफिस में 01 हेल्प डेस्क सहित कुल 77 हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड हेल्प डेस्क से आम जन को एक दूसरे के संक्रमण से बचाने का प्रयास है। सभी को कोरोना वायरस के तहत जारी किये गये निर्देशो का कड़ाई से पालन करना होगा। जिलाधिकारी ने लोगो से अपील की है कि सभी लोग सोशल डिस्टेंसिंग के तहत दो गज की दूरी का पालन करे, फेस कवरध्मास्क लगायेए सैनेटाइजर, साबुन से हाथ धोएं तथा आरोग्य सेतु एवं आयुष सुरक्षा कवच एप का प्रयोग करे।

## दूल्हन लाने के दिन ही दूल्हे के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव पूरे चौहानन निवासिनी युवती की तहरीर पर पुलिस ने गांव पूरे छोटेमियाकापुरवा निवासी निखिल के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया गया है।जिसमे मंगलवार के दिन महिला कांस्टेबल के साथ दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल परीक्षण हेतु अस्पताल भेजा गया है।बताते चले कि 30 जून को निखिल की बरात थाना डीह क्षेत्र गई है।दिन मे ही शादी होने पर मंगलवार के दिन प्रात:काल 5बजे ही बारात दूल्हा अपने दुल्हन के साथ सात फेरे लेने के लिए निकला है। कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके आरोपित की तलाश किया जा रहा है।

## दूषित पानी भरा होने से संक्रमण का खतरा

**लालगंज रायबरेली।** जलभराव की समस्या से त्रस्त ग्रामीणो का घरो से निकलना दूभर हो गया है। चारो ओर दूषित पानी भरा होने से संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है जिससे ग्रामीणो ने प्रशासनिक अधिकारियो को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराते हुए निजात दिलाये जाने की मांग की है। मामला क्षेत्र के सेमरपहा गांव का है। जिसके मुख्य मार्ग में कई फिट का जलभराव होने से लोग अपने घरो के अंदर रहने को मजबूर है। इस गांव में गरीब दलित व अल्पसंख्यक बाहुल्य होने के बाजवूद प्रषासन का ध्यान न देना समझ से परे है। कोरोना महामारी के दौरान जहां सरकार ने साफसफाई का विशेष ध्यान दिये जाने का निर्देश जारी किया है साथ ही इस कार्य में करोडो रूपये भी खर्च किये जा रहे है।

## पुलिस ने चेकिंग के नाम पर चलती बाइक के पहिए में डंडा घुसा दिया

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**मानवता** को शर्मसार कर शिवगढ़ पुलिस ने चेकिंग के नाम पर युवक की चलती बाइक में डंडा घुसाकर गिराया और पिटाई कर मोटरसाइकिल को सीज कर दिया। पीड़ित ने महराजगंज क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी की चौखट पर लगाई न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र के अनुसार संतोष कुमार गौतम पुत्र सीताराम गौतम अस्पताल में भूख से परेशान परिजनों और पत्नी व माता के लिए पीड़ित बाइक लेकर भोजन लेने सीएचसी शिवगढ़ से अपने घर जा रहा था पीड़ित संतोष कुमार गौतम ने आरोप लगाते बताया कि अचानक मित्र पुलिस शिवगढ़ ने आक्रामक होकर पीड़ित की चलती बाइक के अगले पहिए में डंडा घुसा दिया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और मैं भवानीगढ़ चौराहे पर गिर गया चोट आने के बाद भी पीटा गया और बाइक को सीज कर दिया गया।

## क्विक न्यूज

### कोरोना वीर योद्धाओं का किया गया सम्मान



**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अनुराग पांडे ने पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव के साथ सरेनी विधानसभा क्षेत्र के लालगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इस कोरोना महामारी के दौरान कोरोना वीर योद्धाओं का सम्मान करते हुए कहा कि इस कोरोना महामारी में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है जैसे कि अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं और उन्होंने मास्क व जरूरी अंग वस्त्र वितरित करते हुए कहा कि अपने मुंह को निरंतर मास्क द्वारा ढके रहे जिससे आप स्वयं को व दूसरों को भी सुरक्षित रख सकें साथ में ही भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिलीप यादव ने कहा कि मास्क के साथ-साथ आपको कम से कम 2 गज की दूरी बनाए रखनी चाहिए जिससे वायरस के संक्रमण को रोका जा सके इस महामारी के दौरान जिस तरीके से लालगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डॉक्टर नर्स स्टाफ व अन्य सफाई कर्मियों ने लोगों की सेवा की है जो बधाई व सम्मान के पात्र हैं कार्यक्रम में अंग वस्त्र भेंट करके 4 दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में आरपी सिंह ग्राम प्रधान कंदरपुर मनीष त्रिवेदी सुशील शुक्ला दीप प्रकाश शुक्ला व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष : महासचिव का किया स्वागत

**सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव एवं जिला महासचिव सलाहुद्दीन ख्वाजा कांप्लेक्स पर पूर्व चेयरमैन सैयद रहमान मुकेश भाई के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार हुआ। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार प्रकट किया गया। कहा गया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुत ही शानदार जिला अध्यक्ष जिले को मुहैया कराया है। गौरतलब हो कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिले का अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव को बनाया है। साथ ही महासचिव की जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सलाहुद्दीन को दी है। उसी क्रम में मंगलवार को नगर के ख्वाजा कांप्लेक्स पर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सैय्यद रहमान उर्फ मानू भाई के नेतृत्व में दोनों पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व चेयरमैन ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिले को बहुत ही शानदार अध्यक्ष दिया है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। पृथ्वी पाल के नेतृत्व में पार्टी 2022 लक्ष्य प्राप्त करेगी। साथ ही पांचों विधानसभा पर सपा का परचम लहराएगा। पृथ्वीपाल के मनोनयन से पार्टी को बहुत मजबूती मिली है। पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम वर्मा, पूर्व विधानसभा जिला अध्यक्ष हैदर भाई, युवा सपा नेता बृजेश यादव, मेराज भाई, साहबान भाई, मायाकान्त यादव उर्फ कल्लू आदि मौजूद रहे।

### पांच आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**सुलतानपुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को पाक्सो एक्ट में वांछित समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए अभियुक्तों में एक बिहार प्रांत के गया जिला का निवासी है। कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर ने कांस्टेबिल संदीप पाल व धर्मेन्द्र कुमार मंगलवार को दविश देकर सालिक राम प्रजापति, कपिल प्रजापति, विजय प्रजापति, विपिन प्रजापति पुत्रगण सालिक राम प्रजापति निवासी बदरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। उन पर विभिन्न धाराओं में गत दिनों मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक संजय प्रसाद ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र सहदेव पासवान निवासी बोकनारी थानै परैया, जनपद गया बिहार को दबोचा है।

### कार की टक्कर से साधु की उपचार के दौरान मौत

**ऊंचाहार।** साइकिल सवार साधु को तेज रफ्तार कार ने रौंदकर फरार हो गया।जिसको स्थानीय ग्रामीणो की मदद से सीएचसी मे ले जाया गया जहां से उसकी हालत मे सुधार न होने पर जिला अस्पताल मे उपचार के दौरान मौत हो गई है।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव तिवारीपुरमोड़ निकट लखनऊ से प्रयागराज मार्ग पर साइकिल सवार साधु राजाराम 70वर्ष पुत्र बुधई निवासी गांव विसुनदासपुर थाना गदागंज को कार ने टक्कर मारकर फरार हो गया।जिसके बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसको सीएचसी ऊंचाहार लाया गया जहां से हालत मे सुधार नहोने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिसमे साधु राजाराम की जिला अस्पताल मे उपचार के दौरान मौत हो गई।साधु गांव के निकट ही एक कुटी मे पुजारी होने को बताया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि साधु का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

### तीन शस्त्र लाइसेंस धारक सरेंडर करें एक शस्त्र : डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल ने शासन के निर्देशों के क्रम में निर्देश दिए हैं कि जनपद के ऐसे शस्त्र लाइसेंसधारक जिनके पास तीन शस्त्र दर्ज हैं या पूर्व से तीन शस्त्र लाइसेंस अथवा एक लाइसेंस पर तीन शस्त्र हैं, वे आगामी 13 दिसंबर 2020 तक अपने तीसरे शस्त्र को सरेंडर या जमा कर दें।

## जलनिकासी के विवाद में बेजुबान पर फेंका तेजाब

**लंभुआ, सुलतानपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गोपाल रायपुर निवासिनी सुनीता गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत करवाया की हमारे घर के नाली का पानी हमारी ही जमीन में निकलता है, उसे पड़ोसियों ने बांध दिया। जिससे उसके कच्चे मकान की दीवार गिर गई और नए घर की नीव में पानी जा रहा है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि जब नाली के पानी को रोके जाने का विरोध किया गया तो पड़ोसी गाली गुप्ता देते हुए दरवाजे पर बंधी भैंस के ऊपर तेजाब डाल दिए। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गई और उसके पेट में बच्चा भी है। भैंस जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पीड़िता ने कोतवाली में आकर पुलिस को घटना की तहरीर दी। लेकिन पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उस का मुकदमा दर्ज नहीं किया। कोतवाली में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक संजय यादव ने बताया कि दोनों पक्षों में रास्ते का विवाद है। महिला ने थाने पर तहरीर दी है।

## अखिलेश के पत्रक को लोगों तक पहुंचा रहे सपाई


लम्भुआ कस्बे में पत्रक बांटते सपा नेता परमात्मा यादव — पायनियर

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पत्रक को सपाई जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। पदाधिकारी घर-घर जाकर लोगों को पत्रक उपलब्ध करवाया और भाजपा सरकार की असफलताओं एवं संघ परिवार की नकारात्मक राजनीति को बेनकाब करने हेतु विचारों पर रोशनी डाली। सुलतानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक अनूप संडा अपने समर्थकों के साथ लखनऊनाका, गभडिया, माल गोदाम आदि मुहल्लों में जाकर मूल्य वृद्धि के खिलाफ पत्रक बांटा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नाकामियां गिनाई। उनके साथ चंद्रप्रकाश अग्रवाल, बिन्नू बरनवाल, जमीर हाशमी, डा.हुसैन, मोनू फौजी, युनूस, गुफराज आदि मौजूद रहे। लम्भुआ प्रतिनिधि के अनुसार, सपा नेता पूर्व जिलापंचायत व निवर्तमान जिलाध्यक्ष युवजन सभा परमात्मा यादव, वीर बहादुर यादव उर्फ मुलायम के नेतृत्व में सपाइयों ने लम्भुआ कस्बा में घूम-घूम कर पत्रक बांटा। यादव ने कहाकि भाजपा सरकार देश के नौजवानों के साथ छल कर रही है और किसानों के साथ धोखा कर रही है। चारों तरफ अत्याचार मचा हुआ है, पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाकर जेबें भरी जा रही हैं। मौजूदा सरकार के समय विकास कार्यों की रफ्तार रुक सी गई है। मौके पर सरफराज अहमद, वाहिद खान, बैजनाथ यादव, सैफ रफ्तार आदि सपाई मौजूद थे।

# जनविरोधी एजेंडे को बढ़ाकर देश को नफरत की आग में झोंकने का काम कर रही बीजेपी: मनोज यादव

संवाददाता। रायबरेली

**केंद्र** और यूपी की राज्य की बीजेपी सरकार जनता की भावनाओं का ध्यान रखने के बजाय जनविरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाकर देश को नफरत की आग में झोंकने का लगातार प्रयास कर रही है । उक्त विचार समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के आला इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम फ्रंट की जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सपा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज यादव ने व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और गरीब के साथ ही मध्यम वर्ग की कमर तोड़कर उसके हाथ नफरत का बीज देश मे रोपित कर रही है । पूर्व मुख्यमंत्री सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को मजबूत करने की अपील करते हुए कहा कि आमजनमानस की इच्छाओं को सपा ही पूरा कर सकती है । भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि उसके हाथों देश असुरक्षित हो चुका है । हर मामले में नफरत का एजेंडा उसकी विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है । जनता समय आने पर जवाब देने को तैयार बैठी है। जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव ने कहा कि सपा सरकार में 55 लाख महिलाओं को पेंशन व मेधावी बच्चों को लैपटॉप वितरित किये। बेरोजगारों को भत्ता देने के साथ ही प्रदेश का चहुमुंखी विकास कराया गया । भाजपा सरकार में विकास अवरुद्ध हो गए है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजवादी नेता पूर्व शासकीय अधिवक्ता ओपी यादव, सलीम खान, चन्द्रराज पटेल, रंजीत यादव आदि ने भी सम्बोधित किया।



## दो कारों में भिड़ंत होने पर आधा दर्जन घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव तिवारीपुर के निकट प्रयागराज व लखनऊ मार्ग पर मंगलवार के दोपहरबाद दो कारो मे भिडंत हो गया। जिसमे आधा दर्जन को चोटे आई है जिसमे दो की हालत गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल मे भर्ती करवाया गया।जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है। कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि घायलो की शिनाख्त करवायी जा रही है समाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नही हो पायी थी।

## यूनिफार्म वितरण के लिए कार्यशाला आयोजित

**करनैलगंज ( गोंडा )।** नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण के लिए विद्यालय प्रबंध समितियों के अध्यक्षों व सचिवों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र करनैलगंज में दो पालियों में दो प्रशिक्षण कक्षों में सोशल डिस्टेनसिंग व कोविद 19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी मोतीलाल जिला समाज कल्याण अधिकारी गोंडाए खण्ड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंहए ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ देवेंद्र कुमार सिंहए जिला कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह तथा विकास खंड करनैलगंज के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रबंध समितियों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।कार्यशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह ने वित्तीय नियमों व क्रय प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अपील की कि सभी विद्यालयों में समय से पारदर्शिता व शासकीय नियमों का पालन करते हुए अच्छी गुणवत्ता के यूनीफॉर्म वितरित किया जाय। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों की नाप दर्जी से कराकर फिटिंग के अनुसार बच्चों की यूनीफॉर्म सिलवाई जाय। यूनिफार्म की सिलाई में स्थानीय दर्जी व स्वयं सहायता समूह की भी मदद ली जा सकती है।प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए दिनेश सिंहए देवेंद्र कुमार सिंहए दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपने अनुभव व सुझाव साझा किया गया। इस कार्यशाला में दूधनाथ सिंह, राम कुमार मिश्रा, उमेश कुमार, प्रतिभा सिंह, उमा देवी श्रीवास्तव, उमेश कुमार, शशि भूषण पांडेय, तेज बहादुर सिंह, कृपाराम, सुमन श्रीवास्तव, बेगमती सिंह, परवीन बानो, संदीप गुप्ता, सईद अहमद, इंद्र कुमार सिंह, हरीश कुमार, देवी शरण सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं एसएमसी अध्यक्ष मौजूद रहे।

# टिड्डी दलों से बचाव को लेकर अलर्ट हुआ कृषि विभाग

संवाददाता। गोंडा

**जिला** कृषि अधिकारी जेपी यादव ने बताया है कि टिड्डियों का दल पड़ोस के जनपद बस्तीए अयोध्या और सिद्धार्थ नगर पहुंच चुका है। इस बात की संभावना व्यक्त की जा रही है कि टिड्डियों का दल गोंडा में भी हमला कर सकता है। टिड्डी दलों के सम्भावित हमले से बचाव के दृष्टिगत कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को एलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने किसान भाइयों से अपील किया है कि टिड्डी दलों के हमले से बचाव को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों के खेतों में बोई गई जायद की प्रमुख फसलों जैसे.मूंगए उर्द एवं हरी सब्जियों तथा गन्ना आदि फसलों की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील करते हुए कहा कि टिड्डी दलों से बचाव को लेकर किसान भाइयों को बेहद सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा किसान भाईयों को टिड्डी दल को भगाने के लिये थालियांए ढोलए नगाड़े अन्य माध्यमों से ध्वनि करना चाहिएए जिसकी आवाज सुनकर खेत से टिड्डीयां भाग जायें। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि टिड्डी या टिड्डा एक्रिडीडी परिवार के ऑर्थोप्टेरा गण का कीट है तथा सबसे विनाशकारी कीट है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कीट की उड़ान हजारों मील तक पाई जाती है। टिड्डियों को उनके चमकीले पीले रंग और पिछले लम्बे पैरों से पहचाना जा सकता है। टिड्डी जब अकेली होती हैं तो उतनी खतरनाक नहीं होती है लेकिन झुण्ड में रहने पर ये बहुत खतरनाक और आक्रामक हो जाती हैं तथा फसलों का एक बार में सफाया कर देती हैं। दूर से देखने पर ऐसा लगता है किए फसल पर किसी ने एक बड़ी सी चादर बिछा दी हो । टिड्डीयॉ फसलों के फूलए फलए पत्तेए तनेए बीज और पेड़ की छाल सब कुछ खा जाती हैं। एक टिड्डी अपने वजन के बराबर खाना खाती है। टिड्डीयों का जीवन काल कम से कम 40 से 85 दिनों का होता है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को सुझाव देते हुए बताया कि टिड्डी दल को भगाने के लिये थालियांए ढोलए नगाड़े अन्य माध्यमों से ध्वनि करना चाहियें जिसकी आवाज सुनकर खेत से टिड्डियां भाग जायें। इसके अलावा रासायनिक कीटनाशक क्लोरो पायरीफॉसए मैलाथियॉन 5 प्रतिशत धूल की 25 किग्रा0 मात्रा का बुरकाव या क्विनालफॉस 25 प्रति0 ई0सी की 1.5 ली0 मात्रा को 500 से 600 ली0 पानी मे घोलकर प्रति हक्टेयर की दर से फसल पर छिड़काव करें। टिड्डी दल सुबह 10 बजे के बाद अपना डेरा बदलता है। इस लिये इसे आगे बढ़ने से रोकने के लिय लैम्डा सायहेलोथ्रिन 5 प्रति. ईसी की 01 ली. मात्रा या क्लोरोपाइरीफॉस 20 प्रति0 ईसी की 1 ली0 मात्रा को 500 से 600 ली0 पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से फसल पर सुबह 10 बजे से पूर्व छिड़काव करें। उन्होने यह भी बताया कि टिड्डियों को भगाने में नीम का तेल भी बहुत किफायती तथा कारगर है। इसके लिए नीम के तेल की 40 एमएल मात्रा को 10 ग्राम कपड़े धोने के पाउडर के साथ मिलाकर प्रति टंकी पानी में डालकर छिड़काव करने से टिड्डी फसलों को नही खा पाती है।

## सेवानिवृत्त सुपरवाइजर मनोरमा पांडेय को दी गई भावभीनी विदाई

**शिवगढ़ ( रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में लम्बे समय से सुपरवाइजर के पद पर तैनात रही मनोरमा पांडेय की सेवानिवृत्ति पर सीएचसी स्टाफ द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदित हो कि करीब चार दशक पूर्व एएनएम के पद से अपने कैरियर की शुरुआत करने वाली मनोरमा पाण्डेय ने शुरुआती दौर में महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रहकर कार्य किया। जिसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में एएनएम से सुपरवाइजर तक का सफर तय करके पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए अपनी सेवाएं दी। अपनी ड्यूटी के प्रति सदा वफादार रहने वाली मनोरमा पांडेय का सेवाकाल बेदाग रहा। यही कारण था उनकी विदाई के समय सभी की आंखें नम हो गई। कहते हैं कि वक्त नूर को बेनूर बना देता है, थोड़े से जख्म को नासूर बना देता है, कोई जुदा नही होना चाहता अपनों से, लेकिन वक्त सबको मजबूर बना देता है। क्षेत्र के समाजसेवी एवं पतंजलि औषधि केंद्र के संचालक सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि मनोरमा पांडेय ने जिस निष्ठा ईमानदारी से अपनी सेवाएं दी हैं उससे अन्य लोगों को प्रेरणा मिलेगी। श्री शुक्ला ने मनोरमा पांडेय को विदाई देते हुए उनके स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व सैनिक एवं उनके पति भवरेश्वर पांडेय, संजीव पांडेय, अंजू पांडेय, ज्योति दीक्षित, निम्मी शुक्ला, गौरी शुक्ला, मान्या शुक्ला, ईशान शुक्ला, सानिध्य एवं सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

# चिकित्सक का जीवन सेवा और साधना का होता है: डा. आकांक्षा

## डॉक्टर को कर्तव्यों की याद दिलाता है नेशनल डॉक्टर्स डे

**संवाददाता।** सोनभद्र

**देश** के प्रसिद्ध चिकित्सक व पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ बिधान चंद्र राय की याद में एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। भारत में इसकी शुरुआत 1991 में तत्कालीन सरकार द्वारा की गई तब से देश में हर वर्ष एक जुलाई को डॉक्टर्स डे के रूप मे मनाया जाता है। डॉक्टर्स डे चिकित्सकों को उनके कर्तव्य के प्रति दायित्व बोध कराता है। ऐसे मे डॉक्टर को ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने मरीजों का समुचित इलाज करना चाहिए तभी सही मायने में डॉक्टर्स डे की सार्थकता साबित होगी यह बातें डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर जिला अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक डॉक्टर आकांक्षा गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि डाक्टरों के समर्पण और इमानदारी के प्रति सम्मान जाहिर करने के लिए भी यह दिवस मनाया जाता है। महिला चिकित्सक व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नोएडा की रहने वाली है। उन्होंने सुभारती मेडिकल कॉलेज मेरठ से मेडिकल की शिक्षा प्राप्त की वर्ष 2016 में मेडिकल की शिक्षा ग्रहण करने के बाद वर्ष 2018 में सरकारी सेवा में आयी। उन्होंने बताया कि महिला चिकित्सक के रूप में उनकी पहली तैनाती श्रावस्ती जनपद के जिला अस्पताल में हुई। इसके बाद उनकी दूसरी तैनाती सोनभद्र जनपद के जिला चिकित्सालय लोढी राबर्ट्सगंज में हुई। जिला अस्पताल में तैनाती के बाद से अब तक सात माह के दौरान उनके द्वारा 152 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। तथा अस्पताल में आने वाली महिला रोगियों का हाल जानने के बाद शालीनता के साथ उनका उपचार करती है। वह महिला



रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। डॉक्टर आकांक्षा गुप्ता बताती हैं कि वह चिकित्सकीय सेवा के उपरांत अपने परिवार में जनपद के पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव की धर्मपत्नी व लगभग तीन वर्ष की बेटी के प्रति अपने पारिवारिक उत्तरदायित्व के निर्वाहन के साथ ही वामा सारथी संस्था के माध्यम से योग शिविर, ब्लड दान समेत अन्य सामाजिक कार्यों के साथ ही लोगों को जागरुक भी करती हैं। उन्होंने बताया कि वह पेशे से एक चिकित्सक हैं और यह एक ऐसा पेशा है जिसे एक विशेष मिशन कहा जा सकता है। यह पेशा अन्य सभी लोगों की मदद करने के लिए भागीदारी, सम्मान व इच्छा के लिए कहता है। क्योंकि डॉक्टरों का जीवन सेवा और साधना का होता है। कई बार ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक को कई कई घंटे तक काम करना पड़ता है वह आराम से नहीं रह पाता है। सरकारी अस्पताल में तो डॉक्टर को कई कई घंटे मरीजों को देखना पड़ता है रोगियों की स्थिति गंभीर होने पर उनकी रात में कई बार जांच भी करनी पड़ती है। और डॉक्टर भी अपने मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करते हैं। वह बताती हैं कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण से जनपद ग्रसित है ऐसे में रोगियों का चिकित्सकीय उपचार तथा उनकी देखभाल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। अस्पताल में आने वाली महिला रोगियों व उनके साथ आने वाले परिजनों को कोरोनावायरस से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने का परामर्श देने के साथ ही मुंह पर मास्क लगाने तथा सैनिटाइजर या साबुन से बार बार हाथ धोने का भी सुझाव उनके द्वारा दिया जा रहा है।

### डॉक्टर्स की भी मजबूरी समझा करें: डा. अजय

**मिर्जापुर।** हर डॉक्टर अपने मरीज को खुश और स्वास्थ्य रखना चाहता है। इसीलिए कई बार वह अपने मरीज को कड़वी दवा (डांट) भी दे देता है लेकिन इसका ये कतई मतलब नहीं कि वह मरीज या परिजन ने नाराज है। ऐसे में मरीज और उसके परिजन को डॉक्टर्स की भी मजबूरी समझनी चाहिए। यह कहना है अपर मुख्य चिकित्साधिकारी रह चुके डॉ अजय का। उन्होने कहा कि हम लोग तो हर दिन बेहतर कार्य करके डॉक्टर्स डे मनाते हैं। लेकिन एक जुलाई का दिन मरीज के लिए आ जाता है। उन्होने हर मरीज से अपील की है कि जिस भी डॉक्टर के इलाज से स्वास्थ्य हुये हैं। एक जुलाई को उसको धन्यवाद दें। गौरतलब है कि वर्तमान में जिले में 155 डॉक्टर अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। लेकिन उनमें डा. अजय कुछ हटकर कार्य करते रहते हैं। वह उन्हीं कार्यों के कारण पहचाने जाते हैं। डॉ. अजय अपनी मेहनत से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के पद तक पहुंचे हैं। इनका जन्म चन्दौली जिले के गेरू गांव में 23 अप्रैल 1965 को हुआ था। इनके पिता जूनियर इंजीनियर थे। इनकी शुरुआत की शिक्षा डे नोबेल स्कूल धनबाद झारखण्ड में हुआ इण्टरमीडिएट की शिक्षा डीएवी कालेज जालंधर पंजाबए डॉक्टर की पढ़ाई इन्होने राजेन्द्र मेडिकल साइन्स रांची झांरखण्ड में पूरा किया। उसके बाद इन्होने मुरादाबाद चिकित्सालय से 1994 में शुरुआत किया। उसके बाद इनका तबादला वाराणसी जनपद में प्रभारी चिकित्साधिकारी के पद पर किया गया।

# बिना दरवाजा-कुंडी छुए, घर-घर दी जाएगी कोरोना की जानकारी

## आज से शुरु हो रहा है विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**संवाददाता।** बस्ती

**पहली** जुलाई से शुरू हो रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारी प्रशासनिक स्तर पर हो चुकी है। अभियान के एक दिन पहले डीएम आशुतोष निरंजन ने इस अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कर्त्तव्यों की याद दिलाते हुए कहा कि अभियान की सफलता में ही कोरोना पर काबू पाने का मंत्र छिपा हुआ है। इसलिए अधिकारी इस अभियान के महत्व को समझते हुए उसे सफल बनाने में लग जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए माइक्रोप्लान के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कहा कि संचालित दस्तक अभियान में आशा तथा आगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार तथा कोरोना बीमारियों के बचाव की जानकारी बिना दरवाजे या कुंडी को छुए ही देंगी। कहा कि इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, नियमित रूप से हाथ को धोना का पालन उनके द्वारा किया जाएगा। आषा 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे वाले घर में अनिवार्य रूप से जाएगी तथा संदेश देंगी। वह ऐसे घरों पर स्टीकर भी लगाएंगी। आशा जनजागरूता के लिए मातृ समूह की बैठक करेंगी, स्कूल जाएगी तथा पेयजल को साफ करने के लिए क्लोरीनशन का डेमो करेंगी। आशा अपने कार्यो की सूचना एएनएम को देंगी।

उन्होने बताया कि अभियान के दौरान ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई एंव स्वच्छता के लिए भी अभियान चलाए जाएंगे। संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार केस के सर्विलान्स के लिए स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करेंगी। स्वास्थ्य विभाग को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसलिए पूरे अभियान की मानीटरिंग पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग का कार्य भी स्वास्थ्य विभाग करेगा। शहरी क्षेत्र में नालियों की सफाई, फॉगिंग, छोटे हैंडपम्पों का प्रयोग रोकना, हैंडपम्प के पास सोकपिट का निर्माण, वाटरटैंक की सफाई, सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियां नियमित रूप से हटाना, खुले में शौच को रोकने का कार्य नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम प्रधान गॉवों में सफाई अभियान के नोडल होंगे। वीएचएसएनसी के माध्यम से संचारी रोग तथा दिमागी बुखार के रोकथाम के लिए उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराएंगे। जलासय एवं नालियों की सफाई करायेंगे। सफाईकर्मी के द्वारा एंटीलार्वा का छिड़काव करायेंगे। जलजमाव हटवाएंगे तथा झाड़ियों की काट-छॉट कराएगें।

# अमहट पुल जनता के लिए खोला गया

## डिप्टी सीएम ने किया पुल का लोकापर्ण

**संवाददाता।** बस्ती

**उप्र** सेतु निगम द्वारा बनाए गए कुआनों नदी के अमहट पुल और निर्मित होने वाले कप्तानगंज, बनकटी में पुल का लोकापर्ण और शिलान्यास मंगलवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने किया। कुआनो नदी पर स्थिति सिद्धार्थनगर जिले को भी पुल की सौगात मिली। सर्किट हाउस में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में बस्ती और सिद्धार्थनगर के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिग की जमकर धज्जियां उड़ी। लोकार्पण के समय दो गज दूरी के साथ मास्क का भी ख्याल नहीं रखा गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केषव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ से जिले के अमहट घाट पुल



का लोकार्पण किया। छह अन्य पुलों के निर्माण कार्य का षिलान्यास किया। नाबार्ड योजना के तहत बने अमहट घाट पुल पर 7.30 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसके अलावा 5.22 करोड़ रुपये में दोनों तरफ पहुंच मार्ग, स्थल विकास का कार्य किया गया है। इस पुल के बन जाने से शहर से एनएच 28 का सीधा सम्पर्क हो गया है जिससे शहर में यातायात का दबाव कम हो जाएगा। सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल, हरीश द्विवेदी, विधायक दयाराम चौधरी, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, रवि सोनकर राघवेन्द्र सिंह, श्याम धनीराम, पवन कसौधन, अज्जू हिन्दुस्तानी, सत्येन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कराना कार्यालयाध्यक्ष की जिम्मेदारी:डीएम

## डेस्क पर सेनिटाइजर, थर्मल स्कैनर, पल्स आक्सीमीटर रहेंगे उपलब्ध

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिलाधिकारी** एस. राजलिंगम ने नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में जिले के सभी कार्यालयाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि सभी विभागों के कार्यालयाध्यक्ष जहां ज्यादा तादात में नागरिक आते हैं, उन कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना कर लिया जाय।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस कोविड हेल्प डेस्क के जरिए कार्यालय में आने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों व आम लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग के लिए कोविड हेल्प डेस्क पर तैनात कार्मिक के पास जरूरी इस्टूमेन्ट भी उपलब्ध होंगें। कोविड हेल्प डेस्क पर कार्मिकों की तैनाती निर्धारित रोस्टर के मुताबिक करेंगें। तैनात कार्मिक नियमित रूप से मास्क, ग्लब्स पहनेंगें।

कोविड हेल्प डेस्क पर सेनिटाइजर, थर्मल स्कैनर, पल्स आक्सीमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। आने वाले लोगों से सम्पर्क करते समय दो गज दूरी यानी सामाजिक दूरी बनाये रखते हुए लक्षण पाये जाने पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भेजा जायेगा। आक्सीजन सेचुरेशन की जांच पल्स आक्सीमीटर से की जाएगी, जिसकी रीडिंग 94 प्रतिशत से कम आने पर स्वास्थ्य विभाग को संदर्भित किया जायेगा। प्रत्येक प्रयोग के बाद पल्स आक्सीमीटर को हाईड्रोजन प्राक्साइज से भी विसंक्रमित किया जायेगा। स्क्रीनिंग के दौरान अगर किसी व्यक्ति में खांसी, बुखार, सॉस लेने में तकलीफ तथा गले में खास हो तो इसकी सूचना राज्य स्तर के टोल फ्री नम्बर-1800-180-5145 या जनपदीय नियंत्रण कक्ष को दिया जाएगा। कोविड हेल्प डेस्क पर तैनात कार्मिक द्वारा आरोग्य सेतु ऐप को डाउनलोड करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। तैनात कर्मी द्वारा कार्यालय में दाखिल होने वाले सभी लोगों के हाथों को सेनिटाइज्ड कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए एहतियाती उपायों और सावधानियों को अपनाकर यानी मास्क का प्रयोग व सामाजिक दूरी का पालन करते हुए संक्रमण से बचा जा सकता है।

# डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**संवाददाता।** बस्ती

**जिलाधिकारी** आशुतोष निरंजन ने ईवीएम, वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ईवीएम वेयरहाउस का एक ही प्रवेश द्वार है। इसके अलावा और कोई दरवाजा, खिड़की नही है। सभी ईवीएम डबल लाक में बन्द है। पूरे क्षेत्र की 5 सीसी टीवी कैमरों से निगरानी हो रही है। 24 घण्टे सुरक्षा के लिए तीन-तीन सिक्योरिटी गार्ड लगाए गए है। आग बुझाने वाले दो यंत्र भी स्थापित है। निरीक्षण के समय एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश चन्द्र, एसडीएम सदर श्रीप्रकाश शुक्ल, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में शिवकुमार गौतम, केके तिवारी, फूलचन्द्र श्रीवास्तव और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला शासकीय अधिवक्ता के लिए आवेदन छह तक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बताया कि जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दीवानी राजस्व व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दीवानी राजस्व के रिक्त पदों के लिए अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत व अनुसूचित जनजाति के लिए दो प्रतिशत व पिछड़ी जाति के लिए 27 प्रतिशत और अल्पसंख्यकों के लिये समुचित मात्रा में वरीयता एवं कार्य कुशलता के आधार पर आवेदन के लिए आवेदन पत्र जनपद मीरजापुर, वाराणसी, सोनभद्र, चन्दौली, भदोही के बार सदस्यों से आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक अधिवक्ता जो निम्न प्रतिबन्धों को पूर्ण करते हो वे अपने आवेदन पत्र दो प्रतियों में गत तीन वर्षों में उनके द्वारा किये गये ऐसे मुकदमों का पूर्ण विवरण सम्बन्धित न्यायालय से सत्यापित करा लें।

# टूटे तार व खम्भों को तत्काल जोड़ने की मांग

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**रामापुर** ग्रामसभा में घर के सामने टूटे तार व खंभों की सूचना पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कालेज इकाई अध्यक्ष व पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य काशी प्रांत, प्रदेश के छात्र नेता सूरज उपाध्याय व प्रिंस जायसवाल से ग्रामवासियों ग्रामवासियों ने ग्राम प्रधान व विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही बरतने की शिकायत की है।

ग्रामसभा रामापुर में करीब चार पांच दिन से बिजली की समस्या और टूटे तार व घर के सामने गिरे खम्भों की वजह से परेशान ग्रामीणों से मिलने आज तक नहीं गए। लोगो में विद्युत विभाग के अधिकारी व ग्राम प्रधान खिलाफ काफी भारी आक्रोश देखने को मिला। छात्र नेता सूरज उपाध्याय व प्रिंस जायसवाल ने आश्वासन देकर कहा कि हम संबंधित अधिकारियों से बात करके समस्या का समाधन करवाने का प्रयास करूंगा। प्रिंस जायसवाल ने बताया कि रामापुर वर्तमान ग्राम प्रधान लालबहादुर यादव पुत्र अजीत यादव की लापरवाही से आज तक सड़क से तार तक नहीं हटाया गया है और न ही घर के सामने से टूटे हुए खंभों को हटाया गया है। छात्र नेता सूरज उपाध्याय जब ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचे तब ग्रामवासियों ने कहा कि रामापुर ग्राम प्रधान की कार्यशैली से हम सब संतुष्ट नहीं है। ग्रामवासियों ने बताया आज चार दिन से कोई भी हमारा हाल चाल पूछने तक नही आये और न ही हमारे ग्राम प्रधान आये हम सभी ग्रामीणों को देखने की हम सब कैसे है।

छात्र नेता सूरज उपाध्याय ने बताया कि गांव के एक एक व्यक्ति से ग्राम प्रधान की शिकायत सुनकर मन बहुत दुखी है। इस मौके पर प्रिंस जायसवाल, पूर्णमासी सरोज, संजय कुमार सरोज राजू जी (मीडिया प्रभारी) कई अन्य युवा व महिलाएं भी उपस्थित रही।

# कोल इंडिया में कोई भी हड़ताल अवैध: प्रमोद

**संवाददाता।** सोनभद्र

**कोल** इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष व सह-प्रबंध निदेशक प्रमोद अग्रवाल ने विभिन्न केंद्रीय श्रमिक संघों फेडरेशनों द्वारा दो से चार जुलाई तक सीआईएल के विभिन्न अनुशंगी कंपनियों में तीन दिवसीय हड़ताल को अवैध करार दिया है। यह अधिनियमों नियमों एवं सीआईएल और अनुशंगी कंपनियों के प्रमाणित स्थायी आदेशों के तहत काम नहीं तो वेतन नहीं और अन्य दंडात्मक कार्रवाई के योग्य होगा। औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के अनुसार मुख्य श्रम आयुक्त को हड़ताल नोटिस के अवलोकन में देखा गया है कि मागें मुख्य रूप से सरकार के नीतिगत निर्णयों से संबंधित हैं। हालांकि ज्ञात हो कि सीआईएल को आवंटित किसी भी कोल ब्लॉक को नीलाम नहीं किया जाएगा। वर्तमान में, सीआईएल के पास 463 कोल ब्लॉक है, जो निकट भविष्य में तापीय कोयले की आवश्यकता को पूरा कर सकते है और इसके साथ ही अन्य 329 परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जिनमें वाशरी. सीबीएम कोयला गैसीकरण, सौर ऊर्जा, सीएचपी आदि शामिल हैं। सीआईएल का लक्ष्य वर्ष 2023-24 तक एक मिलियन टन कोयला उत्पादन करना है। जहां तक हमारी कंपनी से संबंधित मांगों का संबंध है, यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें द्विपक्षीय मुददों को कंपनी के विभिन्न मंचों पर नियमित संवाद बैठक आदि के माध्यम से हल किया जाता है। इसलिए इसकी सराहना की जा सकती है कि कोयला श्रमिकों के काम करने और रहने की स्थिति में सुधार के मुद्दों को हल करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। महामारी कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के दौरान भी, आपके प्रेरित प्रयासों के कारण उत्पादन और प्रेषण पूरी गति से जारी रहा और इसलिए कोयला कंपनियों में काम के किसी भी ठहराव से हमारे उन सामूहिक प्रयासों को खतरा होगा जो हमने अब तक की आवश्यकता के साथ-साथ वार्षिक लक्ष्य और आयात प्रतिस्थापन के लिए पूरा किया है, जो राष्ट्र की मूल्यवान विदेशी मुद्रा भंडार का दोहन कर रहा है।

### एनटीपीसी विंध्याचल में आठ कर्मचारी सेवानिवृत्त

**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल के सेवानिवृत होने वाले आठ कर्मचारियों श्रीनिवास द्विवेदी, अपर महाप्रबंधक विद्युत अनुरक्षण, अनिल कुमार राय, अपर महाप्रबंधक ऐश हैंडिलिंग, नारायण प्रसाद अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक प्रचालन, जमालुद्दीन, वरिष्ठ प्रबंधक मेकेनिकल मेंटीनेन्स, संतोष कुमार श्रीवास्तव, उप प्रबंधक मानव संसाधन राजभाषा व नैगम संप्रेषण, अशोक कुमार सिंह, इंजीनियर एसएलपीएस मेकेनिकल, भोला चौहान, सब इंजीनियर प्रचालन एवं राम बचोले खैरवार, ऑपरेटर ग्रेड-1



ईजी संविदा एवं सामग्री को प्रशस्तिपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी तथा विभागाध्यक्षों ने उनके सुखद जीवन हेतु एनटीपीसी परिवार की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कार्यकारी निदेशक विंध्याचल मुनीश जौहरी ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं।

## क्विक न्यूज

### छत पर खून से लथपथ युवक का शव मिला

**बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र के नरखोरिया में एक युवक का शव सोमवार की देर रात पट्टीदार के छत पर खून से लथपथ पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार नरखोरिया गांव निवासी 30 वर्षीय राम चरन बच्चों के साथ छत पर सो रहा था। उसकी पत्नी रजनी के अनुसार रात करीब दो बजे हल्की बरसात शुरु होने पर उसकी नींद टूटी। पति को छत पर नहीं देख पहले उनको नीचे कमरे मे खोजा। जब कमरे में वह नहीं मिला तो वह फिर से छत पर पहुंची। इधर-उधर देखने पर उसका पति पट्टीदार के छत पर खून से लथपथ मिला। पत्नी नेइसकी जानकारी बाग की रखवाली कर रहे अपने ससुर को मोबाइल फोन से दी। ससुर शंकर ने ग्राम प्रधान और सोनहा पुलिस को इस बात की सूचना दी। रामचरन की पत्नी ने पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदारों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को पकड़ा

**लालगंज** (प्रतापगढ़)। कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास तथा बलवा व आयुध अधिनियम समेत कई धाराओं मे वांछित आरोपी को तमंचे समेत धर दबोचा। लीलापुर चौकी प्रभारी अमित सिंह बीती सोमवार की रात फोर्स के साथ गश्त पर थे। रात्रि करीब 10 बजे चौकी के समीप लोनी पुल पर पुलिस को महुआर गांव का वांछित आरोपी अतीक मिल गया। पुलिस ने उसे धर दबोचा और तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मंगलवार की दोपहर आरोपी को जेल भेज दिया। बता दें कि बीती 28 जून को खरगपुर गांव के मो. कलीम ने दरवाजे पर चढ़कर मारपीट व फायरिंग आदि को लेकर नामजद एवं अज्ञात समेत 13 के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### विरसिंहपुर मे जारी है थर्मल स्क्रीनिंग

**लालगंज** (प्रतापगढ़)। कोतवाली लालगंज के विरसिंहपुर गांव मे कोरोना पाजिटिव मिलने को लेकर मंगलवार को भी पैरामेडिकल स्टॉफ गांव में डोर टू डोर थर्मल स्क्रीनिंग करता दिखा। डा. राजीव तिवारी की अगुवाई में गठित पैरामेडिकल स्टाफ ने स्क्रीनिंग के साथ ग्रामीणों को होम क्वारंटीन रहने की भी नसीहत दी। वहीं पुलिस ने गांव को सील कर दिया है। गांव के प्रवेश मार्गों पर बैरियर के जरिए पुलिस लोगों के आवागमन पर भी नजर रखे हुए है। इधर एसडीएम बीके प्रसाद ने मंगलवार को क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल को गांव भेजवाकर होम क्वारंटीन तथा गांव मे साफ सफाई के प्रबन्धों के बाबत जानकारी जुटाई। एसडीएम तथा सीओ जगमोहन ने पुलिस को हॉटस्पाट बनाए गए गांव की नियमित रूप से कड़ी निगरानी के भी निर्देश दिये है।

### गांव में स्टीम फागिंग और बंटे मॉस्क

**लालगंज** (प्रतापगढ़)। क्षेत्र के विरसिंहपुर गांव मे एक संक्रमित के मिलने से क्षेत्रीय विधायक के स्तर पर भी मंगलवार को प्रयास तेज दिखे। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा की तरफ से मंगलवार को गांव मे मॉस्क वितरण कराया गया। वहीं गांव को संक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए विधायक की ओर से निजी फांगिंग मशीन भेजवाकर स्टीम फागिंग भी शुरू कराई गई। अभियान मे शामिल विधायक मोना के कार्यकर्ताओं ने गांव के लोगों से सोशल डिस्टेंसिग को लेकर जागरूक भी रहने का अनुरोध किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, जिपंस प्रतिनिधि रामजस सरोज, प्रधान मोहित यादव, मनोज मिश्रा आदि रहे।

### उधारी की रकम मांगने पर दी धमकी

**लालगंज** (प्रतापगढ़)। उधारी की रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को जानलेवा धमकी दो गालियां दी। उदयपुर थाना के पूरे ओझा के अनिल यादव ने दी गई तहरीर मे कहा है कि थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव के शिवपूजन यादव तथा प्रदीप ने जरूरत पर उससे 50 हजार रूपये संयुक्त रूप से लिया था। शीघ्र ही उधारी चुकता किये जाने की आरोपियो ने बात कही थी। इधर उधारी रकम वापस करने मे जब आरोपी टालमटोल करने लगे तो पीडित ने दोनो आरोपियो से तगादा किया। इस पर आरोपियो ने पीडित को गाली देते हुए 10 दिन के भीतर जान से मार देने की धमकी दी है। पीड़ित ने उदयपुर थाने पर पहुंचकर मंगलवार को आरोपियो के खिलाफ तहरीर दी है।

### खाते से उड़ाये 2.26 लाख रुपये

**लालगंज** (प्रतापगढ़)। अज्ञात अपराधियों ने पीडित के खाते से 2.26 लाख रुपये 10 दिनों के भीतर उडा लिये। पीड़ित जब रुपये की आवश्यकता के लिए बैंक पहुंचा तो पता चला कि उसकी संपूर्ण धनराशि निकल चुकी है। जानकारी होने पर पीडित के होश फाख्ता हो उठे। कोतवाली के ननकू दुबे का पुरवा लकुरी के प्रेमचंद्र पाण्डेय ने मंगलवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका भारतीय स्टेट बैंक की रानीगंज कैथौला शाखा मे खाता है। बीती सत्रह जून से 26 जून के बीच अलग-अलग समय पर अज्ञात बदमाशों ने उसके खाते से 2.26 लाख रुपये उड़ा लिये। पीड़ित ने बैंक प्रबन्धक के साथ रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज को भी जालसाजी की सूचना दी।

### अपात्र को जमीन आवंटित करने पर मुकदमा

**बस्ती।** रूधौली तहसील के राजस्व निरीक्षक महेन्द्र उपाध्याय के विरूद्ध धोखाधड़ी और अभिलेखों में कूट रचना करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कानूनगो राम सूरज की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि आरोपी राजस्व निरीक्षक ने धोखाधड़ी और जालसाजी कर अपात्र के नाम जमीन आवंटित कर दी। धोखाधड़ी से अपात्र के नाम जमीन आवंटन के मामले में तहरीर के आधार पर रूधौली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

बस्ती। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म और मारपीट के मामले में पुलिस ने चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि कृष्णाभगौती गांव निवासी नवनीत चौधरी ने पहले उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद उसे अपने घर ले गया। शादी का झांसा देकर उसके साथ सम्बन्ध बनाया और जब शादी करने का उसने दबाव बनाया तो न केवल वह इससे मुकर गया बल्कि आरोपी समेत उसकी मां- पिता और भाई ने मिलकर उसे मारा पीटा। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है और विवेचना कर रही है।

### कोविड एल-वन में घटी मरीजों की संख्या

**लालगंज** (प्रतापगढ़)। नगर के ट्रामा सेंटर कोविड अस्पताल मे मंगलवार को मरीजों की संख्या घटकर मात्र एक पर आ पहुंची। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने बताया कि अस्पताल मे इस समय एक मात्र संक्रमित का पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा इलाज जारी है। वहीं अब तक कोविड एलवन अस्पताल से अटठाईस संक्रमित स्वस्थ होकर घर भेजवाए जा चुके है। कुल 30 भर्ती मरीजों मे एक को गंभीर दशा मे एसआरएन रेफर किया गया है। जबकि मौजूदा समय मे एक संक्रमित का यहां इलाज जारी है। इधर कोविड एल-वन अस्पताल के साथ सीएचसी परिसर मे मंगलवार को भी एहतियात के तौर पर सेनिटराइजेशन कराया गया।

### मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीण परेशान

**बीजपुर ( सोनभद्र )।** विकास खण्ड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां के विभिन्न ग्राम सभाओं के ग्रामीण वर्तमान समय में मच्छरों के बहुतायत से काफी परेशान व तरह तरह के मौसमी बीमारियों को लेकर परेशान हैं। ग्राम सभा सिरसोती, बीजपुर, डोडहर, नेमना, जरहां, महुली, रजमिलान, लीलाडेवा, अंजानी, पिण्डारी, झीलों, महरीकला, खम्हरिया एवं सिंदूर के तमाम ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के शुरुआती दौर क्षेत्र में मच्छरों की बहुतायत होने से उनकी रातों की नींद हराम हो गई है। वहीं निर्धन आदिवासी ग्रामीण लगातार हो रही बारिश को लेकर अपने अपने कच्चे बने मकानों की सही सलामती के लिए परेशान रह रहे हैं।

## कृषि विभाग में वर्षों से जमे बाबुओं ने बनायी करोड़ों की हैसियत

**गाजीपुर।** जिले में भले ही पिछले एक दशक में दस से भी अधिक आईएएस जिलाधिकारी बदल चुके होंए लेकिन जिले के तमाम ऐसे बाबू रहे जिनकी सीट का बदलाव नहीं हुआ। इन बाबुओं का सिक्का कुछ ऐसा चला कि हर नया अधिकारी इनका मुरीद बन गया और बाबुओं की हैसियत का खजाना बढ़ता गया। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी और वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू ने कृषि विभाग में वर्षों से एक ही पटल पर तैनात बाबुओं और उनके काम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में हीलाहवाली और विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से गरीब किसान त्रस्त है।

## कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो लटकती मिली लाश

**गाजीपुर।** जनपद के नंदगंज थाना क्षेत्र के देवकली बाजार मे मंगलवार को सुबह घर मे पंखे की कुण्डी मे साडी से गले मे फंदा लगाकर त्रिभुवन वर्नवाल उम्र 56 वर्ष पुत्र स्व0 राजदेव वर्नवाल ने आत्महत्या कर ली ।मृतक ने किन परिस्थितियो मे आत्म हत्या किया स्पष्ट नही हो सका। मृतक ने सुबह उठकर ब्रसएकरके कमरे का दरवाजा बन्द करके पंखा के कुण्डी मे साडी से फंदा लगाकर आत्म हत्या किया।घर का दरवाजा तोडकर खोला गया तब तक दम तोड दिया था।घटना की जानकारी नंदगंज पुलिस को दी गयी। एस आई बलवंत यादव ने घटना स्थल का अवलोकन करके लाश को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।मृतक की पत्नी किरन देवी पुत्र पंकज व गोलू का रो रो कर बुरा हाल ह?। मृतक ने किन परिस्थितियों मे आत्म हत्या किया स्पष्ट नही हो सका।

## करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**गाजीपुर।** जनपद के खानपुर क्षेत्र के अमेहता गांव में हिमांशु शर्मा 13 की बिजली के खम्भे से केबिल उतारते समय बिजली के चपेट में आकर मौत हो गयी। युवक मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे बांस के सहारे केबिल उतार रहा था कि कटे हुए केबिल से उसका शरीर चिपक गया और वहीं गिरकर तड़पने लगा। परिजनों ने आनन फानन में उसे लेकर सैदपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र गये जहां डॉक्टरों में उसे मृत घोषित कर दिया। हिमांशु का शव घर पहुचते ही कोहराम मच गया। दो भाई और दो बहनों में हिमांशु सबसे छोटा भाई था। माता पिता सहित सभी भाई बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। गांववाले बिजली चोरी में बेटे को खोने पर अनिल शर्मा को कोस रहे थे।

## सीआईएसएफ दारोगा का शव घर पहुंचते ही नम हो हुई सबकी आँखें

**गाजीपुर।** विरसा मुंडा एअर पोर्ट, हिनू, रांची झारखंड मे तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सहायक उपनिरीक्षक राजनरायन का पार्थिव शरीर आज मंगलवार को सुबह घर पहुँचते ही परिजनों एवं ग्रामीणों के करुण क्रदंन से पूरा माहौल ही गमगीन हो गया। ग्राम सकरतालीएथाना कोतवाली, जनपद. गाजीपुर निवासी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मे सहायक उप निरीक्षक राजनरायन की मृत्यु विगत 28 जूनएरविवार को दोपहर मे तैनाती स्थल पर ही ड्यूटी से कमरे पर आने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से हो गई थी। आज मंगलवार को सुबह उनका पार्थिव शरीर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल रांची के सब इंस्पेक्टर महेंद्र कुमारए मुख्य आरक्षी हबीब अहमद के नेतृत्व मे उनके पैतृक घर सकरताली पहूंचा। जहाँ केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्निम फैक्ट्री यूनिट ने अपने नायब दरोगा के सम्मान मे सशस्त्र सलामी दी। नायब दरोगा राजनरायन की अंत्येष्टि आज सुबह ही श्मशान घाट गाजीपुर पर कर दी गई। मुखाग्नि बड़े बेटे राजकुमार ने दी।

## जिला जज को दी गई भावभीनी विदाई

देवरिया। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के भवन पर जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामानंद के कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर ससम्मान विदाई की गई। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश रामानंद ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था में अधिकारियों को आना जाना लगा रहता है किंतु आप अपने अच्छे कार्य से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं।

## पर्यावरण को संतुलित करने के लिए पेड़ आवश्यक : संतोष

**मुगलसराय-चन्दौली।** नगर को और सुन्दरी करण व पेड़ लगाओ अभियान के तहत नगर पालिका इण्टर कालेज के प्रांगण में रबड़ का पेड़ए क्रिसमस का पेड़, नीम प्रजाति का पेड़ नगर पालिका परिषद के चेयरमैन सन्तोष खरवार के कर कमलो द्वारा कुल बारह प्रकार का पेड़ लगाया गया। इस अवसर पर सन्तोष खरवार ने कहा कि वर्तमान समय में बिगड़े पर्यावरण को संतुलित करने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है ।

# पिता के सपनों को साकार करते हुए डॉ. स्वतंत्र सिंह ने बनाई अपनी एक अलग पहचान

### नेशनल डॉक्टर्स डे : 1 जुलाई पर विशेष

**संवाददाता।** गाजीपुर

हर साल 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे पूरे देश में मनाया जाता है। डॉक्टर को धरती पर भगवान का रूप कहा जाता है। वह कई लोगों को उनकी जिंदगी वापस लौटाते हैं। डॉक्टरों के समर्पण और ईमानदारी के प्रति सम्मान जाहिर करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। आज हम एक ऐसे डॉक्टर की बात करेंगे जो कोविड-19 योद्धा के रूप में कोरोना से जंग लड़ रहे हैं। कोरोना के शुरुआती दौर में मेडिकल स्टाफ कोसों दूर भाग रहा थाए तब गाजीपुर जिला चिकित्सालय गोरा बाजार में कार्यरत डॉ स्वतंत्र सिंह कोरोना से दो-दो हाथ करने के लिए आगे आए। उनकी मेहनत की वजह से जो मेडिकल स्टाफ कोरोना मरीजों का इलाज करने से पीछे हट रहा था आज वह मेडिकल स्टाफ डॉ स्वतंत्र सिंह की प्रेरणा से आगे बढ़ चढ़कर कोरोना मरीजों का इलाज करने में तत्पर दिख रहा है। डॉ स्वतंत्र सिंह की तत्परता और कार्य के प्रति निष्ठा व ईमानदारी की वजह से जनपद में अब तक करीब 280 मरीज स्वस्थ होकर



अपने घरों को लौट चुके हैं। डॉ स्वतंत्र सिंह जनपद के रामपुर जीवन गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता स्वर्गीय बलभद्र सिंह डाक विभाग में कर्मचारी थे। गांव के 20 किलोमीटर की रेडियस में कोई भी स्वास्थ्य केंद्र या डॉक्टर न होने की वजह से पिता ने अपने पुत्र को डॉक्टर बनाने का सोचा और आज पिता के सपनों को सच करते हुए डॉ स्वतंत्र कुमार सिंह ने जनपद में अपने एक छोटे से कार्यकाल में अपनी एक अलग पहचान बना डाली। डॉ स्वतंत्र सिंह ने कहा कि उस वक्त डॉ आरबी राय और डॉ एके मिश्रा पिताजी के करीबी डॉक्टर थे जिन्हें वह आज भी अपना रोल मॉडल मानते हैं।

### कोरोना से डरे हुए मेडिकल स्टाफ को दिया हौसला

डॉ स्वतंत्र सिंह की प्रारम्भिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा गोरा बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिरए मलिकपुरा नर्सरी स्कूल, चिल्ड्रन स्कूल आजमगढ़ में संपन्न हुई। इंटर की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने लगातार पाँच साल तक सीपीएमटी परीक्षा की तैयारी की और साल 2006 में ऑल इंडिया पीएमटी त्रिपुरा में ज्वाइन किया। उन्होंने बताया कि पहली जॉइनिंग बीएसएफ में मेडिकल ऑफिसर के रूप में साल 2011-12 में एक माह के लिए हुयी थी।


# राजस्व गांव मुस्तफापुर हॉट स्पॉट

### युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर गांव में सनसनी

**संवाददाता।** सकलडीहा-चन्दौली

विकास खंड के आलमपुर के राजस्व गांव मुस्तफापुर का एक युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर गांव में सनसनी फैल गयी। मंगलवार को सीडीओ के निर्देश पर पहुंचे अधिकारियों ने गांव को सील कराते हुए हॉट स्पॉट कर दिया। युवक डीपीआरओ कार्यालय का कर्मचारी है। युवक को कोविड 19 अस्पताल आईटीआई कालेज रेवसा में इलाज के लिये स्वास्थ्य टीम ले गयी है।

चंदौली में 29 जून को डीपीआरओ कार्यालय में डीपीआरओ सहित पांच लोगों का कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद कार्यालय बंद कर दिया गया है। पांच कर्मचारियों में एक



कर्मचारी आलमपुर के राजस्व गांव मुस्तफापुर का रहने वाला बताया गया है। अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी राम सिंह ने गांव को सील कराते हुए हॉट स्पॉट घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान श्यामनारायण यादव रिपोर्ट आने के तुरंत बाद सर्तकता दिखाते हुए गांव को सील कराया। इसके बाद गांव में डोर टू डोर सेनेटराईज कराने शुरू करा दिया है। इसके बाद पॉजिटिव युवक के पिताए भाईए बहन और पत्नी सहित दो बच्चों का जांच कर सैंपल जिला अस्पताल भेजा। इस बाबत बीडीओ आशा देवी ने बताया कि गांव को हॉट स्पॉट बनाते हुए सील करा दी गयी है।

### रामपुर थाने के तीन सिपाही मिले पॉजिटिव

**रामपुर।** स्थानीय थाना के 112 नम्बर पुलिस के एक इंचार्ज व एक सिपाही तथा थाने के एक सिपाही की रिपोर्ट सोमवार को कोरोना पॉजिटिव आने से थाने में हड़कंप मच गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ प्रभात कुमार यादव ने बताया कि स्थिनिय स्वास्थ्य केंद्र पर 25 जुन को पुलिसकर्मियों का सेम्पल लिया गया था।जिसकी रिपोर्ट आज आयी है। जिसमे 112 नंबर के विजय रतन व हरिमोहन तथा थाने के सिपाही सुभाष विश्वकर्मा की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी है।पुलिस वालों की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने से स्थानीय थाने में हड़कंप मच गया।क्षेत्र में पुलिस वालों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने से लोग सकते में आ गए है।

# कोरोना गाइडलाइंस के साथ आज से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**गाजीपुर( सं. )।** कोविड-19 संक्रमण से बचाव व रोकथाम के इस बार संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के दौरान फिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की सफाई और मास्क की अनिवार्यता का विशेष ध्यान रखना है। इस अभियान में मच्छरजनित एवं संचारी रोग जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार, मलेरिया, कालाजार, फाइलेरिया आदि के साथ.साथ कोरोना से बचाव के बारे में भी प्रचार प्रसार किया जायेगा। यह जानकारी एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा ने दी। डॉ सिन्हा ने बताया कि इस अभियान में प्रथम श्रेणी की कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी 10 विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है। यह विभाग हैं. चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणए समेकित बाल विकासए ग्राम्य एवं पंचायती राजए शिक्षाए पशुपालनए स्वच्छ भारत मिशनए सूचनाए दिव्यांग कल्याणए संस्कृति एवं चिकित्सा शिक्षा। उन्होंने बताया दृ इस अभियान की गूगल ट्रैकिंग की जायगी तथा अभियान से सम्बंधित सभी बैठकें ऑनलाइन आयोजित की जाएँगी। कोविड.19 संक्रमण के चलते इस बार स्कूलों में रैलियां नहीं निकाली जायेंगी बल्कि केवल लाउडस्पीकर से प्रचार किया जाएगा। फ्रंट लाइन वर्कर्स न किसी का दरवाजे छुएंगे और न ही कुण्डी। वह घर के भीतर भी नहीं जाएँगी। बस स्टीकर और सन्देश के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा। गाँवों में लार्विसाइड्स का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही गाँवों में तालाबों की सफाई कराने के साथ ही उसके स्वतंत्र परिवहन की भी व्यवस्था की जाएगी। डॉ सिन्हा ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत प्रशिक्षित आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घरदृघर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायए लक्षण तथा निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के विषय में लोगों को बताया जायेगा।

# नाथुपुर में मॉडल पंचायत भवन का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**संवाददाता। चहनियां=चन्दौली**

ग्राम सभा टाण्डाकला स्थित नाथुपुर में बन रहे नये मॉडल के पंचायत भवन का खण्ड बिकास अधिकारी ने निरीक्षण किया। खण्ड बिकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रधानपति राजीव सिंह ष्मुन्नाष् से नये मॉडल के पंचायत भवन की जानकारी ली । वही गांव में घूमकर अन्य कार्यो का भी जायजा लिया । टाण्डाकला स्थित नाथुपुर में नये मॉडल का पंचायत भवन बनाया जा रहा है । जो 17 लाख 46 हजार की लागत से बनाया जा रहा है । नव नियुक्त खण्ड बिकास अधिकारी गुलाब सोनकर ने गांव में प्रधान सीमा सिंह द्वारा बनाया जा रहा पंचायत भवन का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने प्रधानपति राजीव सिंह मुन्ना से नये मॉडल के बन रहे पंचायत भवन के बारे में जानकारी ली । वही आंगनवाड़ी का सुंदरीकरण देख बीडियो प्रभावित हुए । वही गांव में आरसीसीएसरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर बंट रहे राशनएबिधवा.बृद्धा पेंशन आदि अन्य कार्यो का भी निरीक्षण किया । इस दौरान खण्ड बिकास अधिकारी गुलाब सोनकर ने कहा कि पूरे गांव सभा मे अच्छे कार्य हुए है । अन्य गांवों का भी बारी बारी निरीक्षण किया जायेगा ।

# पांच साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**संवाददाता।** मऊ

**साइबर** अपराधियों के खिलाफ पुलिस टीम द्वारा छापेमारी करके सख्त कार्रवाई की जा रही है। सोमवार की शाम को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने जीयनपुर-दोहरीघाट मार्ग स्थित अवरवा चेक पोस्ट के पास छापेमारी करते हुए पांच शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही साथ पुलिस टीम ने उनके पास से अंगूठा निशान बनाने की क्लोनिंग मशीन, केमिकल, दो चार पहिया वाहन, तीन लैपटॉप, तीन थम्ब इम्प्रेशन डिवाइस, दो हाटस्पाट डिवाइस, पांच मोबाइल फोन समेत 19 हजार 600 रुपए नगदी भी बरामद किया। मामले का पर्दाफाश अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान किया। प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनुराग के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में साइबर सेल में पीड़ित मनोज शर्मा ने 9 लाख 50 हजार रुपए समेत अन्य लोगों ने साइबर अपराधियों द्वारा खाते से पैसा निकाले जाने की शिकायत किया था। बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए साइबर सेल व क्राइम ब्रांच की टीम सघनता के साथ जांच-पड़ताल में जुटी हुई थी। इस बीच सोमवार की शाम को साइबर सेल व क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि जीयनपुर-दोहरीघाट मार्ग स्थित अवरवा चेक पोस्ट के पास साइबर अपराधी दो कार में सवार होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जीयनपुर-दोहरीघाट मार्ग स्थित अवरवा चेक पोस्ट के पास गहन छापेमारी किया। पुलिस टीम की छापेमारी में दो कार में सवार पांच शातिर साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पांचों साइबर अपराधियों की पहचान राहुल खत्री निवासी खत्रीपार हडौरा थाना घोसी, त्रिभुवन चौहान निवासी सरायसादी थाना घोसी मऊ , सोनू शर्मा उर्फ विनय शर्मा निवासी भदुली थाना सिधारी, सुदीप यादव निवासी बढया थाना अतरौलिया, विरेन्द्र यादव निवासी निजामाबाद जनपद आजमगढ़ के रुप में किया गया। साथ ही पुलिस टीम ने गिरफ्तार पांचों साइबर अपराधियों के पास से अंगूठा निशान बनाने की क्लोनिंग मशीन, केमिकल, दो चार पहिया वाहन, तीन लैपटॉप, तीन थम्ब इम्प्रेशन डिवाइस, दो हाटस्पाट डिवाइस, पांच मोबाइल फोन समेत 19 हजार 600 रुपए नगदी भी बरामद किया। पुलिस टीम द्वारा गहनता के साथ की गई जांच पड़ताल में पीड़ित मनोज शर्मा के खाते से पैसा उड़ाने की घटना में शामिल होने के साथ-साथ आजमगढ़ जनपद के विभिन्न घटनाओं में शामिल होने के महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। साथ ही साथ गिरफ्तार अपराधियों ने भी पुलिस की कड़ी पूछताछ में साइबर अपराध की घटनाओं को स्वीकार किया।

### क्लोनिंग मशीन, केमिकल, लैपटाप, मोबाइल व कार पुलिस ने किया बरामद

## सपा कार्यकर्ताओं ने तहसील में बांटे आवाहन पत्र

**रुद्रपुर-देवरिया।** समाजवादी पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओ ने मंगलवार को पार्टी द्वारा निर्देशित आह्वान पत्र तहसील कार्यालय पर अधिवक्ताओं के बीच वितरित किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यो की बाते रखी गयी। इसके साथ ही डीजल पेट्रोल की बढ़ते दाम महंगाई पर चिंता व्यक्त की गई। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुभाषचंद्र मद्धेशिया ने कहा कि भाजपा सरकार से आम जनमानस त्रस्त है मजदूर बेरोजगार हो गए व्यापारियों का धंधा चौपट हो गया है और भाजपा के लोग रैली कर रहे है। विधानसभा अध्यक्ष रामसेवक यादव ने कहा कि क्षेत्र के बन्धो की हालत दयनीय हो गया है।

# नरायनपुर पुल का एप्रोच धंसा, दुर्घटना की आशंका



**संवाददाता।** रुद्रपुर-देवरिया

क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त.व्यस्त है। सोमवार को हुई भारी बारिश से बाढ़ प्रभावित इलाके के बांधों पर बड़े रेन कट्स होने से बांध टूटने का खतरा बढ़ता जा रहा है।

रुद्रपुर.नारायनपुर मार्ग पर बारिश से पुल का एप्रोच धंस रहा है। यहां एप्रोच टूटा तो दोआबा के गांवों का तहसील और जिले से संपर्क टूट जाएगा। तीन दिनों से हो रही भारी बारिश ने तटबंधों की मरम्मत का कार्य रोक दिया है। क्षेत्र के राप्ती और गोर्रा नदी पर बने कई तटबंधों पर मरम्मत कार्य चल रहा था। बारिश से न केवल कार्य प्रभावित हो रहा है बल्कि कटान रोकने को लगे बंबूक्रेट भी पानी में बह गए। सिलहटा के पास गोर्रा नदी की कटान से लोग दहशत में हैं। यहां नदी गांव की ओर तेजी से बढ़ रही है। जर्जर बांध पर साही के मांदए रैटहोल और बढ़ते जा रहे हैं। कई जगह पिच सड़क कट जाने से बांध पर खतरा बढ़ रहा है। पिड़रा.करनपुर और ईश्वरपुरा.पचलड़ी बांध पर दबाव बन रहा है। यहां नदी का जलस्तर बढ़ने से कटान तेज हो रही है। ईश्वरपुरए भगवान माझाए नरायनपुरए डढ़िया छपरा और नगवा छपरा बांध पर दबाव तेज होने से दोआबा और कछार में बाढ़ की आशंका लेकर लोग चिंतित हैं।

## वाहन चोर गिरफ्तार सात बाइकें बरामद

**संवाददाता।** मुगलसराय

कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात्रि मुखबिर की सूचना पर डांडी सीमेंट गोदाम के पास से एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे सेअवैध तमंचा व कारतूस सहित चोरी की सात मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सबंधित धाराओं में कार्रवाई की। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की भी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध व अपराधियों पर लगाम कसने के लिये पुलिस सक्रिय है। सोमवार की रात्रि कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डांडी सीमेंट गोदाम के पास एक शातिर वाहन चोर खड़ा है।इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची । मुखबिर की निशानदेही पर उसे पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार उसके पास एक तमंचाएकारतूस व चोरी की एक बाइक मिला। इसके बाद उसके बताए हुए जगहों से छः अन्य बाइक भी बरामद की गई।पुलिस से पूछताछ में उसने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी कर उसका नम्बर प्लेट बदल कर उसे बेच देते है और अपना खर्च चलाते हैं। पकड़ा गया आरोपी रामबचन उर्फसुलट कोहार निवासी बेला, जिला मिर्ज़ापुर का है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवानन्द मिश्रा,उप निरीक्षक धनराज सिंह,सत्येंद्र विक्रम सिंह,कांस्टेबल प्रमोद यादव,गौरव सिंह शामिल रहे।

## खतरे के निशान 66.50 मी. के करीब पहुंची सरयू

**देवरिया।** करीब एक पखवारे से सरयू नदी के जलस्तर में उतार.चढ़ाव नोट किया गया है। नदी में आए दोबारा उफान से जलस्तर खतरे के निशान 66.50 के काफी करीब पहुंच गया है। नदी 66 से नीचे 65.70 मीटर पर बह रही थी। जलस्तर में हुए इजाफा से तटवर्ती गांवों के लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। थाना घाट से करीब एक किलोमीटर दक्षिण बह रही नदी सीढ़ियों तक पहुंच गई है। शुक्रवार को जलस्तर में नरमी आने से कटान तेज हो गई थी। लेकिन शनिवार को अचानक नदी ने बढ़त बनाना शुरू कर दिया है।

## डॉ. संजय सिंह अध्यक्ष व अजीत सिंह बने सचिव

**मऊ।** समाज के गरीबों की सेवा के उद्देश्य से लायन्स क्लब मऊ का गठन सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए 20 सदस्यों के साथ हुआ। जिसमें चार्टर अध्यक्ष व चार्टर सचिव और उनकी



कार्यकारणी को शपथ दिलाया गया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गवर्नर डा.क्षितिज शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ध्वज वन्दना डा.राहुल कुमार द्वारा किया गया तथा सभी नये सदस्यों को लायन्स क्लब की शपथ दीक्षाधिकारी मो.मुस्तफा कैबिनेट सचिव द्वारा दिलाया गया। मुख्य अतिथि व शपथ ग्रहण अधिकारी डा.क्षितिज शर्मा ने नये कार्यकारणी जिसमें डा.संजय सिंह को अध्यक्ष, अजीत सिंह को सचिव, डॉ. राहुल कुमार को डायरेक्टर, डा. सुजीत सिंह को उपाध्यक्ष, डा. अजित सिंह को पीआरओ, मनीष शर्मा को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाया गया। डा.क्षितिज शर्मा ने कहा कि लायन्स क्लब विश्व की सबसे बड़ी सस्था है जो 210 देशों में सेवा का कार्य करती है।

## सपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, आम जनता तक पहुंचे कार्यकर्ता

**रुद्रपुर-देवरिया।** समाजवादी पार्टी की बैठक रामकेवल यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर पार्टी के नीतियों को को संवोधित पत्र को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के द्वारा आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। पूर्व चेयरमैन सुभाष चंद्र मद्धेशिया ने कहा किए भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान हो गई है डीजल पेट्रोल की महंगाई से लेकर इस सरकार में दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना आम लोगों को मुहाल हो गया है।

## क्विक न्यूज

### बारात आने के कुछ घंटे पहले दुल्हन पड़ोसी प्रेमी संग फरार हुई

**मीरगंज-जौनपुर।** थाना क्षेत्र स्थित एक गांव मे बारात आने के कुछ घंटे पहले दुल्हन पडोसी प्रेमी संग फ़रार हो गई। इस बात की सूचना परिजनो को होते ही हड़कम्प मच गया। दुल्हन के पिता के काफी प्रयास के बाद भी जब दोनो नही मिले तो प्रतापगढ़ जहा से बारात आने वाली थी वहा मना कर मीरगंज थाने पहुच कर आरोपी युवक पर मुकदमा लिखाना चाहा तो एसओ मीरगंज राजेश कुमार मुकदमा लिखने से मना कर दिया। लड़की बालिग़ है वह किसी के साथ भी अपनी स्वेच्छा से जा सकती है!

### वृक्षारोपण के जरिए महाकुंभ दिखेगा

**जौनपुर।** जिले में वृक्षारोपण के जरिए महाकुंभ दिखेगा जुलाई के पहले सप्ताह में जनपद जौनपुर में4169500 वृक्षारोपण का लक्ष्य है जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है डीएफ्ओ ए पी पाठक ने बताया कि 5 जुलाई को वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कराया जाएगा जिसके लिए1674400 पौधे लगाए जाएंगे जिले में अन्य विभागों को भी वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है जिसमें 2495100 पौधारोपण कराए जाएंगे लगाए जाने वाले पौधों में शीशमए अर्जुनए जामुनए बरगद पीपल कदम अमरूद गूलर पाकड़ यूकेलिप्टस आज विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाए जाने का लक्ष्य है

### संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चंद्रमा सिंह को किया सम्मानित

**मुगलसराय-चन्दौली।** वीरअब्दुल हमीद के साथ सेना में काम करने वाले व संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सहजौर गांव निवासी चंद्रमा सिंह का मंगलवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव ने अंग वस्त्र, गीता,



स्मृति चिन्हए छाता एलाइट के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत के दौरान उन्होंने बताया कि वीर अब्दुल हमीद की टोली पैदल चलती थी हम लोग कम उम्र के थे तो गाड़ी में चलने के लिए कहते थे। सत्र 1955 में सिपाही से नान कमीशन आफ ऑफिसर तक संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे चंद्रमा सिंह जर्मनी स्वीटजरलैंड वाशिंगटन सहित आधा दर्जन विदेशों में गए। अंतिम में आर्मी को ट्रेनिंग के बाद सत्र 1976 में रिटायर्ड हुए। बावजूद इसके कारगिल युद्ध के समय अनुभव के लिए देहरादूनए पूना आदि में बुलाया गया था। इन्हें यूएनए विदेश सेवा मेडल एनगा हिल्स ए25 वीं स्वतंत्रता दिवस मेडल सहित आठ मेंडलो से सम्मानित किया गया है। अपने उम्र के 90 वर्ष पार कर चुके चंद्रमा सिंह आज भी सेना को ट्रेनिंग के रूप में अनुभव देकर सेना का हौसला बढ़ाने का काम करने का इरादा रखते हैं। स्वागत के दौरान सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव ने बताया कि आज हमारे भारत को ऐसे जवानों व अफसरों की जरूरत है। जिसके दिल में देश भक्ति अभी भी इस उम्र में जगी हो। ऐसे लोगों का हम लोगों को सम्मान करने की जरूरत है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख महेंद्र पासवान, विधानसभा अध्यक्ष जलालुद्दीन अंसारी, सुदामा यादव, प्रेम नाथ तिवारी,गंगाधर यादव,ओसाफअहमद गुड्डू ,आनेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

### फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दताव गाँव निवासी मोतीलाल यादव की बहू रंजना 23 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।यह खबर जैसे ही गाँव वालों को लगी गाँव मे अफ़रा तफ़री मच गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजना पत्नी अजय मंगलवार की सुबह पूरे परिवार को सुबह का चायएनाश्ता और खाना बनाकर घर मे रखी थी।सुबह लगभग 9 बजे पति अजय यादव बाजार गया हुआ था और सास हीरावती देवी खेत मे काम कर रही थी और ससुर मोतीलाल हार्ट का ऑपरेशन कराकर घर पर ही था। अजय के अनुसार जब हम बाजार गये थे घर पर रंजना अकेली थी लगभग 9.30 से 10.30 के बीच रंजना फाँसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।वही रंजना के पिता कन्हैयालाल का कहना है कि मेरी बेटी को बेरहमी से मारकर हत्या कर दी गयी है। अजय की शादी एक वर्ष पूर्व 19 मई 2019 को मेंहदी मलसिलएथाना सिकरारा में हुई थी।कन्हैयालाल का आरोप है कि रंजना की हत्या दहेज के लिए हुई है जो कि काफी दिनों स्प्लेंडर प्रो को लेकर हुई थी।फिलहाल मामला चाहे जो भी हो पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### समूचा शहर नरक में तब्दील

**जौनपुर।** समूचा शहर नरक में तब्दील हो गया है सड़कों पर लोग कीचड़ में आने जाने के लिए विवश है। नालियों की सफाई ना होने से गंदा पानी सड़क पर कर रहा है लोग दुर्गंध युक्त रास्ते पर नाक दबाकर चलने को मजबूर है । कहने के लिए नगर पालिका द्वारा नालियों की सफाई का कार्य किया जा चुका है। वह भी कागज पर हकीकत में गली मोहल्लों की बज बजाती हुई नालियां संक्रामक रोगों को नेवता दे रही है। एक तरफ को रोना की महामारी दूसरी तरफ दुर्गंध युक्त लड़के लोगों के दिमाग में भय पैदा कर रही हैं लोग कीचड़ अनुमान सड़कों पर गिरते पड़ते चलने को मजबूर है। सबसे खराब स्थिति तो परमानतपुर से काली कुट्टी रोड की है जहां पर नालियों को बनाने के नाम पर तोड़ और खोदकर छोड़ दिया है। कई महीनों से ठेकेदार कामों को लटकाए हैं। मियांपुर ओलांदगंज शेखपुरा लाइन बाजार बदलापुर पड़ाव सूखीपुर सब्जी मंडी आदि मोहल्ले इस बरसात में लोगों के लिए नर्क से कम नहीं है फिर भी प्रशासन के लोग आंख मूंदे बैठे हैं। नगर पालिका का दावा है कि जल्द ही सफाई अभियान मैं सब कुछ ठीक-ठाक हो जाएगा इस बरसात में नगरपालिका के कामों की कलई खोल कर रख दिए।

### बिना मास्क और हेलमेट न पहनने पर सोलह लोगों का कटा चालान

**रुद्रपुर/देवरिया ।** रुद्रपुर थाना क्षेत्र पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना मास्क के पांच तथा बिना मास्क और हेलमेट के जा रहे दस लोगों का



चालान किया। सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सेमरौना चौराहे पर पर बिना हेलमेट जा रहे पांच लोगों और बिना मास्क पहने दस लोगों का चालान किया गया। थानाध्यक्ष अरुण कुमार मौर्या का कहना है की यातायात के नियमों का पालन सख्ती से कराया जाएगा। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का इस्तेमाल करने पर भी निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव तथा कांस्टेबल कविंद्र कुमारएअजीत कुमारए मिथुन कुमार आदि मौजूद रहे।

### दिमागी बुखार पर काबू पाने के लिए जिलाधिकारी की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** विशेष संचारी नियंत्रण दस्तक अभियान जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सीमा राय एवं अपर जिलाधिकारी (वि) सीताराम गुप्त की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही हेतु 1 से 31 जुलाई 2020 तक दस्तक अभियान का आयोजन सम्पन्न होगा। जनपद सिद्धार्थनगर में दिमागी बुखार के संबंध में व्यापक रूप से जन-जागरूकता हेतु दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है।

# आज से संचालित होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

संवाददाता। बहराइच

**संचारी** रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शम्भु कुमार ने कहा कि संचारी रोगों का प्रभावी नियंत्रण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन की शीर्ष प्राथमिकता के मद्देनजर अभियान में शामिल सभी विभाग एक से 31 जुलाई 2020 तक संचालित होने वाले द्वितीय संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

श्री कुमार ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जनपद, ब्लाक तथा पंचायत, ग्राम स्तर पर विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नोडल विभाग की जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करे। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के विशेष प्रबन्ध किए जाएं साथ ही आमजन की जागरूकता के लिए जगह-जगह पर नारे एवं स्लोगन की राईटिंग भी करायी जाय।

उन्होंने संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए निराश्रित पशुओं विशेष रूप से सुअरों एवं कुत्तों के स्वच्छन्द विचरण पर भी प्रभावी अंकुश लगाये जाने की बात कही। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि अभियान अवधि के दौरान लोगों को स्वच्छ भारत अभियान के प्रति भी जागरूक किया जाय ताकि लोग खुले में शौच करने से परहेज़ करें।

अभियान के प्रति जन जागरूकता के लिए जिलाधिकारी ने ऑगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों एवं मेडिकल की दुकानों के माध्यम से जन-जागरूकता बैनर्स का प्रदर्शन कराये जाने तथा ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर पुष्टाहार का वितरण कराये जाने का भी निर्देश दिया। जनपद में स्थित जल स्त्रोतों की समुचित साफ-सफाई के दृष्टिगत सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि हैंडपम्पों के चबूतरोंए पाईप लाइन पेयजल परियोजनाओं की लीकेजए तालाबोंए पोखरों एवं कुओं इत्यादि को विसंक्रमित कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि संचारी रोगों के नियंत्रण के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्रवाई का जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि अभियान के दौरान वेक्टर नियंत्रणए साफसफाईए कचरा निस्तारणए जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धताए संवेदीकरण तथा जनसंवाद द्वारा जागरूकता उत्पन्न करने इत्यादि की गतिविधियों के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग के साथ.साथ कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के सम्बन्ध में सभी प्रकार के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का भी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। दस्तक अभियान के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि अभियान को सफल बनाये जाने हेतु क्षेत्रीय कार्यकर्ता जैसे आशा, ऑगनबाड़ी एवं एनएमए स्कूल शिक्षक और प्रधान की अहम भूमिका को देखते हुए सभी सम्बन्धित से अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय। दस्तक अभियान के दौरान कोविड-19 रोग के संक्रमण के दृष्टिगत विशेष सावधानियाँ अपनाते हुए सोशल डिस्टेसिंग के प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए बिना किसी भी चीज़ अथवा सतह को छुए दस्तक अभियान अन्तर्गत गतिविधियां संचालित की जाए।

## डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बहराइच**। जिलाधिकारी शम्भू कुमार ने पुलिस अधीक्षक डा. विपिन कुमार मिश्र के साथ जिला कारागार बहराइच का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि के साथ-साथ निरूद्ध बन्दियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाये जाने हेतु की गयी व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कारागार के निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरकए पाकशालाए कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण कर पाकशाला की साफ-सफाई तथा बन्दियों द्वारा मास्क लगाए होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कारागार के निरीक्षण के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए कारागार में किये गये उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए जेल प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर पूरी सजगता और सतर्कता बनाये रखें।

## विकास भवन में कोविड हेल्प डेस्क किया गया स्थापित

**प्रतापगढ़**। मुख्य विकास अधिकारी डा. अमित पाल शर्मा ने अवगत कराया है कि कोविड-19 पर नियंत्रण हेतु बचाव एवं रोकथाम के लिए विकास भवन में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है और कर्मचारियों की ड्यिूटी लगायी गयी है। मुख्य विकास अधिकारी ने 30 जून से 13 जुलाई तक प्रात: आठ बजे से अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के वरिष्ठ सहायक राजेन्द्र प्रसाद सिंह व कनिष्ठ सहायक अवधेश श्रीवास्तव की ड्यूटी तथा अपरान्ह दो बजे से रात्रि आठ बजे तक कार्यालय सहकारिता विभाग के कनिष्ठ सहायक मुलायम सिंह तथा पशुपालन विभाग के कनिष्ठ सहायक मुजीब अहमद की ड्यूटी लगायी है। इसी प्रकार 14 जुलाई से 27 जुलाई तक प्रधान सहायक राम खेलावन पटेल तथा भानू प्रताप सिंह की प्रात: आठ बजे से अपरान्ह दो बजे ड्यूटी लगायी गई है।

# त्यौहारों में कोरोना संक्रमण से बचाव को सोशल डिस्टेंसिंग का कराएं अनुपालन: डीएम

**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने कहा कि कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जनसामान्य के जीवन की सुरक्षा हेतु शासन द्वारा आगामी श्रावण मास में होने वाली कावड़ यात्रा को स्थगित रखे जाने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय कांवड़ संघों, धर्मगुरूओं आदि से विभिन्न माध्यम से व्यक्तिगत सम्पर्क कर आग्रह अपील की जाए कि कोरोना महामारी को देखते हुए आगामी कावड़ यात्रा स्थगित रखी जाय तथा लोग अपने-अपने घरों में अथवा शिवालयों, मंदिरों में पांच की संख्या में अथवा प्रतीकात्मक रूप से एक या दो लोगों के जलाभिषेक करना सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में भीड़ इकट्ठी नहीं होनी चाहिए। ताकि सोशल डिस्टेसिंग का पालन हो सकें तथा सभी लोग सुरक्षित रहते हुए। आगामी ईद-उल-जुहा में त्यौहार के दृष्टिगत 10, 17, 24, 31 जुलाई को होने वाली जुमा की नामाज में मस्जिदों में भीड़ इकट्ठी नही होनी चाहिए। कोरोना संक्रमण को देखते हुये इसे स्थगित किया जाए। आगामी रक्षाबन्धन के त्यौहार में बहन-बेटियां विभिन्न स्थानों पर यात्रा करती है अत: भीड़ नहीं होने पाये तथा सोशल डिस्टेसिंग एवं मास्क आदि पहनने का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

बकरीद को लेकर सभी इकाईयों या संघों से चर्चा कर लें और अपील जारी कर दें कि जब तक कोरोना महामारी पर पूर्ण नियंत्रण नही होता है कहीं भीड़ एकत्रित न होने पाये। जेलों की विजिट कर ली जाएं, जो व्यक्ति अस्थायी जेलों में बंद है उन्हें कोविड की जांच कराकर स्थायी जेलों में रखा जाएं।

# जिलाधिकारी ने किसानों संग की धान रोपाई

संवाददाता। सूरतगंज (बाराबंकी)



**ग्रामीण** क्षेत्र की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के जरिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अनेकों योजनाएं संचालित कर रहा है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना समूह की महिलाओं में बदलाव ला रहा है। भ्रमण पर पहुंचे जिलाधिकारी ने महिलाओं के साथ धान की रोपाई कर हौसला बढाने के साथ ही उनके कार्यों की सरहना भी की। महिलाओं के साथ बैठक कर कार्य की चर्चा की।मंगलवार को करीब पौने बारह बजे विकास खण्ड सूरतगंज के टाडपुर गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र वर्मा, जिलाधिकारी डॉ.आदर्श सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मेधा रूपम, पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद चतुर्वेदी, उपायुक्त श्रम रोजगार सुनील तिवारी, उपजिलाधिकारी फतेहपुर पंकज सिंह, रामनगर उपजिलाधिकारी आनंद वर्धन, खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार यादव ने भारत माता ग्राम संगठन के गणेश स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पोषण वाटिकाए किचन गर्डन, बोरा बगीचा, वर्मीकम्पोस्ट, जैविक विधि से तैयार की गई खाद के बारे में गहनता से जानकारी की। उसके बाद समूह की रोली शुक्ला, रिम्पी शुक्ला, नीलम देवी, अनीता सिंह, नेहा शुक्ला आदि महिलाओं के साथ डीएमए एसपीए एसडीएम रामनगर व फतेहपुरए डीसीएनआरएलएम ने तैयार खेत में श्रीविधि से धान की रोपाई भी की। ग्राम संगठन के नौ समूह से उपस्थित पैतालीस महिलाओं के साथ बैठक भी आयोजित की। बैठक में फंड के तहत मिले 15 हजार, 25 हजार, एक लाख, 75 हजार, 80 हजार व दो लाख के आय व्यय के साथ महिलाओं से समूह से बदलाव व लाभ के बारे में चर्चा भी की। एडीओ एनआरएलएम अमर सिंहए डीएमएम अखिलेश यादव व धर्मेंद्र यादव, जिला मिशन प्रबंधक किशन रावत, यंग प्रोफेशनल संदीप कुमार व मोनू कुमार श्रीवास्तव, रामकांत दीक्षित, अरुण कुमार, पशुधन अधिकारी जितेंद्र सिंह, प्रधान व सचिव शेखर भी मौजूद रहे।

# अधूरे पड़े नाली निर्माण व इंटरलॉकिंग कार्य को पूरा कराने की मांग

संवाददाता। सूरतगंज (बाराबंकी)



**अधूरे** पड़े नाली निर्माण व इंटरलॉकिंग कार्य से बारिश के दिनों वार्ड में जमा कीचड़ से बढ़ रही वार्ड वासियों की मुश्किलों को देखते हुए नगर पंचायत बेलहरा वार्ड नंबर 15 कटरा सभासद मोहम्मद सावेज खान ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी को पत्र देकर निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की है।

सभासद मोहम्मद सावेज़ खान ने अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी को पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत बेलहरा के वार्ड नंबर 15 (कटरा) में इस्माइल के घर से उस्मान राईन के घर तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण का कार्य शुरू हुआ था लेकिन चार माह से उक्त रास्ते पर निर्माण कार्य रुका पड़ा है। जिससे उक्त रास्ते पर खुदाई की वजह से पानी जमा होने से कीचड़ हो जाता है। जिसके कारण वार्ड वासियों को निकलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## एटीएम से पैसा निकल जाने की शिकायत

संवाददाता। त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)

**बिना** निकाले ही एटीएम से पैसा निकल जाने की शिकायत पीड़ित ने स्थानीय थाने में की है। थाना लोनीकटरा के छंदरौली निवासी अमन पुत्र हरगोबिन्द का कहना है कि बीती 14 जून को भिलवल स्थित बैंक आफ इंडिया के एटीएम से पांच हजार रूपया निकालने गया था।

जहां रुपया निकालने के दौरान ही एटीएम मशीन बंद हो गयी। काफी देर इंतजार के बाद भी पैसा नहीं निकलने पर घर वापस लौट गया। थोड़ी देर बाद मोबाइल पर पैसा निकल जाने का मैसेज आने के बाद दूसरे दिन बैंक जाकर लिखित शिकायत की, परंतु आज तक खाते में पैसा वापस नहीं आया। पीड़ित ने लोनीकटरा थाने में शिकायत की है। इस सम्बन्ध मे प्रभारी निरीक्षक लोनीकटरा अशोक कुमार यादव का कहना है कि जांच की जाएगी।

# विकलांगता को मात दे दिव्यांग नागेश ने कोरोना में रचा इतिहास



**बाराबंकी**। जहां सम्पूर्ण विश्व कोरोना महामारी से त्राहि-त्राहि कर रहा है वही देश में जहाँ सभी संस्थाएं और सक्षम लोग जरूरतमंदो की मदद के लिए आगे आए हैं। वहीं देश के दिव्यांग भी इस संकट की घड़ी में आगे आकर लोगों की मदद कर रहे हैं।

बताते चलें की दिव्यांग नागेश कुमार पटेल ने सिद्ध कर दिया है कि विकलांगता भी दृढ़ संकल्पित होने पर कार्यो में बाधा नहीं पहुंचा सकती हैं। नागेश पटेल ने अपनी इसी दृढ़ इच्छा के साथ कोरोना काल में विकलांगता को मात दे इतिहास रच दिया है। इन्होंने लॉकडाउन के 51 दिनों में जरूरतमंदो अपनेपन के अहसास के साथ लोगों में 51 कुंतल राशन, 5100 मास्क, 5100 भोजन के पैकेट, 11 गांवों, एक थाना व दो कॉलेजों को सैनिटाइज कराने के साथ अपनी टीम के साथ 40000 से अधिक लोगों को आरोग्य सेतु एप डाउन लोड कराने के साथ सोशल डिस्टेंसिंग के प्रति जागरूक करने के लिए मुहिम चलाई।

जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों मे जागरूता दिखी। लोगों के द्वारा कहते हुए सुना गया है कि विकलांग नागेश ने अपनी विकलांता को पीछे छोड़ जो समाज के लिए किया है ये समाज के लिए एक मिशाल के साथ प्रेरणाप्रद है। संकट में यदि समाज के सक्षम लोग आगे रहे तो हर संकट का आसानी से सामना किया जा सकता हैं।

## सचिव ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**प्रतापगढ़**। राजीव मुकुल पाण्डेय न्यायिक अधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उनके साथ मौजूद एसीजेएम आनन्द उपाध्याय ने जेल परिसर की साफ -सफाई, जेल अस्पताल, पाकशाला ,लीगल एड क्लीनिक, कोरन्टीन बैरक सहित वीडियो कांर्फ्रेसिंग रूम का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल में निरुद्ध बन्दियों से भी मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और समस्याओं के निस्तारण का निर्देश जेलर और जेल अधीक्षक को दिया गया । इस अवसर पर जेल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती बन्दियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी लेते हुए उन्होंने बन्दियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी समुचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि कोई भी बन्दी आर्थिक तंगी के कारण न्याय से वंचित न होने पाए।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन हलकान, तैयारियों में जुटा

संवाददाता। बाराबंकी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के सम्भावित दौरे को लेकर पशासन हलकान हो गया है और तैयारियो मे जुट गया है। पुलिस लाइन मे हैलीपैड बनाने के साथ ही खामिया दूर की जा रही है । इसी के चलते मंगलवार को जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द चतुर्वेदी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव का दौरा कर सफाई व्यवस्था व अन्य इंतजामों पर चर्चा कर अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्भावित दौरे एवं संचारी रोग अभियान के उदघाट्न को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़गांव पहुंचें जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह , पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द चतुर्वेदी ने अस्पताल परिसर ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष सहित लेबर रूम का जायजा लिया तथा साफ-सफाई एवं लाइट व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिये। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों की जानकारी ली। सीएचसी बड़ागांव पर सीएम के सम्भावित दौरे को लेकर ब्लाक से लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है आनन फानन में दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों को लगाकर अस्पताल परिसर को चुस्त दुरुस्त बनाने में जुट गये है तथा अस्पताल की विद्युत व्यवस्था को भी सही कराया जा रहा है।

## विशेष सचिव व कोविड 19 के नोडल अधिकारी विवेक ने सीएचसी बड़ागांव का किया निरीक्षण



मसौली (**बाराबंकी**)। मंगलवार की दोपहर बाद कोविड-19 के जिला नोडल अधिकारी विशेष सचिव विवेक कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़गांव का निरीक्षण किया तथा कोविड-19 से सम्बन्धित जानकारी ली। आईएएस विवेक कुमार ने सीएचसी में बने कोविड-19 हेल्प डेस्क, दवा वितरण केन्द्र, ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी, लेबर रूम, वार्ड, ईटीसी सेन्टर एवं आइसोलेशन वार्ड का जायजा लिया तथा सैनिटाइजर की गुणवत्ता परखी। विशेष सचिव ने वार्ड में गद्दा नहीं होने के बारे सीएचसी अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार दोहरे जानकारी ली। विशेष सचिव ने मीटिंग हाल में रखी कुर्सियों को भी पेंट कराने के निर्देश दिये।

# स्वामित्व योजना-पांच गांव चयनित, सर्वेक्षण के लिए समय सारिणी जारी

**प्रतापगढ़**। मुख्य राजस्व अधिकारी और नोडल अधिकारी (स्वामित्व योजना) श्रीराम यादव ने बताया कि राजस्व संहिता की धारा-43 के अनुसार भारत सरकार की स्वामित्व योजना के अन्तर्गत जनपद के राजस्व ग्रामों सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया का कार्य किया जाएगा। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तहसील सदर के पांच ग्रामों को चयनित किया गया है जिसमें विकास खण्ड सदर के ग्राम पूरे बाछिल, रामपुर व ईश्वरपुर, ब्लाक मान्धाता के ग्राम पूरे धरमंगल तथा विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम आममऊ के नाम सम्मिलित है। उन्होने बताया है कि समय सारिणी के अनुसार एक जुलाई को ग्रामीण आबादी के अन्तर्गत आने वाली सम्पत्तियों को चूना डालकर चिन्हांकन किया जायेगा तथा आधुनिक तकनीक (ड्रोन) से सर्वेक्षण तिथि की सूचना ग्रामवासियों को दी जाएगी। भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक (ड्रोन) से ग्रामीण आबादी का सर्वेक्षण 2 जुलाई को किया जायेगा, भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा सर्वेक्षण के आधार पर आंकड़ों की प्रोसेसिंग कर आबादी क्षेत्र का मानचित्र नौ जुलाई को उपलब्ध कराया जायेगा, उपजिलाधिकारी के निर्देशन में सर्वेक्षण एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर प्रारम्भिक आवसीय अधिकार अभिलेख (घरौनी) 10 जुलाई से नौ अगस्त तक तैयार किया जायेगा, प्रारम्भिक आवसीय अधिकार अभिलेख (घरौनी) पर आपत्तियों का आमंत्रण एवं उनका निस्तारण 10 अगस्त से नौ सितम्बर तक किया जायेगा तथा उपजिलाधिकारी द्वारा आपत्ति निस्तारण के पश्चात् आवसीय अधिकार अभिलेख (घरौनी) दिनांक 10 सितम्बर से 25 सितम्बर तक तैयार किया जाएगा।

# क्विक न्यूज

## मालती नदी का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी** । जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विकासखंड संग्रामपुर अंतर्गत मालती नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा द्वारा नदी की सफाई करने के निर्देश दिए। जिससे बारिश के मौसम में पानी का भराव न हो और मिट्टी कटान को भी रोका जा सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि एक बार पूरी नदी का सर्वेक्षण करा लेंए जितने मोड़-घुमाव हैं उनको चिन्हित कर लें तथा कच्चे कार्यों को मनरेगा द्वारा कराया जाए। मोड़ध्घुमाव वाले स्थानों पर बांध भी बनाए जाएंए जिससे मिट्टी कटान को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने नदी के दोनों तरफ वृक्षारोपण करने के निर्देश दिएए इसके साथ ही अधिक से अधिक प्रवासी श्रमिकों को भी मनरेगा के तहत रोजगार देने के निर्देश दिए। दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रभुनाथ, उपायुक्त मनरेगा मीनाक्षी देवी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, तहसीलदार अमेठी मौजूद रहे।

## शारदा नहर में मिला युवक का शव

फतेहपुर (**बाराबंकी**)। सीतापुर जनपद निवासी युवक का शव शारदा नहर में मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की सदर पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज है। सीतापुर जनपद के थाना सदर क्षेत्र निवासी ठाकुर प्रसाद पुत्र बडकन्ने (30 वर्ष) का शव सोमवार देर रात बड़ूपुर थाना क्षेत्र के भगौली तीर्थ से गुजरी शारदा नहर के रेगुलेटर में फंसा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने नहर से शव को निकाला। बड़ूपुर पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के साले सुशील ने बताया कि ठाकुर 25 जून को हुसैनपुर में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर 27 जून को थाना सदर में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। सोमवार की सुबह थाना सदर स्थित सारदा नहर में एक शव दिखने की जानकारी परिजनों को मिली। जिस पर परिवारी जन शव को ढूंढते देर रात भगौली स्थित शारदा नहर पहुंचे। जहां पर रेगुलेटर में शव फंसा मिला। शव की पहचान होने पर परिजनों ने 112 पर फोन कर मामले की जानकारी दी।

## कच्ची दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत

**जामों** (अमेठी)। बीते सोमवार को रात्रि लगभग आठ बजे मनीराम मौर्य (उम्र 60 वर्ष) पुत्र राम बक्स मौर्य निवासी ग्राम संभई अपने खेत से वापस घर आ रहे थे कि महंथे की कच्ची दीवार उनके ऊपर गिर गई । परिवारीजन जानकारी होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले गए। जहां पर मनीराम की मौत हो गई। जानकारी होने पर उप जिला अधिकारी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

## कुएं में गिरने से हुई युवक की मौत

**जामो** (अमेठी)। अभिषेक प्रजापति पुत्र दीनानाथ प्रजापति (उम्र 17 वर्ष) निवासी इंद्रपुर पोस्ट बलभद्रपुर थाना जामों जनपद अमेठी कल रात लगभग 10 बजे अभिषेक प्रजापति की लाश कुएं में मिली। मौके पर गांव वालों की मदद से लाश को कुएं से बाहर निकाला गया। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया युवक के पिता ने बताया की दिन में मेरे साथ खेत में काम कर रहे थे शाम को खेत से आने के बाद करीब छह बजे गांव घूमने के लिए घर से निकले थे देर रात तक घर ना आने के कारण जब पिता ने फोन किया तो फोन कोई नहीं उठा रहा था।

## दुकानदार और दुकान मालिक में मारपीट

**बरेली**। रोडवेज के पास एक दुकान के मालिक और दुकानदार के बीच विवाद के दौरान हंगामा खड़ा हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया जहां समझौते की कोशिशें शुरू हो गई। कोतवाली थाना क्षेत्र में रोडवेज के पास स्थित होटल चढ्ढा के मालिक स्वतंत्र सिंह चढ्ढा का अपने होटल के पास स्थित दुकान के किराएदार मदनलाल डूडेजा से किसी बात को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। आज जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान मालिक ने उसे दुकान खोलने से रोक दिया। जिससे दोनों पक्षों में झगड़ा होने लगा तो चोर सुनकर लोगों की भीड़ मौके पर लग गई अन्य दुकानों के दुकानदार भी मौके पर आ गए और उन्होंने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। लेकिन दोनों ही पक्ष एक दूसरे से झगड़ा करते रहे।

## पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गौरीगंज** (अमेठी)। पुलिस अधीक्षक अमेठी डा. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उप निरीक्षक ब्रह्मानन्द यादव थाना जामो मय हमराह द्वारा मुअसं 265-20 धारा 363, 366, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त तेज बहादुर पुत्र जगननाथ निवासी पूरे जवाहर लाल मजरे बलभद्रपुर थाना जामों जनपद अमेठी को कस्बा जामो, गौरीगंज मोड़ से दिन में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## दिग्विजय सिंह नोडल अधिकारी नामित

**प्रतापगढ़**। शासन द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में कोरोना वायरस (कोविड-19) से प्रभावित मरीजों के उपचार, इसके संक्रमण के प्रसार के रोकथाम हेतु दिग्विजय सिंह, निदेशक, भूमि अध्याप्ति राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ को अग्रिम आदेशों तक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने नोडल अधिकारी के साथ लायजन अधिकारी के रूप में केके सिंह मत्स्य पालन अधिकारी मोबाइल नम्बर 9415929516 को नामित किया है।

## बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र दिनेश वर्मा का निधन



**बाराबंकी**। समाजवादी नेता एंव स्वर्गीय पूर्व केन्द्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा के मझले बेटे दिनेश वर्मा की इलाज के दौरान फोर्टिस हॉस्पिटल में मौत हो गयी। चेस्ट और किडनी में इंफेक्शन के चलते 15 वर्ष पूर्व इनके किडनी का ट्रांसप्लांट किया गया था। वे कोरोना संक्रमण केशिकार भी हुए थे, लेकिन बाद में कोरोना नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद ठीक हो गये थे। इसके बाद फिर से तबियत बिगडने पर हाल ही में हॉस्पिटल मे भती कराया गया था । उनके निघन का समाचार मिलते ही समाजवादी पाटी में शोक की लहर दौड़ गयी है ।

## जीतू सरदार बने सपा के जिला उपाध्यक्ष

**ललितपुर**। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. ने जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुये जिला उपाध्यक्ष के अहम पद पर सरदार जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू सरदार को नियुक्त किया है। जिला उपाध्यक्ष पद पर जीतू सरदार के नियुक्त होने पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। सपा जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जीतू सरदार से पार्टी को और अधिक मजबूत बनाते हुए जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराने की अपेक्षा की है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों का अनुपालन करने एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया है।

## नवागंतुक एएसपी ने कार्यभार संभाला

**ललितपुर**। नवागन्तुक अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन होगा। इसके अलावा जिले में जुआ- सट्टा जैसे अनाधिकृत कार्यो में अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि मथुरा से स्थानतरित होकर ललितपुर अपर पुलिस अधीक्षक हुए हैं। 1992 के बैच के पीपीएस पुलिस अधिकारी है। इनका गृह जनपद सदर जौनपुर है। एएसपी ग्रेटर नोएडा सहित गाजियाबाद जैसे जिलों में आप पुलिस सेवाएं दे चुके हैं।